It is this sort of unity in diversity of the inner-man within us that seems to be intended by the identity of Manu and Pramati. This view gets a firm support by the birth and growth of Manu described in the Ri.v. "Let this Manu be indeed born and grow like a seed",, says the poet, "The Manu who is like the mountain of heaven and whom none can eat but whose Dakshina spreads like ocean".[38] He is the Manu whose Dakshina moves along with the Surya and whose Ayu is spread about by the gods. This reference to Manu's Dakshina or Ayu, as well as its solar nature, obviously reminds us of the luminous and solar Manisha or the innermost Manisha of Varuna which converts itself into a number of medicines.[39]. It becomes more significant when we know that Manu is also associated with a large number of extensive medicines[40] which are divine and mysterious, comparable to the Medhas that flare up at the dawn of Manisha.[41] Thus the birth and growth of Manu described above, clearly indicate its dual aspect like that of Pramati Manisha etc. and in this respect he can be compared with the Purusha of Ri.v. 10,130 who is the source as well as the extension of the sacrifice described there.

This leads us to the two-fold concept of Manu as seen in the term Manuvat[42] and Manushvat[43] corresponding respectively to Pramati and its diversified aspect. As the latter is the extension of the former, the diversified human personality corresponding to it seems to bear the name Manushya who is therefore conceived in Ri.v. 2,18,1 as a chariot or rather a new chariot of sacrifice with four yokes, three whips, seven ropes and ten Aritras which gives light and becomes mobile through desires and thoughts, the twin extensions of Pramati.[44] This can again be compared with a divine ship with beautiful Aritras[45] or with a wealth-giving chariot used for getting Svasti.[46] This chariot is very well described in Ri.v. 2,18 where Agni is conceived as human priest at three stages of sacrifice.[47]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

From this it is clear that Manus is the name of Pramati at this diversified aspect conceived as sacrifice. The sacrifice of Manus conceived as a chariot, needs for its movement two horses which go on multiplying from two to hundred. Obviously, the two horses multiplying here into full one hundred are the same two classes of psychological factors called desires and thoughts which have been stated to make the Manushyaratha where soma is carried to intoxicate Indra.[48] Elsewhere, this place is Manu, the Vivasvat or Samvarni in whom Indra drank soma[49] and may be identified with the Manu in whom Soma is said to have been carried about by Medhas[50] in order that he may move through the mid-region.[51] As in Ri.v. 9,63,8 Soma is said to have yoked the solar horse, Aitasha inside Manu in order to move through the Antariksha, this Manu, the destination of the chariot seems to be comparable with the solar Manisha or Dhruva Jyotih, representing the unified aspect of Pramati. Therefore Manu Vivasvat or Samvarni may be taken to represent the unified aspect of the inner-self and correspond to the term Manuvat as opposed to Manushvat, corresponding to the diversified aspect of Pramati who may therefore be called, Manu Vaivasvata, meaning an outcome of Manu Vivasvat.

These two aspects of Manu of Pramati have different forms in the Ri.v. In Ri.v. 1,31,3-4 these are the two births of Agni, corresponding to Manu Vivasvat and Pururavas respectively. In this connection it is interesting to note that while the former is characterised by *nada*, the latter is marked by Sukratu; at the first stage Agni creates for the poet *mayas* and at another he generates *prayas*.[51] In Ri.v. 10,11,3-5 the former corresponds to the Svarvati Usha that dawned for Manu and the latter with the sacrifice of Manu, nourished by the priests. The first of these two may be compared with Shrutam or Manisha called the Mati of the speech[52] while the latter is obviously the stage where Yajna is spread out.

5. The Stages of Sacrifice

Of the two aspects of Manu, the second corresponding to Manushvat sacrifice is sometimes mentioned along with two others, namely Angiravat and Yayativat[53]. These three together are obviously the three stages of the sacrifice conceived as a chariot and may be taken to correspond to the sacrifices of Haoma performed respectively by Vaivahanta, Thrita and Apthvya of the Avesta. These three stages of sacrifice

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

constitute the long journey leading to the distant resort, the Seer making circuit place of the mortals, a place identified with Pramati, the father which Agni is asked to unfold[54] to us. In Upanishads,[55] the three are known respectively as the sacrifice of Jnanagni, Darshanagni and Jatharagni preparing the mortal to the fourth stage which has been termed as the Purvavata in Ri.v. 1,31,17. This is the stage of Manu Vivasvat, the divine man.[56] The third and fourth stages corresponding to Manushvat and Manuvat, are the two births for the mortal, who develop an ardent desire in order that Agni may place him into the highest immortality.[56b] This highest immortality seems to be with kinship of Paravat which, the Manu, loving goods, attending the Yayativat sacrifice are said to proclaim[57] along with the birth of Vivasvat.

As already stated Manu Vivasvat represents the fourth stage, corresponding to the Vijnanamaya Kosha of human personality. Therefore the three lower stages, namely Manushvat, Angiravat and Yayativat may be taken respectively to correspond to the Manomaya, Pranamaya and Annamaya Kosha in us. Of these the third stage is also associated with Nahusha which develops into the fourth, decribed as the sacrifice of Yayati, the son of Nahusha.[58]

6. Manu as Father

While it is clear from the above discussion that these different stages of sacrifice are named as the different steps in the growth of Manu as a seed, it has to be decided what is actually meant by the term father Manu which occurs five times[59] in the Ri.v. We have already seen that Pramati father represents the unified self of Vijnanamaya, the Manu vivasvat corresponding to that stage should be called father. This view is also supported by Ri.v. 10,53,6 which speaks of Agni as becoming Manu to produce Daivya Jana[60] which we know is the same as Manu vivasvat of the Purvavat stage Therefore Manu vivasvat is only a transformation of Agni and not an offspring of any father. At the same time as the unified aspect of human personality in Vijnanamaya, he gives birth to all the diversity that is seen from Manomaya to Annamaya stages. Therefore, Manu Vivasvat, the Daivya Jana can rightly be called father of this variety. The poet of Ri.v. 1,31,2 asks in how many ways this Medhira Agni corresponding to Manu manifests itself to Ayu. Answering this

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

querry, it is said that first of all it manifested itself to Manu vivasvat, also called Matarishvan and to Pururavas.[61] With reference to these stages of manifestation Agni has been called Dvimatri[62] meaning he who has two mothers, but it is interesting to note that while at the first stage he manifests himself as a father, at the Second he appears as a son who is same as Manu Vaivasvata or Pururavas. As this stage has already been called Devam manas, gods also appear at this stage and appoint Ila as the governess of Manus, the son.[63]

At the third atage Agni becomes the first Ayu, who is known to be the son of Pururavas and whom gods appoint as the Lord of people while Agni's manifestation at the fourth stage i.e. Yayati, is not given in this hymn, eleewhere it may be taken to be in the form of Mauu-Lovers who may be as Manavah' and 'Ayavah' mentioned elsewhere. Thus it will be seen that, while Manu Vivasvat may be said to be a starting father, Manus is a standing son because at this third stage Agni assumes the form of Ayu whose sons may be the Ayavah at the fourth stage.

In this connection it has to be noted that father Manu is one of the manifestations of Agni whom we found as forming a composite unity along with Indra and soma, the other two gods of the famous trinity of the Veda. The question naturally arises whether Indra and Soma have also to play similar role in this respect. From Ri.v. 8,63,1 it seems that father Manu manifests Dhi among the gods, not directly but through Vena who is a form of God Soma.[64] According to Ri.v. 1,80,16 Indra combines all the Ukthyas in the Dhi which the father Manu spreads out.

Thus it is quite clear that the concept of father Manu reveals a joint venture of Agni, Indra and Soma at the unified stage of Vijnanamaya, which is therefore rightly taken to represent the womb, from which spring up not only Agni. Indra and Soma but also all the gods.[63] This is the reason that the birth of Agni, Indra and Soma is often described simultaneous The most beautiful description of this phemomanon is found in Ri.v. 4.27 where we get a picture of the Soma being dropped down by Shyena from Indravat Brihat. Although there is difference of opinions among the scholars[65] as regards the identity of the speaker who speaks in first person in this hymn, the Indian tradition as preserved in

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Vedic literature itself uniformely holds the view that the speaker of Ri.v. 4,27 as also of the Ri.v. 4,26 is Vamadeva who is a form of Atman himself. There is, therefore no wonder that this speaker representing the unified self of Vijnanamaya may declare to manifest himself as Manu or Surya and claim to himself the exploits which are attributed generally to Indra and second occasionly to Agni or Soma. With reference to Manu, it is interesting to note that while the speaker Ri.v. 4,26 and 4,27 speaking in first person claims to become Manu, he is also the Shyena or the Manojava Suparna who brings Soma to Manu. This clearly confirms the view maintained above that father Manu, like father Pramati, is a psychological concept inseparably connected with the composite unity of Indra, Agni and Soma at the Unified state of Vijnanamaya which manifests itself in a variety of forms including Manus, Ayu and Manavah or Ayavah. This represents the seed like birth and growth of Manu of or Agni's manifestation as Manu associated with the spreading of sacrificial fabric.[66] and revealing why the later vedic text like the Maitrayani Samhita (2,7,7) identified Agni not only with Manu but also with the psychological elements like Akuti, Manas, Medha, and Chitta.

Already the Ri.v. developed a purely psychological concept to indicate the above mentioned unified state of Vijnanamaya manifesting itself manifold and used for it the word Manyu, a cognate of Manu, Ri.v. 10,83,2 identifies this Manu not only with Agni, Indra and Varuna but also with other gods.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Foot-Notes

1. यज्ञो मनुः प्रमतिर्नः पिता
2. Ri.v. 10,100,11
3. ,, 7,39,3
4. ,, 10,100,1
5. ,, 7.39,4
6. ,, 6,45,4
7. ,, 6,45,10
8. ,, 9,44,3
9. ,, 9,76,4
10. ,, 9,96,6
11. ,, 8,68,2
12. ,, 9,69,2
13. ,, 8,18,7
14. ,, 1,108,6
15. ,, 1,31,16
16. ,, 1,31,10
17. ,, 3,37,6
18. ,, 3,57 1
19. ,, 3,32,1
20. Dr. Fateh Singh. Bhartiya Saundarya Shastra ki Bhoomika pp. 119-30
21. A.U.P. p. 5,2
22. A. Br. 3.3
23. Ri.v. 3,39,3
24. ,, 1,164,18
25. ,, 8,31,10-16
26. ,, 10,100,5
27. ,, 9,11,8
28. ,, 8,31
29. ,, 10,63,7
30. ,, 10,130.2
31. ,, 10,130,7
32. ,, 10,130,5
33. ,, 10,136,5
34. ,, 10,177,2
35. ,, 9,97 34
36. ,, 10,111,1
37. ,, 9,97,34

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

38. „ 10,63,9
39. „ 6,49,4
40.}
41.} „ 1,114,2;3,50,2;
42. „ 3,10,6
43. „ 1,131,17 etc.
44. „ 3,18 1
45. „ 10.63,10
46. „ 10,63,14
47.}
48.} „ 2,18,2
49. „ 8,51,1 etc.
50. „ 9,65,16
51. „ 1,31,7
52. „ 8,59,6
53. „ 1,31,17
54. „ 1,31,16
55. cf. Dr. Fateh Singh, Vedic Darshan; pp. 5-10
56. Ri.v. 1,31,17
56.b „ 1,31,1
57. „ 8,63,1
58. „ 10 63,1
59. „ 8,63,1;1,114,1;10,100,5; 2,33,15:1,80,16:
60. „ 10,63,8;
61. „ 1,31,3-4
62.}
63.} „ 1,31 11
64. „ 9,31,5
65. „ cf. Vedic Darshan pp. 142
66. Ri.v. 10,130,1

Dr. D.B. Kshirsagar
Senior Research Asstt.
Rajasthan Oriental Research
Institute, Jodhpur.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बालकृष्ण (लालू) भट्ट की कृतियाँ

जयपुर नगर के संस्थापक, षोडश महादान के कर्त्ता, श्रौत स्मार्त विहित सप्तसंस्थाविधायक, निर्माणप्रिय, समाजसुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और कूटनीतिविशारद होने के साथ-साथ, महाराजा सवाई जयसिंहजी परम आस्तिक भगवद्भक्त भी थे। उनका सहज रसार्द्र हृदय सदैव भक्तिस्रोतस्विनी से आप्लावित रहता था। आरंभ में तो भगवदवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् राम के वंशज होने के कारण अथवा अपने पूर्वपुरुष महाराजा पृथ्वीराजजी को सन्तशिरोमणि भक्तरत्न कृष्णदास पयोहारीजी द्वारा राममंत्र की दीक्षा देने तथा श्रीसीतारामजी के पवित्र विग्रह सेवार्थ प्रदत्त करने के अनंतर आमेर राजवंश के कुलदेवता होने के कारण अथवा काशी-निवासी शिव और राम के आराधक देवभट्टात्मज 'रामांघ्रिसेवाप्रवण' गुरु रत्नाकर दीक्षित के प्रभाव से वे रामभक्त ही रहे। उनके द्वारा लिखाए हुए और संकलित 'रामपूर्णावतारत्वनिरूपणम्' 'रामतत्वप्रकाश:' 'रामगुण-संग्रह:' 'रामपूजाविधि:' 'रामार्चनचन्द्रिका' 'रामसारसंग्रह:' रामवैभवम्' और 'रामसंदर्भ:' आदि ग्रंथ इसके प्रमाण हैं। इसके अतिरिक्त उनके निजी संग्रह के बहुत से ग्रंथों पर 'सीताराम जय' की मुद्रा अंकित पाई जाती है। आमेर की तरह नवीन राजधानी जयपुर की प्रासाद-परिधि में ही 'सीताराम-द्वारा' की स्थापना तथा पर्वोत्सवों पर सीतारामजी को आवश्यक रूप में भेंट अर्पित करने की परम्परा भी उन्हीं के द्वारा चालू की गई थी जिसका निर्वाह अब तक जयपुर राजवंश के लोग करते चले आ रहे हैं।

सवाई जयसिंहजी के पिता महाराजा विष्णुसिंहजी आगरा और मथुरा के महाप्रबन्धक रहे थे; अतः उनका अधिकतर समय ब्रजमण्डल में ही बीता। बालक जयसिंहजी ने भी एकाधिक बार ब्रज की यात्राएँ कीं। इसलिये उनके कोमल मन पर कृष्णभक्ति की छाप भी तभी बैठ गई थी। अवस्था प्राप्त होने पर उनके मानस में अवतारों के तारतम्य विषयक जिज्ञासा उत्पन्न हुई. और साथ ही भक्ति के मूल सिद्धान्तों के अध्ययन के प्रति उत्कण्ठा जागृत हुई। 'अवतारतारतम्याभाव:' 'रामकृष्णयोरैक्यम्' आदि ग्रन्थ इसी उद्देश्य से संकलित किये गये थे। महाराजा ने स्वयं व्यासकृत भक्तिसूत्रों का गहराई से अध्ययन करके उन पर 'ब्रह्मबोधिनी' टीका का निर्माण किया जिसकी पुष्पिका में इस प्रकार उल्लेख है:—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृतषोडशदानेन सर्वतोमुखयाजिना,
वाजपेयाग्निचयनसप्तसंस्थाविधायिना।
महाराजाधिराजेन जयसिंहेन धीमता,
सूत्रवृत्तिः पवित्रेयं ग्रथिता ब्रह्मबोधिनी ।।
.... अनेन श्रीसीतारामौ प्रसीदताम् ।

भक्तिसूत्रों के अध्ययन से उन्हें यह भलीभांति अवगत हो गया कि यद्यपि सम्प्रदाय अलग-अलग हैं, पूजा पद्धतियां भी थोड़ी बहुत भिन्नता लिये हुए हैं, परन्तु सब में मूलभूत आराध्य और चिन्तनीय ब्रह्मस्वरूप पदार्थ एक ही है। अतः उन्होंने विविध सम्प्रदायों के अधिकारी विद्वानों से व्याससूत्रों, भागवत और गीता आदि विशिष्ट ग्रन्थों पर व्याख्यायें एवं तत्तत् सम्प्रदायगत मान्यताओं की योजनायें लिखवाईं। इन सब को देखकर महाराजा ने सिद्धान्तैक्यप्रकाशिका' नामक पुस्तिका का संकलन करवाया और उस पर तत्कालीन सम्प्रदायाचार्यों की सम्मतियां प्राप्त कीं। सभी ने एक स्वर से "..........सिद्धान्तैक्यप्रकाशिकादि ग्रन्थेषु सिद्धान्तिता ये अर्थास्ते सम्मताः" लिखकर उनका समर्थन किया। रामानुजीय श्री वेदान्ताचार्य ने तो अपनी भेद स्थापन कृति में यहां तक लिखा है :—

परस्परविरुद्धयोरपि नरत्वसिंहत्वयो—
र्विरोधशमनं व्यरचयन्नृसिंहो यथा।
तनोति जयसिंह भूपतिरसौ मतानां तथा
विरोधपरिहारतः सुदृढैककण्ठ्यं सुधीः ।।

अस्तु, महाराजा के इस प्रयत्न में वल्लभ सम्प्रदाय के ग्रंथों का व्याख्यान करने में लालूभट्टोपनामक बालकृष्णभट्टजी का सहयोग उल्लेखनीय है। ये आत्रेय गोत्रीय बागरौदी अवटंकधारी गोकुलस्थ तैलङ्ग ब्राह्मण थे। इनके पूर्वज बहुत पहले ही आमेर में आकर बस गये थे[1]। इनका वंशवृक्ष[2] इस प्रकार है :—

१. उपर्युक्त सूचना के लिए लेखक भट्ट श्रीकलानाथजी शास्त्री का आभारी है।
२. उत्तर भारतीय आन्ध्रवंश-वृक्ष (पो. कण्ठमणि शास्त्री)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यज्ञनारायण
|
विश्वनाथ
|
श्रीकृष्ण
|
गोपीकान्त
|
मधुसूदन
|
त्रिविक्रम
|
बालकृष्ण 'लालू' भट्ट
|
रघुनाथ
|
ब्रजनाथ (कोटा गोद चले गये)
|
ब्रजभूषण | मुरलीधर (गिरधारीजी के मंदिर के वर्तमान महन्त हैं)
|
विनोदकुमार उपनाम महेन्द्र
(कोटा में श्यामसुन्दर के गोद चले गये)

यद्यपि लालू भट्ट जी की जीवनी विषयक कोई विशेष जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है परन्तु इतना अवश्य है कि यह वंश जयपुर में राजामल के तालाब के तट पर स्थित गिरिधारीजी के मंदिर और रायजी के घेर में स्थित राधागोविंद के मन्दिर से सम्बद्ध हो गया था, और अब भी है।

गिरिधारीजी के मन्दिर के वर्तमान महन्त के पुत्र श्री विनोदकुमार ने बतलाया कि :—

"पूर्वजों द्वारा वर्णित आधार पर हमारे पूर्वज महाप्रभु वल्लभाचार्य के साथ उत्तर भारत में पधारे जो आत्रेय गोत्र तैत्तिरीय शाखा आपस्तम्ब सूत्र एवं कृष्ण यजुर्वेदान्तर्गत तैलंग ब्राह्मण कहलाते हैं।

श्रीवल्लभाचार्य के पुत्र श्री विठ्ठलनाथजी (गुसाईंजी) से हमारे घर की पुत्री का विवाह हुआ था। ब्रज-प्रदेश श्री गिरराज (जतिपुरा) में एवं गोकुल में हमारे पूर्वज श्री विठ्ठलनाथजी के साथ रहते थे तथा पुष्ट संप्रदाय का प्रचार व प्रसार एवं साहित्य रचना करते थे। सभी श्रीनाथजी (जो वल्लभ सम्प्रदाय के प्रमुख स्वरूप हैं) की सेवा में रहते थे। कुछ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पारिवारिक कारणों से श्रीनाथजी की सेवा से हमारे पूर्वजों को अलग होना पड़ा। इसके पश्चात् प्रभु-सेवा परायणता की आतुरता से हमारे पूर्वजों, जो कि श्री गोपालमंत्र से दीक्षित थे, ने श्री गोपाल पुरश्चरण किया। तब स्वप्न में उन्हें आज्ञा हुई कि मैं तुम्हारे ऊपर कृपा कर पधारूंगा एवं ब्रज में राधाकुण्ड से मुझे प्राप्त करो। इस आज्ञा से हर्षित हो, प्रभु को राधाकुण्ड से प्राप्त कर वहां वल्लभवंशज श्री हरिरायजी द्वारा पुष्ट करा कर हमारे पूर्वजों के शिष्य आयामलजी की कुञ्ज में श्रीजी को पधराये। सिकन्दर लोदी के आक्रमणस्वरूप जब श्रीनाथजी आदिस्वरूप ब्रज प्रदेश से राजस्थान की विभिन्न भूतपूर्व रियासतों यथा जयपुर, उदयपुर, कोटा, किशनगढ़ में पधारे तभी से ब्रज प्रदेश त्यागने का विचार किया।

महाराजा मानसिंहजी द्वारा भी जयपुर (आमेर) में स्वरूप को पधराने का आग्रह किया गया था। फिर, हमारे पूर्वज श्री बालकृष्णजी (लालूभट्टजी) एवं श्री गिरिधरजी (वैष्णवराज) श्री सवाई जयसिंहजी के सम्पर्क में आये तो उन्होंने भी यहां जयपुर में स्वरूप पधराने का एवं भोग की व्यवस्था का निवेदन किया। इस प्रसंग में राय आयामलजी, राजामलजी के माध्यम से पत्र व्यवहार चलता रहा।

महाराजा माधवसिंहजी प्रथम के शासनकाल में श्री गिरधरजी महाराज ने दरबार को ब्रजभाषा में श्रीमद्‌भागवत की रचना सुनाई। उसका अंश "वेदस्तुति" की प्रति महाराजा ने प्राप्त करने का अनुरोध किया।

इस प्रसंग में एक पत्र राय आयामलजी द्वारा लिखित मिति वैशाख सुदी २ संवत् १७९७ का उपलब्ध है। इसी से यह भी ज्ञात होता है कि उस समय भरतपुर के शासक श्री सूरजमलजी द्वारा ग्राम कुंजेरा भोग में प्रदान किया गया था। इसके पश्चात् श्री गिरिधरजी महाराज के पुत्र श्री मोहनलालजी श्रीजी के स्वरूप को लेकर राधाकुण्ड से वृन्दावन और घूला होते हुए जयपुर पधारे। वे जयनिवास बाग में ठहरे। राय राजामलजी के घेर में मन्दिर की जमीन प्राप्त कर माजी साहब चूंड़ावतजी द्वारा यह मंदिर तैयार कराया गया एवं संवत् १८२५ में श्रीजीं यहां पधारे।

(१) संवत् १८०५ वैशाख सुदी २ को राधाकुण्ड के आयामल जी की कुञ्ज, दीवानखाना, मकान एवं दुकान राय केशवदासजी ने भेंट की थी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(२) संवत् १८२६ को मिति सावन सुदी १२ को माजी साहब चूंड़ावतजी ने श्रीजी के लिये आमेर में फूल बाग भेंट किया।

(३) जागीर भोग से पूर्व १००) रुपये सालाना एवं २) रुपये रोजाना का परवाना क्रमशः माधवसिंहजी एवं पृथ्वीसिंहजी महाराज द्वारा प्रदान किये गये। साथ ही सवाई प्रतापसिंहजी द्वारा भोग में ग्राम फतहपुर एवं महाराजा पृथ्वीसिंहजी द्वारा ग्राम जैतपुरा जागीर भोग में दिये।"

बालकृष्ण 'लालू' भट्ट कोटा में पाटन पोल के पास श्री बालकृष्ण लालजी के मंदिर से भी सम्बद्ध थे। यह बात लालू भट्ट जी की कृतियों में स्थान-स्थान पर की गई बालकृष्ण की स्तुतियों से भी प्रमाणित होती है। यथा:—

घोषसीमन्तिनीनेत्रचकोरचयचन्दिरम्।
वन्दे श्रीबालकृष्णाख्यं प्रभुमानन्दमन्दिरम्॥
(प्रमेयरत्नार्णवे)

श्रीमद्विठ्ठलनाथाङ्घ्रिरजस्सम्बन्धभागिने।
बालकृष्णो मम स्वामी मह्यं भक्ति प्रयच्छतु॥
(भक्तिवर्द्धिनी-व्याख्यायाम्)

यश्चित्यो ब्रह्मरुद्राद्यैर्वल्लवी जनचिन्तकः।
अस्मत्कुलपतिः श्रीमद्बालकृष्णः प्रसीदतु॥
(सिद्धान्तमुक्तावल्याम्)

सेवां पुष्टिपथप्रोक्तां कारयित्वा निजं फलम्।
ददातु प्रथमं देवो बालकृष्णो मदीश्वरः॥
(सेवाफलविवृत्तौ) इत्यादि।

कुछ भी हो, लालूभट्ट जी की कृतियों के रूप में एक अमरनिधि जयपुर महाराजा के पोथीखाने में अभी तक सुरक्षित है जो उनके पाण्डित्य और पुष्टिमार्गीया-भक्ति विशेषज्ञता के लिये प्रमाणभूत है। सम्भव है अन्यत्र और भी कतिपय कृतियां उपलब्ध हों, जिनकी खोज होकर उनकी रचनावली को एकत्र प्रकाश में लाने का प्रयत्न अपेक्षित है।

आफ्रेट के महासूचीपत्र में बालकृष्ण जी के केवल निम्नांकित ग्रन्थों का ही उल्लेख है:—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(१) निबन्धविवृत्तियोजना (२) निर्णयार्णव (३) भागवत-सुबोधिनी-योजना ।

१९७२ ई. में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृतसम्मेलन के अवसर पर प्रकाशित "संस्कृत कल्पतरु" में बालकृष्ण 'लालूभट्ट' की निम्नलिखित कृतियों के नाम दिये गये हैं ।

(१) अणुभाष्य विवरणार्थं
(२ सुबोधिनीयोजना
(३) निबन्धयोजना
(४) सेवाकौमुदी
(५) निर्णयार्णव और
(६) प्रमेयरत्नार्णव

जयपुर के पोथीखाने में अणुभाष्य विवरणार्थ, निबंधयोजना और निर्णयार्णव शीर्षक से कोई कृतियां उपलब्ध नहीं हुई, परन्तु निम्नांकित कृतियां अवश्य ही प्राप्त हैं :—

(१) भागवत सुबोधिनी (दशमस्कन्ध) योजना (ग्रन्थाङ्क ४०५५)
(२। पुष्टिमार्गविवेचनम् (ग्रन्थाङ्क २६९६)
(३) प्रमेयरत्नार्णवः (पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध) (ग्रन्थाङ्क २६३२, २६३३, ३६३६ ५६४७,५६५७)
(४) भक्तिवर्द्धिनी विवृत्तिः (ग्रन्थाङ्क २६३४, ६०१३)
(५) मर्यादाभक्तिपुष्टिभक्तिपार्थक्यनिर्धार : (ग्रन्थाङ्क २६९०)
(६) सर्वात्मभावनिरूपणविवरणम् (ग्रन्थाङ्क २६३९, २६९२)
(७) वेदान्तसिद्धान्तमुक्तावली ।टीका योजना) (ग्रन्थाङ्क ६०१२)
(८) सेवाकौमुदी (प्रथम तथा द्वितीय प्रकरण) (ग्रन्थाङ्क ५६३५-३६)
(९) सेवाफलविवृत्ति : (ग्रन्थाङ्क ६०२६)
(१०) स्त्रीभावविचार : (ग्रन्थाङ्क २६९७)

'कल्पतरु' में उल्लिखित निबंध योजना नामक कृति वास्तव में श्रीआचार्यचरणवल्लभाचार्यविरचित 'सेवाकौमुदी' का ही व्याख्यान है ।

उपर्युक्त ग्रन्थों के माध्यम से लालूभट्ट जी ने पुष्टिमार्ग और श्रीमद्वल्लाभचार्य के सिद्धान्तों का सरल संस्कृत में विवेचन किया है। इनमें से कितनी ही प्रतियों की पुष्पिकाओं में स्पष्ट उल्लेख है कि वे राजाधिराज सवाई जयसिंह जी की आज्ञा से अथवा उनके प्रीत्यर्थं रची गई थीं । कुछ प्रतियों के आवरण पृष्ठ पर 'लालूभट्ट निवेदितो ग्रन्थः' ऐसा भी उल्लेख मिलता है । इससे विदित होता है कि बालकृष्ण जी भट्ट महाराजा के निकटतम वल्लभमत के व्याख्याकार थे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुष्टिमार्गीया भक्ति का विवेचन करते हुए बालकृष्ण जी ने कहा है कि—भगवदनुग्रह ही पोषण है; अतः कृष्णानुग्रहरूपापुष्टि कालादि की बाधिका है। अनुग्रह भगवद्धर्म है अर्थात् जीवों पर अनुग्रह करना भगवान का धर्म है, सहज स्वभाव है। भगवत्कृपा विलक्षण लौकिक और अलौकिक फलसाधिका होती है। अधिकारी विशेष के विषय में उसके साधनहीन होने पर भी, श्लाघ्य फल उत्पन्न करने वाली उस कृपा का अनुमान ही लगाया जा सकता है। गूढ़ता के कारण वह भगवदनुग्रह उत्तम फल के द्वारा ही प्रकट होता है। अजामिल आदि की कथाओं में इसका विवेचन (भागवत षष्ठ स्कंध में) किया गया है कि निन्दित कर्मों में निरत रहने वाला भी भगवन्नामोच्चारण से मोक्ष को प्राप्त हो गया। विश्वरूप. दधीचि और वृत्र जैसे कर्मठ एवं ज्ञानी भक्तों के हिंसक, अनिष्टफल 'भोगने योग्य, इन्द्र की भी पुष्टि (रक्षा) अनुग्रह के कारण हो गई। वज्र से ताडित भी दिति का गर्भ मृत्यु को प्राप्त नहीं हुआ प्रत्युत बहुगुणित हो गया।

जहां विषयों को विषय समझकर उनसे ममता छोड़ दी जाय तथा इन्हें, ये भगवान् के ही हैं यह समझ कर ग्रहण किया जाय, यही पुष्टि मार्ग है। इसमें पदार्थ मात्र की उत्तमता भगवत्सम्बन्ध पर ही आश्रित है। ममता उत्पन्न होने पर वही आदरणीय हो जाता है। भक्त सब विषयों को भगवन्निमित्त समझ लेता है तथा इसे सर्वदा अपनी स्मृति में रखता है, यही उसकी भक्ति की सफलता है।

श्रीमद्वल्लभाचार्य के आदेश की व्याख्या करते हुए लालूभट्ट जी ने लिखा है—पुष्टिमार्गीय भक्तों का नित्यलीला में प्रवेश हो जाता है। अतः भगवान् का भजन करते हुए सदा भक्ति को बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिये। इससे प्रेमाभक्ति का व्यसन हो जाता है। फलतः भगवान् के आविर्भाव और लीलादि के प्रत्यक्ष दर्शन की सिद्धि प्राप्त होती है। फिर भगवान् के दिये हुए अनुग्रह रूप विरह के कारण सर्वात्मभाव का उदय और नित्य लीला में प्रवेश हो जाता है।

मर्यादा भक्ति और पुष्टि भक्ति में कोई अन्तर नहीं है क्योंकि सब प्रकार की भक्ति का पर्यवसान पुष्टिमार्गीया भक्ति में हो जाता है। भगवद्विषयक विशुद्ध प्रेम अथवा भक्ति-विशेष ही सर्वात्मभाव है। भाव का अर्थ है रति अर्थात् देवादिविषयक रति ही भाव है। जैसे आत्मा के विषय में आत्मा का भाव या रति उपाधि रहित होता है उसी प्रकार का शुद्ध स्नेह भगवान् के प्रति होना चाहिये, यही सर्वात्मभाव है। इस प्रकार सर्वात्मभाव से भगवान् की शरण में जाने वाले को किसी प्रकार का भय नहीं रहता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुष्टिमार्गीय सेवा का मूल क्या है, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि सर्ववेद इतिहास और श्रुतियों के सारभूत भागवत पुराण में सब सन्देहों से परे नवधा भक्ति को ही मुख्य कहा गया है। श्रवण, कीर्त्तन, नाम-लीलास्मरण, चरण-सेवा, अर्चना, वन्दना, दास्य, सख्यभाव और आत्मनिवेदन-यही नौ प्रकार की भक्ति बतलाई गई है।

स्वयं भगवान का कथन है कि "न साधयति मां योगे "यथा-भक्तिर्ममोर्जिता" "भक्त्याऽहमेतया ग्राह्य" मैं योग के द्वारा उस प्रकार साध्य नहीं हूँ जिस प्रकार भक्ति द्वारा ग्राह्य हूँ। "भक्त मुझे भक्ति के द्वारा वश में कर लेते हैं और भजन करने वाले भक्तों को मुकुन्द मुक्ति प्रदान करते हैं। अत. भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है।

श्रुत्यादि प्रमाणचतुष्टय द्वारा निरूपित परमकाष्ठापन्न निर्गुण ब्रह्म ही सेवा का विषय है। आविर्भाव तिरोभाव उस ब्रह्म की ही शक्तियां हैं। "आविर्भावतिरोभावौ शक्तिवैमुरवैरिणः"। शक्ति व शक्तिमान में अभेद है। कथा धर्म धर्मी से पृथक् नहीं होता। अतः प्रतीत होने वाले प्राकृत धर्मों की सत्ता भी ब्रह्म में स्वीकार करने योग्य है। ऐसे परब्रह्म श्रीकृष्ण ही हैं। कृषि भू (आविर्भाव) वाचक शब्द है और 'णः' निर्वृत्ति (तिरोभाव) वाचक है। इन्हीं दोनों के मेल से 'कृष्ण' शब्द बनता है जो परब्रह्म का द्योतक है। यह अक्षर ब्रह्मवाची 'सोऽहं' से भी उत्तम है। श्रीकृष्ण से परे कोई है, इस भ्रम में नहीं पड़ना चाहिये। इस ब्रह्म को जो भजता है अर्थात् सेवा करता है (भज् सेवायां) वह अमरत्व प्राप्त कर लेता है। यह सेवा कृष्णमूर्ति में करनी चाहिये। मूर्त्ति में ब्रह्मस्वरूप का आविर्भाव होता है। और जगत् के इतर पदार्थों में तिरोभाव शक्ति रहती है। यथा कूप अथवा सरोवर में से हम अपने घर में जो जल भर लाते हैं, उसी में हमारे अर्थ की साधिका-शक्ति का आविर्भाव होता है, शेष में नहीं। इसी घट के जल से मेरा कार्य सम्पन्न होगा, इस भावना से जिस प्रकार उस घट-जल में कार्य साधिका-शक्ति का आविर्भाव होता है, उसी प्रकार यही भगवत्मूर्ति मेरा उद्धार करेगी, इस दृढ़ धारणा से उसी मूर्ति में भक्त का उद्धार करने वाली भगवदिच्छा का आविर्भाव हो जाता है।

कृष्णमूर्ति की सेवा नाना प्रकार के वस्त्राभरणादि भोजन पक्वान्नादि द्वारा होती है। अतः सभी के लिये सुलभ और साध्य शालग्राम मूर्ति की सेवा भी सर्वशास्त्रसम्मत है। इतर पदार्थों की अपेक्षा शालग्राम मूर्ति भगवत्सेव्यत्व के लिये अधिक प्रयोजक है। स्वयं भगवान् ने कहा है कि "एनं सेवनोत्सुकं सेवकं संसारादुद्धरिष्यामीति"।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस मूर्त्ति की सेवा करने के लिये उत्सुक सेवक का संसार से उद्धार करूंगा।

अतः श्रीकृष्ण और शालग्राम की मूर्ति दोनों का ही अर्चन करना चाहिये। यह सिद्ध हो गया कि प्रातितिक प्राकृतधर्मरहित, निखिलनिगमोक्त दिव्यगुणसम्पन्न रूप पुरुषोत्तम शब्दवाच्य श्रीकृष्ण ही परमकाष्ठापन्न निर्गुण परमब्रह्म हैं और वही पुष्टिमार्गीया सेवा के विषय हैं।

बीजरूपा पुष्टिभक्ति सूक्ष्म रूप से जीवों में वर्तमान रहती है। उसके लिये अन्यथा रूप से भक्ति उत्पन्न होती है, ऐसा कहते हैं, क्योंकि जो वस्तु उत्पन्न होती है उसी की वृद्धि होती है। अतः सूक्ष्म रूप से जो पूर्व भक्ति जीवों में विद्यमान रहती है, उसी का बीजभाव से कथन किया गया है। सर्वात्मभावावस्था को प्राप्त होकर उसके द्वारा भक्त नित्यलीलाप्रवेश रूप फल प्राप्त करता है। यही पुष्टिभक्ति सिद्धान्त का निष्कर्ष है।

बीजभाव में दृढ़ता लाने के लिये त्याग, श्रवण, कीर्तन आदि उपायों का कथन किया गया है, किन्तु श्रीमद्वल्लभाचार्य ने प्रतिपादित किया है कि वेदोक्त वर्णाश्रमधर्म का पालन करते हुए गृहस्थाश्रम में रहकर भक्तिमार्ग के द्वारा कृष्ण का भजन किया जा सकता है। भगवान् का वाक्य है कि गृहस्थाश्रम में बैठे हुए कर्म में कुशल मेरी कथा वार्त्ता में मन लगाने वाले लोगों के लिये वह आश्रम बन्धनरूप नहीं होता। यहां 'कर्म में कुशल से' अपने धर्म में कुशल, यह अर्थ लगाकर निषिद्ध कर्मों की निवृत्ति की गई है।

सेवा में अथवा कथा में जिसकी आसक्ति दृढ़ होती है उसका यावज्जीवन नाश नहीं होता अर्थात् बुद्धिभ्रंश नहीं होता। इसके लिये एकान्त में रहना आवश्यक नहीं है। इसका अर्थ भगवान् पर रक्षा का भार रखना स्नेह विरुद्ध है, इसलिये भगवान् के स्थान पर भगवद्भक्तों के साथ रहकर भजन करना चाहिये, जिससे प्रेमाभक्ति का व्यसन, फिर भगवदाविर्भाव और तब नित्यलीलावलोकन आदि सिद्धियां प्राप्त होती हैं। तदनन्तर भगवान् के दिये हुए विरह से सर्वात्मभाव का उदय होता है, जिससे नित्यलीला में प्रवेश हो जाता है। यही भक्तों के लिये सुगम मार्ग है।

सेवा का जो स्वरूप वर्णित हुआ है, उसकी सिद्धि को ही फल कहते हैं। भागवत के तृतीय स्कंध में देवहूती के प्रति कपिलदेव ने जिस अनिमित्ता भक्ति का वर्णन किया है वह सिद्धि से भी बड़ी होती है। अतः भक्त को जो सिद्धि प्राप्त होती है वह अधिकारिभेद से मुख्य, मध्यम और हीन तीन प्रकार की होती है। इनमें से मुख्य फलरूपी सिद्धि को

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलौकिक सामर्थ्यप्राप्ति कहते हैं। अलौकिक सामर्थ्य से तात्पर्य है सायुज्य, सेवोपयोगी देह और वैकुण्ठ-प्राप्ति अथवा श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्णस्वरूप के दर्शन की क्षमता प्राप्त करना। मध्यम फल में वैकुण्ठ-प्राप्ति, यहां "वैकुण्ठ" शब्द से सर्वव्यापी वैकुण्ठ से इतर वैकुण्ठों का ग्रहण किया गया है जो सब प्रकार के ऐश्वर्य आदि की प्राप्ति का द्योतक है। तीसरे प्रकार का फल गंगादि सेवा के माध्यम से सायुज्य सेवोपायिक देह प्राप्ति का उल्लेख हुआ है।

भक्ति-विशेष के रूप में स्त्रीभाव का भी विचार पुष्टिमार्ग में हुआ है। देवादिविषया रति को भाव कहते हैं यहां 'देव' पद वैशिष्ट्यबोधक है। महिम-वैशिष्ट्य-स्वरूप की सत्ता मात्र है, उसे ज्ञान नहीं कहा जा सकता। अत एव भगवान् की महिमा को न जानते हुए भी उनके प्रति स्नेह होना भक्तिरूप ही है। इसी प्रकार महिमा के ज्ञान से रहित पुत्रादिभाव में भी भक्ति के लिए कोई बाधा नहीं है। जनार्दन की पुत्रभाव से भक्ति करने के माहात्म्य का ज्ञान हो जाने पर वह व्रजाङ्गनाओं के प्रेम की प्रशस्यता प्राप्त कर लेता है क्योंकि सर्वात्मभाव ही उसका जनक है। अतः भगवद् विषयक स्नेह ही भक्तिरूप से सब प्रकार के भावों में अनुस्यूत रहता है। इस स्नेहभाव की अलौकिकता का बोध लौकिक स्त्रीपुत्रादि विषयक स्नेह में अतिव्याप्त नहीं होता। वह भाव शब्द द्वारा वाच्य भक्ति (पुत्र, स्वामी, सखी स्त्री आदि सर्वात्मभावादिभेद से) अनेक प्रकार की होती है। यहां आधिदैविक शक्तिरूप गोपियों का भाव ही स्त्रीभाव है जो भगवत्साक्षात्कार के अनन्तर ही आविर्भूत होता है

श्रीमद्भागवत में आधिदैविक, आध्यात्मिक और आधिभौतिक आदि तीन प्रकार के अर्थ का बोध कराया गया है जिनमें से आध्यात्मिक रूप द्वारा शुद्ध पुष्टिफल चाहने वालों के लिये ब्रज-सुन्दरियों की भजन पद्धति को ही आदरणीय सिद्धान्त के रूप में बताया गया है। इसी को स्त्री-भाव कहते हैं।

श्री लालू भट्ट जी पुष्टिमार्गीय भक्त संप्रदाय के परम निष्ठावान वैष्णव भक्त थे। उन्होंने सवाई जयसिंह जी के प्रीत्यर्थ अपने सम्प्रदाय के सिद्धान्तों का स्पष्टार्थ अपनी उपर्युक्त कृतियों में व्यक्त किया है। आशा है सम्प्रदाय के विद्वान् इन्हें लालू भट्ट जी की अन्य अद्यावधि अज्ञात कृतियों के संदर्भ में इनके अध्ययन से लाभान्वित होंगे।

गोपालनारायण बहुरा
उप निदेशक (निवृत्त)
राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भारत कला भवन में संगृहीत पूतना-कथा के चित्रों का विश्लेषणात्मक विवेचन

पूतना-बध की कथा का विस्तार से वर्णन श्रीमद्भागवत पुराण[1] के दशम्स्कन्ध के छठे अध्याय में हुआ है। इसके अतिरिक्त अन्य पुराणों में —विष्णुपुराण[2], हरिवंश-पुराण[3] ब्रह्मवैवर्त्तपुराण[4], ब्रह्म-पुराण[5] आदि में भी इस कथा का उल्लेख मिलता है कृष्ण की इस लीला का वर्णन मध्य-कालीन अष्टछाप कवियों ने भी किया है जिसमें सूरदास सर्वप्रमुख हैं। कृष्ण की इस लीला का उल्लेख संक्षिप्त रूप में यहां करना समीचीन होगा —

कथा-सार :—

मथुरा के राजा कंस को जब यह ज्ञात हुआ कि उसकी बहिन देवकी के आठवें पुत्र ने उसके काल के रूप में कहीं जन्म ले लिया है, तब उसने पूतना को यह आदेश दिया कि वह नगर, ग्राम और अहीरों की बस्तियों में जन्में सभी शिशुओं का वध कर डाले। उक्त कार्य को सम्पन्न करते हुए पूतना गोकुल ग्राम के समीप पहुंची। उसने अपनी माया द्वारा स्वयं को एक सुन्दर रूपवती युवती के रूप में परिवर्तित कर लिया। तत्पश्चात् उसने नन्द के भवन में प्रवेश किया। वहां उस राक्षसी के सौन्दर्य को देखकर यशोदा सहित सभी गोपियां मुग्ध हो गईं। सभी ने उसके आने का प्रयोजन पूछा। उसे आदर-सम्मान दिया। इसके पश्चात् यशोदा ने अपने प्रिय पुत्र श्रीकृष्ण को उसके हाथों सौंप दिया। बालक कृष्ण को

---

१. श्रीमद्भागवतपुराण (दशम्स्कन्ध); अध्याय-६. पृष्ठ १४८-१५५ श्लोक सं. १-४४ (गीता प्रेस, गोरखपुर)।

२. विष्णुपुराण—अध्याय—५; पृष्ठ ३८५; (गीता प्रेस)

३. हरिवंश (महाभारत का खिल भाग), अध्याय-६, पृष्ठ २३०, (,, ,,)

४. ब्रह्मवैवर्त्तपुराणाङ्क (कल्याण), पृष्ठ ३६३-३६५, वर्ष ३७, सं. १(,, ,,)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाकर वह अत्यन्त प्रसन्न हुई। कृष्ण के प्राण हर लेने की इच्छा से उसने अपने विषयुक्त स्तन को उसके मुख में लगा दिया। स्तनपान करते हुए बालक कृष्ण ने पूतना के प्राण हर लिये। सुन्दर लावण्यमयी युवती का वेश धारण किये हुए पूतना अपने वास्तविक रूप में परिणत हो गई। उसकी मृत्यु के पश्चात् गोकुल के ग्रामवासियों ने उसके मृत शरीर का दाह-संस्कार किया। यशोदा सहित सभी गोपिकाओं ने मिलकर बालकृष्ण को गौमूत्र आदि से स्नान करा कर उनकी शुद्धि एवं मन्त्रोच्चारण आदि से उनकी रक्षा की।

विभिन्न पुराणों में वर्णित पूतना-प्रकरण की कथा का विश्लेषण

इस लीला का उल्लेख ऊपर वर्णित पुराणों में कथा के थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ मिलता है। महाभारत के खिल भाग हरिवंश तथा विष्णु-पुराण में उक्त घटना संक्षिप्त रूप में मिलती है। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण एवं भागवतपुराण में विस्तार से इसका विवरण प्राप्त होता है। इससे यह विदित होता है कि हरिवंश और विष्णुपुराण में वर्णित कथा का स्वरूप प्राचीन था, जिसे बाद में ब्रह्मवैवर्त्त एवं भागवत-पुराण में कथाकार ने अपनी कल्पना शक्ति से विस्तार दे दिया। हरिवंश में पूतना का उल्लेख भोजराज कंस की धाय के रूप में आया है।[1] विष्णुपुराण एवं भागवत में उसे क्रमशः बालघातिनी तथा क्रूर राक्षसी कहा गया है।[2] ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में उसे राजा कंस की प्राणों से भी बढ़कर "प्रेयसी बहिन सती-साध्वी पूतना" के नाम से संबोधित किया गया है।[3] उक्त पुराण की कथा से यह भी विदित होता है कि वह मायाविनी भी थी। उसको सम्बोधित करते हुए कंस कहता है—' वत्से ! तुम मन के समान वेग से चलने वाली माया-शास्त्र में निपुण मायाविनी एवं योगिनी हो। अतः माया से मानवीरूप धारण करके तुम वहां जाओ। सुप्रतिष्ठे ! तुम दुर्वासा से महामंत्र की दीक्षा लेकर सर्वत्र जाने और सब प्रकार का रूप धारण करने में समर्थ हो।[4] " पूतना के उक्त कार्य में प्रवीण होने की पुष्टि हरिवंश और भागवत-पुराण भी करते हैं। कंस के आदेशानुसार नगर, ग्राम एवं अहीरों की बस्तियों में जन्में अबोध शिशुओं का

---

१ "धात्री कंसस्य भोजस्य पूतनेति परिश्रुता"—हरिवंश (महाभारत खिल भाग), अध्याय-६., पृष्ठ-२३० (गीता प्रेस)।

२. "कंसेन प्रहिता घोरा पूतना बालघातिनी"—श्रीमद्भागवतपुराण, श्लोक-२, अध्याय-६. पृष्ठ १४६ (गीता प्रेस)।

३. ब्रह्मवैवर्त्त पुराणाङ्क—कल्याण, वर्ष-३७.सं.-१, पृष्ठ-३६३ (गीता प्रेस)

४. ब्रह्मवैवर्त्त पुराणाङ्क—कल्याण, वर्ष-३७, सं.-१, पृष्ठ ३६३ (,,)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संहार करती हुई पूतना जब गोकुल ग्राम के बाहर पहुँची तो उसने अपने भयंकर रूप को लावण्यमयी सुन्दर युवती के रूप में परिणत कर लिया। उक्त वर्णन थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ लगभग सभी उपर्युक्त पुराणों में मिलता है। श्रीमद्भागवत[१] एवं ब्रह्मवैवर्त्त पुराण[२] ने तो विस्तार से पूतना के नख-शिख का वर्णन किया है। इन दोनों पुराणों में उसके सौन्दर्य की तुलना "देवो-लक्ष्मी" से की गई है।[३] पूतना जब नन्द भवन में पहुंची तो उसे देखकर यशोदा सहित वहां उपस्थित सभी गोपियों ने उसका आदर-सत्कार किया। पालने में सोये श्रीकृष्ण को देखकर पूतना ने गोद में उन्हें लेने की इच्छा व्यक्त की। यशोदा ने सहर्ष बालकृष्ण को पूतना को सौंप दिया। ब्रह्मवैवर्त्त-पुराण में तो पूतना और गोपियों के मध्य हुए वार्तालाप का भी विस्तार से उल्लेख किया है। उक्त दोनों पुराणों की कथा और उसके संदर्भ का गहन अध्ययन करने पर यह बात स्पष्ट हो जाती है कि नन्दभवन में पूतना के पहुंचने की घटना दिन की प्रतीत होती है। वहीं, हरिवंश[४] और विष्णुपुराण[५] इसको रात्रि की घटना बतलाते हैं। रात्रि में, नन्द भवन में जब सभी स्त्री-पुरुष निद्रा-निमग्न थे, उसी समय पूतना सोये हुए कृष्ण को गोद में उठाकर विषयुक्त अपने स्तन का पान कराने लगी। कृष्ण ने क्रोधवश उसके स्तन को दोनों हाथों से दबाकर कसकर पकड़ लिया और उसे उसके प्राणों सहित पीने लगे। उसकी भयंकर चीत्कार को सुनकर सोये हुए नन्द, यशोदा तथा अन्य गोप-गोपियां सभी जाग उठे।[६] उन्होंनें बालकृष्ण को पूतना के विशाल शरीर पर स्तनपान करते देखा तो भय और आश्चर्य से युक्त सभी उसे उठाने के लिए दौड़ पड़े। इस विवरण से एक बात यह भी स्पष्ट हो जाती है कि उक्त घटना के समय नन्द गोकुल ग्राम में ही उपस्थित

---

१. श्रीमद्भागवतपुराण—अध्याय-६, श्लोक-५-६, पृष्ठ १४९।

२. ब्रह्मवैवर्त्त पुराणाङ्क—कल्याण, वर्ष-३७, सं.-१, पृष्ठ ३६३ (गीता प्रेस)।

३. अमंसताम्भोजकरेण रूपिणीं
गोप्यः श्रियं द्रष्टुमिवागतां पतिम् ॥६॥
—श्रीमद्भागवत, अध्याय-६; पृष्ठ १४९।

४. "आजगामार्द्धरात्रे वै पक्षी क्रोधाद्विधुन्वती"
—हरिवंश, श्लोक-२३, पृष्ठ २३१ (गीता प्रेस)।

५. "सुप्तं कृष्णमुपादाय रात्रौ तस्मै स्तनं ददौ"
—विष्णुपुराण-श्लोक-७, पंचम अंश, अध्याय-५, ५०-३८५।

६. "तेन शब्देन वित्रस्तास्ततो बुबुधिरे भयात्
स नन्दगोपो गोपा वै यशोदा च सुविक्लवा ॥२७॥"
—हरिवंश, पृष्ठ २३१।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

थे। भागवत एवं ब्रह्मवैवर्त्त की कथा में हम नन्द को पूतना-वध के समय गोकुल में नहीं पाते हैं। वे मथुरा गये हुए थे तथा पूतना के दाह-संस्कार के समय गोकुल में पहुंचते हैं। मृतक पूतना के भयंकर शरीर को देखकर वे आश्चर्य व्यक्त करते है।[१] उपर्युक्त विवरणों से यह स्पष्ट पता चलता है कि हरिवंश, विष्णुपुराण तथा भागवतपुराण और ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में वर्णित घटना-काल में भी अन्तर है।

श्रीकृष्ण को पूतना की छाती से उठाकर यशोदा तथा गोपियाँ उनकी रक्षा हेतु विविध उपाय करती हैं। इसका विस्तार से उल्लेख केवल भागवतपुराण में ही प्राप्त होता है।[२] हरिवंशपुराण और ब्रह्मवैवर्त्त-पुराण तो बालकृष्ण के उपर्युक्त रक्षा के उपायों का उल्लेख तक नहीं करते। भागवत में पूतना का दाहकामी वर्णन विशद रूप में मिलता है।[३] पूतना-वध के पश्चात् ब्रह्मवैवर्त्त पुराण को छोड़कर अन्य किसी भी पुराण ने पूतना के पूर्वजन्म की कथा का उल्लेख नहीं किया है।[४] अतःउक्त सभी पुराणों की कथाओं के तुलनात्मक विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि पूतना वध की मूलकथा जो हरिवंशपुराण में मिलती है, उसमें अपनी कल्पनाशक्ति से थोड़ा परिवर्तन कर भागवत और ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में कथाकार ने कथावस्तु को विस्तार दिया है।

कलाभवन के चित्रों का विवरण

पूतना की कथा से सम्बन्धित आठ चित्र भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संग्रह में सुरक्षित हैं। ये सभी चित्र क्रमशः मेवाड़, मालवा एवं पहाड़ी शैलियों में चित्रित हैं। इन शैलियों के चित्रकारों ने कृष्णलीला के अन्तर्गत पूतना कथा के प्रकरण को अपनी कल्पनाशक्ति के आधार पर विभिन्न ढंग से प्रस्तुत किया है। यही विविधता चित्रकार की अपनी विशिष्टता है, जो उसे एक दूसरे चित्रकार से पृथक् करती है। मेवाड़ एवं मालवा शैली के चित्रों में पूतना की कथा को

---

१. "तावन्मन्दादयो गोपा मथुरायां व्रजं गताः।
विलोक्य पूतनादेहं बभूवुरतिविस्मिताः" ।३१।-श्रीमद्भागवत-अध्याय-६,पृ. १५४

२. "यशोदा रोहिणीभ्यां ताः समं बालस्य सर्वतः।
रक्षां विदधिरे सम्यग्गोपुच्छ भ्रमणादिभिः ।।१९।
गोमूत्रेण स्नापयित्वा पुनर्गोरजसांमकम्।
रक्षां चक्रुश्चशकृता द्वादशांगेषु नामभिः ।।२०।।"

—श्रीमद्भागवतपुराण, अध्याय-६, पृष्ठ १५३।

३. वही " " " "

४. ब्रह्मवैवर्त्त पुराणाङ्क—कल्याण, वर्ष ३७, सं.-१, पृष्ठ ३६३-३६५।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चित्रित करते समय प्राय: कथात्मक-प्रवृत्ति को मुख्य आधार बनाया गया है। यह प्रवृत्ति ग्रंथ-चित्रों में विशेष रूप से अपनाई गई है। एक ही चित्र में पूरी कथा को कई दृश्यों में विभाजित कर अंकित किया गया है। इस प्रकार से कथा को प्रस्तुत करने की यह प्रणाली अजन्ता शैली के अवशेष रूप में यहां प्राप्त होती है। इसके विपरीत पहाड़ी शैली के चित्रकारों ने इस कथा के सम्पूर्ण प्रकरण को दिखाने की आवश्यकता नहीं समझीं। एक चित्र में केवल एक घटना को अंकित करते समय बड़े विस्तार तथा सूक्ष्म भावाभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत करने में विशेष अभिरुचि चित्रकार की दिखलाई पड़ती है। यह प्रवृत्ति पहाड़ी शैली के पूतना-कथा के सभी चित्रों में प्राय: परिलक्षित होती है। भारत कला भवन के इन चित्रों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।

(१) पूतना द्वारा शिशुओं का संहार—(पंजी.सं. १८१९)
मेवाड़ शैली; १८ वीं शती का पूर्वार्द्ध।

(२) पूतनावध—(पंजी.सं.—६०३)
मेवाड़ शैली; १८ वीं शती का पूर्वार्द्ध।

(३) पूतनावध—(पंजी.सं.—११०२८)।
मालवा शैली; प्राय: १६५० ई०।

(४) पूतना-प्रकरण की सम्पूर्ण कथा का दृश्य—(पंजी.सं.—९४२६)
मालवा शैली; प्राय: १६८० ई.।

(५ पूतना का स्तनपान करते बालकृष्ण –(पंजी.सं.—१०७८६)
पहाड़ी शैली; १८ वीं शती का उत्तरार्द्ध।

(६) पूतनावध— पंजो सं.—३५६)
कांगड़ाशैली; १८१०.ई.-१८२० ई.)

(७) पूतना का दाह-संस्कार—(पंजी सं —६७०१)
कांगड़ा शैली; १८ वीं शती का अन्त।

(८) पूतना का दाह संस्कार – (पंजी.सं.—१०७७६)
पहाड़ी शैली; १८ वीं शती का अन्त।

(१) पूतना द्वारा शिशुओं का संहार—(पंजी सं.—१८१९) :-

यह चित्र १८ वीं शती के पूर्वार्द्ध में मेवाड़ शैली के चित्रकार द्वारा चित्रित किया गया है। इस चित्र में पूतना के 'बालघातिनी' स्वरूप को चित्रकार ने बड़े ही सफल रूप में अंकित किया है।[1] इस चित्र में अलग-अलग रंग के टुकड़ों के माध्यम से दृश्यों का विभाजन किया गया। अग्रभाग

१. "कंसेन प्रहिता घोरा पूतना बालघातिनी
शिशूंश्चचार निघ्नन्तो पुरग्रामव्रजादिषु ।।२। "
— श्रीमद्भागवत (दशमस्कन्ध), अध्याय-६, श्लोक-२, पृष्ठ १४९।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के बांये कोने में चटक लाल रंग की पृष्ठिका पर मुनि शुकदेव राजा परीक्षित को भागवतपुराण कृष्णलीला के पूतना-प्रकरण की कथा सुनाते हुए अंकित किया गया हैं। इसी भाग से चित्र का प्रारम्भ होता है। दूसरे दृश्य को, दांयी ओर पृष्ठिका में चित्रित किया गया है। जहां पूतना राजा कंस से शिशुओं के संहार हेतु आदेश प्राप्त कर रही है। इसी भाग के अग्रभाग में, चित्रकार ने एक भवन के भीतर दो राक्षसी आकृतियों को चित्रित किया है जिसमें एक आकृति सम्मुख हाथ जोड़े, बैठी हुई आकृति को कुछ आदेश दे रही है। ऐसा प्रतीत होता है। कि उक्त राक्षसी अकृतियों का अंकन चित्रकार ने कंस और पूतना की राक्षसी मनोवृत्तियों के प्रतीक स्वरूप यहां किया। इस प्रकार का अकन चित्रकार की अपनी कल्पनाशीलता का परिचायक है। तीसरे दृश्य में, वह शिशुओं को मारने के कार्य में प्रवृत्त दिखाई गई है। उसे कहीं बच्चों को उठाकर भूमि पर पटक ने की मुद्रा में दिखाया गया है, तो कहीं उन्हें गोद में लेकर भयभीत कर रही है, और कहीं महल से बच्चे को चुराते हुए चित्रित किया गया है। इस प्रकार पूतना को विविध रूपों में दर्शाया गया है। इस पूरे चित्र में चित्रकार ने पूतना-प्रकरण की कथा के पूर्वार्द्ध को ही अंकित किया है।

मेवाड़ शैली के दूसरे चित्र में इसी कथा के उत्तरार्द्ध को प्रस्तुत किया है। इसमें दो दृश्यों में कथा को चित्रित किया गया है। एक दृश्य में शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे हैं। दूसरे में, बालकृष्ण पूतना का स्तनपान करते हुए चित्रित किया गया है। भूमि पर मृतक पूतना का विशाल शरीर पड़ा है। पूतना के भयंकर और विकरालरूप को देखकर एक युवती और बालक भयभीत होकर भागे जा रहे हैं। पृष्ठिका में, गुफा और नदी का अकन है। उपर्युक्त दोनों ही चित्रों के अग्रभाग में नदी को दिखाया गया है। इन चित्रों में चित्रकार ने राजा परीक्षित तथा शुकदेव और पूतना प्रकरण के दृश्यों के घटनाक्रम में दीर्घकाल का अन्तराल होते हुए भी इन दोनों घटनाओं को, अग्रभाग में अंकित नदी के माध्यम से एक दूसरे से जोड़ने का सफल प्रयास किया है। यह वैशिष्ट्य चित्रकार की अपनी कल्पना-शक्ति की उपज जान पड़ती है। उसका यही वैशिष्टय उस मालवा एवं पहाड़ी शैलो में निर्मित पूतना कथा के चित्रकारों से अलग करता है।

मालवा शैली के पंजी. सं. ११०२८ वाले चित्र के चित्रकार ने 'पूतना-वध' के दृश्य को अंकित करने पर ही केवल अपनी दृष्टि केन्द्रित रक्खी है। यह चित्र शैलीगत विशेषताओं के आधार पर प्रायः १६५० ई. के आस-पास निर्मित हुआ जान पड़ता है। इस चित्र में बांयी ओर व्योढ़ी रंग की पृष्ठिभूमि पर गहरे हिरौंजी रंग से मृत-पूतना के शरीर पर बालकृष्ण को नृत्य-मुद्रा में अंकित किया गया है। समीप ही, दांयी ओर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वस्त्राभूषणों से सुसज्जित यशोदा कृष्ण को बुलाने की मुद्रा में दर्शायी गई है। चित्र में, दांयी ओर एक भवन का अंकन है जिसके द्वार पर एक अन्य युवती खड़ी है। संयोजन की दृष्टि से यह चित्र बहुत ही सामान्य है। आकृतियों की भाव-भंगिमा में भी एक प्रकार की जड़ता-सी प्रतीत होती हे।

मालवा शैली के उपर्युक्त चित्र के अतिरिक्त इसी शैली में निर्मित १६८० ई० के दूसरे चित्र (पंजी० सं० ६४२६) में संयोजन, कथा के प्रस्तुतीकरण और उसमें प्रयुक्त रंगों में काफी विकास दिखाई पड़ता है। इस चित्र में चित्रकार ने पूतना-कथा के किसी एक बिन्दु पर ही अपनी दृष्टि को केन्द्रित नहीं रखा है, बल्कि दृश्य-विभाजन के माध्यम से उसने पूतना-प्रकरण की सम्पूर्ण कथा को चित्राङ्कित करने का सफल प्रयास किया है। दृश्य-विभाजन का यह स्वरूप मेवाड़ के चित्रों से सर्वथा भिन्न है। इस चित्र में लाल, हरा, गहरे भूरे रंग, जो ताजे एवं चटक प्रतीत होते हैं, के अलग-अलग रंग के टुकड़ों के अतिरिक्त पूतना की सम्पूर्ण कथा के प्रत्येक दृश्य को अलग-अलग कोष्ठ (फ्रेम) में अंकित कर विभाजित किया है। यह विशेषता मालवा शैली के इस चित्रकार की अपनी है जो अन्य शैलियों मे प्रायः देखने को नहीं मिलती। इस चित्र के ऊपरी भाग में, बांयी ओर से कथा का प्रारम्भ किया गया है। पहले दृश्य में कंस पूतना को आदेश दे रहा है। दूसरे दृश्य में, वह एक सुन्दर युवती का रूप धारण कर हाथ में कमल-पुष्प लिए गोकुल की ओर जा रही है। भागवतपुराण और ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में उसके सौन्दर्य का वर्णन विस्तार से किया गया है। पूतना का, हाथ में कमलपुष्प लेकर नन्द भवन की ओर जाने का वर्णन केवल भागवतपुराण में ही प्राप्त होता है[1]। तीसरे दृश्य में उसे नन्द भवन में कृष्ण के पालने के पास दिखाया गया है। वह पालने से बालकृष्ण को उठा रही है। समीप खड़ी यशोदा तथा दूसरी युवती पूतना के सौन्दर्य से सम्मोहित-सी है। एक अन्य दृश्य में नन्द भवन के बाहर उसे कृष्ण को गोद में लेकर विषयुक्त स्तन का पान कराते हुए दिखाया गया है। तत्पश्चात् चित्र के निचले अंश में विकराल शरीर वाली राक्षसी पूतना के मृत शरीर पर चढ़े कृष्ण को उठाती यशोदा तथा दौड़कर आये ग्वालों तथा गोपियों का अंकन है। चित्रकार ने इस दृश्य को महत्व देने हेतु अन्य दृश्यों की अपेक्षा अधिक स्थान दिया है। वहीं एक छोटे कोष्ठ में यशोदा गाय की पूँछ द्वारा कृष्ण का ग्रहदोष-निवारण करती दर्शायी गई है। इस प्रकार क्षैतिजाकार चित्र के भीतर चित्रकार ने अलग-अलग दृश्य विभाजन कर पूरी कथा को प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है।

---

१. श्रीमद्भागवतपुराण-दशमम्स्कन्ध ६/६।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जैसा कि हम पहले ही उल्लेख कर चुके हैं। पहाड़ी शैली के चित्रकारों ने पूतना-वध के दृश्य को अंकित करने में विशेष अभिरुचि दिखाई है। उन्होंने इस दृश्य को चित्रित करने में प्रकृति के साथ मानवाभिव्यक्ति की सूक्ष्म अनुभूतियों को भी दर्शाने का सचेष्ट प्रयास किया है। पहाड़ी शैली के पंजी. सं. १०७८६ वाले चित्र में चित्रकार ने कृष्ण द्वारा पूतना-वध का ही अंकन किया है। यह चित्र श्रीमद्भागवतपुराण के श्लोक पर आधारित प्रतीत नहीं होता है। इसका वर्णन हरिवंशपुराण में वर्णित श्लोक के विवरण से काफी मिलता है जिसमें अर्धरात्रि में, मानवीवेश धारण करके पूतना व्रज में गई थी। उस समय उसके स्तनों में इतना दूध बढ़ गया था कि उनमें पीड़ा होने लगी। उस निस्तब्ध रात्रि में, जब सब ग्रामवासी सो गये, तो उसने कृष्ण के मुख में अपना विषयुक्त स्तन दे दिया। इस चित्र में, चित्रकार ने आकाश में काले रंग का प्रयोग कर रात्रि का वातावरण दिखाने का प्रयास किया है। साथ ही पृथ्वी पर पड़ी पूतना के वृत्ताकार बड़े-बड़े स्तन भी उक्त श्लोक के कथन की पुष्टि करते हैं। लाला कन्हैया उसके स्तन को उसके प्राणों के साथ पी गया। चित्र में, पूतना की छाती पर चढ़े बालकृष्ण दोनों हाथों से उसके पुष्ट उरोज को बलपूर्वक पकड़े हुए स्तन-पान कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वे उसके शरीर से पूरे प्राण खींच लेना चाह रहे हैं। यहाँ कृष्ण की भंगिमा को बहुत ही शक्तिशाली रूप में अंकित किया गया है। कृष्णपूतना की छाती को अपने बांये घुटने से बलपूर्वक दबाए हुए हैं तथा दांया पैर पीछे को सीधा बढ़ा हुआ है। यशोदा उनकी बांह को पकड़कर पूतना से अलग करने की चेष्टा कर रही हैं, परन्तु कन्हैया पूतना की छाती से हटना नहीं चाह रहे हैं। वे उसके प्राणों को खींच लेने में तत्पर हैं। इस सम्पूर्ण भाव को अभिव्यक्त करने में चित्रकार अक्षरशः सफल हुआ है जैसा कि हरिवंशपुराण में उल्लेख मिलता है कि "वह (पूतना) पक्षिणी घोर चीत्कार करके सहसा पृथ्वी पर गिर पड़ी।"[1] चित्रकार ने इस चित्र में पूतना के कानों को पंखे के आकार में चित्रित करके उसके पक्षिणी स्वरूप का संकेत मात्र किया है। राक्षसी की भंयकर-पीड़ा युक्त चीत्कार को सुनकर नन्द, यशोदा तथा गोप-गोपिकाएँ सभी आश्चर्य एवं भय से पृथ्वी पर पड़ी मृत पूतना के शरीर को देख रहे हैं। इस प्रकार इस चित्र का पूरा विवरण हरिवंशपुराण में उल्लिखित वर्णन से काफी समानता रखता है।

पहाड़ी शैली में चित्रित पंजी. सं. ३५६ में भी उपर्युक्त चित्र के समान दृश्य का अंकन है। परन्तु, इस चित्र में पूर्व चित्र सं. १०७८६ के सदृश्य रात्रि का वातावरण नहीं है। पूतनावध के दृश्य को भवन के प्रांगण

१. हरिवंशपुराण (विष्णुपर्व) ७/२२-२३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में चित्रित किया गया है, जहाँ मृत्यु से संघर्षरत पूतना की भयंकर आकृति और कृष्ण को घेर कर खड़े नन्द, यशोदा तथा गोपिकाओं का समूह आश्चर्य से देख रहा है। इस चित्र के सरपोश पर भागवतपुराण का श्लोक अंकित है। यहाँ इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि सरपोश पर लिखे भागवतपुराण के श्लोक और चित्र में अंकित दृश्य में थोड़ा अन्तर है। जैसा कि भागवतपुराण में उल्लेख मिलता है कि पूतना के दाह संस्कार के समय नन्द का मथुरा से आगमन होता है। वे ग्रामवासियों द्वारा पूतना राक्षसी के संहार की सूचना सर्व प्रथम प्राप्त करते हैं। जबकि इस चित्र में नन्द को भी दर्शाया गया है। अतः ऐसा प्रतीत होता हैं कि यह चित्र हरिवंश-पुराण के आधार पर ही चित्रित किया गया है।

पहाड़ी शैली के पंजी. सं. ६७०१ में पूतना की मृत्यु के बाद के प्रसंगों को तीन दृश्यों में विभक्त कर प्रस्तुत किया गया है। चित्र के अग्रभाग में मृतपूतना के अंगों को कुल्हाड़ियों द्वारा काटते ग्रामवासियों का अंकन तथा बांयी ओर बहली पर आश्चर्य मुद्रा में बैठे नन्द का अंकन, है जो मथुरा से तत्काल लौटे हैं। पृष्ठिका में दांयी ओर, भवन के प्रागंण में गोपुच्छ एवं गोमूत्र से बालकृष्ण का ग्रहदोष-निवारण करती यशोदा व स्त्री-समूह। तीसरा दृश्य सुदूर पृष्ठिका में, गांव के बाहर पूतना के कटे अंगों के ढेर को जलाता हुआ ग्राम वासियों का समूह अंकित है। ये सभी दृश्य अलग-अलग होते हुए भी एक दूसरे से संबद्ध प्रतीत होते हैं। इन सभी दृश्यों का वर्णन भागवतपुराण में विस्तार से प्राप्त होता है।

पहाड़ी शैली के ही एक अन्य चित्र सं. १०७७६ में भी उक्त कथा को चित्रित किया गया है। यहाँ मथुरा से लौटे नन्द का अंकन तथा ग्रामवासियों द्वारा पूतना शरीर के अंगों को काटना प्रदर्शित किया गया है। बांयी ओर पृष्ठिका में चहार दिवारी के भीतर भवन का अंकन है। सम्पूर्ण चित्र रेखाचित्र के रूप में बनाया गया है। रंगों का प्रयोग चित्रकार ने यहाँ नहीं किया है। चित्र के ऊपरी हाशिये पर संस्कृत में लेख—"गोपालपरशुभिः पूतनादेह कृंतनं भस्मीकरणं १३।" अंकित है।

चित्रों में प्रयुक्त लाक्षणिकता एवं सूक्ष्मभावाभिव्यक्ति :—

भारत कला भवन संग्रह के उपर्युक्त सभी चित्रों का विवरण प्रस्तुत करने के साथ ही इन चित्रों के अंकन में चित्रकारों द्वारा किये गये लाक्षणिक प्रयोगों एवं आकृतियों की सूक्ष्म भावाभिव्यक्ति आदि पर भी विचार करना समीचीन होगा। मेवाड़ एवं मालवा शैली के इन चित्रों में, मुगल शैली के चित्रों के समान यथार्थवादी प्रवृत्ति का विशेष आग्रह न

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होकर लाक्षणिकता का प्रयोग अत्यधिक रूप में दिखाई पड़ता है जो इन चित्रों की आधार-भूमि है। पूतना-प्रकरण से संबंधित इन चित्रों में लाक्षणिकता का प्रयोग सभी चित्रकारों ने अपने-अपने ढंग से किया है। मेवाड़ शैली के पूतना द्वारा शिशुओं के संहार वाले चित्र (पंजी. सं.१८१६) में कंस का कंगूरेदार महल, सिंहासन, छत्र, चंवर लिए सेवक आदि सभी वस्तुएं लाक्षणिकरूप में चित्रकार द्वारा अंकित कर कंस को राजा होने की सूचना देता है। इस चित्र में न तो राजदरबार जैसा वातावरण है और न ही राजा से संबंधित अन्य सामग्रियां, जैसा कि मुगल दरबारी चित्रों में दिखाई पड़ती है। इसी प्रकार की लाक्षणिकता मालवा शैली के चित्र सं. ९४२६ में भी देखी जा सकती है। इन चित्रों में वानस्पतिक जगत् को भी लाक्षणिक रूप में प्रस्तुत किया गया है। लेकिन मेवाड़ एवं मालवा शैली के इन चित्रों में अंकित वानस्पतिक जगत् का संबंध चित्र की मुख्य घटना से रागात्मक एवं भावनात्मक स्तर पर उतना सूक्ष्म रूप से जुड़ा हुआ दिखाई नहीं पड़ता है जितना कि पहाड़ी चित्रकार द्वारा निर्मित चित्र पंजी. सं. ३५६ वाले चित्र में दृष्टिगोचर होता है। पहाड़ी शैली के चित्रकारों ने मेवाड़ एवं मालवा शैली के चित्रकारों के समान लाक्षणिकता का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने मानवाकृतियों, भवनों, वनस्पतियों आदि सभी को आलंकारिक रूप न देकर यथार्थवादी रूप में प्रस्तुत करने की चेष्टा की है। इनके प्रस्तुतीकरण में वह मुगल शैली से काफी प्रभावित जान पड़ता है। पहाड़ी शैलो के पूतना-वध के सभी चित्रों में बालकृष्ण द्वारा मारी गई पूतना को देखकर सहज रूप में भय, आश्चर्य, व्याकुलता आदि मनोभावनाएं मानव हृदय में उत्पन्न होती हैं, उनको नन्द, यशोदा तथा अन्य गोपियों की मुखाकृतियों एवं उनकी भाव-भंगिमाओं के माध्यम से इन चित्रकारों ने बड़े ही सफल रूप में अभिव्यक्त किया है। उक्त घटना से केवल मानव जगत् ही प्रभावित नहीं है, पशु, वनस्पति तथा जड़ वस्तुओं में भी वही भावनात्मक स्पन्दन हमें दिखाई पड़ता है। यह पहाड़ी चित्रकारों की सबसे बड़ी विशेषता रही है। (देखिए-चित्र पंजी. सं. -३५६; १०७८६) चित्र संख्या-३५६ में, आंगन में केले के पत्तों का झुकाव, अग्रभाग के दाहिने कोने में रखे घड़ों का मुख्य दृश्य की ओर झुकाव, बरामदे में रखी मथानी, पृष्ठिका में अंकित रसोई घर में चूल्हे पर चढ़े बर्तन से उफन कर भूमि पर बहते दूध का अंकन आदि सभी जड़ वस्तुओं में भी मानवाकृतियों के मनोभावों के समान ही व्यग्रता, भय और आकुलता का आभास हमें होता है। इसी प्रकार कांगड़ा शैली के पंजी. सं. ३५६ वाले चित्र में भी इस सूक्ष्म भावाभिव्यक्ति को सहजरूप में अनुभव किया जा सकता है। 'इस चित्र में गाय की पूंछ द्वारा कृष्ण के ग्रहदोष का निवारण करती यशोदा तथा अन्य स्त्रियों के अंकन में ममत्व तथा आश्चर्य के भावों को चित्रकार ने अभिव्यक्त किया है। यही भाव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसने समीप खड़े व बैठे गाय-समूह में भी प्रतिबिम्बित करने का प्रयास किया है। भूरे रंग की गाय जिसकी पूँछ द्वारा ग्रहदोष-निवारण किया जा रहा है, अपनी पूंछ उठाये चुपचाप खड़ी है, जो बालकृष्ण के प्रति ममत्व एवं स्नेह का सूचक है। इस प्रकार के मनोभावों के चित्रण में पहाड़ी चित्रकार बहुत ही सफल रहा है जिसका मेवाड़ व मालवा शैली के इस कथा से संबंधित चित्रों में हमें दर्शन नहीं होता। इस अभिव्यंजनात्मक प्रवृत्ति की बहुतायत इन पहाड़ी शैली के चित्रों की सबसे बड़ी विशेषता है, पेड़ों की डालों और पत्तियों तथा निर्जीव वस्तुओं अथवा यों कहा जा सकता है कि जड़ और चेतन दोनों ही जगत् को पहाड़ी चित्रकार अपने चित्रों में करुणा, उत्साह, भय, प्रीति और आनन्द इत्यादि मनोभावों की अभिव्यक्ति का साधन बनाता है।[1]

कला भवन के प्रस्तुत चित्रों में पूतना के शारीरिक सौष्ठव के विभिन्न स्वरूप की भी चर्चा करना समुचित जान पड़ता है। मेवाड़ के चित्रों में विशेषरूप से चित्र सं. १८१९; ६०३; में पूतना को वस्त्राभूषणों से सुसज्जित एक सुन्दर युवती के रूप में प्रस्तुत किया गया है। उसकी शारीरिक बनावट में चित्रकार ने कहीं भी भयंकरता का अंकन नहीं किया है। केवल उसके क्रिया-कलापों द्वारा तथा उसके शारीरिक आकार में वृद्धि कर उसकी पाशविकता की ओर संकेत किया है। यही नहीं इस राक्षसी मनोवृत्ति को उसने अलग-अलग ढंग से दोनों ही चित्रों में दर्शाने का प्रयास किया है। पहले चित्र में जहाँ एक ओर भवन के भीतर दो राक्षसों के अंकन से इसे प्रदर्शित किया है, वहीं दूसरे चित्र में पूतना के विशाल आकार तथा पृष्ठिका में अंकित गुफा के अंकन को दर्शा कर इसे चित्रकार ने स्पष्ट करने का प्रयास किया है। जैसा कि भागवतपुराण की कथा में उल्लेख मिलता है कि मरते समय पूतना का मुख गुफा के गह्वर के समान हो गया था।[2] चित्रकार ने इस वर्णन को चित्रित करते समय पृष्ठिका में गुफा के गह्वर को लाक्षणिक रूप में प्रस्तुत करके किया है। यही नहीं. गुफा के समीप बांयी ओर अंकित, उद्वेलित लहरों से युक्त नदी पूतना की मनोव्यथा का प्रतीक है जिसको चित्रकार ने चित्र को अधिक स्पष्ट करते हुए चित्रित किया है।

मेवाड़ शैली के चित्रों से भिन्न मालवा शैली के चित्रों में पूतना को दो रूपों में दिखाया है। मालवा शैली के चित्र सं. ११२०८ में पूतना के राक्षसीरूप को ही अंकित किया गया है। वहीं इसी शैली के दूसरे चित्र में

---

१. करुणाभरणनाटक और उसकी चित्रावली (लेख)—ले. श्री गोपालकृष्ण कलानिधि-पृष्ठ ६७-६८।

२. श्रीमद्भागवतपुराण (दशमस्कन्ध)—अध्याय-६, पृष्ठ १५३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसके राक्षसी एवं सुन्दर युवती दोनों ही रूपों को चित्रित करने की चेष्टा की गई है।

पहाड़ी शैली के चित्रों में अंकित पूतना शारीरिक सौष्ठव मेवाड़ एवं मालवा शैली के चित्रों से सर्वथा भिन्न है। इन चित्रों में उसकी भयानकता और पाशविकता दोनों ही का अंकन करने में चित्रकार सफल रहा है। इस प्रकार की आकृतियों को मानवीय रूप में अंकित न कर, उसे न जाने कितने विलक्षण स्वरूपों का सहारा लेना पड़ा है और कल्पनालोक के न जाने किस-किस कोने में घूमना पड़ा है।[1] पहाड़ी चित्रों में राक्षसों के अंकन में चित्रकार ने दो रूप ग्रहण किये हैं।—प्रथम स्वरूप में उसने उन्हें किसी जन्तु रूप में दिखाया है, वहीं उसके बृहदाकार और विकरालरूप को भी प्रस्तुत किया है। यही नहीं, उनके वर्णों में विचित्रता लाकर मानव-सृष्टि से भिन्नता प्रकट की है। वर्णों में विशेष रूप से हरे, पीले, लाल, नीले ऐसे रंगों का प्रयोग किया है। राक्षसों की विचित्र कल्पना के दूसरे रूप में इन चित्रकारों ने उनको मानव शरीर के अनुसार अंकित किया है, परन्तु मुखाकृतियां बदल दी हैं। ऐसे चित्रों में भी उनके शरीर बहुत पुष्ट हैं, जो उनकी शारीरिक शक्ति के द्योतक हैं। वे अपने विशाल और भयंकर शरीर के कारण हमारे मन में भय उत्पन्न करने में समर्थ हैं, परन्तु इन कल्पनाओं में सबसे विलक्षण तो उनकी मुखाकृतियाँ हैं। ये बड़ी भयानक आकृतियां होती हैं, जिनमें प्राय: उनके दाढ़ दोनों ओर बाहर निकले होते हैं। उनके सिर पर कभी-कभी सींगों का भी अंकन मिलता है। यह उनकी पाशविक वृत्तियों का द्योतक है। इस प्रकार की आकृतियों में पहाड़ी चित्रकारों ने विचित्रलोक को ही साकार कर डाला है।[2] पूतना-प्रकरण के इन पहाड़ी शैली के चित्रों में राक्षसों के दूसरे प्रकार को यथावत् दर्शाने का सफल प्रयास इन चित्रकारों ने किया है। (देखिये चित्र सं. ३५६; ६७०१; १०७७६) इन चित्रों में पूतना के विशाल शरीर को मानवीयरूप में तो चित्रित किया ही है, परन्तु कुछ भिन्नता के साथ। चौड़ी मुखाकृति; बाहर को निकली दन्त-पंक्तियाँ, सूप की आकृति सदृश कान; साही के काँटों के सदृश खड़े एवं कठोर बाल; मुंह के बाहर निकली दो नुकीली दाढ़ें आदि पूतना की विकरालता एवं पाशविकता को बढ़ाती है। चित्र सं. १०७७६ में चित्रकार ने पूतना की उपर्युक्त विशेषता के अतिरिक्त सिर पर दो सींग तथा पैरों के

१, कलाभवन एक विशिष्ट चित्र-संग्रह—ले. राय आनन्दकृष्ण, (कलानिधि) अंक-५, पृष्ठ ७०।

२. वही—अंक ५, पृष्ठ ७१।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पंजों को मानवाकृति के समान चित्रित नहीं किया है। इस मानवेतर शारीरिक भिन्नता के अतिरिक्त चित्रकार पूतना के चेहरे पर पीड़ाजन्य भावाभिव्यक्ति को दिखाने में भी काफी सफल रहा है। इस प्रकार की भावाभिव्यक्ति प्रस्तुत लेख में उल्लिखित सभी पहाड़ी चित्रों में देखी जा सकती है। यहाँ यह उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि इस प्रकार की भावाभिव्यक्ति का सूक्ष्म अंकन मेवाड़ एवं मालवा शैली के वर्णित चित्रों में हमें परिलक्षित नहीं होता है।

तकनीकी एवं संयोजन की दृष्टि से चित्रों का तुलनात्मक विश्लेषण:-

मेवाड़, मालवा एवं पहाड़ी शैली के उपर्युक्त चित्रों में चित्र-विधा की सभी तकनीकियों का उपयोग इनके चित्रकारों ने बिना यथार्थवादी दृश्य-संयोजन को दिखाये, पूर्ण स्वच्छन्दता से किया है। चित्रों के संयोजन में कुछ तकनीकियों का प्रयोग तो इन चित्रकारों ने अपनी परम्परा से लिया है और कुछ मुगल शैली से प्रभावित होकर ग्रहण किया है, जिसका मिला-जुला स्वरूप इन चित्रों के अंकन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। मेवाड़ तथा मालवा शैली के इन चित्रों में चित्रकार को अपनी प्राचीन परम्परा, जो उसे अजन्ता, जैन तथा सुल्तान चित्र शैली से धरोहररूप में प्राप्त हुई थी, उसे पहाड़ी शैली की तुलना में अधिक उजागर किया है। पहाड़ी शैली के इन चित्रों में परम्परागत तत्वों का समावेश हमें सयोजनात्मक दृष्टि से मेवाड़ और मालवा शैली के उपर्युक्त चित्रों की अपेक्षा कुछ कम दृष्टिगोचर होता है। इन चित्रों में, मुगल शैली का प्रभाव विशेषकर— परिप्रेक्ष्य (प्रस्पेक्टिव); रंग-योजना; दृश्य-संयोजन; वास्तुविन्यास; रेखांकन तथा आकृतियों के प्रतिरूपण (माडलिंग) में अधिक परिलक्षित होता है। इसी आधार पर पूतना-कथा से संबंधित इन चित्रों का विश्लेषण यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

तकनीक की दृष्टि से चित्रकार के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह चित्र के द्वि-आयामी (टू-डाइमेन्शनल) आकार के माध्यम से, सृष्टि के त्रि-आयामी (थ्री-डाइमेन्शनल) स्वरूप को कुछ घटाकर उसकी यथार्थता को, विकृत संरचना के रूप में प्रस्तुत करे। इस तकनीक का परित्याग चित्रकार नहीं कर सकता, परन्तु यह स्वयं चित्रकार की स्वेच्छा पर निर्भर करता है कि वह इसकी उपेक्षा कर वस्तुओं के यथार्थ स्वरूप को विकृत संरचना के रूप में त्रि-आयामी प्रभाव से युक्त दर्शाये। जैसा कि मुगल चित्रों में मिलता है, अथवा चित्र के द्वि-आयामी (टू-डाइमेन्शनल) आकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की सीमा में ही अपने को बांध ले, जैन चित्रों के सदृश [1]। मेवाड़, मालवा तथा पहाड़ी शैली के इन चित्रकारों ने अपने चित्र-संयोजन में स्वच्छन्द रूप से दोनों ही प्रणालियों का सम्मिश्रण किया है। मेवाड़ व मालवा के चित्रों में पहाड़ी चित्रों की-अपेक्षा संयोजनात्मक दृष्टि से थोड़ी भिन्नता भी दृष्टिगोचर होती है। पूतना-कथा के दोनों मेवाड़ शैली के चित्रों में (पंजी. सं. १८१९ तथा ६०३) अजन्ता शैली से प्रभावित होकर चित्रकार ने श्रेणीबद्ध (हाइरारकिकल) परिप्रेक्ष्य का उपयोग किया है। उसने अग्रभाग के दृश्य की अपेक्षा पृष्ठिका के दृश्य को अधिक स्थान देकर तथा उसकी तुलना में आकृतियों को बड़ा बनाकर उसे दर्शक की दृष्टि के अधिक समीप ले जाने की चेष्टा की है। इस प्रकार के परिप्रेक्ष्य का प्रयोग चित्रकार ने सत्याभास देने हेतु नहीं, बल्कि दृश्य के महत्व को बढाने हेतु किया है। मालवा शैली के चित्रों में सपाट पृष्ठभूमि के कारण इस प्रकार के परिप्रेक्ष्य का आभास नहीं मिलता है। वहीं, मालवा तथा मेवाड़ी चित्रों के विपरीत पूतना के पहाड़ी चित्रों में मुगल शैली के परिप्रेक्ष्य का अधिक प्रभाव दिखाई पड़ता है। श्रेणीबद्ध परिप्रेक्ष्य (हाइरारकिकल परस्पेक्टिव) का जो स्वरूप मुगल चित्रों में परिलक्षित होता है, वह अजंता के चित्रों से थोड़ा भिन्न है।[2] इसमें यूरोपियन चित्रों के समान अग्रभाग की तुलना क्षितिज का दृश्य क्रमशः घटता जाता है, जिससे दृश्य में दूरी का आभास होता है। मुगल शैली के इस परिप्रेक्ष्य की तकनीकी को स्टेलाक्रेमरिश ने 'मल्टीपल परस्पेक्टिव' की संज्ञा दी है।[3] पहाड़ी शैली के चित्र सं. ६७०१ में चित्रकार ने अजन्ता और मुगल दोनों शैलियों में दर्शाये गये परिप्रेक्ष्य को सम्मिलित रूप में प्रयुक्त किया है। इस चित्र में दांयी ओर के पृष्ठ भाग के दृश्य को अग्रभाग की अपेक्षा अधिक महत्व प्रदान किया है। वहीं, बांयीं ओर चित्र के अग्रभाग से दृश्य प्रारम्भ होकर क्रमशः सुदूर पृष्ठिका में छोटा होता चला जाता है। इस प्रकार दोनों पद्धतियों को इस चित्र में संतुलित रूप में दिखाना चित्रकार के दृश्य-प्रस्तुतीकरण की विशेषता बन गई है। इस प्रकार के परिप्रेक्ष्य के माध्यम से चित्रकार ने चित्र में वाल्यूम (घनत्व) और स्पेस (स्थान) का भ्रम उत्पन्न करने की चेष्टा की है।

स्पेस (स्थान) को प्रस्तुत करने हेतु चित्रकार ने दूसरा माध्यम अपनाया है। इसके अन्तर्गत चित्र को उसने अलग-अलग समूहों में विभाजित कर कई दृश्यों की संरचना की है। यह पद्धति भी अजन्ता और मुगल शैली की देन है। मेवाड़ शैली के चित्र सं. १८१९ में संयोजन के आधार को दांयी ओर से बांयी ओर को ६०° के कोण से थोड़ा झुका दिया है, जिससे

१. द. इन्डियन मिनिएचर्स आफ मुगल स्कूल—ले. ल्यूब्र हेजेक, पृष्ठ २२।
२. वही " " " " २३।
३. वही " " " " २३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अलग-अलग समतल भूमि चित्रकार ने प्राप्त कर ली है। इसी आधार पर पूरे चित्र को उसने पांच दृश्यों में विभाजित किया है। चित्रकार ने यहां गतिमयता देने हेतु पूतना की विभिन्न मुद्राओं एवं भावभंगिमाओं वाली आकृतियों को विकीर्ण (डाइगनल) रूप में अंकित किया है। मेवाड़-शैली के दूसरे चित्र सं० ६०३ पूतना के विशाल शरीर को विकीर्ण (डाइगनल) रूप में दिखाया है, जो इस चित्र में स्थान (स्पेश) की समस्या का समाधान करता है। उक्त दोनों ही चित्रों में "डाइवर्जेण्ट परस्पेक्टिव" अर्थात् चित्र के केन्द्र से विपरीत दिशाओं में जाती हुई आकृतियों का अंकन किया गया है। इन चित्रों में विभिन्न दृश्य संयोजन में प्रयुक्त रंगों के अलग-अलग टुकड़े भी स्थान (स्पेश) की तकनीक पर बल देते हैं। इन चित्रों की तुलना में मालवा शैली के चित्रों में थोड़ी भिन्नता मिलती है। पूतना कथा के इस शैली के चित्रों में मेवाड़ की अपेक्षा अधिक सरलता तथा आदिम स्वरूप (आर्केइकफार्म) दिखाई पड़ता है।[१] मालवा शैली के चित्र सं० ६४२७ में पूतना की सम्पूर्ण कथा के अलग-अलग कोष्ठकों में दृश्यों का विभाजन कर चित्रित किया गया है। इस प्रकार का विभाजन लौरचन्दा के चित्रों से प्रभावित जान पड़ता है। प्रत्येक कोष्ठक में सपाट चटक रंग लगे हुए हैं, जो चित्रकार ने यहां जैन चित्रों की परम्परा से ग्रहण किये प्रतीत होते हैं। यह राजस्थानी चित्र-शैली के आरम्भिक स्वरूप की ओर संकेत करता है। इस प्रकार के प्रयोग से दृश्य में नाटकीय प्रभाव आ गया है।[२] उक्त चित्र के ऊपरी दृश्यों में किसी भी प्रकार की गहराई का हमें आभास नहीं होता है। निचले अंश में मुगल-शैली के प्रभाव आकर चित्रकार ने पूतना के मृत शरीर को कुछ विकीर्ण रूप में दर्शाने का असफल प्रयास किया है। उसने बायीं ओर पूतना के पैरों से कुछ दूरी पर मानवाकृतियों का संयोजन किया है, परंतु रंग के सपाटपन के परिप्रेक्ष्य का आभास नहीं होता है। इस प्रकार का अंकन चित्रकार की स्वच्छन्दता की ओर संकेत करता है। यहां उसका मुख्य उद्देश्य यह जान पड़ता है कि वह दर्शक के समक्ष अधिक से अधिक स्पष्ट रूप में चित्र के सम्पूर्ण कथानक के सभी अवयवों को एक साथ प्रस्तुत कर सके। यह पद्धति जैन तथा आरंभिक राजस्थानी चित्रों में विशेष रूप से पाई जाती है। मालवा-शैली के दूसरे चित्र में (पंजी० सं० ११०२८) परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से पूर्ण शून्यता दिखाई पड़ती है। इस चित्र का संयोजन काफी सरल और सीधा है।

इसके विपरीत पहाड़ी शैली के पूतना-कथा के चित्रों में परिप्रेक्ष्य एवं तकनीक की दृष्टि से मेवाड़ तथा मालवा-शैली के चित्रों की अपेक्षा काफी

---

१. द. क्लासिक ट्रेडिशन आफ राजपूत पेंटिंग—ले. पी. पाल; पृष्ठ ६८; प्लेट नं. २६
२. वही " " " " " "

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विकास दिखाई देता है। पहाड़ी चित्रों का संयोजन, मालवा एवं मेवाड़ के समान सरल ज्यामितिक आधार पर नहीं किया गया है बल्कि उसमें मुगल चित्रों के प्रभाव के कारण कुछ जटिलता आ गई है। इन चित्रों में वस्तु-संयोजन में, जहां आयताकार अथवा समानान्तर चतुर्भुज का स्वरूप दृष्टि-गोचर होता है, वहीं आकृतियों के संयोजन को वृतचाप या पूर्ण वृत के रूप में दर्शाने की चेष्टा की गई है (देखिए चित्र सं. ३५६ एवं ६७०१)। इससे मेवाड़ एवं मालवा-शैली के चित्रों में जो एक रास्ता देखने को मिलता है, वह यहां समाप्त हो जाती है और पूरे चित्र में ज्यामितिक संतुलन के साथ लयात्मकता और स्पन्दन प्रतीत होता है। पहाड़ी शैली के चित्र सं, १०७८६ में भी परिप्रेक्ष्य का आभास मिलता है। इस चित्र में श्वेत रंग के चबूतरे को मुगलशैली के अनुसार विहंगम दृष्टि (वर्ड्स आई व्यू) के रूप में दिखाया गया है। उसके पीछे, आकृतियों को आगे-पीछे (जिक-जेक) ढ़ग से संयोजित कर सभी को मुख्य दृश्य की ओर थोड़ा झुकाव देकर अंकित किया गया है, जिसके द्वारा चित्रकार ने चित्र के द्वि-आयामी आकार में घनत्व (वाल्यूम) और स्थान (स्पेस) का आभास देने का सफल प्रयास किया है। पृष्ठिका को सपाट बनाया गया है जो बसोली और प्रारम्भिक गुलेर शैली की एक विशेषता रही है। आकाश को पतली पट्टी के रूप में अंकित किया गया है। चित्र सं. ३५६ में भी परिप्रेक्ष्य स्वाभाविक रूप में दिखाया गया है। एक अन्य चित्र सं. १०७७६ में चित्रकार ने वास्तु को चार दिवारी के भीतर आकाशीय परिप्रेक्ष्य (एरियल परस्पेक्टिव) के रूप में दर्शाने की चेष्ठा की है। इस प्रकार परिप्रेक्ष्य (परस्पेक्टिव) की दृष्टि से पूतना कथा के इन पहाड़ी चित्रों में कुछ जटिलता दिखाई पड़ती है।

घनत्व (वाल्यूम) के साथ-साथ लावण्य (प्लास्टिसिटी) मालवा शैली के चित्रों की अपेक्षा मेवाड़ के दोनों चित्रों की आकृतियों में अधिक परिलक्षित होता है। इन चित्रों को आकृतियों में बाह्य रेखाओं में कुछ वक्रता मिलती है, जिससे आकृतियों के अंगों में थोड़ी गोलाइ आ गई है। उसके कारण आकृतियों में घनत्व का आभास मिलता है। यहां रेखांकन के साथ साये का प्रयोग नहीं किया गया है। वहीं पहाड़ी चित्रों की आकृतियों में—चाहे मानवाकृतियां हो अथवा पशु-पक्षी या वनस्पति सभी में, अजंता और मुगल-शैली के चित्रों की आकृतियों के समान रेखांकन के साथ साये (शेडिंग) का चित्रकार ने प्रयोग किया है। इस प्रकार के रेखांकन के माध्यम से आकृतियों में प्रतिरूपण (मार्डलिंग) दिखाकर उनके घनत्व (वाल्यूम) को प्रस्तुत किया गया है।

पहाड़ी चित्रों की तुलना में, पूतना-कथा के मेवाड़ी चित्रों के रेखांकन में कुछ तीक्ष्णता मिलती है। मालवा-शैली के इन चित्रों में रेखांकन तीक्ष्ण और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कठोर तो है ही, उसमें कोणात्मकता भी दृष्टि गोचर होती है, जिसके कारण आकृतियों के चेहरों तथा अंगों में सपाटपन का आभास होता है। इसीलिए इन चित्रों की मानवाकृतियां तथा पशु-पक्षी आदि चेतनाहीन-से प्रतीत होते हैं। पहाड़ी चित्रों में अंकित आकृतियों का रेखाकंन मेवाड़ तथा मालवा शैली के चित्रों की अपेक्षा काफी उत्कृष्ट कोटि का है। आकृतियों का प्रवहमान सधा हुआ लयात्मक रेखाकन, साये (शेडिंग) का आवश्यकतानुसार प्रयोग, उनके प्रतिरूपण और आयतन की ओर संकेत करता है। पंजी. सं १०७७६ वाले रेखाचित्र में आकृतियों के अतिरिक्त, वास्तु के घनत्व (वाल्यूम) को दिखाने हेतु गहरे साये (शेडिंग) का प्रयोग किया है। इन चित्रों में यह प्रतिरूपण वस्तु के आयतन की तुलना में आकृतियों के भावों को अभिव्यक्त करने में चित्रकार की सहायता करता है।

पूतना-कथा के उपर्युक्त सभी चित्र, एक को छोड़कर, क्षैतिजाकार अथवा वर्गाकार रूप में चित्रित हैं। यह परम्परा मध्ययुगीन चित्रित ग्रंथों से यहां ग्रहण की गई है। इसके विपरीत मुगल शैली के ग्रंथ चित्रों को प्रायः खड़े बल में चित्रित किया गया है। पंजी. सं. ३५६ वाले चित्र का मुगल चित्र-परम्परा से प्रभावित है। मेवाड़ तथा मालवा शैली के उपर्युक्त चित्रों में, चित्र की मुख्य सीमा के बाहर दृश्य की अविच्छिन्नता (कान्टीन्यूइटी) के भ्रम को दर्शाने का भी यदा-कदा प्रयत्न किया गया है। इनके दृश्य-संयोजन में भी प्रायः पूर्णता का आभास मिलता है। इन चित्रकारों ने आकृतियों, वास्तु, वृक्षों आदि को चित्र के हाशिये द्वारा नहीं काटा है, बल्कि आकृतियों आदि के अंकन को अधिक से अधिक दिखाने के प्रयास में हाशिये का भी उपयोग किया है। (देखिये चित्र सं. ११०२८)। यह पद्धति पर्शियन चित्रों में विशेषरूप से देखने को मिलती है, जहाँ हाशिये के ऊपर वास्तु तथा वृक्ष आदि का अंकन दिखा दिया जाता है। पहाड़ी-शैली के चित्रों में मुगल-प्रभाव के फलस्वरूप चित्र की सीमा के भीतर ही दृश्य का अंकन किया गया है तथा अपनी आवश्यकतानुसार वास्तु, आकृतियों, वृक्षों को हाशिये द्वारा काटकर उसकी अप्रत्यक्ष निरंतरता का आभास दिया गया है (देखिए चित्र सं. १०७८७; ३५६; १०७७६)।

मेवाड़ तथा मालवा-शैली के चित्रों में रंगों का प्रयोग प्रकृति के नैसर्गिक सौन्दर्य की तुलना में उसके भावात्मक मूल्यों तथा लाक्षणिक अभिव्यक्तियों की स्पष्टता हेतु किया गया है। यह इन दोनों ही शैलियों में देखी जा सकती है। मालवा शैली के चित्रों में चटक व उत्तेजक रंगों—लाल, हिरौंजी, नीला, गहरा हरा, प्योढ़ी आदि को अलग-अलग सपाट टुकड़ों के रूप में प्रयुक्त किया है। वहीं मेवाड़ शैली के चित्रों में पुरानी परम्परा के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साथ मुगल प्रभाव के कारण मिश्रित रंगों के प्रयोग में भी चत्रकार ने अपनी अभिरुचि दिखाई है। वहीं, पहाड़ी चित्रों में पारदर्शक, कोमल रंगों का मिश्रित प्रयोग वस्तु के अनुरूप किया है। इस प्रकार की रंग-संयोजना के कारण पूतना-कथा के ये चित्र बहुत ही आकर्षक एवं जीवन्त जान पड़ते हैं।

लक्ष्मीदत्त व्यास
सहायक संग्रहालय अध्यक्ष
भारत कला भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(१) पूतना द्वारा शिशुओं का संहार
मेवाड़ शैली — १८वीं शती का पूर्वार्द्ध
(पंजि. सं० १८१६ - भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

(२) पूतनावध

मेवाड़ शैली—१८वीं शती का पूर्वार्द्ध

(पंजि० सं ६०३—भारतकला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(३) पूतना–वध

मालवा शैली–सम्भवतः १६५० ई०

(पंजि सं. ११०२८ – भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(४) पूतना – प्रकरण का सम्पूर्ण कथा-दृश्य
मालवा शैली – लगभग १६८० ई०
(पंजि सं. ६४२६ – भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(५) पूतना का स्तन-पान करते हुए बालकृष्ण
पहाड़ी शैली—१८वीं शती का उत्तरार्द्ध
(पंजि० सं० १०७८६ — भारतकला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(६) पूतना – वध

काँगड़ा शैली – १८१० से १८२० ई०

(पंजि सं. ३५६ – भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(७) पूतना का दाह - सस्कार

काँगड़ा शैली — १८ वीं शती का अन्त

(पंजि० सं० ६७०१ भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(८) पूतना का दाह-संस्कार

पहाड़ी शैली—१८ वीं शती का अन्त

(पंजि. सं. १०७७६ भारत कला भवन वाराणसी के सौजन्य से)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भोईखेड़ा (चित्तौड़गढ़) का शिव मन्दिर

प्राचीन ग्राम भोईखेड़ा (अक्षांश २४°५५' उत्तर-देशान्तर रेखांश ७४°३६' पूर्व) चित्तौड़गढ़ से लगभग ८ कि० मी० की दूरी पर बरेच तथा गंभीरी नदी के संगम पर स्थित है। यहां पहुंचने के लिये चित्तौड़गढ़ से कच्चा मार्ग है। गांव के बाहर दोनों नदियों के किनारे पर कई प्रकार के प्राचीन अवशेष बिखरे पड़े हैं जिनमें प्राचीन मन्दिरों के खण्डहर, प्रतिमाएं, चबूतरे, सती-स्तंभ इत्यादि हैं।

उपर्युक्त अवशेषों में प्रमुख शिव मन्दिर है जिसमें शिखर तथा मन्दिर के अन्य हिस्सों का ग्रामवासियों द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया है। भग्न स्थानों पर वही पुराने वास्तुखण्डों का प्रयोग किया गया है जिसमें शिखर तथा मण्डप मुख्य है। जिर्णोद्धार के कारण यहाँ की प्रतिमाएं भी सुरक्षित हैं जो मन्दिर के जंघा भाग पर लगी है। प्राप्त अवशेषों के आधार पर मूल मन्दिर लगभग आठवीं या नवीं शताब्दी में बना होगा।

मन्दिर का निर्माण एक चबूतरे पर किया गया हैं जिसका मुँह पूर्व दिशा में है। इसके भू-विन्यास के प्रमुख अंग गर्भगृह, अन्तराल तथा मण्डप है। एलिवेशन के अन्तर्गत तीन भाग देखने को मिलते हैं जो क्रमशः पीठ, जंघा तथा शिखर है।

मन्दिर के अन्दर प्रमुख शिवलिंग है जिसकी पूजा की जाती है। इसके अतिरिक्त एक बहुत सुन्दर चतुर्भुजी समभंग मुद्रा में खड़े भगवान् विष्णु की प्रतिमा है। मन्दिर के गर्भगृह का विन्यास अन्दर की ओर चौकोर तथा बाहरी ओर त्रि-रथ है।

मन्दिर की पीठ में प्रमुख रूप से कपोत (जिस पर चैत्य गवाक्ष का आलेखन है), कलश, जाड्य कुंभ तथा खुर देखने को मिलते हैं। पीठ के ऊपर का भाग जंघा कहलाता है जिसे मध्य में बंधन द्वारा दो भागों में विभक्त किया गया है। गर्भगृह के पिछले ज़ंघा-भाग को छोड़कर शेष दो भागों में विभिन्न देवी-देवताओं की बहुत ही सुन्दर मूर्तियाँ जड़ी हुई हैं।

शिखर का निचला तथा जंघा का ऊपरी हिस्सा वरंडिका कहलाता है। इसके कपोत भाग पर भी चैत्य-गवाक्ष आलेखन को बहुत ही सुन्दर ढंग से बनाया गया है।

मन्दिर का शिखर प्रतिहारकालीन वास्तुखण्डों द्वारा पुनर्निमित किया गया है (फलक १)। शिखर के चारों कोनों पर छः-छः भूमि आमलक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगे हैं जिनसे तलों का होना माना जाता है। शेष स्थान पर चैत्य-गवाक्षों का आलेखन है। शिखर के ऊपरी भाग में आमलक वास्तविक नहीं है तथा बाद का निर्मित है जो कि बहुत ही छोटा है। मूलतः यहाँ बड़ा आमलक रहा होगा।

मन्दिर का अन्तराल (गर्भगृह तथा मण्डप का मध्य भाग) साधारण है जिनमें दोनों ओर आलिये हैं तथा एक में बैठे विनायक तथा विनायकी की पाषाण प्रतिमा लगी है। मन्दिर की छत समतल है तथा प्राचीन स्तंभो पर टिकी हुई हैं। इन स्तंभों पर विभिन्न प्रकार के सुन्दर आलेखन हैं।

मन्दिर के बाहरी गर्भगृह की जंघा पर बहुत ही सुन्दर तथा अद्वितीय प्रतिमांए हैं (फलक २) जिनमें से गणेश, सूर्य, कल्याण सुन्दर मूर्ति इत्यादि प्रमुख हैं। सूर्य की प्रतिमा में सूर्य को सात घोड़े वाले रथ पर अनुचरों सहित बताया गया है। प्रतिमा के दोनों ऊपरी भाग पर विद्याधर हार लिये विचरण कर रहे हैं। एक अन्य चार हाथों वाले ललितासन मुद्रा में बैठे हुए गणेश की प्रतिमा (फलक ३) जंघा-भाग पर लगी है। गणेश के आस-पास नृत्य करते हुए पुरुष तथा स्त्री आकृतियाँ हैं एवं उनके परिचर हैं। गणेश के हाथों के पास दोनों ओर व्याल खड़े हैं तथा ऊपर का हिस्सा मकर तोरण से अलंकृत हैं। सूर्य की प्रतिमा के समान ही इसमें विद्याधर हार लिये उड़ (विचरण) रहे हैं।

मन्दिर के चारों ओर एक वास्तुखण्डों, भग्न प्रतिमाओं तथा पाषाणों का एक परकोटा बना है। इसमें पूर्व की ओर प्रवेश-मार्ग है। परकोटे में लगी विभिन्न प्रतिमाओं में सबसे सुन्दर चार हाथों वाले नृत्य करते गणेश (फलक ४) की प्रतिमा है।

शिव मन्दिर के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्र में भी कई और भग्न प्रतिमाएँ बिखरी हुई हैं। यहाँ नदी के किनारे पर प्राचीन वास्तुखण्डों तथा प्रतिमाओं से बना घाट भी है। अवशेषों के आधार पर हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि यहाँ प्रतिहार-काल में कई विशाल मन्दिर रहे होंगे जो कालान्तर में नष्ट हो गये।

(नारायण व्यास)
सहायक अधीक्षण पुरातत्ववेत्ता
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पश्चिम वृत्त,
मकरपुरा रोड, वड़ौदा—३९०००९, गुजरात

आभार—श्री मज्जेराम जी भूतपूर्व नगरपालिका सदस्य चित्तौड़गढ़, ग्राम-भोईखेड़ा का आभारी हूं जिन्होंने शोध-कार्य में सहयोग दिया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(फलक–१) शिव मन्दिर का शिखर-दृश्य
भोईखेड़ा (चित्तौड़गढ़)



(फलक–२) शिव मन्दिर का बाह्य गर्भगृह
भोईखेड़ा (चित्तौड़गढ़)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



(फलक—३) ललितासनस्थ गणेश
भोईखेड़ा (चित्तौड़गढ़)



(फलक—४) नृत्यमुद्रा में गणेश
भोईखेड़ा (चित्तौड़गढ़)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संस्कृत वाङ्मय को रहीम की देन

भारतीय समन्वयात्मक संस्कृति के उन्नायक मुस्लिम रचनाकारों में नवाब अब्दुल रहीम खानखाना का नाम अग्रगण्य है। इनकी हिन्दी रचनाओं से जन-जन परिचित है। इनकी संस्कृत रचनाएँ भी बहुत महत्त्व-पूर्ण हैं। संस्कृत विद्या के प्रचार-प्रसार में इनका बहुत योगदान है।

अब्दुलरहीम खानखाना का पालन-पोषण मुग़ल सम्राट अकबर ने अपने पुत्र की भाँति किया था। अकबर की उदारवादी सर्वधर्म समन्वय तथा सदाशयता की भावना का पूर्ण प्रभाव रहीम के मन-मस्तिष्क पर बचपन से ही पड़ा था। यही कारण है कि वे धर्म से मुसलमान तथा संस्कृति से शुद्ध भारतीय थे।

अब्दुल रहीम खानखाना परम अद्भुत प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्ति थे। वे अरबी, फारसी, तुर्की, हिन्दी-संस्कृत आदि भाषाओं के जानकार ही नहीं, समर्थ कवि भी थे। ज्योतिष और काव्यशास्त्र पर उनका पूर्णाधिकार था।

रहीम ने संस्कृत वाङ्मय की बहुत सेवा की। उन्होंने संस्कृत विद्या के प्रसार में महत्त्वपूर्ण योग दिया। उन्होंने संस्कृत भाषा का गम्भीर अध्ययन स्वयं किया तथा दूसरे व्यक्तियों को संस्कृत का अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। रहीम दान देने और कवियों को आश्रय देने में प्रसिद्ध थे। 'गंग' कवि के एक छंद पर रीझकर रहीम ने छत्तीस लाख रुपये इनाम में दिए थे, यह एक कीर्तिमान है। भारत के किसी शासक ने किसी रचनाकार को इतना बड़ा पुरस्कार कभी नहीं दिया है। रुद्रकवि ने वैशाख शक १५३१ (सन् १६०६) में राजा प्रतापशाह के प्रोत्साहन पर रहीम की प्रशंसा में—"श्रीखानखानाचरितम्" नामक ग्रन्थ लिखा। इस रचना में रहीम के गुणों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि खानखाना सुन्दर हैं, कीर्तिमान, संग्रामजयी, विद्याविशारद, कर्ण से भी श्रेष्ठ दानी तथा सर्व वर्ण-पालक हैं—

जयति मधुरमूर्तिर्विश्वविख्यातकीर्तिः समरहतविपक्षः सर्वविद्यासुदक्षः।
वितरणजितकर्णः पालिताशेषवर्णः सकलनृपतिहीरः खानखानाख्यवीरः।।

रहीम ने संस्कृत वाङ्मय को बहुत कुछ दिया। उन्होंने दान देकर तथा संस्कृतज्ञों का आदर सत्कार करके संस्कृत के प्रचार-प्रसार का कार्य किया। उन्होंने संस्कृत के धर्म, ज्योतिष ग्रन्थों और काव्यों का केवल अध्ययन ही नहीं किया अपितु संस्कृत-काव्य रचना में भी दक्षता प्राप्त की।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वे संस्कृत भाषा में रचना करने तथा अशुद्धि शोधन में भी समर्थ हो गए थे। जन-प्रसिद्धि है कि एक बार जगन्नाथ त्रिशूली ने अपने युग के महापुरुषों पर एक श्लोक लिखा—

प्राप्य चलानधिकारान् शत्रुषु मित्रेषु बन्धुवर्गेषु ।
नापकृतं नोपकृतं न सत्कृतं किं कृतं तेन ।।

अर्थात् राज्याधिकार प्राप्त कर लेने पर जिसने शत्रु, मित्र और बंधुओं का क्रमशः अपकार, उपकार और सत्कार न किया तो क्या किया।

सतत परोपकारी रहीम को यह भाव अच्छा नहीं लगा और उन्होंने श्लोक की द्वितीय अर्द्धाली को परिवर्तित कर दिया—

प्राप्य चलानधिकारान् शत्रुषु मित्रेषु बन्धुवर्गेषु ।
नोपकृतं नोपकृतं नोपकृतं किं कृतं तेन ।।

अर्थात् राज्याधिकार प्राप्त कर शत्रु, मित्र और बंधु सभी का उपकार न किया तो उसने क्या किया।

संस्कृत भाषा में रहीम रचित ग्रन्थों में 'गंगाष्टकम्' 'खेटकौतुकम्' तथा 'त्र्यस्त्रिशद्योगावलिः' प्रमुख हैं। इन कृतियों के अतिरिक्त संस्कृत भाषा में रहीम द्वारा लिखे गए कुछ मुक्तक पद्य भी प्राप्त होते हैं।

'गंगाष्टकम्' नामक रचना में रहीम ने बड़ी तमन्यता और श्रद्धापूर्वक गंगा के प्रति अपना भक्ति भाव प्रकट किया है। मुसलमान होते हुए भी उनकी यह धार्मिक उदारता अपने आप में एक उदाहरण है। ग्रन्थ के प्रारम्भ में लिखा है—

"श्रीविरामखानसूनुरहीमखानाकृतं गंगाष्टकम्"

प्रारम्भिक छन्द में रहीम गंगा से प्रार्थना करते हुए कहते हैं कि—हे गंगे ! तुम्हारी महिमा अनन्त है। तुम्हारी कृपा से मरणोपरान्त भक्तजन विष्णु और महादेव का पद प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन तुम मुझे विष्णु रूप न बनाना क्योंकि विष्णु रूप बनाने पर तुम चरणों से निकलने वाली नदी कहलाओगी जो उचित नहीं है। अतएव तुम मुझे महादेव रूप ही बनाना ताकि मैं तुम्हें आदर के साथ मस्तक पर धारण कर सकूँ।

अच्युतचरणतरङ्गिणी मदनान्तकमौलिमालतीमाले ।
त्वयि तनुवितरणसमये हरता देया न मे हरिता ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'गंगाष्टकम्' एक छोटी सी रचना है। इसमें गंगा के सौन्दर्य एवं उसकी महिमा का बड़ा सरस सुबोध तथा भक्तिपूर्ण वर्णन है। भक्ति के साथ गंगा के मनोहर प्राकृतिक सौन्दर्य का उद्घाटन इस रचना की बहुत बड़ी विशेषता है—

चकोरचक्रवाकहंसवृन्दकूलराजिता।
मृणालखण्डधूमवायुपूतसत्त्वसंजिता॥

शवाङ्गगन्धपूतहारि-वारि-राशि-स्यन्दिनी।
जगत् त्रिदोषतस्तनुं पुनातु जह्नुनन्दिनी॥

रसालवेतसीतमालसालकुञ्जपावनी।
मयूरकोकिलप्रमत्ततीरशोभितावनी॥

अनेकदेशकूलवातकालभीतिदण्डिनी।
जगत् त्रिदोषतस्तनुं पुनातु जह्नुनन्दिनी॥

रहीम ने इस कृति में पौराणिक कथाओं के समावेश से गंगा के धार्मिक महत्त्व को बताकर उसकी पवित्रता का उद्घाटन किया है। अन्त में बड़े विश्वास एवं श्रद्धापूर्वक कवि फलादेश बताते हुए कहता है—

मुरारिपादसेविना विरामखानसूनुना।
शुभाष्टकं शुभं कृतं मयागुरुप्रभावतः॥

पठेदिदं सदा शुचिः प्रभातकालतस्तु यः।
लभेत वाञ्छितं फलं स जाह्नवीप्रभावतः॥

"खेटकौतुकम्" ज्योतिष का ग्रंथ है। इस कृति में संस्कृत और फ़ारसी भाषाओं का बड़ा सुन्दर समन्वय है। रहीम ने अपनी इस रचना में विभिन्न ग्रहों के फल बड़े सुन्दर ढंग से बताए हैं।

ग्रंथ के अन्त में राजयोग पर अलग से एक अध्याय है। रहीम का कथन है कि जिसके जन्म के समय बृहस्पति केन्द्र में अथवा त्रिकोण में और सूर्य छठे घर में तथा बुध लग्न में हो, वह व्यक्ति अपने समय का बड़ा आदमी या राजा बनेगा—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यदा मुश्तरी केन्द्रखाने त्रिकोणे यदा वक्तखानेरिपौ आफताबं ।
अतारिद्विलग्ने नर वख्तपूर्णस्तदा दीनदारोऽथवा बादशाह: ।

रहीम को हिन्दू शास्त्रों का कितना गम्भीर ज्ञान था और वे फ़ारसी के शब्दों में संस्कृत विभक्तियों का कितना कुशल प्रयोग कर सकते थे यह इस ग्रंथ में द्रष्टव्य है—

आयुखाने चश्मखोरा मालखाने च मुश्तरी ।
राहु जो पैदा मकाने शाह होवै मुलुक का ॥

"खेटकौतुकम्" के रचनाकार रहीम ही हैं यह निम्नलिखित श्लोक से सिद्ध होता है—

करोम्यब्दुल रहीमोहं खुदा ताला प्रसादत: ।
फ़ारसी पदैर्युक्तम्, खेट कौतुक जातकम् ॥

रहीम ने 'खेटकौतुकम्' की भाँति ही ज्योतिष शास्त्र विषयक एक अन्य ग्रंथ "त्रयस्त्रिंशद्योगावलि." रचना की । त्रयस्त्रिंशद्योगावलि में केवल पेंतीस पद्य हैं जिसमें वर्षकुण्डली में विभिन्न भावों में स्थित ग्रहों के आधार पर घटित योगों का फलादेश व्यक्त किया गया है । इस रचना में मंगलाचरण नहीं है । प्रारम्भिक दो पद्यों में तेंतीस योगों का उल्लेख मात्र है—

१. मुता, विल्ल, काविल्ल, लालील, लत्ता,
रिहा, गोशना-दोशना चीन, कोशा: ।

कलावार, वारा, समा, सिल्ल, दिल्ला,
तथा वादला-मादलाष्टीय योगा: ॥

२. कुलाब: कुलाली खुशाला खुशाली,
फलूशा फलूशी बदारा बदारी ।

तमाला तमाली तमी तेग तेगी,
जमी जीवगा चैव खंजाब योगा: ॥

शेष तेंतीस पदों में क्रमश: इन योगों का फलादेश वर्णित है । भाषा की दृष्टि से 'त्रयस्त्रिंशद्योगावलि:' रचना में योगों के फारसी नामों के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अतिरिक्त प्राय: समस्त पद संस्कृत में ही लिखे गए हैं। 'खेटकौतुकम्' की भांति संस्कृत, हिन्दी, फारसी आदि भाषाओं का मिश्रण इस कृति में नहीं है। 'मालिनी' छन्द से युक्त लत्ता योग का वर्णन देखिए—

अरिमदनधनेषु क्रूरखेताश्च याते,
तनुपतिव्ययवित्ते कोऽपि सौम्येषु ह्येकः।

भवति रिपुविवादो मान सौख्यं च जातौ,
क्षणक्षणमपि सौख्यं योगलत्ता–समाहे ॥

इन कृतियों के अतिरिक्त रहीम द्वारा रचित कुछ अन्य श्लोक भी प्राप्त होते हैं। ये रहीम की काव्यप्रतिभा के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। रहीम ने अपना मन श्रीकृष्ण को पूर्णतया समर्पित कर दिया था। वे श्रीकृष्ण को विष्णु का अवतार मानते हुए उन्हें अपना मन देते हुए कहते हैं कि राधिकाजी ने आपका मन चुरा लिया है अतः आप मेरा मन ले लीजिए—

रत्नाकरोऽस्ति सदनं गृहिणीच पद्मा।
किं देयमस्ति भवते जगदीश्वराय ॥

राधागृहीतमनसे मनसे चतुभ्यम्।
दत्तं मया निजमनस्तदिदं गृहाण ॥

भगवान से अपने उद्धार की प्रार्थना करते हुए वे कहते हैं—

अहिल्या पाषाणः प्रकृतिपशुरासीत् कपिचम्।
गुहौ भूच्चांडास्त्रितयमपि नीतं निजपदम् ॥

अहं चित्रेनाश्मः पशुरपि तवार्चादिकरणे।
क्रियाभिश्चांडालो रघुवर नमामुद्धरसि किम् ॥

बहुभाषाविद् रहीम ने संस्कृत तथा खड़ीबोली को मिलाकर 'खिचड़ी' भाषा में भी काव्य रचना की। एक उदाहरण देखिए—

एकस्मिन्दिवसानसमये, मैं था गया बाग में।
काचित्तत्र कुरङ्गबालनयना, गुल तोड़ती थी खड़ी ॥

तां दृष्ट्वा नवयौवनां शशिमुखीं, मैं मोह में जा पड़ा।
नो जीवामि त्वया विना शृणु प्रिये, तू यार कैसे मिले ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दो भाषाओं को मिला कर ऐसा उत्कृष्ट काव्य बहुत कम लिखा गया है।

निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि संस्कृत वाङ्मय के लिए रहीम की देन को भुलाना अत्यन्त कठिन है।

आरिफ नज़ीर
प्राध्यापक
स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग
जी० एफ० कॉलेज
(रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
शाहजहाँपुर-२४२००१, उ० प्र०

———

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

महाराजा विजयसिंह-कालीन एक रोजनामचा, संवत् १८२५

इस रोजनामचे में लेखक ने जोधपुर, बूंदी, घाणेराव, बीकानेर, पाली, उदयपुर और जयपुर आदि स्थलों से प्राप्त होने वाले तत्कालीन सूचनाओं का विवरण तिथियां अंकित करके प्रस्तुत किया है। पोकरन ठाकुर सवाईसिंह के अपने ठिकाने का यह एक अधिकारी जान पड़ता है जो विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले समाचारों के अतिरिक्त सवाईसिंह की दिनचर्या का विवरण भी यत्र-तत्र देता है। यद्यपि विभिन्न घटनाओं को घटित होते समय लेखक ने स्वयं अपनी आँखों से नहीं देखा और समाचार पत्रों एवं संदेशवाहकों के माध्यम से घटनाओं की जानकारी प्राप्त कर, यह सब कुछ लिखा है फिर भी बाद में लिखी गई ख्यातों एवं काव्य कृतियों से कहीं अधिक यह सामग्री प्रामाणिक है। कतिपय महत्वपूर्ण घटनाओं के उदाहरण प्रस्तुत हैं—

१. प्रारम्भ में श्रावण सुदि १, १८२५ को सूचना प्राप्त हुई कि महाराजा विजयसिंह (जोधपुर) की उपपत्नी से उत्पन्न हुई पुत्री की शादी आषाढ़ सुदि ९ को बूंदी के राव उम्मेदसिंह हाडा के पासवान के पुत्र से की गई। उस समय लड़की को दिये जाने वाले दहेज और गुलाबराय पासवान को मिले सिरोपाव का विवरण दिया है।

"सा. सुदि १. १८२५
महाराजा श्री विजयसिंघजी रे षवास री बेटी बूंदी राजा उमेदसिंघजी रे षवास रा बेटा ने असाढ़ सुदि ९ रा सावां परणाई। बूंदी सूं जान आई श्री व्याव निराट आछो किनो। बाई ने इतरो डायजो दीयो —

८०००)	हाथी १ कीमत रो
३५०००)	घोड़ा २२ मोटा कीमत रा
४००००)	गेहणा बाई ने तथा वींद ने दिया
८३०००)	रो डायजौ

आसोपा गुलाबराय ने श्री महाराज कड़ा, मोती ने सिरपाव भारी दीनो।"

२. श्रावण सुदि ४ को ५००) ठा, सवाईसिंह के लिये पोकरन से भेजे गये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"सा. सुद ४
२,५००) ठा. सवाईसिंघजी ने षरची सारु वीसा हरलाल साथे मेल्या ।"

३. ठाकुर सवाईसिंह ने किस प्रकार मुहूर्त देख कर पोकरन गढ़ में श्रावण वदि १, रात्रि के समय प्रवेश किया इसका विवरण दिया है—

"सा. सुद १५
श्री सवाईसिघजी रो लोड़ते रे डेरा सु आयो सु कागद में लिषीयो मु. छजमलजी थे गुराँ रीघवीजी रे उपासरे जाय ने मोरत जोवाय ने लिषजो सो उण मोरत किलो दाषल हुवां । सो छजमलजी गुरां रे उपासरे जाय ने गुरां ने अरज कर मोरत जोयाय दियो सु सावण व्द १ रात घड़ी ४ गयां कीलो दाषल हुवणो सु पाछो कागद लिष ने ठाकुरसा ने मेलीयो ।"

"सा. व्द १
ठाकुरां श्री सवाईसिंघजी साँमो साथ लोग गयो ने रात घड़ी ४ गयां ठाकुर साहब पोकरण गढ़ पधारिया, पहली पोळ भेसों कीनो, श्री नागणेचियों रे षाजरु कीनो, सोणगार चोकी विछायत कर विराजिया, अमल गळियो, निजर निछरावल हुई—

	निजर	निछरावल
२) मु छजमलजी	१)	१)
२) मु. तीलोकचंद सोमाचंदोत	१)	१)
२) प. लिषमोचंद	१)	१)
१) पं. सरदारमल	१)	—
१) गहलोत अखेराम	—	१)

"सा. वद २
ठाकुर पदारिया जिण सु जीमण कीनो रावले में—
लापसी, चावल, मुंग"

४. श्रावण वदि ६ जोधपुर से प्राप्त समाचारों के अनुसार महाराजा विजयसिंह जोधपुर से प्रस्थान कर चोवड़े गये ।

"सा. वद ६
जोधपुर सुं समाचार आया महाराजा विजैसिंघजी जोधपुर सूं कूच कियो सो चोवडे डेरा हुआ ।"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५. श्रावण वदि १० जोधपुर से प्राप्त समाचारों के अनुसार महाराजा पाली पहुंचे व उनकी सेना भांगेसर रुकी। उस दिन वर्षा अधिक हुई।

"सा. व्द १०
आज षबर आई महाराजा विजयसिंघजी रा पाली डेरा हुआ। बाकी फोज भागेसर डेरा है।
आज मेह घणो हुवो। साधते देश में हुवो। काळ भागो।"

६. श्रावण वदी ११ के प्राप्त समाचारों के अनुसार राणा रतनसिंह ने मराठों को अजमेर से बुलाया।

"सा वद ११
आज षबर आई अजमेर दिषणी था जिणां ने राणा रतनसिंघजी बुलाया सो गनीमाँ गांव भीलाड़ो मारीयो, माल घणो लुटियो।

७. श्रावण सुदि ३ के दिन पोकरन में तीज का उत्सव मनाया गया।

"सा. सुदि ३
आज तीज रो तमासो हुवो, ठाकुर सवाईसिंघजी मेळे पधारिया, घोड़ा दोड़ाया।"

८. श्रावण सुदि १५, रक्षा बन्धन के दिन व्यास और सेवग जाति के बीच यह विवाद चला कि ठाकुर सवाईसिंह के पहले राखी कौन बांधे। परम्परागत रीति रिवाजों के अनुसार आखिर देवदत्त व्यास ने पहले राखी बांधने की रस्म पूरी की।

"सा. सुदि १५ राषड़ी
श्री ठाकुर साहब रे राषी सदामद व्यास मनजी रा बेटा सदामद पेला बांधे छं ने हमके सेवग वसतो जगनाथ पांचेजी रा बेटा ने सांवत रामसिंघजी इणां मतो कीनो, हमके ठाकुर साहब रे राषी पेला म्हें बांधसां सो सेवग तिलक करने राषी बांधतो थो तद व्यास देवदत्त बोलियो पेला राषी म्हें सदामद पेला बांधां सो धणी म्हां कना सूं बंधासी जद तो ठीक ने पेला म्हां कने नहीं बंधासी तो उठे उभो रहे ने पांणी ही पीऊ नहीं, परो जासूं। जद ठाकुर सेवगां ने मने कीनो। सदामद पेला जे राषी बांधे छे सो थांने पेला क्यूं बांधणी पड़े। पछे सेवगां ने मना कीना ने पेला राषी व्यास देवदत्त बांधी ने पछै सेवगां बांधी।"

९. भाद्रपद वदि ३ (बड़ी तीज) को बालनाथ के मठ के समीप मनोरंजन के लिये नाटक का आयोजन किया गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"भादवा ३ बड़ी तीज

आज वड़ी तीज रो तमासो मंडीयो बालनाथजी रा मठ कने ।"

१०. भाद्रपद वदि ४ को ठाकुर सांमसिंह के कामदार ने समाचार भेजा कि भरतपुर का जाट शासक जवाहरसिंह हाथी लड़वाने के लिये आगरा गया था, वहां रात्रि के समय जब वह महल से नीचे उतर कर पालकी में आसीन हुआ, उस समय एक गौड़ राजपूत ने भाले के एक ही वार से जवाहरसिंह का वध कर डाला। यह घटना श्रावण वदि १३ को घटी तदनन्तर उसका अनुज रतनसिंह गद्दी पर बैठा।

"भादवा वद ४

ठाकुरां श्री सांमसिंघजी रा कामदार मुहता मोतीचंद छजमलोत रो कागद आयो जिणमें लिखियो भरथपुर डीग रा धणी जाट राजा जुहारसिंघजी हाथी लड़ावण ने गया सो आगरा में नागोर रा राजा अमरसिंघजी गजसिंघोत रो नवो महल जठे हाथी लड़ावण पधारिया सो हाथियां री लड़ाई कराय ने रात घड़ी ४ गयां मेहल सु उतरने पालषी में बैठता था सो रजपूत जात रो गोड़ जिण चूक कीनो सो अेक झटका सूं कांम सीज गयो, भालो उठाय दीनो। सा. वद १३ चूक हुवो ने जुहारसिंघजी रो भाई राव रतनसिंघ गादी बैठो छै।"

११. भाद्रपद वदि ६ को घाणेराव से पत्र आया जिसके अनुसार राणा रतनसिंह पुनः कुंभलमेर लौट आया। मराठों की सेना मजीरा के निकट पड़ाव डाले पड़ी है और लूटमार कर रही है। इससे घाणेराव में भी खतरा बना हुआ है। यहां के लोग गांव छोड़ कर पाली चले गये है। घाणेराव ठाकुर वीरमदे के योद्धा गढ़ की रक्षार्थ तैनात हैं।

"भादवा वद ६

घाणेराव सूं कासीद आयो—रांणो रतनसिंघजी पाछा कुंभलमेर आया ने दिषणियां ने मेवाड़ रा गांव घणा मारीया ने दिषणी गांव मजीरा कने पड़ीया है। सो घाणेराव रो लोक दिषणियां रा डर सूं सारो पाली परो गयो ने घाणेराव रो धणी मेडतीयो वीरमदे किसनसिंघोत रा साथ गढी समाय बैठा छै।"

१२. भाद्रपद वदि ९ को पाली से महाजन आये उन्होंने बताया कि मराठों ने अनेक गांव लूटे। पाली में कोट की नींव की खुदाई के समय पार्श्वनाथजी की ५० मूर्तियां पीतल की व पत्थर की मिली।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"भा. वद १४
गांव पाली सूं महाजन आया तीणां कहो—दिषणिया गांव भीलाड़ों नें अमरापुर गांव मारीया, माल घणो लूटियो, सेर कोट री नींव षीणतां था सो तेषानो १ निकलियो जिणां में श्री पारसनाथजी री मुरतां ५० पीतल री तथा पथर री निकली ।"

१३. भाद्रपद सुदि ४, बीकानेर नरेश गजसिंह के वकील गिरधारीलाल को मीयां गुलाम के पास भेजा, उस दिन पोकरन आया उसे ठाकुर सवाईसिंह ने ४ रु. 'बळ' के दिये ।

"भा. सुद ४
बीकानेर राजा गजसिंघजी रो उकीलसा गरधारीलाल ने मीयां गुलाम सडीगरा कने मेलिया सु आज पोकरण आया तद ठा. सवाईसिंघ जी रु. ४ वळ रा मेलीया ।"

१४. भाद्रपद सुदि १२ को बाप गांव से बखतावरसिंह का पत्र ठाकुर सवाई के नाम आया । बीकानेर के राजा गजसिंह के दीवान मुहता बखतावरसिंह ने ससैन्य जंसलमेर के गांव टेकरा बारू के भाटियों पर चढ़ाई की । इस संदर्भ में बखतावरसिंह ने ठाकुर सवाईसिंह से मिलने की इच्छा व्यक्त की है, आगे लिखा है कि मालदेवोत भाटियों के गांव के किसी व्यक्ति को आप अपने यहां नहीं आने दें । बीकानेर की सेना ने ग्राम बेगटी में झगड़ा किया उसका उल्लेख भी किया है। भाद्रपद सुदि १२ को ठाकुर सवाईसिंह ने एक घोड़ा रु. ४७५ में खरीदा ।

"भा. सुद १२
बीकानेर राजा गजसिंघजी तिणां रो दीवांण मु. वषतावरसिंघ फतेचंदोत फोज लेने जैसलमेर रा गांव भाटी मालदेवोत गांव टेकरे बारू वाला मारग पड़े । जिण सूं फोज लेने भाटियां उपर आया । सो बाप सु वषतावरसिंघजी रो कागज ठा. सवाईसिंघजी रे नांवे आयो छै । जिण में लिषियो ठाकुरां सु मिलणो है ने मालदेतां रे गांव रो आदमी आपरा गांवां में कोई आवण देसी नहीं । राव वषतावरसिंघजी रे साथे बीकानेर फोज थी सु गांव बेगटी सूं कजीयो लीनो । गांव सोडा रा राजपूत वित वांखर लेने गांव बेगटी में वड़ीया । सो ईणां कहो इणां ने काढ़ देवो सू सांसण गांव सो इणां काढ़ीया नहीं । जिण सु कजियो हुवो । आदमी ४ सोडां रा मुवा ने वेगटी रो वित परो गयो ।
श्री ठाकुर साहब भाटी षिवजी रतनसिंघोत रे डेरे पधारिया, डेरो बालनाथजी रे मठ में थो ।
घोड़ो १ रु. ४७५ में ठा. सवाईसिंघजी रे असवारी ने षरीद कीनो ।"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१५. मार्ग शीर्ष वदि ३ को समाचार प्राप्त हुआ कि उदयपुर के महाराजा अड़सी ने राघवदे झाला को छल करके मारा ।

"मीगसर व्द ३

आज खबर आई उदेपुर रा धणी राणा अड़सी झाला राज राघोदेजी ने मारीया । राघोदेजी देलवाड़े रा धणी राणो रतनसिंघजी राजसिघोत देबारी भेली सो राणा अड़सी रे मन में वैर हो । राघोदेजी मेलने देबारी भेलाई जिण सूं राघोजी ने चूक कीनो छै ।"

१६. माघ वदि १३ ठाकुर सवाईसिंह शिकार खेलने के लिये गये, मालदान भाटी भी साथ में था वह ऊँट पर से गिरा ।

"माघ वदि १३

ठा. सवाईसिंघजी सूरां री शिकार पधारिया सूं भाटी मालदान ऊंठ सूं पड़ीयो सो चोट घणी लागी ने श्री ठाकुर साहब व सूर दोय मार लाया ।"

१७. माघ सुदि ५ को समाचार प्राप्त हुआ उसके अनुसार यशवंतराव मेवाड़ के महाराणा अड़सी[1] की ओर रहा, वह उस समय देबारी के मोर्चे पर नियुक्त हुआ, दूसरी ओर राणा रतनसिंह का पक्ष मराठा खानुजी व मीयां दौला ने लिया । रतनसिंह के पक्षधरों ने यशवंतराव को २० लाख रुपये देने का वादा कर उसे देबारी के मोर्चे से हटने के लिये राजी कर दिया और वहां राणा रतनसिंह का अधिकार करा दिया । तदुपरान्त महाराणा अड़सी ने यशवंतराव के समक्ष प्रस्ताव रखा कि अगर देबारी पर पुन: उसका अधिकार करादें तो वह २० लाख रुपये देने को तैयार है और अगर रतनसिंह को पकड़वादें तो ४० लाख रुपये देगा । रुपये वसूल करने के लिये उक्त महाराणा ने मराठों को मेवाड़ में से उगाई करने की छूट दे दी, किन्तु दीवान झाला राघवदे ने प्रजा के हितों की ओर ध्यान रखते हुए वसूली न किये जाने का सुझाव रखा, इस पर मराठों ने राघवदे को छल से मरवा दिया । यशवंतराव ने मराठा खानुजी को तो लालच देकर अपनी ओर मिला

---

१. महाराणा राजसिंह (मेवाड़) की नि:सन्तान मृत्यु के बाद उसका काका अड़सी मेवाड़ की गद्दी पर आसीन हुआ । वह बड़ा ही तेज मिज़ाज़ का था इसलिये मेवाड़ के उमराव स्वर्गीय महाराणा राजसिंह के मरणोपरान्त उत्पन्न हुए सच्चे या बनावटी पुत्र रतनसिंह का पक्ष ग्रहण करके उसे मेवाड़ की गद्दी पर बैठाने का प्रयास करने लगे और उन्होंने मराठा सेनानायकों से सहायता प्राप्त की ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिया, परन्तु सुबेदार महादजी सिन्धिया राणा रतनसिंह की ओर ही रहा। उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर युद्ध हुआ जिसमें अड़सी की ओर से उम्मेदसिंह (शाहपुरा) और पहाड़सिंह (सलूम्बर) काम आये और वीरमदे मेड़तिया (घाणेराव) घायल हुआ। नागा जाति ने अच्छा पराक्रम दिखाया। रतनसिंह को युद्ध-क्षेत्र से कुशलपूर्वक निकाल दिया गया। माधवराव रणक्षेत्र को छोड़ कर भाग गया। यह युद्ध माघ वदि १२ (१८२५, को हुआ।

"महा सुद ८, १८२५

आज षबर आई, दिषणी जसवंतराय राणा अड़सीजी री मदत हुवा सो राणोजी इणां ने कयो—थे देबारी रो मोरचो जायने जाबतो राषो सो अे देबारी रे मोरचे था ने राणा रतनसिघजी री मदत में दिषणी षानुजी ने मीयां दौलो था जीण ने रतनसिघजी कयो—जसवंत-राय ने थे कवाय ने देबारी रो मोरचो आपणे कायम करो तो २० लाष रुपीया देवां। जद षांनुजी जसवंतराय ने लिषीयो, देबारी रो मोरचो राणा रतनसिघजी ता. करावे तो रतनसिघजी बीस लाष रुपया देसी। जद इणां पाछो लिषियो—थे वीस लाष री नीसां कर लीजो ने म्हे ओ मोरचो छोड़ उदैपुर परा जासो। अे तो उदेपुर गया ने षानुजी रतनसिघजी देबारी रो मोरचो कायम कीनो ने राणा अड़सीजी ने वडो फिकर हुवो। पछै रुपया बीस लाष दीनां री अड़सीजी ने षबर हुई। जद अड़सीजी कह्यो— बीस लाष रुपंया तो देबारी पाछी ले देवो तो म्हे थांने देसाँ ने राणा रतनसिंघजी ने पकड़ाव देवो तो चालीस लाष फेर देसां। इण तरे सूं दीषणो जसवंतराय अेनीया ने कही। जद इणां कह्यो—वीसलाष री नींसां दो। जद रांणोजी कही देस मे सूं उपावलो। जद झाले राघोजी राणाजी सूं अरज करी–दीवाण रेते(रैयत) दिषणियां ने सुंपी तो मुलक सारो षराब हुय जासी। जद दिषणीयां जांणीयो झालो राघोदेजी आदमी कुचमादो है। सो अे म्हाने पेईसो लेण कोई देवे नहीं। जद जसवंतराय राणाजी सुं अरज कीवी—राघोजी तो रतनसिघजी सुं मिलियोड़ा है ने चालीस लाष रुपीया हवेली में भेला कर म्हेलसां............राघोजी ने मार ने .... ऊ कहने राघोजी ने चूक करने मारीया जठा पछै सारो चलण दिषणियां रो हुवो। पछै अड़सीजी जसवंतराय ने कहो—रतनसिघजी ने पकड़ाय देवो तो चालीस लाष रुपया देसां। जद अड़सीजी कहो, म्हे कबूल छां। थे पकड़ा देवो थांने चालीस लाष रुपीया थांने देसां। जद जसवंतराय ने अेनीये दीषणी षानुजी मीयां दोला ने लिषीयो—म्हे राणाजी सूं इण तरे वात ठेराई छै। रतनसिघजी ने पकड़ाय देषां ने चालीस लाष रुपीया अड़सीजी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आपाँ ने देसी। सो थारे म्हारे आधो-आध छै ने रतनसिंघजी नै पकड़ावणा। जद षानुजी ने मीये दोले लिषियो—थे भलांई आ बात ठेहराय लिजो मां थांरे भेला छां। पछे जसवंतराय अड़सीजी ने कहो—आपरी फोज मेलो ने म्हे साथे जासां। सों रतनसिंघजी ने पकड़ाय देसां। जद रांणांजी आपरी फोज इणां साथे मेली—

१. राजा उमेदसिंघ भारथसिंघोत सायपुरा रो धणी ।
१. मेड़तियो वीरमदेजी किसनसिंघोत घांणेराव रो धणी ।
१. रावत पाड़सिंघ जोधसिंघोत सलुंबर रो धणी ।

वगेरा फोज देने दिषणियां साथे मेली सो दिषणी उजीण दिसी माधजी सोबेदार कने था। रतनसिंघजी उठे जावण लागा ने जसवंतराय अनीयो दिषणी षानुजी मीयां दोलो इणां भेला हुय सोबेदार माधजी ने कहायो—म्हे आपरा चाकर छां। आपरा मेलीया अड़सीजी कने बैठा था। नै अड़सीजी सुं आ बात ठेराई छै। चालीस लाष तो अड़सीजी कने उरा लेणा ने रतनसिंघजी ने पकड़ ने अड़सीजी ने सूंप देणा। इण तरे कीनी छै। तद माधजी कवायो—आ बात थे आछी नहीं कीवी। राणे अड़सीजी तो उदेपुर बैठा छे। ने रतनसिंघजी तो आंपणे भरोसे बेठा छे। आंपणे षोळे छै। सो आ वात करां तो हिंदुसथांन में आपणों आछो लागे नहीं. जद जसवंतराय षानुजी सूं इणां विचार कीनो, आपे रतनसिंघजी सुं कजीयो करसां ने माधजी ने कवायो - म्हे तो अड़सीजी ने वचन दे आया छां। सु पुठा काण तरे जावां। राज संभावजो, मे कजीयो करण ने आया छां। सु भाईजी ने माधजी जांणीयो म्हारा चाकर छै सुं म्हां सुं कजीयो कोय करे नहीं। ने इणां तो कजीया रो विचार कर अजांण चकता आया सो झगड़ो हुवो। सोबेदार माधजी रा पग छूटा। आदमी घणा काम आया। सिफरा उपर—.

अड़सीजी री फोज रा काम आया
उमेदसिंघ भारतसिघोत सायपुरा रो राजा ।
सलुंबर रो धणी रावत पाड़सिंघ ।

ने वीरमदेजी रे लोह २ लागा सो नास ने घरे आया। ने फोज रो लोक घणो मराणो। माधाजी सोबेदार रा पग छूट गया। मिनष घणा मुवा। राणा रतनसिंघजी कने सांमी नागा हजार ५००० था। जिणां सांम्यां दिठो मारे तो कोई रोवण वालो नहीं। सो धणी रोवणु सु जावणो। सो नागां बड़ी राड़ किवी। रतनसिंघजी ने कुसलां निकालिया। ओ झगड़ो सफरा नदी वद १२ उजीण हुवो।"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१८. फाल्गुन वदि ११ को समाचार मिला। जयपुर के राजा सवाई रामसिंह के दीवान भंडारी हुकमचंद और रामरतनसी दोनों के पीछे मृत्यु भोज किया गया जिसका खर्चा २,५००० रु. लगा। महाराजा ने भंडारी वनेचंद (हुकमीचंद के भाई) को सिरोपाव, कड़ा, मोती एवं राव की पदवी देकर सम्मानित किया।

"फागुण व्द ११

आज समाचार आयो सवाई जेपुर में भंडारी हुकमचंद सवाई-रांमोत सवाई रामरतनसी दोनु जणां रो षरच हुवो २५००० रु. षरच ने लागा। मराज रामसिंघजी रा दीवांण छै।

माराज श्री रामसिंघजी भ. वनेचंद सवाई रांमोत ने दिया

सीरपाव	कड़ा	मोती
१	१	१

राव पदवी रो षिताब, पालषी।"

१९. चैत्र वदि १ को यह सूचना मिली कि महाराजा विजयसिंह की रानी उदयपुर में थी, वहां मराठे आये, इस पर रानी अपने कुंवर जालमसिंह को लेकर जोधपुर आई।

"चैत्र वद १

आज षबर आई महाराज श्री विजेसिंघजी रा राजलोक रांणावत जी कंवर जालमसिंघजी उदेपुर था। सो उदेपुर दिषणी आय लागा तरे उदेपुर सुं चढ़िया सो रांणीजी ने कंवरजी जोधपुर आया ने नाजर दौलतरांमजी री बावड़ी में उतरिया।

आगे लिखा है कि राणा रतनसिंह ने मराठों की सेना लेकर उदयपुर पर चढ़ाई करने का प्रयास किया। इस पर जावद के समीप एक यति ने अपनी तांत्रिक विद्या से मूंठ चलाकर मराठों के सेनाध्यक्ष साव सतपाल को मार दिया फिर वह यति भी मारा गया।

"आज सुंणी, राणो रतनसिंघजी ने दिषणियां री फोज ने साव सतपाल कांमेती फोज उदेपुर उपर लावता था सुं जावद रे उली कांनी अेकण जती मूंठ चलाई सुं साव सतपाल मुवो तिण उपर कहै छे जती ने ई परो मारीयो।"

२०. ममारख खां ने पोकरन ठाकुर के लिये सिरोपाव फाल्गुन सुदी १३ को भेजा। ठाकुर ने भी ममारख खां के लिये कुछ वस्तुएँ चैत्र वदि १ को भेजी।

"दावतपौत रा ममारष षां कना सुं आदमी फा. सुद १३ आया

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

था ने ठाकुर नें उणां सीरपाव मेलीयो थो नें उणा रा आदमी आया था जिणो ने पाछी सीष दीवी ।

ममारषषां ने मेलिया—

षीन षाप	चीरो जरीरो	मेसुदी	कारचेस रो पोतियो
१	१	२	१

ऊंठ १ जाकोड़ो, दणी कीमत रो पलांग पीतल रो

हयायतषां उठे आयो जिण ने दियो—

चीरो जरीरो मेसुदी कारचेस रो पोतियो"
१

२१. चैत्र सुदि ५ के दिन रामदेवरा जलाशय के चारों ओर कुमकुम की रेखा (कार) बनी हुई देखी गई। घाट पर जहां से लोग पानी भरते हैं वहां कुमकुम की रेखा नहीं है ।

"चैत्र सुद ५

आज रामदेहरे रे तलाब सु पांणी दोली कुंकु री कार छै चौफेर ने पांणी भरे जीता घाट दोली घार नहीं ।"

इस प्रकार इस रोजनामचे* में बड़े ही वैज्ञानिक ढंग से तत्कालीन समाचारों का विवरण दिया गया है। इस सामग्री के अध्ययन से जहां हमें तत्कालीन राजनैतिक हलचलों का पता चलता है वहां उस समय के प्रचलित रीति रिवाजों, सामाजिक मान्यताओं की भी कुछ जानकारी सुलभ होती है और सांस्कृतिक झलक के साथ चमत्कारों के दर्शन भी इसमें होते हैं। मेवाड़ राज्य में उत्तराधिकार के मामले को लेकर वहाँ के सामन्तगणों में किस प्रकार से कशमकश चली और उनकी आपसी फूट का फायदा उठाने के लिये मराठों ने किस प्रकार के दाव पेच लगाये, इस विषय पर भी कुछ प्रकाश पड़ा है। इसके अतिरिक्त इतिहास के अनेक उलझे हुए प्रश्नों को सुलझाने में भी यह सामग्री उपयोगी सिद्ध होगी ।

डॉ. हुकमसिंह भाटी
निदेशक, प्रताप शोध प्रतिष्ठान,
उदयपुर

* यह हस्तलिखित ग्रन्थ राजस्थानी ऐतिहासिक ग्रन्थों का सर्वेक्षण करते समय मुझे पोकरन ठाकुर साहब के निजी संग्रह से मिला, इसके लिये मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

माधवभट्ट विरचित "सूरसिंह-वंश-प्रशस्ति"

संस्कृत भाषा में, प्राचीन एवं मध्यकाल से ऐतिहासिक काव्यों के प्रणयन की एक परम्परा रही है। इन विभिन्न ग्रन्थों में इतिहास के मूलतत्व इतस्ततः निहित हैं। साहित्य शास्त्रीय दृष्टि से काव्य में सौन्दर्य का आधान एवं वर्धन इसी ऊहापोह में विभिन्न काव्यतत्वों का समावेश विषय को इतना बोझिल कर देता है कि मूल-ऐतिहासिक तथ्य गौण होकर उभर नहीं पाते हैं। इस दृष्टि से संस्कृत ऐतिहासिक काव्यों की संख्या नगण्य ही उपलब्ध होगी।

भारतीय संस्कृति के चित्रण के रूप में हर्ष एवं उनके पूर्वजों का इतिवृत्तात्मक परिचायक काव्य 'हर्षचरित' अत्यल्परूप में ऐतिहासिक तथ्यों का वर्णन करता है। इसमें गुर्जरों का वर्णन है जो राजस्थान में थे। राजशेखर, क्षेमेश्वर एवं पम्पा की कृतियां प्रतिहारों के इतिहास एवं उनकी संस्कृति पर प्रकाश डालते हैं।[1] पद्मगुप्त परिमल के नवसाहसांकचरित में परमारराजा नवसाहसांक की कथा अनेकों स्थलों पर अलौकिक तत्वों एवं काव्यांगों के समावेश से ऐतिहासिक कम और साहित्यिक अधिक प्रतीत होती है। फलस्वरूप इतिहासवेत्ता के लिए सत्यान्वेषण दुष्कर कार्य है।

बिल्हण प्रणीत 'विक्रमांकदेवचरित' भी काव्यपरक अधिक, किन्तु तथ्यात्मक कम है, फिर भी अपेक्षाकृत विश्वसनीय है। १२ वीं शताब्दी का खण्डितावस्था में उपलब्ध जयानक का "पृथ्वीराजविजय" सपादलक्ष का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास प्रस्तुत करता है, किन्तु इसमें भी कल्पना का प्राचुर्य और अलौकिक सामग्री के समावेश से काव्य-चमत्कार ही अधिक दृष्टिगोचर होता है। नयचन्द्रसूरिरचित "हमीरमहाकाव्य" भी पूर्ववत् अनेक काव्य चमत्कारों से परिपूर्ण है, किन्तु वर्णित ऐतिहासिक सामग्री सुस्पष्ट है एवं अलौकिक तत्वों से विहीन है। "वास्तव में इतिहास पठन का आनन्द इस काव्य से प्राप्त किया जा सकता है।"[2] जैसलमेर की राजनैतिक एवं सामाजिक स्थिति के परिज्ञानार्थ १५ वीं शताब्दी का भट्टिकाव्य तत्कालीन नरेश भीम की वृन्दावन एवं मथुरा यात्रा का अच्छा विवरण देता है। १६ वीं शताब्दी के "कर्मचन्द्रवंशोत्कीर्त्तनकाव्य" में तत्कालीन बीकानेर की कई ऐतिहासिक बातों का समावेश है। राजप्रशस्तिकार रणछोड़भट्ट की

(१) राजस्थान थ्रू दि एजेज पृ० ३०

(२) हमीरमहाकाव्य-ग्रन्थांक ६५, रा० पुरातन ग्रन्थमाला-दशरथ शर्मा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"अमरकाव्यवंशावली" तत्कालीन उदयपुर के शासकों की राजनैतिक उपलब्धियों के अलावा सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक स्थिति का अच्छा दिग्दर्शन प्रस्तुत करती है। महाराणा प्रताप एवं अमरसिंह प्रथम के सम्बन्ध में ऐतिहासिक दृष्टि से प्रकाश डालने वाला "अमरकाव्य" भी कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। १७ वीं शताब्दी के विभिन्न युद्धों एवं संधियों के विषय में पर्याप्त परिचय प्रदान करने वाले 'राजरत्नाकर' ग्रन्थ का भी भारी महत्व है।

मारवाड़ के इतिहास के सम्बन्ध में कतिपय अन्य ऐतिहासिक काव्यों के महत्व को नहीं नकारा जा सकता। भट्ट जगजीवनप्रणीत 'अजितोदयमहाकाव्य"[1] मारवाड़ की कई ऐतिहासिक घटनाओं के परिज्ञानार्थ महत्त्वपूर्ण है। इसमें महाराजा जसवन्तसिंह तथा अजीतसिंह के मुगल मारवाड़ सम्बन्धों की रोचक कथा वर्णित है। इसके अतिरिक्त "अभयोदयमहाकाव्य"[2] "अजितचरित्र"[3] "भीमप्रबन्धमहाकाव्य"[4] "मानसिंहप्रशस्ति"[5] "मानभास्करोदयचम्पू"[6] इत्यादि विभिन्न अल्पज्ञात काव्य मारवाड़ के विभिन्न नरेशों के जीवन एवं तत्कालीन राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक अवस्था तथा उस युग की परम्परा, विचारधारा एवं सामाजिक संगठन को समझने के लिये महत्त्वपूर्ण है।

उक्त ऐतिहासिक काव्यों की परम्परा में माधवभट्टप्रणीत "सूरसिंह-वंशप्रशस्ति" खण्डकाव्य का भारी महत्व है। चार सर्गात्मक इस काव्य के अन्तिम सर्ग की पुष्पिका में कवि ने अपने आपको श्रीमालीज्ञातीय[7]

---

(१) उम्मेद प्राच्य ग्रन्थमाला-महरानगढ म्यूजियम जोधपुर से प्रकाशित।
(२) संस्कृत प्राकृत ग्रन्थों का सूची पत्र, पुस्तकप्रकाश जोधपुर।
(३) ,, ,, ,, ,,
(४) ,, ,, ,, ,,
(५) ,, ,, ,, ,,
(६) ,, ,, ,, ,,
(७) आसीद्वेदविदां वरोति विशदे यो वत्सगोत्रे द्विजः।
श्रीमान्दानिगणाग्रणीनरहरिः श्रीमालिनामन्वये।
येनानेकक रत्नमौक्तिकतुला रूप्येण रौक्मीतुलां
काश्चित्स्वात्परिवारतोनुभवने दास्योपि सरोपिताः।। ४-४०।।
तत्पुत्रोपि तथैव लक्ष्मण इति ख्यातस्त्रिपाठी ततो
वैकुण्ठः किल येन विप्रवनिता म्लेच्छौघबंदीकृताः।
दराद्रव्यचयानमोक्षत ततः सूनुः सतामग्रणीः
संजज्ञे हरनाथ इत्यथ ततो विद्वानभूद्विट्ठलः।। ४१।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्रिपाठी कुलोत्पन्न बतलाया है। इनके पूर्वज वत्सगोत्रीय नरहरि थे जो रत्नजड़ित चांदी का झूला अपने घर पर रखते थे। इनके सुपुत्र लक्ष्मण भी वैसे ही समृद्ध थे। उनके पुत्र वैकुण्ठ थे जिन्होंने मुसलमानों द्वारा बलपूर्वक हरण की गई ब्राह्मणों की स्त्रियां को प्रभूत धनसम्पदा व्यय कर संकटमुक्त करवाया था। इनके पुत्र हरनाथ थे जिनके दो पुत्र विट्ठल एवं माधव थे। इन्हीं माधवभट्ट ने प्रस्तुत काव्य की रचना की है।

नरहरि
|
लक्ष्मण
|
वैकुण्ठ
|
हरनाथ
|
विट्ठल — माधव

महाराजा सूरसिंह का काल (१५९५-१६१९) निश्चित है। प्रस्तुत काव्य भी सूरसिंहप्रशस्ति तक आते २ समाप्त हो जाता है। 'सूरसिंहवंश प्रशस्ति' की जो एक मात्र[1] प्रति उपलब्ध हुई है उसमें ग्रन्थ का वि०सं० १७७७ में लिपिबद्ध किया जाना वर्णित है।

प्रस्तुत प्रति के सूक्ष्मावलोकन से विदित होता है कि यह रचनाकार के हस्तलेख वाली प्रति से प्रतिलिपित है। माधवभट्ट द्वारा भी सूरसिंह के देहावसान के १००-१५० साल बाद प्रशस्ति का लेखन अप्रासंगिक एवं प्रयोजनहीन लगता है। अतः ऐसी दशा में या तो माधवभट्ट सूरसिंह के राज्याश्रय में दरबारी कवि के रूप में रहा है या उनका कृपापात्र बना रहा है। अतः माधवभट्ट को सूरसिंहकालीन मानना ही समीचीन प्रतीत होता है।

तत्कालीन संस्कृतवीरकाव्यपरम्परा में जोधपुर नरेश सूरसिंह के अद्भूत पराक्रम, रणकौशल एवं गुणगरिमा के चित्रण हेतु इन्होंने 'सूरसिंहवंशप्रशस्ति' नामक खण्डकाव्य की रचना की। इस प्रशस्ति में सूरसिंह द्वारा भारत के विभिन्न उत्तरी एवं दक्षिणी इलाकों में लड़े गये युद्धों के अलावा चन्द्रवंश एवं राठौड़वंश के मूलपुरुषों का परिचय देते हुये राठौड़ों की वंशावली का संक्षिप्त परिचय दिया गया है।

---

(१) प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, ग्रथांक २८६११

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काव्य के प्रारम्भ में कविकर्म-परम्परानुसार मङ्गलाचरण हेतु ईश्वरस्तुति करते हुये रामचन्द्र एवं श्रीकृष्ण का १० पद्यों में स्तवन किया गया है। तत्पश्चात् पुराण परम्परानुसार सृष्टि वर्णन का बड़ा ही अभिराम चित्रण किया गया है।[१] इसी परम्परा में राजर्षिवंशपरम्परा का आश्रय लेकर चन्द्रवंश एवं राठौड़वंश के मूलपुरुषों का राष्ट्रवर के रूप मे वर्णन किया गया हैं।

"ब्रह्मद्रवेन सुरनिम्नगया सदाद्र राष्ट्रवरं यदिति तेन तदा शशासे।
ख्यातास्ततः प्रभृति राष्ट्रवरास्तदीया अद्यापि लोककृत रट्ठवराभिधानाः॥१-५५।

अर्थात् राष्ट्रवर से रट्ठवर और उससे राठौड़ इस व्युत्पत्ति के साथ राठौड़ नृपों के कान्यकुब्जनिवास का वर्णन प्रथम सर्ग में हैं।

राठौड़ों को नस्ल, वंश, गोत्र एवं धर्मादि के विषय में मतमतान्तर प्रचलित हैं। कर्नल टाड[२] ने राठौड़ों को गौतम गोत्र देकर इन्हें बौद्धमतावलम्बी सिथियन वंश का माना है। गौरीशंकर ओझा[३] इन्हें शुद्ध आर्य मान कर कहते हैं "उनका मूल राज्य दक्षिण में था जहां गुजरात, काठियावाड़, राजपूताना, मालवा, मध्यप्रदेश, गया, बदायूँ आदि में इनके स्वतन्त्र या परतन्त्र राज्य स्थापित हुए। "राठौड़ वंश की विगत"[४] के अनुसार राठौड़ों की उत्पति चन्द्रकला नगरी के राजा से हुई थी। पं० विश्वेश्वरनाथ रेऊ[५] ने राष्ट्रकूटों को ही राठोड़ माना है। सी. वी. वैद्य[६] इन्हें दक्षिणी आर्य

---

(१) क्रीडाकौतुकिनः प्रभोः पुनरिदं सम्यक्सिसृक्षोर्महा—
मायाजालममुष्य कल्पितवतः प्राग्वासनोल्लासनाः।
तंतुस्तूर्णमिवोर्णनाभसदनाद्गंभीरनाभीहृदा—
द्देवस्याविरभूद्विभूतिभवनं नाल गुणालबन॥ १–११॥
पद्मं प्रादुरभूत्ततो समभवत्तस्म दकस्मादयो—
देवः कश्चन विश्रुतः स तु चतुर्वक्त्रः स्वयंभूरिति।
अंतर्नालमिहालमाकलयतः कालो विशालोऽगमत्
गूढं मूलमवाप्य तस्य स तदा रूढो विमूढोऽभवत्॥ १–१२॥

(२) एनल्स एण्ड एन्टीक्विटीज आफ राजस्थान (१९५७)

(३) राजपूताने का इतिहास। जिल्द–४ भाग (१) (१९३८ पृ. ८४)

(४) वही ,, ,, ।

(५) राष्ट्रकूटों का इतिहास—१९३४ पृ. ६-७

(६) हिस्ट्री आफ मेडीवल इण्डिया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानते हैं। इसी मत को डा. अल्तेकर[1] ने स्वीकार किया है। बर्नेल[2] इनको दक्षिण भारतीय रेड्डी से अभिन्न मानकर अनार्य बतलाते हैं। दक्षिण भारत के एक शिलालेख[3] में रट्टवरों को दैत्यों का वंशज माना गया है। इसके विपरीत दक्षिण के राष्ट्रकूटों को चन्द्रवंशी अथवा यदुवंशी माना गया है। दक्षिण[4] भारत से जो अन्य शिलालेख प्राप्त हुये हैं उनमें राष्ट्र अथवा राष्ट्रकूट वंश का जन्मदाता 'रट्ठ' यदुवंशी था। ओझा[5] के अनुसार राठोड़ चन्द्रवंशी है किन्तु अपने को सूर्यवंशी मानते हैं। पं. रामकर्ण आसोपा[6] राठोड़ों को सूर्यवंशी मानते हैं। एक अन्य वैदिक साहित्य के विद्वान डा० फतहसिंह इस जाति का आधार ऋग्वेद में खोजते हैं उनके अनुसार "मैंने सदा ही इस कथा को सर्वथा कपोलकल्पित समझा है परन्तु इस ग्रंथ की भूमिका लिखते समय जो छानबीन करनी पड़ी उसके परिणामस्वरूप कुछ ऐसे तथ्य सामने आये जिनसे इस कथा का आधार ऋग्वेदीय तो सिद्ध हुआ ही, परन्तु साथ ही इसका संबंध एक ऐसी राष्ट्रपरम्परा से भुड़ा प्रतीत हुआ जो ऋग्वेद से लेकर, किसी न किसी रूप में, अब तक वर्तमान कही जा सकती है। इसके अनुसार, संभवत प्रारम्भ में राठोड़ किसी जाति-विशेष का नाम न था. अपितु जो भीं अपने को उक्त राष्ट्र परम्परा से संबंधित मानते थे वे राठौर या राठौड़ कहलाने में गर्व का अनुभव करते थे।"

काव्य के द्वितीय सर्ग में जयचन्द्र से मालदेवपूर्व तक के राजाओं एवं उनके द्वारा किये गये विभिन्न युद्धों का वर्णन है। तृतीय सर्ग में राव मालदेव से महाराजा गजसिंह तक के राजाओं के वंशज एवं कीर्तिगाथा वर्णित है। अन्तिम सर्ग में सूरसिंह द्वारा किये गये विभिन्न युद्धों में उनकी कीर्त्ति चित्रित है।

साहित्यिक दृष्टि से 'सूरसिंहवंशप्रशस्ति' एक उच्चकोटि का काव्य है जिसे पूर्व कवियों की कृतियों से हीनतर नहीं माना जा सकता। इस काव्य में माधवभट्ट ने इतिहास एवं कविता का सुन्दर समन्वय उपस्थित

---

(१) दी राष्ट्रकूटाज एण्ड देयर टाइम्स।
(२) साउथ इण्डियन पेलियोग्राफी पृ. १०
(३) एपिग्राफिका इण्डिया जि. पू. पृ. १६
(४) वही ,, ,, जि. ५, पृ. १९२-१९३
(५) जोधपुर राज्य का इतिहास पृ. ८३
(६) मारवाड़ का मूल इतिहास पृ. २४-२५
(७) राठोड़ वंश री विगत एवं राठोड़ां री वंशावली—ग्रन्थाक ९३ रा. पुरातनग्रंथमाला, जोधपुर।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किया है। कथा स्रोत कभी भी अवरुद्ध नहीं होता। बोझिल ऐतिहासिक तथ्यों के वर्णनादि से क्लान्त पाठक हेतु स्थान स्थान पर शृङ्गार सृष्टि एवं प्रकृत्यादि के वर्णन से विश्रामभित्ति का निर्माण किया गया है। तत्कालीन[1] परिपाटी में मुख्य रस से शृंगार को अलग करना उतना ही कठिन था जितना भोजन से लवण को। काव्य के द्वितीय सर्ग में श्रान्त पाठकार्थ जोधपुर की कुलाङ्गनाओं के सुरतवर्णनादि प्रसंग, पारावतों एवं कोयलों का कूजन एवं मधुर आवाज वाली अङ्गनाओं का संयोजन प्रकरण को सहसा शृंगारिक बना देता है।

दारा इव केदारा घनशालीनता वृता यत्र
कथयंत कलमधुरं कस्य न सुखयंति चेतांसि ।। १–१०३ ।।

केलीग्रहांतरगतेनं निशासुखस्यामानंदमग्नमनसा सुरतांतरेषु।
पारावतेन कलकोमलकाकलीभिः संस्मार्यते रतविकूजितमंगनानाम् ।। १–१०४ ।।

अनुप्रास, उपमा, उत्प्रेक्षा, रुपक इत्यादि विभिन्न शब्दालंकार तथा व्यतिरेक, प्रतिवस्तूपमा, अतिशयोक्ति, अर्थान्तर न्यास, सन्देह एवं विरोध इत्यादि विभिन्न अलंकारों के प्रयोग से कविताकामिनी को अवसरानुकूल अलंकृत किया गया है। काव्य के द्वितीय सर्ग में राव गांगां के जन्मोद्भव में काव्यचमत्कार, अनुप्रास की छटा एवं शब्दचित्रादि का अनूठा प्रयोग दर्शनोय है।

"प्रोद्यत्प्रतापस्तत आस गांगो गांगेयवद्गेय पवित्रकीर्त्तिः
युद्धे धराधारघुरीणधीरो धनुर्धराणां धुरि धारणीयः ।। २–१२ ।।

काव्य के तृतीयसर्ग में राजा उदयसिंह द्वारा खोये गये जोधपुर राज्य की पुनः प्राप्ति का वर्णन है। कवि की अर्थान्तरन्यास योजना द्रष्टव्य है।

"आदाय सैन्यं यवनाधिनाथादिहाजगामोदयसिंह वीरः।
निजां पुरीमात्मवशादकार्षीन्न निश्चितार्थाद्विरमन्ति धीराः" ।। ३–४८ ।।

---

(१) रसोस्तु यः कोपि परं स किञ्चिन्नास्पृष्टशृंगाररसो रसाय।
सत्यप्यहो पाकिमपेशलत्वे न स्वादुभोज्यं लवणेन हीनम् ।।
(हमीरमहाकाव्य, सर्ग १४, श्लोक ३६)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

युद्धक्षेत्र में महाराजा सूरसिंह के अदम्य साहस एवं अद्भुत वीरता के समक्ष व्यथित एवं कर्त्तव्याकर्त्तव्य के ज्ञान से विरहित प्रतिपक्षी उन्हे भ्रमवशात् कभी भीष्म समझने लगते है तो कभो सहस्रार्जुन अथवा भीम—भ्रातिमान् का सुन्दर निदर्शन प्रस्तुत है ।

किं भीष्मः किं नु भीमः किमुत स भरतः किं सहस्रार्जुनो वा
किं वा वीराधिवीराः क्षितिपतिमणयः श्रूयमाणा पुरीणाः।
दृष्टश्चदेववीर समितिहबशिनः कालयन्कालरूपः
कोपाल्लक्ष्यात्मपक्षाधिपतिमपि रिपु योऽजयद्दुर्विजेयं ।। ४–३ ।।

विभिन्न संग्रामों में विजयी महाराजा सूरसिंह के जोधपुर पुनरागमन पर नगर में सर्वत्र आनन्द का वातावरण है । जगह-२ तोरण बांधे जा रहे है, चतुष्पथों को सुशोभित किया जा रहा है, अङ्गनाओं द्वारा मङ्गलगान गाया जा रहा है ।

शृंगारितप्रांतचतुष्पथापणं सुमंगलोद्गीतिनिबद्धतोरणं
महाजनैजीविजयेति वर्द्धितः प्रविश्य तद्योधपुरं समृद्धिमत् ।। ४–११ ।।

ऐसे समय में जब महाराजा सूरसिंह सिंहासनारूढ है तथा राज्य में सर्वत्र सुख एवं शान्ति का साम्राज्य हैं कवि ने वसन्तवर्णन कर आनन्द को द्विगुणित कर दिया है । मृदुमलयसमीर बह रहा है. परभृतों का कमनीय आलाप वातावरण को मोहक बना रहा हैं भ्रमरगण माधवीमंडपो पर गुञ्जन कर रहे हैं, मयूर नृत्य कर रहे हैं ।

उपरिविकसितानां माधवीमण्डपानां भ्रमदलिनिकुरंबं स्निग्धजीमूतकांति
अवहितमवलोक्योत्कंठितश्चारुकूजं स्तरलयति शनैः स्वं पिच्छभारं मयूरः
।। ४–१७ ।।

संक्षेपरूपेण प्रथमसर्ग की वंशविषयक पौराणिक इतिवृत्तात्मकता के अलावा विभिन्न घटनाओं का संयोजन ऐतिहासिक दृष्टि से लगभग सही है । महाराजा जोधा से सूरसिंह तक का कथानक तारतम्ययुक्त एवं विच्छिति विहीन है ।

वीररस का परिपाक एवं यत्र तत्र प्रकरणानुसार अन्य शृगांरादि रसों का समायोजन, विभिन्न शब्द एवं अर्थलंकारों का सुरुचिपूर्ण प्रयोग

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पौराणिक गाथाओं का वैदुष्यपूर्ण संयोजन, सामान्यरुपेण प्रसादगुणसम्पन्न सहज सरल वैदर्भी की प्राकृतिक सरिता किन्तु कहीं कहीं गौडीरीति एवं शब्द चित्रों के अनावश्यक प्रयोग ने काव्य के कुछ स्थलों को सद्य-सहृदयजनसंवेद्य बनने में बाधा उपस्थित की है। फिर भी संस्कृत के ऐतिहासिक काव्यों की परम्परा में प्रस्तुत कृति अपनी सरसता एवं ऐतिहासिकता के कारण पूर्ववर्ती काव्यों की तरह ही साहित्यश्रीवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगी।

ओमप्रकाश शर्मा,
वरिष्ठ शोध सहायक
राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान
जोधपुर (राज.)

———

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अचलेश्वर बनाम विमलवसही देवालयों के लेखों की राजावलियों का समन्वय

—राव गणपतसिंह चितलवाना

"किसी राज्य का इतिहास लिखने में नरेश और उसके कृपापात्रों के हितों का भी ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो उसका सारा परिश्रम निष्फल हो जाता है.........[१]।" डा० ओझाजी का यह कथन बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में देशी रजवाड़ों के शोधपूर्ण इतिहास लिखे जाने के संबंध में है, लेकिन अतीत के प्रशस्तिपरक अभिलेखकों के बारे में यह और भी सटीक हैं। प्रशस्ति-लेखक यदि इतिहास से अनभिज्ञ होता था तो उसे राजावली अथवा वंशानुक्रम के साथ उपलब्धियों, घटनाओं आदि ऐतिहासिक वृत्तान्तों से अवगत करा दिया जाता था अर्थात् एक रूपरेखा के अन्दर निर्मित रचना का अनुमोदन कराना होता था फिर ताम्रपट्ट या शिला पर पहले काली स्याही से प्रामाणिक सुलेखक इबारत लिख देता था और उत्कीर्णक से उसी को उत्कीर्ण करा लिया जाता था। इस प्रकार शिलालेख या ताम्रपत्र एक व्यक्ति की कृति न होकर तीन-चार कलामर्मज्ञों का संयुक्त कृत्य होता था। अनेकता में एकता की इस प्रक्रिया में भूलें इसलिये रहती हैं क्योंकि लिखने से खोदने तक का समस्त कार्य एक दिन में नहीं होता था एवं शिला पर खोदने वाला सामान्यतः खोदना ही जानता था, पढ़ना नहीं।

वि० सं० १३७७ अचलेश्वर के लेख[२] तथा वि० सं० १३७८ विमलवसही के देवालय के लेख[३] को दृष्ट में रख कर चन्द्रावती पर अधिकार करने वाले चौहानों का इतिहास लिखा गया है, जिनमें कीर्त्तिपाल की पहिचान नाडोल के शासक आल्हण के तीसरे पुत्र कीर्त्तिपाल से की गई है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि वीर विनोद में अंकित अभिलेखानुसार कीर्तिपाल आनन्दराज का पुत्र पाया जाता है, जबकि विमलवसही पाषाण लेख में

१. शोध पत्रिका उदयपुर; वर्ष ३६, अंक ३, पृष्ठ ८९ 'स्व. श्री गौरीशंकर हीराचन्द ओझा के 'एक अप्रकाशित पत्र' (अब प्रकाशित) से।

२. कविराजा श्यामलदासजी कृत वीर विनोद, भाग द्वितीय, प्रकरण ११, पृ. १२११-१३

३. प्रभा० जैन लेख संदोहे में प्रकाशित।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कीर्तिपाल का नाम ही गायब है। इन्हीं प्रशस्तियों का विवेचन एक निबन्ध "चन्द्रावती एवं आबू के देवड़े चौहान[1]" में भी किया है और वे प्रसंग जो उक्त धारणा के अनुकूल पाये गये उन्हीं को मान्यता दी गई। लेकिन उनमें मिलने वाले पृथक्-पृथक् नामों के बारे में गुण-दोष के आधार पर विश्लेषण नहीं किया गया। वीर विनोद में मेवाड़ के शोधपूर्ण इतिहास के साथ-साथ सिरोही सहित अन्य सीमान्त राज्यों का संक्षिप्त इतिहास प्रसंगवश दिया है और उसके "शेष संग्रह" (परिशिष्ट) में इस लेख को जैसा पढ़ा जा सका वैसा बिना किसी टीका के देना यह परिलक्षित करता है कि उसकी प्रामाणिकता और शुद्धता की परख नहीं की गई थी। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए था कि कविजन उनकी विद्वत्ता प्रदर्शित करने के लिए कई प्रकार के प्रयोग किया करते हैं लेकिन यह जानने का प्रयत्न किसी ने नहीं किया कि अचलेश्वर लेख में नरेशों के नामों के सम्बन्ध में कुछ प्रयुक्तियां की गईं अथवा नहीं। अस्तु। हमारे विचार से अब भी विलम्ब नहीं हुआ है कि ऐसे विरोधाभास वाले लेखों का पुनर्मूल्यांकन किया जाय। सर्वप्रथम अब देखना यह होगा कि उपरोक्त लेखों के अनुसार किस प्रकार से राजावली तैयार होती है :—

जालोर के सोनगरों की वंशावली	वीर विनोद में अंकित लेखानुसार (नामावली सं. १)	विमलवसही देवालय के लेखानुसार (नामावली सं. २)
१. लक्ष्मण	१. लक्ष्मणराज	
शोभित (सोही)	२. अधिराज	
बलिराज	सोहाराज	
२. विग्रहपाल		
३. महेन्द्र		
४. अणहिल्ल		
५. जेन्द्रराज		
	३. सिंधुराज	
६. अश्वपाल	४. आसराज	१. आसराज
७. आल्हण		
	५, आनन्दराज	
८ कीर्तिपाल	६. कीर्तिपाल	
९. समरसिंह	७ समरसिंह	२. समरसिंह

१. राजस्थान भारती, भा. १, अंक ४, पृ. १-९ (डा० दशरथ शर्मा का लेख)

नोट—पंडित गोपालनारायणजी बहुरा ने कृपापूर्वक लेख की जीरोक्स कापी मुझे भेजी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१०. उदयसिंह

उदयसिंह

८. मानसिंह — ३. महणसिंह

९. प्रतापसिंह — ४. प्रतापमल्ल

१०. दशस्यंदन (बीजड़) — ५. बीजड़

लावण्यकर्ण — लावण्यकर्ण

११. लूंभा — ६. लूणिग (लुंढ़,लुंभा)

७ तेजसिंह

अचलेश्वर की प्रशस्ति महाराव लुंभा के अंतिम वर्ष वि. सं. १३७७ में लिखी गई थी जबकि विमलवसही देवालय का लेख लुंभा के पुत्र तेजसिंह के शासन के प्रथम वर्ष वि. सं. १३७८ में उत्कीर्ण किया गया था। सिद्धान्ततः प्राचीनतम साक्ष्य की प्रामाणिकता को परवर्ती साक्ष्यों से अधिक विश्वसनीय मानना अपेक्षित है और इसी नियम के अनुसरण में वि. सं. १३७७ के लेख को इतिहासविदों ने अधिक महत्व दिया, लेकिन यहां यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि दोनों लेख यद्यपि भिन्न-भिन्न राज्यावधि में लिखे गये थे तथापि उनका अन्तर सवा साल से भी कम अवधि का होने से प्राचीनता के आधार पर निर्णय करना सच्चाई से मुंह मोड़ना होगा। अतएव जो तथ्य अधिक तर्कसंगत पाये जायें, उन्हीं को ग्रहण किया जाना वांछित है।

पच्चीस वर्ष का अर्सा हर एक पीढ़ी के लिए नियत कर समय गणना करने पर नामावली सं १ में अंकित पीढ़ियों के लिए २७५ वर्ष होने चाहिए जबकि लक्ष्मण (वि. सं १०२२) से लुंभा (वि. सं. १३७७) तक ३५५ साल होते हैं, वे किसी भी अवस्था में सामान्य नहीं हो सकते। इस प्रकार नामावली के परिपूर्ण होने में संदेह बना रहता है और आश्चर्य नहीं कि इसमें २-३ नाम छूट गये हों ?

ख्यातों का विवरण —

इस विषय में आगे विचार करने से पूर्व ख्यातों के विवरणों का जानना आवश्यक है। मुंहता नैणसी को आढ़ा महेशदासजी द्वारा भेजे गये वंशवृक्ष[1] तथा महाकवि बांकीदासजी ने जिस प्रकार नामावली[2] दी है, उनसे तुलनात्मक तालिका इस प्रकार बनती है :—

१. मुंहता नैणसी री ख्यात (सं. बदरीप्रसाद साकरिया) राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर (१९६० ई.) भा. १, पृ. १३५

२. बांकीदास री ख्यात (सं. नरोत्तमदास स्वामी) राजस्थान पुरातत्वान्वेषण मन्दिर, जयपुर (१९५६ ई.) पृ. १५४ बात सं. १८३० लेकिन बात सं. १८३१ में महणसी का नाम अंकित नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आढा महेशदास के अनुसार (नामावली सं. ३)	वीर विनोद में अंकित लेखानुसार (नामावली सं. १)	महाकवि बांकीदास के अनुसार (नामावली सं. ४)
६ राव लाखण	१ लक्ष्मणराज	
७ बल ८ सोही	२ अधिराज सोहीराज	
९ महीराव		
१० अणहल		
११ जिंदराव		
	३ सिंधुराज	
१२ आसराव	४ आसराज	
१३ आल्हण		
	५ आनन्दराज	
१४ कीतू	६ कीर्तिपाल	१ कीतू
	७ समरसिंह	२ समरसी
	उदयसिंह	
१५ महणसी	८ मानसिंह	३ महणसी
१६ पतो	९ प्रतापसिंह	४ पतो
१७ बिजड़ "..........."	१० दशस्यंदन (बीजड़)	५ बीजड़
	लावण्यकर्ण	
१८ लुंभो	११ लुंभा	६ लुंभो

मुंहता नैणसी को वंशावली वि. सं. १७२१ में प्रेषित की गई थी तथा बांकीदास की ख्यात उससे भी बाद की कृति है। ख्यातों से भी कीतू (कीर्तिपाल) के बाद की वंशावली का मिलान संदेह से परे हो जाता है। तदनुसार अचलेश्वर और विमलवसही देवालयों के लेखों का संबंध एक ही वंशावली से मानने में इतिहासकारों में किसी भी प्रकार का विवाद नहीं है, इसके विपरीत केवल कीर्तिपाल का नाम देख कर उसे जालोर शाखा से संबंधित मान लेना उचित नहीं है क्योंकि बीच में नामों में बड़ा अन्तर है। दुर्भाग्य से गत एक शताब्दी में अचलेश्वर प्रशस्ति को दुबारा पढ़ने अथवा नामावली की विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किसी ने भी नहीं किया जबकि कविराज श्यामलदासजी ने अचलेश्वर लेख के अन्त में स्पष्ट टिप्पणी लिखी है, "यह प्रशस्ति बहुत खंडित है, लेकिन हमको जैसी मिली, वैसी ही यहां दर्ज की गई है[1] ।"

१: वीरविनोद, भा. द्वि. प्रकरण ११, पृ. १२१३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बडुआ की पुस्तक से—

इसमें कोई संदेह नहीं कि सिरोही का कथित शोधपूर्ण इतिहास लिखे जाने के पश्चात् भी सिरोही के बडुआ द्वारा रखी जा रही वंशावली को बराबर मान्यता मिलती रही है। उसका सारांश[1] यहां दिया जा रहा है :—

1. सोईराव—इसने भीनमाल में अपना अमल जमाया और बत्तीस वर्ष तक राज किया[2]।

२. महेन्द्रराव—इसके गद्दी नशिनी का समय वि. सं. १०८२ व देहान्त का समय वि. सं ११०५ अंकित हुआ है।

३. मशरिक—मशरिक के वास्ते उक्त पुस्तक में लिखा है कि वह वि. सं. ११०५ में गद्दी पर बैठा और वि. सं. ११३० में उसका देहान्त हुआ[3]।

४. आल्हण—उस [मशरिक] के बाद आल्हण का नाम अंकित हे और उसका गद्दी नशिनी का समय वि. सं. ११३० का लिखा गया है[4]।

५. आसराव—इसके द्वारा बडुआ धनराज को वि. सं. ११६० में भीनमाल से सीख देने का उल्लेख है[5]।

६. जिन्दराव—बडुआ की पुस्तक में इसको गद्दी नशिनी वि. सं. ११८० में होना लिखा है[6]। वि. सं. १२०४ में स्वर्गवास हुआ।

---

१. विस्तृत विवरण के लिए देखिये, "भीनमाल के चौहान" नामक मेरा लेख।

२. देसाई लल्लु भाई भीम भाई : चौहानकुलकल्पद्रुम : श्री लुहाणा मित्र स्टीम प्रिन्टिंग प्रेस वड़ोदरा (१६२७ ई.) भाग १, पृ. ५४

विशेष प्रसंग के लिए देखिये, "भीनमाल ताम्रपत्र १००२ ई. : एक पुनर्मूल्यांकन" नामक मेरा लेख (मरु भारती, अक्टू. १९८४, पृ. ३४)

३. चौहानकुलकल्पद्रुम, भाग १, पृ. ५५

वि. सं. १११७ से ११२३ तक उसका भीनमाल पर अधिकार न रहा। कृष्णराज की मृत्यु होते ही संभवतः भीनमाल पर पुनः अधिकार कर लिया।

४. वही, भाग १, पृ. ५५

उसके दूसरे पुत्र का नाम विजैसी (प्रथम सांचोर) और तृतीय पुत्र नरदेव (द्वितीय) नाम का था।

५. वही, भाग १, पृ. ५७ की टिप्पणी में क्र. सं. ४

६. वही, भाग १, पृ. ५६ की टिप्पणी

उससे उदयराज के पुत्र सोमेश्वर ने सिद्धराज की सहायता से वि. सं. ११९८ में भीनमाल का राज्य छीना।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७. कीतू —वि. सं. १२०४-१२३५ तक।

८. समरसी—देहान्त वि. सं. १२७० में होनें का लिखा है।

९. माणीजी —वि. सं. १२७०-१२८५ तक।

१०. पाता—वि. सं. ११८५-१२९९ तक[१]।

११. बीजड़—चन्द्रावती के परमार राज्य का बडगांव पठानों नें दबा लिया था। बीजड़ उर्फ बीजलराय और अरिसिंह ने (भीनमाल के बाद) स्वपराक्रम से अपना दूसरा राज्य स्थापित करने की शुरूआत की। वि. सं. १३०७ में इन्होंने पाखरवा पठान को मार कर वांकडिया-बडगांव लिया। (परमारों ने दुश्मन के दुश्मन देवड़ों की उस विजय का स्वागत किया।)

१२. महाराव लुंभा उर्फ लूणकरण देवड़ा चौहानों के चन्द्रावती में राज्य की स्थापना करने वाला मूल पुरुष है।[२]

एक प्रशस्तिपरक काव्य से—

कवि आसिया माला ने सिरोही के पाटवियों की राजावली का कवित रचा (वि. सं. १५९०-१६००) और मुंहता नैणसी ने उसे पुनरुद्धृत किया[३] उसका वाचन कवि आसिया माला अथवा उसके वंशजों का सिरोही के राज-परिवार के पुरुषों से मिलने पर होता था और उसे सदैव असंदिग्ध माना है। नामावली आगे तालिका में दी जायगी, लेकिन वस्तु स्थिति को सही समझने के लिए छप्पय सं. ९ को यहां उद्धृत किया जाता है :—

अग लाखण संपनो पाट सोही परगट्टे।
सोहीरें महेन्द्रराव जेण खत्र दूणो खट्टे।।
महेन्द्र वंस मछरःक सुवन आलण संपन्नो।
आलणरें असराव आस जिंदराव उपन्नो।।
जींदराव तणें कीतू जिसा जे लीधो जालोर जुडि।
कर त्युं समो पुजै न को त्यैस कुंण पूजंत तुडि।।९।।

---

१. उपर्युक्त चार पीढ़ी तक कहीं राज नहीं रहा। सोनगरों ने जब जालोर विजित किया तब से वि. सं. १३०७ तक उनके परिवार जालोर में निर्वासित रहे।

२. डा. गो. ही. ओझा, जोधपुर राज्य का इतिहास; वैदिक यंत्रालय, अजमेर (१९३८ ई.) भाग १, पृ. ७८; चौहान कुल कल्पद्रुम, भाग १, पृ. २११

३. मुंहता नैणसरी ख्यात, भाग १, पृ. १८६-८७, छप्पय ९ और ११; चौहान कुल कल्पद्रुम, भाग १, पृ. ५१।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आरोह-अवरोह पद्धति[1]—

नामावली सं. १ से ६ तक के अंतिम छोर पर अंकित नाम को लेकर चोटी तक लिखे नामों की परिशुद्धता की परख जब आरोह पद्धति के तहत करते हैं, तब समान रूप से लुंभा का नाम सबसे नीचे पाते हैं। इस पद्धति ने अनुसार कीर्तिपाल तक की सुचीका आगे मिलान करते हैं, तब उदयसिंह का नाम तो केवल वंशावली सं. १ में मिलता है तथा वंशावली सं. ३ और २ में क्रमशः समरसिंह व कीर्तिपाल के नामों के सिवाय शेष सभी नामों का आपस में मिलान हो जाता है। उदयसिंह, जो सीधी पंक्ति में नहीं था, वही उसका कारण हो सकता है जबकि समरसिंह एवं कीर्तिपाल के नामों को अंकित न करने के पर्याप्त कारण हैं, जिनका उल्लेख आगे किया जायगा। लेकिन जब वंशावली सं० १ में चोटी पर आये नाम से लगा कर कीर्तिपाल तक के नामों का मिलान जालोर शाखा से अवरोह पद्धति के अन्तर्गत करते हैं, तब—

१. लक्ष्मण के पुत्रों में सोहीराज तथा वग्रहपाल के अलावा इस लेख में तीसरा नाम अधिराज का मिलता है।

२. बलिराज यद्यपि सीधी पंक्ति में न था तथापि अनुसूची में से उसका नाम छूटना संदेह पैदा करता है क्योंकि नामावली सं० १ के अलावा उसका नाम नाडोल की वंशावली में सभी जगह मिलता है।

३. अणहिल्ल और जैन्द्रराज के नामों को न देकर उसके विपरीत एक अन्य सिंधुराज नाम मिलता है, जिसका प्रसंग नाडोल शाखा में अन्यत्र कहीं नहीं है।

४. "आल्हण नें अपने ही शौर्य से महाराज का वैभव प्राप्त किया[2]" ऐसे नामधारी राजा का नाम छोड़ने का कोई औचित्य नहीं।

---

१. विवादग्रस्त तथ्य या घटना को छोड़ उससे संबंधित अन्य उपलब्ध स्रोतों से प्राचीनकाल से लेकर आज तक मिलने वाले साक्ष्यों का परीक्षण करना अवरोह पद्धति (Descending method) और इसके विपरीत वर्तमान से लेकर प्राचीनकाल के साक्ष्यों की जांच को आरोह पद्धति (Ascending method) कहा गया है। इस प्रकार निकाले गये निष्कर्षों का मूल विवाद के साथ विवेचन करने पर तर्कसंगत पाये जाने वाले नतीजे को मान्यता दी जाती है (विशेष विवरण के लिए देखिये "आरोह-अवरोह पद्धति : एक अध्ययन" नामक मेरा लेख)

२. माथुर दुर्गालाल; राजस्थान के चौहान अभिलेख, इतिहास अनुसंधान परिषद्, उदयपुर पृ. ५९ कीर्तिपाल का नाडोल ताम्रपत्र छन्द ५.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरी तरफ डॉ० दशरथ शर्मा, (अर्ली चौहान डायनस्टीज), लल्लूभाई भीमभाई देसाई (चौहान कुल कल्पद्रुम), डॉ गो० ही० ओझा (सिरोही का इतिहास) इत्यादि ने नामावली सं० ३ को मान्यता दी है। इस प्रकार वि० सं० १७२१ से पूर्व का एक भी सबूत जालौर के सोनगरों से उत्पत्ति होने का नहीं मिलता। इस राजावली के अतिरिक्त नामावली सं० ५ व ६ से संबंधित सबसे बाद का वर्णन भी कवित्त के रचना-काल वि० सं० १५६०-१६०० का मिलता है और उससे प्राचीनतम एवं समकालीन विवरण बड़ुआ की पुस्तकों में सुरक्षित है। अगर दोनों शिलालेखों को फिलहाल अनदेखा कर लेते हैं तब भी प्राचीनतम सबूत भीनमाल से उद्भव होने का मिलता है।

अचलेश्वर लेख का विवादास्पद अंश—

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में अचलेश्वर शिलालेख के छंद १२ से १७ तक पुनर्पठन करने पर पाठ निम्न प्रकार से पाया जाता है :—

शाकंभरी पूर्वं यदा पुरा वै माणिक्यसंज्ञः पुरुषः प्रवीरः।
स्ववीर्यधैर्यार्जितभूमिभागो नद्दूल [तद्वंश] द लक्ष्मणोऽभूत् ॥ १२ ॥
ततोभूदधिराजाख्य पुत्रस्तस्य पराक्रमी।
सोहीरक्तोशनोवंशे शोभिभूमौ हि तत्सुतः॥ १३ ॥
महिंदुर्महतां श्रेष्ठो बली बलिकुलोद्वहः।
तदन्वयो च मतिमान् सिंधुराजो विराजते ॥ १४ ॥
प्रतापेन [? आलणेन] पदं प्रापन्महींदोर्महददसुतं।
अभूत्तेषां कुलेशानां कुले कुलविवर्द्धनः॥ १५ ॥
रघुर्यथा वंशकरो हि वंशे सूर्यस्य शूरो भुवि मंडलेऽग्रे।
तथा बभूवात्र पराक्रमेण स्वनामसिद्धः प्रभुरासराजः॥ १६ ॥
तस्याभूदा [ज्जे] न्द [न्द्र] णोमानी चाहुमानान्वयाधिपः।
कीर्तिपालः सुतस्तस्मात्कीर्त्या ख्यातोऽखिलक्षितौ ॥ १७ ॥

भावार्थ[1]

पहले कभी शाकंभरी (सांभर देश अथवा जन पद) में माणिक्य

---

१. आभार (१) उपर्युक्त छंदों का भावार्थ डॉ० दतात्रेय क्षीरसागर द्वारा किया गया है, और
(२) लेख की मूल छाप को पढ़ने में डॉ० सोहनलाल पाटनी का भी सहयोग रहा एवम् डॉ० क्षीरसागर से हुए विचार-विमर्श के अनुसार टिप्पणियां लिखी गई हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाम का पराक्रमी पुरुष हुआ। अपने पराक्रम और धैर्य से भूमि-प्रान्त को प्राप्त करने वाला नाडोल में उसके वंश को बढाने वाला लक्ष्मण (नाम का राजा) हुआ ॥ १२ ॥

उस (लक्ष्मण) के अधिराज नाम का (एक) पराक्रमी पुत्र हुआ। तत्पश्चात् सोहीराज नामक उसका प्रभावशाली पुत्र हुआ। इन दोनों ने पृथ्वी को विभूषित किया ॥ १३ ॥

(फिर) महान् व्यक्तियों में श्रेष्ठ, पराक्रमी (और) वीरों के कुल की वृद्धि करने वाला महिंदु (महेन्द्र) (नामक राजा) हुआ। (तत्पश्चात्) उसका उत्तराधिकारी बुद्धिमान् सिंधुराज सुशोभित हुआ ॥ १४ ॥

उसके कुल में (अपने) आश्चर्यजनक बाहुबल से राज्य को प्राप्त कर (अपने) कुल को बढाने वाला प्रताप [आलहण ?] (नामक राजा) हुआ ॥ १५ ॥

पृथ्वी तल पर जिस प्रकार पहले सूर्यवंश में पराक्रमी (राजा) रघु हुआ, उसी प्रकार यहां पर (इस वंश में) अपने पराक्रम से प्रसिद्ध कीर्तिवाला आसराज (नामक) राजा हुआ ॥ १६ ।

चाहुमानों के वंश में (फिर) उस (आसराज) के इन्द्र के समान प्रभावशाली (या विस्तारवाला) जयेन्द्र नाम का पुत्र हुआ। उस (जयेन्द्र) का कीर्तिपाल नाम का पुत्र समस्त पृथ्वी पर (अपनी) कीर्ति से प्रसिद्ध हुआ ॥ १७ ॥

टिप्पणी—

१२ [छंद इन्द्रवज्रा]

वीरविनोद में पाठ "स्ववीर्यधैर्यार्जितभूमिभागो नर्द्दत .... द लक्ष्मणो भूत्" है।

"नर्द्दत्" का अर्थ गरजनेवाला या पराक्रमी होना होता है, परन्तु उसके स्थान पर "नद्दूल" अधिक सार्थक शब्द है। वैसे नर्द्दत् माना जाय तो हम उसे लेखकीय भूल ही मानेंगे। माणिक्यराज के साथ शाकम्भरी का उल्लेख है और लक्ष्मण तथा उसके उत्तराधिकारी शाकम्भरी में राजा नहीं होने से नाडोल का लिखना अनिवार्य था। नाडोल के लिए "नड्डूले" या "नद्दुले" शब्द प्रशस्तियों में पाये जाते हैं, परन्तु मात्राओं की गणना से "नद्दूल" शब्द ही प्रासंगिक है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मूल शिलालेख में लक्ष्मण से पहिले का कथित "द" अक्षर जो अब नष्ट हो गया है। "द" अक्षर स्वीकारने पर "द-अन्त" शब्द बनेगा "वंशद" जिसका अर्थ है वंश को बढाने वाला। माणिक्यराज के वंश को बढाने वाला लक्ष्मण जैसा ज्ञात पुरुष नहीं हुआ। डॉ. आर. बी. सिंह ने माणिक्यराज की पहिचान सामन्तराज (६८४-७९० ई.) से की है, जो लक्ष्मण से ग्यारह पीढ़ी पूर्व हुआ था।[1] अगर माणिक्यराज से लगाकर लक्ष्मण तक की पीढ़ियों की पर्याप्त दूरी बतलाने के लिए "वंशात्" शब्द का होना अनुमानित करें, तो उससे छंद भंग हो जाता है। हमारी मान्यता है कि केवल "वंशद" शब्द ही सटीक है।

१३ [श्लोक अनुष्टुप्]

लक्ष्मण के अधिराज नाम का पुत्र होना किसी अन्य स्रोत से नहीं पाया जाता, यद्यपि लक्ष्मण के अश्वपाल नामक पुत्र होना एक शोध निबन्ध द्वारा हम प्रतिपादित कर चुके हैं,[2] किन्तु उस समय हमारा ध्यान विषयान्तर्गत प्रशस्ति की ओर आकृष्ट नहीं हुआ था कि कविता में शब्द का सदैव व्यवहृत रूढार्थ ही प्रयुक्त नहीं होता है अपितु उसकी व्यंजना प्रमुख रहती है। कवि अपनी रचना में शब्द का समानार्थी कल्पनाप्रवण शब्दों का भी प्रयोग करते हैं। नाम, रंग, रूप अथवा गुण का यह धर्म समानधर्म हो सकता है। अचलेश्वर लेख में भी अश्वपाल, मछरीक, आल्हण, जयेन्द्रराज व बीजड़ के स्थानापन्न शब्द क्रमशः अधिराज, सिंधुराज, प्रताप, एन्देण एवं दशस्यंदन इसी कल्पनाप्रवण गुणधर्मिता का निर्वहन करने के लिए प्रयोग के रूप में प्रयुक्त किये गये हैं[3]। कहा भी गया है—जो कोई कविता करे अनूठी, जाणों उसने सरसती तूठी।

---

१. सिंह, डॉ. आर. बी.; हिस्ट्री आफ द चाहमान्स; नन्दकिशोर एण्ड सन्स, चौक, वाराणसी (१९६४) पृ. ५४.

२. विशेष विवरण के लिए देखिये, "नाडोल का चौहानवंशीय : अश्वपाल (प्रथम)" नामक मेरा लेख (शोध पत्रिका—उदयपुर; वर्ष ३६ अंक २, पृ. २७–३६)

३. अचलेश्वर अभिलेख में बीजड का स्थानापन्न नाम दशस्यदन यानि दशरथ मिलने पर कवि राजा श्यामलदास सहित सभी इतिहासकारों ने स्वीकार कर लिया लेकिन नाम धरने का न कोई पूर्व प्रसंग दिया न शेष दुरूह नामों के बारे में किसी ने कोई व्याख्या की। बीजड का अर्थ दशरथ नहीं होता। सिर्फ दोनों के चार-चार पुत्र होने से भावार्थ स्वरूप नाम घड़ दिया गया। कवि आसिया माला ने बीजड (के पांच पुत्र मानते हुए) पांच पुत्रों को "पांडव" की उपमा देकर प्रशंसा की है (चौहान कुल कल्पद्रुम, भा. १, पृ. २०४)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अश्वपाल का दूसरा नाम माणिक्यराज था। माणिक्य का मतलब "बहुत अच्छा" अथवा "सर्वश्रेष्ठ' होता हैं और अधिराज का अर्थ भी "राजाओं में श्रेष्ठ" व "सर्वोच्च पद" होता हैं। माणिक्यराज भी उसकी शाखा का आदि—पुरुष था, जिससे भी कवि द्वारा उसे अधिराज नाम से प्रस्तुत किया जाना उचित होता हैं। विवादास्पद पाषाणलेख में अधिराज को सोहोराज का पिता कहा गया हैं, जबकि सोहोराज का पिता लक्ष्मण होना समस्त इतिहासकारों को स्वीकार्य है। उस विषमता का कारण यह प्रतीत होता हैं कि अभिलेख लिखवाते समय राजा के पूर्वजों में से अगर कोई शासक नहीं रहा अथवा कनिष्ठ पुत्र होता था, तब भी उसे राजा एवं ज्येष्ठ पुत्र दर्शाने के लिए राजावली में उसके ही शासक भ्राता के ऊपर नाम को जोड़ देते। अधिराज उर्फ अश्वपाल को भी उसी श्रेणी में गिनना होगा।

१४. [श्लोक अनुष्टुप्]

लक्ष्मण के वंशजों में सिंधुराज नाम अन्य किसी साक्ष्य में देखने को नहीं मिलता। नामावली सं० ५ और ६ में सिंधुराज की जगह मशरिक नाम पाया जाता है। "मछरीक" चौहानों की विशेष उपमा हैं और गीत-कवित्तों में जगह-जगह मशारिक, मशरिक अथवा मछरिक के संबोधन से प्रशंसा की जाती हैं। वैसे उपमेय के गौरव में वृद्धि करने और कृत्यों में विशिष्टता बताने की रीति अपनाने के अन्तर्गत उपमा दी जाती हैं। मछरीक के अभिधार्थ अर्थ अभिमानी, जोरावर, अहंकारी, स्वाभिमानो, मस्त, मतवाला, और क्रोधी इत्यादि शब्द सिंधु के भो गुणधर्म हैं। समुद्र भी कविता में सदैव उक्त विशेषणों से अलंकृत होता रहा हैं। सम्भवतः इसीलिए "मछरीक" की जगह सिंधुराज कवि कल्पना में स्वतः ही आ गया, क्योंकि मछरोक शब्द की व्युत्पति भी कहीं न कहीं सिंधु से जा टकराती हैं। अतएव परंपरा बोध और कवि कल्पना दोनों दष्टियों से सिंधुराज शब्द की संगति स्वतः ही बैठ जाती हैं।

१५. [श्लोक अनुष्टुप्]

वीर विनोद में पाठ "प्रतापेन" हैं।

प्रशास्तिकार पंडित ने श्लोक सं० १२ से १४ और १६ से २२ तक के प्रत्येक छंद में एक या दो नामों को अंकित किया हैं, उसी अभिव्यंजना प्रणाली के अनुसार मानना पड़ेगा कि छंद १५ में कम से कम एक नाम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अवश्य हैं। इस प्रसंग में "प्रतापेन" का अर्थ "पराक्रम से" नहीं लिया जा सकता, बल्कि उसका संदर्भ व्यक्तिवाचक नाम से मानना होगा। लक्ष्मण के वंशजों में बारहवीं सदी तक प्रताप नाम नहीं होने के उपरान्त भी अचलेश्वर शिलालेख में 'प्रताप" नाम देखकर हमारी पहली धारणा बनी थी कि "आलरणेन" के बदले "प्रतापेन" में अ को भ्रम में प्र और "रण" का 'प" में मात्रा पडीलिपी में भ्रम से पढ़ ली गई होगी, लेकिन विचार-विमर्श के बाद निम्नांकित अर्थ स्वीकार करना उचित प्रतीत होता है—

"आल्हा" का शब्दकोषीय अर्थ पराक्रम के गीत अर्थात् "इक्तीस मात्राओं का छंद जिसे वीरछंद भी कहते हैं। इसमें सोलह मात्राओं पर विराम लगता है," पराक्रम के मूल में व्यक्ति का शौर्य अथवा प्रताप ही निहित होता है। विरुदावली प्रतापी व्यक्ति की ही गायी जाती हैं। इस प्रकार विरुद से तात्पर्य शौर्ययुक्त यश और आल्हा का डिंगल में अर्थ विरुद्ध होता है। अंततः आल्हण का अर्थ विरुद, शौर्य अथवा प्रतापी स्वतः ही सिद्ध होता है।

१६ [उप जाति]

वीर विनोद में पाठ 'राजा" है।

१७. [श्लोक अनुष्टुप्]

वीर विनोद में पाठ "तस्याभूदान्दणो मानी" है।

कविराज श्यामलदासजी ने "आन्दपणोमानी" पढ़ते हुए स्वाभिमानी आनन्दराज नाम वाला पुत्र से अर्थ लिया है, किन्तु "आन्द" को न तो "आनन्द" पढ़ा जा सकता है, न आनन्दराज नाम किसी वंशावली में पाया जाता है और न ऐसा शोध द्वारा स्थिर किया गया है। इसीलिए आनन्दराज नाम को (अन्तिम) मान्यता नहीं है।

मेरे पुत्र कुंवर रघुवीरसिंह ने "तस्याभूदाल्हणा मानी" पढ़ा है, लेकिन आरम्भ में "आ" और अन्त में "ण" अक्षरों के कारण "आल्हण" मानना उचित नहीं है जबकि बीच में 'ल्ह" अक्षर कतई पढ़ने में नहीं आते आते हैं। केवल जालौर के कीर्तिपाल के पिता का नाम आल्हण होने से ऐसा अनुमान नहीं किया जा सकता क्योंकि लेखांकित नामों का जालोर वाली शाखा से बड़ा अन्तर है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मूल लेख में "तस्याभूदान्दाणामानी" ही पढ़ने में आता है। यदि छाप को पड़ी-लिपि में पढ़ें तो "तस्याभूदा (ज्जे) न्द (न्द्र) णोमानी" भी पढ़ा जा सकता है। 'इन्द्र" का अर्थ श्रेष्ठ होता है और "ज्येन्द्र" का मतलब जो विजेताओं में श्रेष्ठ है, होने से लक्षणों से इन्द्र वास्तव में जयेन्द्र ही इंगित करेगा। कविजन व्यक्तिवाचक नामो को कविता या पद्य के सांचे में ढालते समय कभी छंद की मात्राओं के अनुसार नामों में परिवर्तन करते रहे हैं। जैसे "जयेन्द्र" को "एन्द्रेण मानी" कहना स्पष्टतया यह दर्शाता है कि इन्द्र के समान मान (शील) (प्रभाव) वाला जयेन्द्र हुआ। मूल जयेन्द्र शब्द को शिलालेख में जेन्द्र पढ़ा जा सकता है। अतः इन्द्र के समान विस्तार या प्रभाव वाला जय—अर्थात् जयेन्द्र राजा हुआ। इसमें इन्द्र पद जय के साथ राजा के नाम को इंगित करता है और 'मानो" के साथ उसकी उपमा का प्रसंग उपस्थित करता है।

नामावली सं० ५ और ६ में आसराव के बाद जिंदराव का नाम मिलता है। जिंदराव और जयेन्द्र एक ही नाम के क्रमशः लौकिक एवं साहित्यिक रूप हैं और ऐसी ही हमारी मान्यता है।

विमलवसही देवालय की प्रशस्ति

लेख में राजाओं का वर्णन 'अथ राजावली" लिखकर आरम्भ किया गया है। सुविज्ञ पाठकों को वंशावली, नामावली और राजावली का भेद करना है। रचनाकार ने अपना मन्तव्य स्पष्ट कर दिया है कि वह केवल राजाओं के वृत्तान्त कहेगा, सम्पूर्ण नामावली अथवा वशावली नहीं। अतः-एव हमारा दायित्व हो जाता है कि जहां कहीं टूटता हुआ क्रम पायें तो उसे वहाँ वैसा ही अभिप्राय समझें। राजावली में कीर्तिपाल का नाम न होने का सीधा सा अर्थ है कि वह राजा नहीं हुआ। अगर राजावली का संबंध जालोर विजेता कीर्तिपाल से होता तो ऐसे प्रसिद्ध शासक का नाम अवश्य अंकित किया जाता। अतः यह मानने के अतिरिक्त हमारे पास कोई विकल्प नहीं है कि वह शाखा जालोर के सोनगरों से पृथक् ही है।

कवि आसिया माला के कहे हुए सिरोही के टीकायतों के कवित्त, सिरोही के बड़ुपा और वि० सं० १३७७ के परिष्कृत अचलेश्वर लेखानुसार जिस प्रकार नामावलियां बनती है, उन्हें निम्न सारणी में दर्शाया जाता है :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जालोर के सोनगरों की वंशावली :	वि० सं० १३७७ के परिष्कृत लेखानुसार (नामावली सं० १क)	सिरोही के बडुआ के अनुसार (नामावली सं० ५)	कवित्त के अनुसार (नामावली सं० ६)
१ लक्ष्मण	१ लक्ष्मण	१ लाखणसी	१ लाखण
	२ अधिराज	२ आसराव (नाडोल)	
सोभित (सोही)	सोहीराज	सोईराव (भीनमाल)	सोही
बलिराज			
२ विग्रहपाल			
३ महेन्द्र	३ महेन्दु	३ महेन्द्रराव	२ महेन्द्रराव
४ अणहिल्ल			
५ जेन्द्रराज			
	४ सिंधुराज	४ मशरिक	३ मछरीक
	५ प्रताप [? आल्हण]	५ आहल्ण	४ आलण
६ अश्वराज	६ आसराज	६ आसराव	५ आसराव
७ आल्हण			
	७ जेन्द्रराज	७ जिन्दराव	६ जिंदराव
८ कीर्तिपाल	८ कीर्तिपाल	८/१ कीत् (जालोर)	७ कीतु
९ समरसिंह	९ समरसिंह	२ समरसिंह	८ सांवतसी
१० उदयसिंह	उदयसिंह		
	१० मानवसिंह	३ माणीजी	९ महणसी
	११ प्रतापसिंह	४ देवराज उर्फ पाता	
	१२ दशस्यंदन (बीजड़)		१० बीजड़
	लावण्यकर्ण		
	१३ लुंभा		११ लुंभा

कुछ विसंगतियों के स्पष्टीकरण :—

(क) महाराव रायसिंह के समय[1] में रचे (वि० सं० १५९०-१६००) कवि आसीया माला के कवित का मिलान सिरोही के वडुआ की बही (पुस्तक) में दी हुई वंशावली[2] से हो जाता है लेकिन "जींदराव तणै

१. चौहान कुल कल्पद्रुम, भा० १, पृ० २३०

२. वही, भा० १, पृ० ४९ और १६४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कीत् जिसा जै लीधो जालोर जडि" को सही अर्थ और परिप्रेक्ष्य में समझना होगा। कवि ने "जडि" चष्द खास भाव देने एवं अपनी बात ईमानदारी से कहने के लिए प्रयुक्त किया है।[1] वस्तुत: किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि महाराव रायसिंह को कवि आसीया माला अपनी इच्छानुसार उनके पूर्वजों का गुणगान सुनाने से उसको स्वीकृति मिल जाती क्योंकि दरबारियों तक को राजा के इतिहासकार का अच्छा ज्ञान होता था। इतना ही नहीं कविता की दृष्टि से एक भी "दग्धाक्षर" (अशुद्ध अक्षर) आने पर उसकी वन्दना नहीं की जाती थी। अतएव यह कवि की कोरी कल्पना मात्र न होकर वास्तविकता प्रतीत होती है कि वि० सं० ११९८ में भीनमाल समर्पण के उपरांत नाडोल में रहते हुए जेन्द्रराज के पुत्र कीत् का जालोर प्राप्त करने में किसी न किसी प्रकार से सहयोग रहा जिसे कवि ने "जिन्होंने मिलकर जालोर लिया" बिना किसी अतिरंजना के अभिव्यक्त किया है।

मुंहता नैणसीरी ख्यात का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित हुआ, उससे पूर्व "वीर विनोद" ग्रंथ की दो-तीन प्रतियां प्रेस से गायब होने के कारण जाहिर हो गई और उसके वर्षोपरांत वि० सं० १९६८ में ओझा कृत "सिरोही का इतिहास" नामक पुस्तक प्रकाशित हुई, उसके पहिले वि० सं० १७२१ की वंशावली प्रकाश में नहीं आई थी। इस प्रकार बडुवा द्वारा रखी जा रही वंशावली वि० सं० १९६७ तक सर्वमान्य थी।

(ख) विमलवसही शिलालेख का चौदहवां श्लोक—

वैरिवर्गदलने गततंद्रश्चाहुवामकुलकैरवचंद्रः।
यो नदूलनगरस्य नरेश आसराज इति वीरवरोऽभूत् ॥१४॥

भावार्थ :—शत्रुओं के समूह का नाश करने में आलस्य रहित, चौहान कुल-रूपी रात्रि-विकासी कमल को प्रफुल्लित करने वाला चंद्र सदृश और शूरवीरों में अग्रणी ऐसा नाडोल नगर का नरेश आसराज हुआ।

---

१. नाडोल के चौहान शासक आल्हण का सबसे छोटा एवं तीसरा पुत्र कीत् उर्फ कीर्तिपाल साहसी, वीर और महत्त्वाकांक्षी होने के कारण नाडोल में अपनी स्थिति से असंतुष्ट था तथा उसने वि० सं० १२३२-३५ के बीच अपने भुजबल से जालोर का राज्य परमारों से छीना। नाडोल में निर्वासित जीवन व्यतीत करने वाले जेन्द्रराज के पुत्र कीर्तिपाल ने भी उस विजय में सहयोग किया होगा। कवि के कथन का यही आशय है और ऐसी ही मान्यता दी गई है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किसी राज्य के अधिपति के लिए केवल राजस्थानी बात साहित्य में "अमुक नगर का नरेश" लिखने की विशिष्ट पद्धति पाई जाती है, लेकिन "नगरस्य नरेश" भाषा शैली संस्कृत की पद्यमय प्रशस्तियों में देखने को नहीं मिलती। "नाडोल+आ=का" का संस्कृत रूपान्तर 'नदूलनगरस्य नरेश" प्रतिध्वनित होता है। ऐसी धारणा का कारण यह है कि देवड़ा आसराज का उद्भव नाडोल से था, फिर भी उसे स्पष्ट रूप से देवड़ा कहना एक प्रकार से श्रेष्ठकर न था (वशिष्ट मदिर की प्रशस्ति में ' चाहुमांनवंशोद्धरणधैरिय राज श्री तेजसिंह" है) अस्तु देवड़ा नरेश के बजाय प्रशस्ति रचयिता ने परम्परागत युक्ति से नाडोल (नगर का) नरेश अलंकार से सृजित करना सर्वोत्तम समझा। पाठकों में से जिनका सम्पर्क चौहानों से रहा है, वे जानते हैं कि साधारण चौहान को भी आज तक "सांभरी नरेश" के विरूद से प्रायः शुभराज (सम्मान) किया जाता है। उदयपुर राज्य के इतिहास भा० १, पृ० १५६ टि १ में डा० ओझाजी लिखते हैं, ' इस (घाघसे) लेख के शाकंभरीश्वर से अभिप्राय नाडोल के चौहानों से है। चौहान मात्र अपनी मूल मात्र राजधानी शाकंभरी (सांभर) से 'शाकंभरीश्वर" या "सांभरी नरेश कहलाते है।" यह एक वैसा ही विशेषण है, जैसाकि सूंधा शिलालेख श्लोक ५ में लक्ष्मण के लिए "शाकम्भरीन्द्रः" प्रयुक्त कर लिया है। कीर्तिपाल को सूंधा शिलालेख के छंद ३६ में "श्री जावालिपुरे स्थिति व्यरचयन्नद्दूलराज्येश्वर" व्यक्त कर रचनाकार ने अपना मन्तव्य खुलकर प्रकट कर दिया कि नाडोल+का=नदूल राज्य के स्वामी ने जाबालिपुर (जालोर) में अपना शासन स्थापित किया। इतिहास साक्षी है कि न तो लक्ष्मण कभी सांभर के सिंहासनारूढ़ हुआ और न कीर्तिपाल नाडोल की गद्दी पर बैठा तथापि क्रमशः सांभर एवं नाडोल शाखाओं से होने के निमित उक्त उपमा से विभूषित किया जाना प्रतीत होता है।

आसराज या अश्वपाल को उसी रीति के अनुसरण में नाडोल नगर का नरेश कहा गया है।

(ग) प्राचीन काल में समस्त राजाओं की वंशावली तथा इतिहास लिखने की परम्परा नहीं थी किन्तु जहां से शाखा अलग होती थी वहां से नामावली को आरंभ किया जाता था। इस सिद्धांत के अनुसार विमलवसही में अंकित वंशावली को जालोर से मानें तो सबसे ऊपर समरसिंह का नाम आना चाहिए था अथवा अगर नाडोल तथा फिर जालोर से मानें तो आसराज के पश्चात् आल्हण एवं कीर्तिपाल के नाम आने चाहिए थे लेकिन ऐसे महापुरुषों के नामों को लोप करने का कोई विवेकपूर्ण कारण खोजने पर भी नहीं मिलता है। इस तरह दोनों अवस्थाओं में प्रतिकूल स्थिति पाई जाती है। इससे स्वतः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिद्ध हो जाता है कि नामावली सं० २ का नाडोल अथवा जालोर की वंशावली से कोई लेना-देना नहीं हैं बल्कि निश्चित रूप से यह कोई तीसरी ही है।

अगर थोड़ी देर के लिए उसे भीनमाल की वंशावली मान कर विचार करते हैं तो बड़ुआ की बही में लिखी ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रतीत होता है कि जब वि० सं० १३७८ की प्रशस्ति लिखने का दुविधापूर्ण अवसर महाराव तेजसिंह के सम्मुख आया होगा तब जिन्दराज और कीतु को विफलताओं के कारण संभव है कि किसी दरबारी ने ही उनके सगुन बिगाड़ दिया हो और उनके नाम वंशावली में से हटाने का कटु निर्णय लेना पड़ा। जिंदराव का राज्य गंवाना और कीतू की असफलताओं ने ईमानदारी से कहें तो, महिमागान के लिए एक शब्द भी न छोड़ा था। इतिहास में अन्य राजवंशों में भी राज्य खोने वाले, कुलघाती आदि पूर्वजों को उनके वंशज बड़ी हिकारत की नजर से देखते थे एवं उनके नाम बहुधा वंशवृक्ष में से हटाने के कई दृष्टांत अन्यत्र भी देखने को मिलते है। महाकवि सूर्यमल्लजी मिश्रण तो यहां तक कह गये हैं कि राजाओं के पुत्र नवीन भूमि नहीं लेवे उनको किसी प्रकार से पुत्र नहीं कहते—

जनक धाम पावत निखिल बिनु श्रम यह पद्धति बहत॥
नव भुव गहै भूपन तनय किमहु पुत्र ताहि न कहत॥२५॥

(वंश ११२७:२४)

भीनमाल के जिन्दराव और उसके पुत्र कीतू का उससे भी ज्यादा दुर्भाग्य रहा है, जिसे स्वीकारा जाना चाहिये।

(घ) नाडोल तथा जालोर के चौहानों से भीनमाल व चन्द्रावती के देवड़ों ने कुछ अपवाद या उलट-पलट के एक-सा नाम रखने का प्रचलन अन्त तक जारी रखा। मसलन—जालोर में सामन्तसिंह एवं कान्हड़देव तो चन्द्रावती में कान्हड़देव और फिर सामन्तसिंह हुए। मूल में इसका कारण यह होना जान पड़ता है कि किसी एक नामधारी द्वारा प्रतापी बनकर राज करना और उसके वंजजों को पुनः उसी परम्परा में देखने की ललक नाम रखकर पूरी की जाती थी। इन समान नामधारियों के कारण ही वंशावलियों के सही निर्धारण में विघ्न रहा है।

समरसिंह के ज्येष्ठ पुत्र उदयसिंह के कोई संतान होना नहीं पाया जाता सिर्फ उसके छोटे पुत्र मानवसिंह का ही आगे बंश चला किन्तु तेजसिंह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तक समान नहीं मिलते। इसका मुख्य कारण वि० सं० १३०७ तक मानवसिंह की सन्तानों का जालोर में निर्वासित रहना मालूम होता है क्योंकि जिन लोगों का किसी राज-परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध और आना-जाना होता वे राज-परिवार के सदस्यों के मिलते-जुलते नाम नहीं रखते थे अन्यथा उनके संबोधन में बड़ी असुविधा उत्पन्न हो जाती थी और किसी भी समय गलत-फहमी होने का अंदेशा बराबर बना रहता था।

चौहानकुलकल्पद्रुम में एक स्थान पर श्री देसाई ने लिखा है, "................ मान (व) सिंह की औलाद वालों [सिरोही के देवड़ा चौहानों] की ख्यात में द्वेषभाव से उदयसिंह का नाम नहीं लिखा गया है, जैसेकि सूंधा के लेख में मानसिंह का नाम लिखने की परवाह नहीं की है।"[1] लेकिन उपर किये गये विश्लेषण से इस बात में कोई संदेह ही नहीं रह जाता है कि मानवसिंह का भाई उदयसिंह और जालोर का शासक उदयसिंह अलग-अलग शाखाओं में हुए है। फिर सूंधा शिलालेख में मानव-सिंह का नाम आने का प्रश्न ही कहां पैदा होता है ? रहा सवाल मानवसिंह के भाई उदयसिंह का, सो जिनके वंश चलते हैं, उन्हीं के नाम ख्यातों में सामान्यतः लिखे जाते हैं। उदयसिंह से न वंश चला और न उसने कोई उल्लेखनीय कार्य किया जिससे कि उसका नाम लिखते ? अब सहज ही यह कहने की आवश्यकता रहती है कि श्री देसाई द्वारा लगाया गया द्वेषभाव का आरोप आधारहीन है।

(ङ) विसंगतियों के मामले में विचार करते हैं तो एक बात स्पष्ट झलकती है कि आढ़ा महेशदासजी[2] को विचाराधीन शिलालेखों के बारे में न कोई जानकारी थी और न बाद में शोध होने का आभास ही था, अन्यथा वे वंशावली का अविकल संस्करण न भेजते। इसके विपरीत एक ओर उन्हें चार पीढ़ी राज्य विहीन रहने की वास्तविकता ज्ञात थी, जिसकी पुष्टि समरसिंह का नाम अलग करने से होती है. तो दूसरी तरफ कवि आसीया माला के कवित में कीर्तिपाल द्वारा मिलकर जालोर लेने का प्रसंग भी विदित था लेकिन छप्पय से सही पृष्ठ-भूमि को समझना संभव न था।

---

१. चौहान कुल कल्पद्रुम, भा० १ पृ० १६८

२. वि० स० १६९९ में सिरोही के महाराज अखेराज ने उनको विरायली तथा उंड नामक दो गांव और दो लाख-पसाव दिये। उनके दादा आढ़ा दुरसाजी को वि० सं० १६६३ में महाराव सुरताण ने अपना पोल बारहट बनाया था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राचीन कविगण अनूठी कहने को बड़े आतुर रहते थे। कथानक के ऐसे अन्तर का मिलान करने का अवसर वे भला क्यों कर चुकते ? फिर उस बारे में तो अनुमोदन की भी आवश्यकता न थी। बस, चन्द्रावती के देवड़ों को जालोर विजीत करने वाले कीर्तिपाल के वंशज होने का क्षेपक जोड़, परिनिर्वाण वंशावली सं० ३ नैणसी की ख्यात के लिए प्रेषित कर दी।

(च) महाराव लुंभा ने वे परिस्थितियां वास्तव में जो थीं जो उसके सामने एक नया राज्य स्थापित करने में बाधाएं बन खड़ी थीं लेकिन उनके पुत्र तेजसिंह, जिन्हें राज्य विरासत में मिला था, उन कठिनाईयों का सही मूल्यांकन नहीं कर सके। हमारी राय में यही वह कारण है जिससे कि सवा वर्ष से भी कम समय में लिखे गये दोनों पाषाण लेखों की नामावलियों में भारी अन्तर आया। कोई भले ही विश्वास न करे लेकिन महाराव लूंभा ने अपने पूर्वजों की विफलताओं को क्षम्य माना जबकि तेजसिंह ने नहीं।

सदसद्विवेक :

इसे एक विडम्बना ही कहा जायेगा कि नामावली सं० १ क, २, ४, ५ एवं ६ का आपस में मिलान होने के उपरांत भी उसे मान्यता न दी गई लेकिन बावजूद इसके कि जालोर के सोनगरों की वंशावली से नामावली सं० १ तथा ३ के बेमेल होने की परवाह न कर उसे जालोर से सम्बन्ध मान लिया। इसका आश्चर्यजनक पक्ष यह है कि विसंगतियों की सीधी परख करने का कभी प्रयास ही नहीं किया गया बल्कि जो तथ्य ग्रहण किये जाने योग्य पाये गये उन्हें मान्यता दे दी और शेष को कल्पित मानकर छोड़ दिया। नामावली सं० ३ अवास्तविक होते हुए भी कथित शोध के नाम पर स्वीकारने से जो भूल हो गई है, अब उस दृष्कृति का मोह भंग हो जाना अपेक्षित है।

उपसंहार

नामावली सं० १क का आकलन बिना पक्षपात एवं आदर्शवाद के रहित, ग्रहण करते हैं तो इसकी परिशुद्धता, विश्वसनीयता और प्रामाणिकता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऊपर सुनिश्चित की जा चुकी है तथा नामावली सं० ३ पूर्वाग्रह पर आधारित भ्रम मूलक, जाली और प्रक्षिप्त होने से त्याज्य है। अतः हमारा यह निष्कर्ष अतिशयोक्तिपूर्ण न होकर युक्ति-युक्त है कि नामावली सं० १ क १ अब निर्विवाद रूप से परिष्कृत, सर्वमान्य, ग्राह्य, और अभिनंदनीय है, उसे मान्यता देते हुए पुर्नप्रतिष्ठित किये जाने की आवश्यकता है।[1]

राव गरणपतसिंह
बाल विकास परियोजना अधिकारी,
चोहटन-३४४७०२ (ज़िला—बाड़मेर)

---

१. नवीन मान्यता एवं आयाम से देवड़ों की उत्पत्ति का प्रश्न पुनः उभर कर सामने आता है, उसके लिए कृपया देखिये. "देवड़ों का आदि पुरुष: माणकराव उर्फ................" नामक मेरा लेख।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानवता : एक संदृष्टि

'मानवता' एक विस्तृत चिन्तनपरक इकाई है, जो अनेक तथ्यों, विशेषणों से अलंकृत है—जैसे मानवीय-गुणों का विकास, सामाजिक-न्याय, विश्व-बन्धुत्व,[1] अखिल-प्राणि मात्र में सहज भ्रातृता-समता-स्वतन्त्रता का प्रसार, शिष्टाचार के नियमों का पालन, विश्व-मंगल[2] एवं सुरक्षा की भावना, अखिल प्राणि-मात्र से प्रेम, सेवा तथा कल्याण-भावना, सुख-आरोग्य की भावना काम्य-कर्म का त्याग—(अर्थ, काम, तृष्णा और गर्व), अतिथि पूजा,[3] परोपकार की भावना,[4] त्याग कर भोगना,[5] समता की दृष्टि, अभयता, चित्त एवं उसकी शुद्धि, निष्ठा, दम, विवेक, सहृदयता, आत्म-नियन्त्रण, ब्रह्मचर्य का परिपालन, सज्जनता, मानव-प्रेम, मानव की सर्वश्रेष्ठता,[6] सत्य, शिव और सौन्दर्य-भाव, दान-भावना, दुःखियों के दुःखहरण व पारस्परिक-प्रीति, सर्वभूत मैत्री, पतितों का उद्धार, सुमति की प्रेरणा, सन्तति का नियोजन, करुणाशीलता, अहिंसावाद, अधार्मिक तत्त्वों का विरोध तथा वैदिक धर्मोपदेश का समर्थन, मानव-मात्र को संगठनोपदेश, सार्वभौमिक शांति की संस्तुति, दीर्घायु-भावना, सामाजिक-आर्थिक-धार्मिक-वैचारिक-स्वतन्त्रता, उत्तम-विद्या और आत्म-शक्ति का लाभ—आदि उत्तम जीवन-मूल्यों का समन्वयात्मक सार्वभौमिक मानव-धर्म है।

मानवता के पोषक-तत्त्वों के पश्चात् उसके शोषक-तत्त्वों को भी देखिये :—अवैदिक विचार,[7] संग्रह-प्रवृत्ति,[8] अमानवीय प्रवृत्तियाँ, पाशविक एवं आसुरी वृत्तियां, अधार्मिक विचार, अविद्या,[9] अस्मिता, राग, द्वेष, अभि-

---

१. 'वसुधैव कुटुम्बकम् ।'
२. 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।'
३. 'अतिथि देवो भव।'
४. 'परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम् ।'
५. 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्यस्विद्धनम् ।'
६. 'पुरुषः प्रजापतिः ।'
७. दृष्टवदानुश्रविकः स ह्यविशुद्धिक्षयातिशययुक्तः ।
तद्विपरीतः श्रेयान् व्यक्ताव्यक्तविज्ञानात् ।। सां० का०-२
८. केवलाघो भवति केवलादी । ऋ० वे० १०-११७-६
९. नित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्य शुचिसुखात्मख्यातिरविद्या ।—यो० सू० २-५

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निवेश आदि क्लेशों की ओर प्रवृत्ति, त्रिविध-दुःखों से मोह,[१] अनात्म-विचार, मात्र ऐन्द्रिक-सौख्यभाव, हिंसात्मक, दम्भ, दर्प, असत्य-भावना, अधिकार का अपहरण, खाद्य-पदार्थों मे मिलावट, छल, फरेब, स्वार्थपरता, लालच, बेईमानी, संग्रहवृत्ति, उच्च वर्णों के द्वारा निम्न वर्णों के और धनियों द्वारा निर्धनों के सामाजिक-आर्थिक-राजनैतिक एवं धार्मिक-अधिकारों का अपहरण, रिश्वत-खोरी, मुनाफाखोरी, कालाबाजारी एवं जुआखोरी,[२] मद्य-मांसादि अभक्ष्य-भक्षण, अपवित्रता एवं परस्पर-घृणा आदि असामाजिक-तत्त्व मानवता को नष्ट कर रहे हैं, जिससे मानव दानवता की ओर बढ़ रहा है। ससार में कई प्रकार के विनाशक-यंत्रों, परमाणु-शस्त्रों, विषैलो-गसों के अविष्कार हो रहे हैं—जिनसे 'मानवता' खतरे मे है। ऐसे अवसर पर मानवता की परम्परा को शाश्वत बनाये रखना अत्यावश्यक हो जाता है।

'मानवपरक' चिन्तन का इतिहास उतना ही पुरातन है, जितना कि मानव-समाज। भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य में मानवपरक विचारधारा सदैव प्रवहमान रही है। भारतीय वाङ्मय में वह वैदिक-काव्य[३] से प्रस्फुटित होकर ब्राह्मण[४] आरण्यक उपनिषद्[५] सूत्र, दर्शन एवं साहित्य का अन्य विधाओं में भी सतत प्रवाहित रही है तथा आधुनिक विचारकों, लेखकों चिन्तकों एवं साहित्यकारों का लेखनी स भी अछूती नहीं रहा है।

मानवतावादो परम्परा के प्रमुख विचारक हैं:—कन्फ्यूशस, जरथुष्ट्र, ईसा, जगद्गुरु शंकराचार्य, गुरुनानक, परमहंस रामकृष्ण, स्वामी विवेकानन्द, महर्षि दयानन्द, महात्मा गांधो, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक आदि।

सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी 'मानव' है और वेदवचन 'अमृतस्य पुत्राः' के अनुसार सभी मनुष्य परमेश्वर की सन्तान हैं। फिर भा वेद एक बार नहीं हजार बार दुहराना चाहता है—'मनुर्भव' अर्थात् अरे मनुष्य, तू मानव बन, सही अर्थों म इन्सान बन। हे मानव! तू दैव्य-जन का उत्पादन कर, दिव्य मानवता का द्योतन कर। अथर्ववेद भी मानव को पराक्रम एव वीर्यवान् की श्रेष्ठता का ही उपदेश देता है 'हे मनुष्य! तू वीर्यवान् को श्रेष्ठता को प्राप्त कर

---

१. अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः। सां० सू० १-१
२. 'अक्षैर्मा दीव्य'—ऋ० १०-३४-१३
३. संगच्छध्वं सवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। ऋ० १०-१९१-२
४. 'पुरुषो वै प्रजापतेर्नेदिष्ठम्।'—शत० ब्रा० २-५-१-१
५. 'विज्ञानं आनन्द ब्रह्म।'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और अपने जैसों को लांघकर जा।' 'मानवता' मानव के अन्तरङ्ग से संबंधित है, जिसका अन्य प्राणियों में अभाव देखा जा सकता है। 'मानव' में मन, बुद्धि[1] आदि से विलक्षणता है। सब मानव एक हैं। पशु, जीव-जन्तु – सबमें एक ही आत्मा का निवास है। जो दूसरे के दुःख को नहीं समझता, उसके कष्टों का अनुभव नहीं करता, उसकी आत्मा आनन्द का साक्षात्कार नहीं कर सकती। 'ईसा' ने लोभ, लालच, और क्रूरता को हृदय से निकाल देने का संदेश दिया। उन्होंने प्रतिशोध की भावना की अवहेलना की और कहा—"यदि कोई तुम्हारे एक गाल पर चांटा मारे तो तुम दूसरा गाल भी उसकी तरफ कर दो।" शत्रुओं के साथ भी भला बर्ताव करने की सलाह दी। उनका कहना था कि "दूसरों के प्रति वैसा व्यवहार करो जैसा तुम चाहते हो कि तुम्हारे साथ करें।" उन्होंने निर्धनों, समाज में शोषित, पद-दलितों के लिए आशा का संदेश दिया—"धन्य हैं वे जो गरीब क्योंकि ईश्वर का राज्य उन्हीं का है। धन्य हैं वे भूखे क्योंकि वे सन्तुष्ट किए जायेंगे। धन्य हैं वे जो रोते हैं, क्योंकि वे हंसेंगे।" ईसा के उपदेशों में मानवता की छटपटाहट है, वह मानव-मात्र का कल्याण चाहता है।

मानवतावादी चिन्तक मानवीय-समस्याओं के समाधान में तत्पर रहता है, वह लोगों के कष्ट-निवारणार्थ उनकी सेवा करता है। लैम्बरेने में एक चिकित्सक के रूप में सेवा करते हुए। डॉ० श्वाइत्जर[2] को दीन-दुःखियों के प्रति हमदर्दी जगी—"मैं इस रूप में निराशावादी हूँ कि दुनिया में होने वाली घटनाओं में प्रयोजन का अभाव पूरे वजन के साथ महसूस करता हूं। दुर्लभ-क्षणों में ही मुझे जीवित होने के आनन्द का एहसास हुआ है। केवल मनुष्यों के ही नहीं, पूरी सृष्टि के जिन दुःखों को मैंने देखा, उनके प्रति खेद-भरी सहानुभूति का अनुभव मुझे हुआ है। पीड़ा के इस समुदाय से मैंने कभी अपने को अलग नहीं किया। मुझे यह उचित लगा है कि दुनिया के पीड़ा-भार में हम अपना हिस्सा बटाएँ .... दुनिया में दुःख की समस्या से मैं कितना व्यग्र रहा हूं, मैंने स्वयं को इसके बारे में ख्यालों में नहीं खोया। मेरा यह दृढ़ विचार रहा है कि हम में से प्रत्येक इसके किसी अंश को समाप्त करने के लिए कुछ कर सकता है। इस प्रकार धीरे-धीरे मैंने इस ज्ञान में सन्तोष पाया कि समस्या के बारे में केवल एक चीज हम अपने तरीके से उद्धार में, योग के लिए कुछ करता है।"[3] डॉ० श्वाइत्जर का यह वैयक्तिक प्रयास का अनुभव कुछ लोगों का दुःखभार हल्का कर सकता है, लेकिन उनसे मनुष्य के सामूहिक कष्ट दूर नहीं होते।

---

१. 'अध्यवसायो बुद्धिः।'
२. प्रसिद्ध पाश्चात्य मानवतावादी विचारक।
3. Out of my Life and thought.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आधुनिक युग के महान् विचारक महात्मा गांधी के आदर्शों से चाहे समतावादी समाज का निर्माण न हुआ हो, किन्तु उन्होंने भारत को एक नयी दिशा प्रदान की। उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध 'अहिंसा' और 'प्रेम' को स्वतन्त्रता संग्राम का शस्त्र बना लिया था। यह विश्व में एक आश्चर्यजनक घटना थी। गांधी का जीवन-दर्शन मानव-सेवा के उदात्त विचारों से अनुप्रेरित था। उन्हीं के क्रांतिकारी शब्दों में—"सत्य की सार्वभौम आत्मा के साक्षात्कार के लिए व्यक्ति को क्षुद्रतम जीव से भी आत्मवत् प्रेम करने योग्य होना चाहिए। और वह व्यक्ति जो ऐसी कामना करता है, जीवन के किसी क्षेत्र से अलग नहीं रह पाता। यही कारण है कि सत्य के प्रति मेरी निष्ठा ने मुझे राजनीति के क्षेत्र में ला दिया।"[1]

मानव जीवन का मूलभूत लक्ष्य है—'अहिंसा' और उस तक पहुंचने का साधन है 'सत्य'। सत्योपदेश के बिना मानव-मात्र की उन्नति नहीं हो सकती।[2] इन्हीं आदर्श-वचनों द्वारा भारत में अखण्ड एकता स्थापित हो सका।[3]

मानवतावाद मनुष्य-मात्र की उन्नति चाहता है और वह अखिल प्राणि-जगत् में 'मानव' की ही सर्वश्रेष्ठता स्वीकार करता है; किन्तु वास्तविक समस्या यह है कि आज उत्तम मनुष्यों का निर्माण नहीं हो रहा है। यदि मनुष्य ठीक न हो, तो हमारी आधारशिला सशक्त नहीं हो सकती। कृषि और उद्योग-धंधों में सम्पत्ति का लगाया जाना महत्त्वपूर्ण है, परन्तु मनुष्य बनाने के लिए योजना बनाया जाना उससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण है।[4] मानव सबका आदि पिता है। वह असभ्य मानव जो अफ्रीका और आस्ट्रेलिया आदि के जंगलों में जीवित है। यह है सभ्य-मानव —जो खेती कर रहा है, पशुओं को नियंत्रित कर रहा है। फिर आत्म-जिज्ञासु मानव—जो उपनिषद् के ऋषि के रूप में सृष्टि की पहेली को सुलझाने की चेष्टा कर रहा है, जो सुकरात के रूप में बड़े-बड़े जन-समूहों को शिक्षा दे रहा है, जो

1. The Mind of Mahatma Gandhi, p. 22.
२. आर्य समाज के संस्थापक—महर्षि दयानन्द।
३. पं० नेहरु के सन् १९५८ के स्वतन्त्रता-दिवस के भाषण का अंश।
४. पं० जवाहरलाल नेहरु के उद्गार।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कन्फ्यूशस के रूप में सफल जीवन के सिद्धांत पत्थरों पर खोद रहा है।[1] यह मानव-विकास का उत्तरोत्तर सोपान है, कि वह वन-मानुष से ऋषिपद तक पहुँचता, यही इन्सानियत है।

जिसे हम मानव-जीवन में ही प्राप्त कर सकते हैं। वस्तुतः यह मनुष्य-देह समस्त ब्राह्माण्ड का प्रतीक है। आधुनिक वैचारिक-प्रणाली को नई दिशा देने वाले मनोषी डॉ० गोपीनाथ कविराज के शब्दों में—"अखण्ड-ज्ञान, अखण्ड-ऐश्वर्य, अखण्ड-भाव ये सब मनुष्य देह में ही, अवस्था-विशेष में ही, व्यक्त हो सकते हैं। मनुष्य के सिवा अन्य किसी योनि में पूर्णत्व के मार्ग पर आरूढ़ होना सभव नहीं।.................. देवगण भी .... मनुष्य शरीर की स्तुति किया करते हैं।[2] .... कुंडलिनी-शक्ति निद्रित रहने पर भी एक मात्र मनुष्य-देह में ही जागृत होती है। यहाँ तक कि मनुष्य देह में ही उसका पूर्ण जागरण संभव है।[3] यहां तक कि सौन्दर्य-कवि रवीन्द्रनाथ टगोर[4] मानव को 'स्वर्ण' की संज्ञा प्रदान करते हैं। उनका कहना था कि निष्ठापूर्वक कर्म करने से ही मानव मनुष्यत्व' को प्राप्त कर सकता है।

महर्षि मनु ने विश्व-मानव के कल्याणार्थ 'मानवता' के दश लक्षण उद्घोषित किये हैं—धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रिय-निग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध :—

धृतिः क्षमा दमोऽस्ततेय शौचं इन्द्रिय-निग्रहः।
धीर्विद्या सत्यक्रोधौ दशकं धर्म-लक्षणम्॥ —मनु० ६-९२

अन्त में हम यह कह सकते हैं कि 'मानवता' प्रेम, करुणा, दया, सहानुभूति, मैत्री, मृदुता, अद्रोह, अहिंसा, अभय, सत्य, धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच आदि मानवीय-मूल्यों का समन्वयात्मक मानव धर्म है। वस्तुतः 'मानवता' को जान लेना पर्याप्त नहीं है। हमें मानवता के साधना मार्ग पर चलने के लिए स्वयं को उद्यत रहना चाहिए। ....क्योंकि आज तक ज्ञानी-विज्ञानी, ऋषि-मुनि तत्त्वज्ञ मनीषियों ने अपने चिन्तन-मनन का निचोड़ यही निकाला है कि मानव-जीवन का चरम लक्ष्य है-परमानन्द की उपलब्धि।

---

१. योगीराज श्री अरविन्द – पाण्डिचेरी के अरविन्दाश्रम में १९५३ की प्रदर्शनी के एक दृश्य से उद्धृत।
२. डॉ. गोपीनाथ कविराज; 'भारतीय सस्कृति और साधना' (द्वितीय भाग), पटना, १९६४, पृ. २१।
३. — वही, पृ. १६।
४. "पुजारी! भजन, पूजन, साधन, आराधना इन सबको ......।"—'गीताञ्जलि'।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आज चरमकोटि पर भौतिक-सुखोपभोगी पाश्चात्य लोग क्यों भाग-भाग कर भारत की ओर आ रहे हैं ? विदेशों में 'हरे राम' 'हरे कृष्ण' जैसे सम्प्रदाय क्यों प्रभावशाली हो रहे हैं ? पूर्व का 'योग' और 'अध्यात्म' सबको क्यों आकर्षित कर रहा है?

कारण स्पष्ट है कि आज की वैज्ञानिक-सभ्यता से ग्रस्त मानव के कदम चांद और मंगल आदि ग्रहों की ओर हैं, वैसे-वैसे वह अन्दर से खोखला होता जा रहा है। यह यांत्रिकता-भौतिक-सुखों से परिपूर्ण होने पर भी मानव को शान्ति प्रदान नहीं कर रही है—आज विश्व का मानव 'आनन्द' (शान्ति)[२] का खोज में है। इसी बात की आज सर्वोपरि आवश्यकता है और यही आज के युग की सबसे बड़ी मांग है।

मानवतावाद और मानववाद—

आधुनिक युग में मानवतावाद के समानार्थक, किन्तु कुछ भिन्न अर्थ का प्रतिपादन करने वाली विचारधारा है—मानववाद'। जो मनुष्य को बदलने हेतु उसके सामाजिक-पर्यावरण में अनिवाय रूप से परिवर्तन की आवश्यकता मानता है। वह मानवपरक मौलिक-सद्वृत्तियों में नैतिक आस्था या शुभेच्छा मात्र से सन्तुष्ट नहीं है।

'मानवतावाद' मानववाद का एक अङ्ग है और मानववाद अङ्गी। यह एक वैज्ञानिक तर्कवादी दृष्टिकोण है जो मानवीय-अस्तित्त्व की श्रेष्ठता का उत्तरदायित्त्व लिये हुए है। डॉ॰ नवलकिशोर शर्मा की वैज्ञानिक-शैली में मानववाद का मूलभूत लक्ष्य चिन्तित हो उठा है—

"..................(मानववाद) आज की उन दार्शनिक-चिन्ताओं का अध्ययन, जो इस दुनिया में मानवीय अस्तित्त्व को श्रेष्ठ बनाने की इच्छा से प्रेरित है।[३]

रतनलाल कामड़
वरिष्ठ शोध सहायक
राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान,
चितौड़गढ़

---

१. 'Know thyself'—सुकरात।
२. अपने आप को पहचानों—वही।
३. 'मानववाद और साहित्य', राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, १९७२; पृ. ११।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Notes on the Prakrit of Early Commentaries of the Jain Canon

ABBREVIATIONS

AVH : Āvaśyaka-sūtra (with Niryukti, Bhāṣya, and Haribhadra's Vṛtti) (Agamodaya-samiti edition)

AVM : Āvaśyaka-sūtra (with Niryukti and Malayagiri's Vivaraṇa) (Agamodaya-samiti edition).

AVC : Āvaśyaka-sūtra (with Niryukti and Cūrṇi) (Ratlam edition, 1928).

ChG : Chappaṇṇaya-gāhāo in Saptaśatısāra and Chappaṇṇayagāhāo, 1970

DKC : Dasakāliyasuttaṁ (with Niryukti and Cūrṇi, 1973).

KM : Kuvalayamālā, 1959.

MK : Maṇoramākahā, 1983.

PSM : Pāiasaddamahaṇṇavo.

VH : Vasudevahiṁḍı, 1930, 1931

The source of the data presented and discussed below is primarily Haribhadra's commentary on the Āvaśyaka-sūtra. Occasionally, Malayagiri's commentary on the Āvaśyaka-sūtra and Āvaśyaka-cūrṇi also were consulted. Many illustrative stories are commonly shared by these

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

three works, and evidently this textual layer is earlier than Haribhadra (8th Cent. A.D.). Occurrences of the forms and constructions discussed are cited from some other Prakrit and Apabhraṁśa texts also.

1. Past Passive participle extended with-ellaya

Past passive participles extended with the suffix-*ellaya-illaya-* (made up of-*ella-illa-* + *-ya-*) have been noted from Ardha-Māgadhī and Jain Māhārāṣṭrī, and several scholars have discussed the origin of this suffix and its relation with the *-la-*suffix of the past passive participle found in several NIA. language, like Marathi, Gujarati, Maithili, Bengali, Oriya, Old Hindi etc.[1] Despite the long history and importance of the form, however, no attempt has been made so far to give systematically an historical account of its varying uses i.e. functions and meaning as found during various stages in literary and other sources.

From the usages we find in AVH. and othar Prakrit texts three unctions can be distinguished for the form with the *-ellaya-* suffix; 1. attributive adjective, 2. predicate, conveying a simple past or perfective sense, 3. predicate, conveying a present perfective or pluperfective sense. Illustrations from AVH. and a few other texts are cited below. We find *-ellaya-*, *-illaya-*, *yallaya-* and *-elliya-* as spelling variants.

i. ppp. in *-ellaya-* used attributively

णएल्लय	— AVH 89 *a*
मत्तेल्लय	— " 203 *a*
बद्धेल्लय	— " 224 *a*, 300 *a*, 515 *a*
आणिएल्लिय	— VH. 57
हएल्लिय	— VH. 56
पडिहत्थेल्लिय (for पडिहत्थिएल्लिय)	VH. 45

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

छाएल्लय–थूणिएल्लय–मारिएल्लय–वियत्तिएल्लय,
पउलिएल्लय, पक्केल्लय, भुल्येल्लय, णिप्पिच्छिएल्लय — KM. 112

आसासिएल्लय — ChG. v. 65

निब्भच्छियल्लय — ChG. v. 66

ओक्कतल्लिय (ओक्कयल्लिय) — DKC. 23 (1.19)

पठिकुट्टेल्लग/पडिकुट्टिठल्लग

(in a verse commonly occurring in the Vyavahāra-bhāṣya, Niśitha, Oghaniryukti etc. Noted in the PSM).

ii. ppp. in -ellaya- used predicatively in the simple past sense.

From AVH :

अण्णया दुब्भिक्खे तस्स कुलपुत्तगस्स अंबिल-यवागू सिद्धेल्लिया 91 *a*
'Once in famine time sour-gruel was cooked for that young man of noble family'.

तेहि ते आगमिएल्लगा 317 *a*
'They were recognized by them'.

3. सा य अमच्चेण भणिएल्लिता 373 *b*
'And she was addressed by the minister (thus)'

4. अहो कएल्लओ णेण धम्मो 359 *a*
'Oh ! what a religious vow he observed'.

5. सो य पवेसियल्लओ 405 *a*
'And he was admitted'.

From KM :

6. सा य उत्थल्लियए माणिक्क-पट्टियए दढ-णिबद्ध कयल्लिय 84. 14.
'And it was tightly bound by means of an inverted jewelled strap'.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

7. सुयंध-सिणेहो........सीसेण धरियल्लओ. 184. 14-15

'Perfumed oil was borne (i.e. applied) on the head'.

8. तम्मि य काले पुरवर-सुंदरीओ कइसियओ जायल्लिओ 113. 10

'At that time the beautiful women of the city became what-like? (i.e. what were their looks and conditions)'.

iii. ppp. extended with *-ellaya-* used predicatively to convey pluperfect.

1. तद्दिवसं च तस्स भगिणी आगएल्लिया AVH. 92 *b*

'And that day his sister had come'.

2. सा य उग्गसेण-पुत्तस्स णभसेणस्स वरेल्लिया AVH. 94 *a*

'And she had been chosen for marriage by Ugrasena's son Nabhahsena'.

3. तत्थ महुराए पिउच्छाए, रण्णो अग्ग-महिसीए, धूआ लद्धेल्लिया. AVH. 173 *b.*

(Sanskrit chāyā of लद्धेल्लिया : लब्धपूर्वा)

'(He) had got the daughter of the chief queen of the king of Mathura this queen being also his aunt'.

4. तेण दूतेण णायं जहा रण्णो पुव्वं कहितेल्लयं.... 175 *a*

'(When) that messenger came to know that report had been already made to the king.....'.

5. एयम्मि अंतरे सिद्धत्थो ····· वाणमंतरो जाएल्लओ, सो आगओ. 188 *a*

(Sanskrit chāyā of जाएल्लओ जातोऽभवत्)

'At that juncture arrived Siddhāntha,........who had been born as a Vyantara',

6. अत्थि तुब्भ ओरणओ अमुय-कालम्मि नट्ठिल्लओ ? 194 *b*

'Is it that some time back you had lost your ram?'

Here naṭṭhillao corresponds to naṭṭha-puvvaṁ of the preceding question :

अत्थि तुब्भ अमुककाले छस-पलयं नट्ठयं णट्ठपुव्वं ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Is it that sometime back you had lost your bowl that was a ten-pala measure ?'

जो सेवालो सयं मएल्लग्रो तं ग्राहारेइ 287 *b*

'He eats moss that had withered of its on accord'.

7. तत्थ तद्दिवसं पगतं वत्तेल्लयं 306 *b*

'That day there had been a festive occasion'.

8. संख-रण्णमे भाइणेज्जो चित्तो नाम दूएक्काए गएल्लग्रो 214 *b*

(Sanskrit Chāyā : गएल्लग्रो गतवान् ग्रभूत्)

'King Śaṅkha's sister's son, called Citta, had gone as a messenger'.

9. सा परं परिणितेन दिट्ठेल्लिया 343 *a*

'She had been seen by him only when he had married her'.

10. तं च....वंस-सिहरे ग्रड्डं फट्ठं कतेल्लयं 360 *a*

'There across the top of the bamboo a wooden piece had been fixed'.

11. तम्मि णयरे सत्थवाहो दिसायत्तं गएल्लग्रो 398 *a*

(Sanskrit Chāyā of गएल्लग्रो : गतोऽभूत)

'The Caravan merchant in that city had gone abroad'.

12. एगस्स सव्वं घडियल्लयं, किंचि किंचि नवि 410 *a*

'All of another (wheel) had been fashioned excepting some minor details'.

13. तीसे भगिणीग्रो ग्रण्णेसिं....दिण्णेल्लिग्राग्रो 433 *b*

'Her sisters had been given to others (in marriage)'.

From VH.

14. तस्स य इक्केण धम्म-मइणा गिहिणा खेत्त-णियत्तणं दिण्णेल्लयं 30-24-25

'Some religious-minded householder had given him a piece of farm-land'.

From KM.

15. कत्थ तुब्भे कल्ल जिमियल्लया ? 151-19

'Where had you dined yesterday ?'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

From MK.

16. पाणि-ग्गहण-समए चेव सा मए दिट्ठिल्लिया 318

'I had seen her only at the time of the hand-holding ceremony in the wedding'.

Present day Gujarati has generally *-y-* suffix except for the historically derived forms as the marker for the past or perfective and this form takes an ergative construction.

This form extended with *-el-* is used as participial adjective. When it is used as predicative it has the pluperfect sense in many dialects, but in the Southern dialect it is used in the sense of simple past,

iv. ppp. in *-ellaya-* used predicatively in the present perfect sense.

From AVH.

1, जाणइ.जधा छट्ठं कतेल्लय 362 *b*

'He thinks ; (the boy) has observed a six-meal fast'.

From AVC.

2. बितिम्रो भणति-जाहि बुड्ढे ! सो घरं आगतेल्लम्र

'The second pupil says 'Go, old woman, he has arrived at your house',

From VH,

3. संबेण एयाम्रो उद्दालियल्लियाउ 109.21

'They have been snatched away by Sāmba'.

2. Past Active Participle

This is formed by adding -āiya- to the past passive participle. We find numerous instances of this form in the narratives which were

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

borrowed in AVH from earlier sources and which are shared by AVC also. Pali has past active participles formed by adding -āvi- to ppp. e. g. हुतावी, वु'सतावी, भुत्तावी (Kaccāyana-vyākaraṇa, IV 2)- āvi derives from Sk. Taddhita possessive suffix -*vin*- found with some feminine nouns in ā (e.g. medhāvin). It corresponds to the usual Sk. active past participle formative -*vat*- Pk. -āiya- is derived from -āvi extended with -*ya*- Sk. -āvin-, nom sing- mase- āvi-, extended with pleonastic -*ka* : -āvika-, -āviya-āiya-),

From AVH.

सो केण जीविताइतो (जीवितवान्) ?	90 *a*
पुव्वगा य भगवम्रो इक्खु-रस (पिवि) (बि) याइया (पीतवन्त:)	125 *b*
मरुदेवी-सामिणी....भणियाइया (भणितवती)	149 *a*
मरुदेवी-सामिणी न पत्तिजियाइम्रा (AVM. पत्तिच्चियाइमा) (प्रतीतवती)	149 *a*
भरहो चक्क-रयणस्स ग्रट्ठाहिग्रा-महिम करियाइम्रो (कृतवान्)	150 *a*
भरहो सव्व-बलेणं तं अणुगच्छियाइम्रो (अनुगतवान्)	150 *a*
ततो नामंकं सरं विसज्जियाइयो (विसृष्टवान्)	150 *a*
भरहो चिंतियाइम्रो (चिन्तितवान्)	152 *b*
किहण्णे रायाणो रक्खियाइया ? (रक्षितवन्त:)	175 *a*
(AVC. किह ते रायाणो रक्खिताइता ?	233
सप्पलो वि सामिं दट्ठुं वंदिम भणियाइम्रो (भणितवान्)	192 *b*
जावतियं देवलोएसु पेच्छिताइम्रो (प्रेक्षितवान्)	209 *a*
तं समयं तित्थगरो धम्मं कहियाइम्रो (कथितवान्)	237 *a*
एस तुम्ह मूलं किं ग्राहारेत्ताइतो (for ग्राहारिताइम्रो) (ग्राहृतवान्)	308 *a*
निद-पेसलाणि ग्राहारेत्ताइतो (for ग्राहारिताइतो ?) (ग्राहृतवान्)	308 *a*
तो समणे भणियाइम्रो (भणितवान्)	312 *b*

Sporadically, this form-type continued to be used in Prakrit as late as the eleventh century. I spotted two intsances in Vardhamanasūri's Jugaijinimda-cariya, written in the 12th Century ;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुइवोद्दो पुच्छियाइश्रो (पृष्टवान्) 243,30

भगवश्रो पुरश्रो काऊरण भणियाइश्रो (भणितवान्) 243-13-14

It is likely that Vardhamana-suri has preserved these forms from the earlier texts he used as his sources, for it is quite significant that in AVH, also these type of forms characterize the Ṛṣabha carita.[2]

3. Transitive Past Passive Participle used Actively

In AVH. we have several instances of the past passive participle of transitive verb used actively, so that the subject takes the Nominative instead of the Instrumental, and the predicate takes the gender and number of the subject, and not of the object. These cases are noted below:—

1. ताहे राया तं वसुहारं पहड्डिश्रो 225 *a*

   'Then the king started to take possession of that downpour of Wealth'.

2. ताहे सुनंदा (दारगं) पमग्गिया 290 *a*

   'Then Sunandā started to ask for the son'.

3. रिद्धी य से दाइया, सो पगहिश्रो 297 *a*

   'Riches were shown to him : he started to accept them'.

4. ताहे सयं चेय तं पक्खा(?खा)इया 404 *b*

   'Then (they) themselves began to eat it';

From VH.

5. सेयंसो पकहिश्रो सवरण-सुइ-सद्देरण 165.15

   'Śreyāṁsa began to narrate with words pleasing to the ears'.

We have in VHM. and similar texts पगीयय 'started to sing' and पराच्चिय 'started to dance' used actively; Thus it seems that ppp. forms with the pre-verb *pa-* and having in inchoative sense came to take an active construction. But we have also some instances of the ppp. of a transitive verb without the pre-verb *pa-* used actively, e.g.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

6. तस्स तरुणीए नीणियमुदगं, सो य पीतो 272 *b*

'Water was brought to him by a young girl, and he drank (it)'.

7. ते वि एक्कारसंगाइ अहिज्जिया 286 *b*

'Both of them studied the eleven Aṅgas'.

4. Present Participle used as Agent Noun

In Apabhraṁśa, the Prakrit present participle in -amta- appears normally extended with *-ya-* i.e. the ending is as -aṁtaya-. This process seems to have already started in early Praktit, as can be seen from सुणंतगाए चेव इंदसेणाए (AHM. 182. 10). In the Prakrit of the narratives borrowed by Haribhadra from earlier sources we find the extended present participle used as agent noun, as can be seen from the following instances:

from AVH :

1. एतेसिं बाल-वुड्ढाणं अण्णे संति करेंतगा (कर्तारः) 262 *a*
2. कहिं ते दिट्ठिवाद-जाणतगा (ज्ञातारः) 301 *a*
3. किं ममातो चेव एयं वोच्छिज्जंतगं (व्युच्छिन्नं भवितृ ?) 303 *a*
4. त अन्ने वि जंतगा (यातारः) जत्ता-सिद्धि-तिमित्तं पेच्छंति 414 *a*

In अन्ने कहं जंतगा ? 431 a (How others had been going ?') we are required to understand जंतगा as जतगा आसी, and is used as habitual past-'How others used to go ?' Svayambhū's Apabhraṁśa epic Paumacariya has several instances of this usage of the present participle.

5. Agent noun used as Infinitive of purpose

This usage is quite common and we have numerous instances from AVH. and other texts. The form takes the gender, case and number of the subject. Some of these are given below :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

1. तेण रोहएण गएल्लएणं अत्थाण-मंडवियाए णिच्छूढं 89*a*
(रोहएण गएल्लएणं-रोद्धुं गतेन)

2. सा पुरुसणेवत्थिआ (v.l. णेवत्थं का उणं) भाउज्जाए समं गोज्झ-पेक्खिया (AVM. नडपेक्खिया) गया 92 *b*
(गोज्झ पेक्खिया-गायकं प्रेक्षितुम्)

3. आभीराणि घयं गड्डीए घेत्तूण विक्किणाणि (v.l. विक्किणकाणि) गयाणि 103 *b*
(विकिणकाणि गयाणि-विक्रेतुं गतानि)

4. सुदेवो वि जिण-सगासं वंदओ पट्ठिओ 97 *b*
(वंदओ पट्ठिओ-वंदितुं प्रस्थितः)

Similarly वंदओ वंदिया etc. are used to mean वंदितु on pp. 143 *b*, 146 *a*, 174 *a*, 287 *b*, 298 *a*, 317 *b*, 487 *a*, 487 *b* etc. We have राया.......पिअरं मरीइमथभवंदओ जाइ in ANV. v. 425 and similar instances in AVC.

5. तुमं....पडिमं अच्चओ जासि 211 *a*
(अच्चओ-अर्चितुम्)

6. तत्थ माहिंदो पियं पुच्छओ एइ 225 *b*
(पुच्छओ-प्रष्टुं)

From VHM.

Similarly on p. 226 *a*.

नाथ वंदया पत्ता मो 123 *a*
(वदया-वन्दितुम्)

तातेण तुह चेव पाय-सेवओ विसज्जिओहं 6-6
(पाय-सेवओ-पादौ सेवितुं)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तुब्यस्सं जामादुगस्स पेच्छश्रो श्रागच्छीहं 120-15-16
(जामादुगस्स पेच्छश्रो-जामारं प्रेक्षितुम्)

From AVM.

7. ततो जाहे सो जेमश्रो एइ 525 *a*
(जेमश्रो-जेमितुं)

In Svayambhū's *Paumacariya* we get वयणु णिहालउ, (73.8।9) (निभालयितुम्). The present attempt is mostly confined to the Pūrva-bhāga (up to p. 490) of AVH., and is intended to be just illustrative. Other texts are used quite casually. The peculiarity of the forms and constructions noted here will amply damonstrate tbat for the history of the Prakriṭ language, the early stratum of commentaries on the Jain Canon can provide us with quite valuable data.

Notes

1. See for example L.P Tessitori, '*Notes an the Grammar of the Old Western Rajasthani*',.................*Indion 'Antiquary*, Vols,'43-45, 1914; 19 16, 126 (5); Jules Bloch, Indo-Aryan (English Translation), 1965, pp. 267-268; S.K. Chatterji *The Origin and Development of the Bengali Language* (1980 reprint), Vol. 2, pp. 946-947; A. Master *A Grammar of Old Marathi*, 1964, pp. 122 ff; K.K. Shastri, Gujarātı, Rūparacanā, 1958, pp. 82-84; K. K. Shastri, Gujarātı Bhāṣā-nū Pāramparika Vyākaraṇa, 1960, pp 137-139.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

a A. Mette has noted some instances of this form-type from AVH., observing that 'it seems not to have been noticed until now, but might be of interest when seen in comparison with the corresponding Pali and Buddhist Sanskrit forms ending in -tāvi(n) '(The tales belonging to the Namaskāra-vyākhyā of the Āvaśyaka-sūtra : a survey', *Indologica Taurinencia,* XI, 1983, p. 130).

Dr. H.C. BHAYANI
(L.D. Institute of Indology)
Ahmedabad

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संवत् १९२८ के साल में मेरी तनखा ३) रोज से २०००) सालियाना मुकरर हुई।

बीकानेर महाराज सिरदारसिंहजी[1] को इन्तकाल हुवो। कुंवर नहीं हा, गादी का हकदार महाराज लालसिंहजी[2] जो खास श्रीजी का मामा-हा हा। महाराज लालसिंहजी वा कुंवर डूंगरसिंहजी इसके पहले उदयपुर आया और हाजर भी रह चुके थे। बीकानेर में गादीनशीनी का और भी दावीदार हो गये। इसकी कारवाई बीकानेर की अजंटी में होने लगी। श्रीजी हजूर कुंवर डूंगरसिंहजो कुं. गादी बैठाने में पूरे मददगार होकर सही-वाला उरजणसिंहजी ने खानगीतौर[3] आबूजी बड़ा-साहब[4] पास इसकी पेरवी के लिये भेजा और उनके इस मामले के कागज खानगी-तौर सब मेरे ही पास आते थे, जवाब भी मैं ही लिखा करता था। कुंवर डूंगरसिंहजी की गदी-नशीनी की मंजूरी गवरमेंट[5] से आ गई इसकी खबर का कागद मेरे ही पास आया। मैंने मालूम किया, इसकी खुशी में उसी वक्त कारखाने से मोत्यों की कंठी कीमती ३००) की मंगा कर बगसी गई। उरजणसिंहजी के यहां आने पर उनको इस खिदमत में गाम दूदिया उपत रू. ६००) का बगसा गया।

शंभुनिवास की दक्षण तरफ एक नया महल तईयार होता था। काम बहुत सुस्ती से चलता था। मने हुकम फरमायो—'इसको जल्दी तईयार कराना चाहिये' मैंने इसका बंदोबस्त किया। जल्दी मुरजीमाफिक तईयार

---

[1] महाराजा सरदारसिंह का जन्म वि सं १८७५ भाद्रपद सुदि १४ (१३ दिसम्बर, १८१८ ई.) को हुआ था। पिता की मृत्यु के बाद वि. सं. १९०८ भाद्रपद वदि ७ (१९ अगस्त, १८५१ ई.) को तेंतीस वर्ष की अवस्था में वह बीकानेर के सिंहासन पर बैठे। वि. सं. १९२९ वैशाख सुदि ८ (१६ मई, १८७२ ई.) गुरुवार को महाराजा का स्वर्गवास हो गया।

(दे० बीकानेर राज्य का इतिहास : गौ. ही. ओझा पृ. ४४१, ४६१)

[2] महाराज लालसिंह की बहिन नंदकुंवरी का विवाह वि सं. १८९७ (१८४० ई.) में बागोर के महाराज शेरसिंह के ज्येष्ठ पुत्र शार्दूलसिंह के साथ हुआ था, जिससे महाराणा शंभुसिंह का जन्म हुआ। उपर्युक्त सम्बन्ध के कारण महाराज लालसिंह, महाराणा शंभुसिंह का मामा होता था। डूंगरसिंह महाराणा शंभुसिंह के मामा का पुत्र था। (दे०बीकानेर राज्य का इतिहास : गौ. ही. ओझा पृष्ठ ४६४)

[3] खानगी-तौर=व्यक्तिगत रूप से।

[4] बड़ा साहब=कर्नल ब्रुक-ए. जी. जी.।

[5] गवरमेंट अर्थात् गवर्नर जनरल लॉर्ड नार्थ ब्रुक के कार्यालय से।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हो गया। इसको खोलणे का जलसा किया गया, उसमें मुझको सोने के लंगर[१] बगसे गये, जब मैंने अरज किया ये श्री खावंदो की पूर्ण खावंदी है लेकिन मेरे पेरों में सोना पहरू और मेरे पिता महरूम रहें इसमें मेरी बदनामी है। खावंदी फरमाकर भाईजी साहब जाहजपुर हा, खास रुक्कों लखाय बगस्यो के 'पेर में सोनो बगस्यो है सो पहरोगा'। फेर मैंने यहाँ से सोना का तोऽडा[२] तईयार करा कर जहाजपुर भेज दीये। और सरदार, पासवान, चारण, गजधर वगेरे ने बहुत सिरपाव वगेरा बगस्या गया। खास रुक्के की नकल यह है:—

।। श्रीऐकलिंगजी ।। ।। श्रीरामजी ।। ।। श्रीचतुरभुजजी ।। ।। श्रीनाथजी ।।

छाप
म. रा शंभुसिंहजी

"स्वस्ति श्री श्री हुजुर को हुकम मेता मुरलीधरजी है अप्रंच महा प्रसन्न वेर थाँने सोनो पग में पेरवा को दुओ बगस्यो है सो पहरजो। संवत् १९३० वरषे सावण विद १२ सोमे"

महता गोपालदासजी के निसबत महाराणा श्री सरूपसिंहजी के पासवानजी[३] का जेवर होने की किसी ने शिकायत की। इसकी दरयाफत का हुकम हुआ। इसी अरसे में कुछ मामूली घर का जेवर का डब्बा उन्होंने कहां ही रखवा दिया वो पकड़ा गया। उसमें गो पासवानजी का कोई जेवर न निकला। आखर इन्होंने भी मुसाहिबी की थी। कपूर[४] का हुकम हुवा। टाळाटूळी की गई। चंद महीने हवालात में रहणे पर एक लाख रुपये का रुक्का हुआ। ऐसे ही बाबाजी गोकलचंदजी से भी ऐक लाख का रुक्का कराया। इन दोनों से रुप्या तो वसूल नहीं हो सका। आखिर मेरी मारफत

---

[१] लंगर=पांवों में पहिनने का स्वर्णाभूषण।

[२] तोऽड़ा=पाँवों में पहिनने का स्वर्णाभूषण।

[३] पासवान=उपपत्नी; वह स्त्री जिससे विधिवत् विवाह तो नहीं होता है, किन्तु वह पत्नी के समान ही रहती है। उससे उत्पन्न सन्तान को वैध सन्तान के अधिकार प्राप्त नहीं होते थे।

[४] कपूर=जब अपराध का कोई ज़ाहिरा सबूत नहीं मिले तो केवल शंका में दिया गया दण्ड विशेष।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इन दोनों नें एक-एक गाम उपत अढाई-तीन हजार का अपणी जागीर का नजर कर दिया। और रुप्या वसूल होने की सूरत नहीं, इस हालत में यह तजवीज़ करणी पड़ी।

पंडत लछमणरावजी के तालुक हुरडा वगेरे एक-दो परगने खालसे[1] के तोर सुपरद थे। उसकी आमदनी में से रुप्या २५०००) के करीब अपनें खरच में ले आये और खजानें-दाखल नहीं हुवे। दाखल करनें की ताकीद की गई। टाळा-टूळी करते रहे। जब नजरबंद किये गये, इन्होंने अजंटी में शिकायत की। जवाब-तलब होने पर जवाब लखाया। फिर अजंट साहब ने कहलाया के इनको हमारे यहां कोठी पर भेज देवें। वे वहां पर भेजे गये और इलजाम खयानत का लगा कर खत लिखवाया गया। चंद-रोज अजंटी में निगरानी में रहे। रुप्ये वसूल करा कर अजंट साहब ने राज में भेज दिये, कुछ बाकी रह गये। इनको अपने घर जाने का हुकम हुवा सो चले गये। जागीर के गांव दोनों खालसे कर लिये गये।

अजीतसिंहजी रूह-पोश होकर कई ठिकाणों में होते हुये कोठारचे पहुंचे। औरों ने तो रक्खा नहीं, कोठारचे वालों ने पोसीदा-तोर रक्खे। चंद-साल बाद बेदले रावजी की करतबी चिठी बावरचा ने जीव की सजा देवा की पेश कर इनसाफ़ चावा की पेरवी करी। लाठ-साहब तक हजारां रुप्या खरच कीदा। आखर हाजर होवा पर तहकीकात को हुकम हुवो। हाजर हुवा, गौ-शाला में राख्या गया, तीन साल की केद हुई सो गौ-शाला में ही महज केद रह्या। मयाद खतम होवा पर घर आया।

भींडर महाराज ने घाणेराव की ५वां नम्बर की बैठक बगसी गई। नीचे बीजोल्या की बेठक ही सो वां तो मंजूर कर लीदी पर वां नीचेला सात सरदारां उजर कीदो। और बहुत कुछ अरज-मारूज कीदी। आखर यां सिरदारां की दिल-शकनी[2] ठीक नहीं समझ बखेड़ों मेटवा की अरज कीदी गई के आगे ही एक सरदार की बैठक कीने बगसी तो आज तक नीचे नहीं बैठे, डावी तरफ बैठे है सो ऐ तो सात सरदार है और कत्राक डावी तरफ का भी है सो कदी बैठेगा नहीं। तकरार बढ़ेगा तो नुकसाण है। ई पर यो फेसलो हुवो के सात-ही सरदारां ने खास रुक्का कर बगस्या के 'आपते भींडर नीचे नहीं बैठाया जावेगा।' आखर भींडर ही दरबार दरीखाना में नहीं आवता रह्या।

---

[1] खालसे=राज्याधीन।
[2] दिलशिकनी=दिल तोड़ना, कष्ट पहुँचाना।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अजीतसिंहजी गौ-शाले रहते थे उनसे मैंने कहलाया के मेरे मकान के सामने एक आपका मकान है वो पड़ गया, कोई समाल न सका, मुझको मकान की तकलीफ़ है, मुझको आप दे देवें। उन्होंने मेरे नाम घर द देने की एक टीप लिख दी। मैंने काम जारी कर दिया। नीमें खुदी, भींतें ऊंची आई, एकदम आदमी भेज काम रोका दिया। खुद हाकमी तो कर नहीं सकते थे, आखर दीवाणी अदालत में दावा कर काम रोकाया गया। मैंने श्री हुजूर मे अरज करवाया—'मेरे बंठने का मकान नहीं है और इस घर पर अजीतसिहजी का कुछ हक नहीं है। शेरसिहजी के गोद जाने पर जागीर का गाम था बो भी जब्त हो गया। रेवास की जगाह पर गोकलचंदजी ने कब्जा कर लिया। हक है तो गोकलचंदजी का है। लेकिन इस घर को कुछ नहीं समझ उन्होंने भी कुछ मरम्मत वगेरा नहीं कराई।' श्रीजी हुजूर ने खावंदी फरमाय इस घर को मुझे बगसने का परवाना कर बखसा कि इस घर से मिला हुआ मेरा नोहरा था उसको मिला कर बाहर का मकान बनवाया गया।

सीलसातम[1] पर काम करने वाले के यहां पधारने का दस्तूर है। मैंने अरज कराया के 'हुजूर क विराजने लायक कोई मकान नहीं, अब बणवाणा शुरु किया है लेकिन रुप्यों से तंग हूं।' खावंदी फरमाय २० हजार रुप्या बगस्या। कुछ मकान म लगाया कुछ सरकारी किश्तों में दाखल किया। संवत् १६३० क साल सीलसातम पर श्रीजी हुजूर हवेली पर रोनक-अफ़रोज[2] हुये।

संवत् १६१७ से आमेट की गद्दीनशीनी का मुकदमा चलता था। इसमें श्री हुजूर को बहुत अमूजणी रही। मुक्तसर हाल इस मुकदमें का यह है के महाराणाजी श्री स्वरूपसिंहजी के वक्त सरदार लोग बागी थे। उस वक्त आमेट रावत प्रथीसिंहजी का इन्तकाल हुवा। बेमाली रावत जालमसिंहजी के बेटे अमरसिंहजी को गोद बैठा दिया गया। इस पर जीलोला ठाकर चत्रसिंहजी जो आमेट के ठिकाने से नजदीकी हकदार थे, दावीदार हुये। यहाँ स मामूली खालसा भेजा गया। श्री हुजूर चत्रसिंहजी का हक वाजब समझते थे। आमेट वाले कब मानने वाले थे। आखिर इशारा सुं जीलोला वालां देवगढ वा कोठारचे वालों से मिलावट कर बांकी जमीयत अपनी मदद के लिये ले कर आमेट पर हमला किया। झगड़ा हुवा। जालमसिंहजी के बड़े बेटे वा लसाणी ठाकर के बड़े बेटे मारे गये। अमर-

[1] सीलसातम=शीतला सप्तमी।

[2] रोनक अफ़रोज=रौनक अफ्रोज=उपस्थिति।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिंहजी रावत प्रथीसिंहजी की ठुकराणी मेड़तणीजी को लेकर आमेट से निकल भागे और सलुंबर चले गये। आमेट पर जीलोला वालों का कब्जा हो गया। सलुंबर में रावत केसरीसिंहजी ने अमरसिंहजी को आमेट का गद्दीनशीन मान अपनी गादी पर बैठा दिया और आमेट रावतजी का बरताव किया।

जीलोला चत्रसिंहजी को श्रीजी ने आमेट की तरवार बंधाई[1]। चंद सिरदार दोनों तरफ के मददगार बन गये। जालमसिंहजी, समरतसिंहजी आमेट के पट्टे में दोड़ा दोड़ने लगे[2]। पट्टा वीरान हुवा। यहाँ श्रीजी को इख्तयार मिलने पर बेमाली रावत जालमसिंहजी श्रीजी के सलाहकार हो गये थे। श्री हुजूर सलुंबर पधार रावत जोधसिंहजी जो बंबोरे से बिना हक सलुंबर गद्दीनशीन हो गये थे उनको अर अमरसिंहजी को यहाँ ले पधारे और सलुंबर के साथ अमरसिंहजी को भी आमेट की तरवार बंधा दी गई। तरवार बंध जाने पर अमरसिंहजी आमेट मिलने के ख्वाहिशगार होने लगे। आमेट मिलने तक बीस हजार रुप्ये रोकड़ सालियाना खजाने राज से मिलने लगे।

आमेट तो मिल न सका। अजंटी और राज के दरमीयान बहुत तहरीरात[3] चलती रही। आखर निकसन साहब ने चत्रसिंहजी को समझा कर इकरार लिखाया के दो गाम सोडास और टुंग्या आठ हजार सालाना आमद के आमेट पट्टे में से अमरसिंहजी को दे देवे। ऐसा अजंटी की तरफ से फेसला हुवा लेकिन अमरसिंहजी ने मंजूर नहीं किया और हमेश: आमेट के लिये ख्वाहिशगार होते रहे। मेने अरज किया 'इसका अखीर फेसला मुरजी हो उस तरफ कर देना चाहिये।' अमरसिंहजी मानते न थे क्युंके दो गाम जो अजंट साहब ने दिलाना तजवीज किया था, आठ हजार की आमद के नहीं थे। चत्रसिंहजी सिवाय दो गाम देने के कोई बात कबूल ही नहीं करते थे। इसका फेसला चंद अवल नंबर के सिरदारों की राय से भी किया के दो गाम सोडास और टोंग्या अमरसिंहजी को दिलाया जावे लेकिन तीन बरस तहसील का काम खालसे का कामदार करे। जमा बैठे उसकी ओसत हिसाब से जो गटे वो रुप्या आमेट से रोकड़ दिलाया जावे। इसमें ५५००) रोकड़ दिलाना तजवीज हुवा और बजाय बीस हजार के जो रावत जालमसिंहजी

---

१ तरवार बंधाई—प्रत्येक ठिकाने में ठाकुर की मृत्यु के बाद जब तक महाराणा द्वारा उनके उत्तराधिकारी की तलवार बंधाई की रस्म अदा नहीं हो जाती तब तक वह व्यक्ति उस ठिकाने का ठाकुर नहीं माना जाता था।

२ दोड़ा दोड़ने लगे = लूट पाट करने लगे।

३ तहरीरात—लिखा-पढ़ी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

को संदेर का पट्टा मिल गया था वो उनसे जब्त कर अमरसिंहजी को दिलाया गया। दो गाम मेजा, पछमता करीबन ६ हज़ार की आमद के खालसे से दिये गये। इससे तेरा-चवदा हजार की बचत राज में हुई। और उनका हर वगत अरजाऊ होना बंद हुवा। श्रीजी बहुत खुश हुये और संदेर के पट्टे के गामों में से सावल्या खेड़ा ३००) सालाना की उपत का मुझको अमरसिंहजी से दिलाया गया।

सलुंबर भी रावत केसरीसिंहजी के इन्तकाल होने पर बे-हकदार बंबोरे रावजी जोधसिंहजी ऐसे ही गादी पर जा बैठे। हकदार भदेर के अरजाऊ होने पर ईडन साहब ने इस गोद को मंजूर नहीं किया और जोधसिंह जी को सलुंबर से निकालना चाहा। लेकिन उनके पास भी फोज थी। पंच सिरदारों ने साफ कह दिया के 'राज की फोज से सलुंबर पर कब्जा नहीं हो सकता।' ईडन साहब ने सरकारी वास्ते रिपोट करी। गवरमेंट ने फोज देने से इनकार कर हुकम दिया के 'फेसला होना चाहिये।' ईडन साहब ने सलुंबर पर दो लाख रुप्या जुरबाना कर आयंदा गोद का काम पड़े तो भदेसर से लेना तजवीज किया। लेकिन जुरबाने के रुप्ये खजाने दाखल नहीं हुये। पचास हज़ार श्रीजी ने ख़ावंदी फरमा छूट किये। बाकी की वसूली में सावा, कुंवारचा पर खालसा भेज मेने वसूल कराये। कुंवारचा, सावा की तो उठंत्री हुई लेकिन रुप्यों की सबील साहूकारी टोपों से चूकती हो गई।

अजंट गवर्नर जंनरल की चिठी आई के गवालियर महाराज को झांसी का परगना (इलाका) दे कर नीमच, जावद, जीरण वगेरे गवरमेंट लेणा चाहती है। आप चावे तो ८० लाख में गवरमेंट से खरीद सकते हैं। उस वक्त ८० लाख रुप्ये मौजूद न थे। मेने अरज की "बंदोवस्त हो सकेगा।" अवल नबंर के सिरदारों कु समझा कर एक साल की आमदनी की मदद इस काम में देने का अखर करा लिया गया। और भी बंदोवस्त की सूरत की गई लेकिन गवालेर कू जब मालुम हुई के सरकार नीमच, जावद का इलाका बेचती है तो इस तबदीली से कतेई इनकार हो गये। मामला डीसमीस हुवा।

मारवाड़ में जाने का कोई रस्ता न था, सिरफ पगल्या की नाल[1]

---

१ पगल्या की नाल—इसी को जीलवाड़ा की नाल अथवा सादड़ी (घाणेराव) की नाल भी कहते हैं। उदयपुर-जोधपुर के बीच का आज भी यही यातायात का प्रमुख मार्ग है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही ऐसी थी के गाड़ी आ-जा सके। या नाल भी बंद थी सो खुलवाई गई। खोलते ही मारवाड़ ने सरहद का दावा बहुत ऊँचे पहाड़ों तक खड़ा कर दिया। इसके फेसले के लिये साहब मुकरर हुये। फेसला इसका मेवाड़ के हक में बहुत ठीक हुवा। यानि पहाड़ों के गोड़-के[1] करीब मीनार बंदी हुई। मोतमीद सोहनलालजी, लछमीलाल पंचोली गये। इसमें बहुत कोशीश की गई। इससे सायर के महसूल में कुछ फायदा हुवा।

महाराणाजी शंभुसिंहजी जादातर नाहर मगरे[2] बिराजा करते थे। हरेक काम के लिये मेरी अरजी मालुम वेती जीं का हाथ सु खास रुक्का इनायत होता वे कई रुक्के मेरे पास मोजूद हैं। संवत् १९२९ के साल में मेरी कारगुजारी पसंद फरमाकर गाम देवली उपत रु. २५००) की बगसा गया। और बाड़ी बगड़ावला का तालाब जिसमें ६० बीगा जमीन है बगसा गया। बहूजी बीकानेरीजी[3] ने गोकलचंद्रमाजी को मंदर बणायो उसकी प्रतिष्ठा का बड़ा उत्सव हुआ। रु. ८०००) के उपत के गाम भेट किये लेकिन मंदर का खरच जादा होने से कमी पड़ती थी। मैंने वौपारियों से कोशीश कर अफीम की पेटियों पर लागा लगाया जिसकी आमदनी सालियाना तीन हजार के करीब हुई। जिससे खुश होकर गेणे की चार रकमें कीमत १०००) को मुझे बगसी गई। और लोगों को भी बहुत सा इनाम इस काम में मिला। यह भी हुकम बगसा के महक्माखास का काम करते रहो। मुनासब समझो सो मालुम कर हुकम लो। हुकम इस माफिक लिख बगसा:—

"जो के यां दिना में महक्मेखास में काम जादा भुगते जां का हुकम अहकामात्त में महनत जादा और मांने इत्री फुरसत नहीं रहवे ई वास्ते थारी कारगुजारी पसद कर हुकम दियो जावे है के आर मारी मोहर थने सूंपी जावे है के जा महक्मेखास में काम भुगते जीं की कारवाई अखतियार के साथ किया जावो और जो मांको हुकम लेवा लायक वा मालम करवा लायक होवे वो काम मांरा इजलास में पेश करो सो वीं का हुकम पर म्हें दस्तखत कर देंगा। चाहिये के काम आछां दयानतदारी और हुंशीयारी से करो। किसी की दोस्ती वा दुश्मनी का खयाल मत करो। और राज का काम में किसी का मुलाहजा भी मत करो। जो कोई राज का नफा नुकसान की बात हो फोरन निगाह में आवे वेसी मालम कर दियां करो। अगर तुम्हारो कोई सिकायत

---

[1] गोड़ के—जड़ के।

[2] नाहर मंगरा—उदयपुर से करीब १६ मील ईशान कोण में महाराणा का प्रमुख आखेट स्थल।

[3] बहूजी बीकानेरीजी—महाराणा शंभुसिंह की माता नंदकुंवरी जिनका विवाह बागोर के महाराज शेरसिंह के ज्येष्ठ पुत्र शार्दूलसिंह से हुआ था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मालम होवेगा तो दिल में शक नहीं राख्यो जावेगा फोरन हुकम कर थांसु दरयाफत कर ली जावेगा। तुम कुं मुनासब है के जैसी होवे वेसी मालम कर देणा। फेर तुम्हारी अरज पर गोर ओर दिल-जमई के साथ तहकीक होगा इस बात का कुछ अंदेशा न रख कर मुस्तेद हो कर काम करो। फकत १९३० मीगसर विद ९ गुरे फकत"

(खास रुक्का मोजूद है) द० RSS

(महाराणा शुंभुसिंह)

अजंट हेचीनसन साहब ने भी मेरी खिदमात की कदर कर सारटीफीकेट इनायत किया। उनके बाद ब्राड फोर्ड साहब अजंट आया वां भी सरटीफिकेट इसी मतलब का दिया। ये सरटीफिकेट इस मुजब हैं।

Adelphi Hotel, 22 May, 1874

My dear Sir,

I must send you a line before leaving India totell you that in my opinion you discharged the onerous and important duties entrusted to you by H. H. the Maharana faithfully and well. I trust you will continue to merit the confidence of H. H. and that you will remember that your acts are watched by both-friends or enemies; any failing therefore will pain the one and give the other an opportunity which they will not be slow to use against you. I also hope that you will endeavour to bring the measures introduced during my incumbency to perfection and not let them become merely nominal. Remember that the great aim of life is to succeed not to commence a good work and leave it unfinished.

Wifh best wishes and kind regards.

I am,
Yours V. truly
Hutchinson
Political Agent, Mewar

Oodeypore 9th June, 1874

Mehta Panna Lal the munshi of the Mahkma Khas occupied the most important position amongst the officials of the Udaipur staff and during the time I have officiated as political Agent in Mewar I have constant opportunities of writing him on matter of bussiness as well as privately and have always found him most keen and anxious for the welfare of H.H. the Maharana or state generally. His position is by many and great difficulties and he certainly displays ability and tact in the manner in which he surmounts them. I shall always be glad to hear of his welfare.

E. R. C Bradferd
Off. Political Agent In Mewar

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काम अच्छी तरह से चलता रहा। इस इंतजाम होने में अदावट लोगों से बहुत बढ गई। हाजरवास लोग हर मोके शिकायत करते थे लेकिन श्रीजी उस पर कुछ विश्वास नहीं करते थे। श्रीजी को मेरी तरफ से काम का इतमीनान होने पर संवत् ३० में एक गाम राजोला[1] उपत १५००) का फिर बगसा ओर तनखाह के ६०००)बजाए २०००)के मुकरर फरमाया ओर पावणा प्रधान[2] को मिलती थी वा तरवार बंधाई का नेग मिलता था उसका नसफ मुझे कर बगसा। दो घोड़े सवारी के मुझे बलेएो बगसे गये। एक मदछक दूसरा सोवनरूप। सोवनरूप ने मुझे बगसे बाद फरत में जादा तरक्की पाई इसलिये मेरे यहां से मंगवाकर दो-चार दफे उस पर सवार हुये। घोड़े की तारीफ फरमाई। इसी साल मेरा गढबोर[3] दर्शणों वास्ते जाना हुवा। कुंभलगढ[4] देख वापिस यहां आया।

मेरवाड़ा[5] चंद वर्षो की शरत पर वास्ते-इन्तजाम के गवरमेंट के सुपरद किया गया था। वो मयाद खतम होने पर राज से पेरवी होती रही लेकिन मेरवाड़ा सुपरद नहीं हुआ ओर उसकी आमदनी 'भीलकोर पलटन' जो खेरवाड़े रहती है उसके तनखाहा में अलावा पचास हजार जो राज से दिये जाते हैं, उसमें लगाई गई। ताहम आमद कम होती थी। हमेशः घटारा रहता था। उसका हिसाब आता तब ही घटारा दिया जाता था। तीन लाख के करीब महाराणा स्वरूपसिहजी के वक्त में दिया गया फिर १९२०००) इसके हिसाब के तलब हुये, जिसमें एक लाख रुप्यों की हुंडी महाराणा स्वरूपसिह जी की वगत में दो गई वो जमा नहीं हुई। इसमें मुझे बहुत कोशीश करनी पड़ी क्योंके दफ्तर सब प्रधानों के यहां रहते थे। कोशीश के साथ उसकी

---

१. राजोला आदि ग्रामों के इनायती दस्तावेज़ मोजूद हैं।

२. राज्य की ओर से 'प्रधान' को मिलने वाली सुविधाओं एवं नेगों (दस्तूरों) की सूची परिशिष्ट में दी जाएगी।

३. गढ़बोर -- चारभुजाजी, मेवाड़ का प्रसिद्ध तीर्थ स्थान।

४. कुंभलगढ—मेवाड़ मारवाड़ की सीमा पर ऊंची पहाड़ी पर बना प्राचीन दुर्ग। इसका निर्माण महाराणा कुंभा ने वि. संवद् १५०५-१५१५ में करवाया था।

५. मेरवाड़ा—मेवाड़ का पश्चिमोत्तर भाग। गोड़वाड़ का इलाका प्रारम्भ में मेवाड़ के अधीन था, किन्तु शंभुसिंहजी से लगभग १०० वर्ष पूर्व यह इलाका मारवाड़ में चला गया था। मेरवाड़ा ब्रिटिश सरकार ने कानून व व्यवस्था के नाम से अपने हाथ में ले लिया था। इसका सदर मुकाम छावनी ब्यावर अर्थात् नया शहर था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रसीद को ढूंढा कर लाख रुप्या वो जमा कराया गया और मेरवाड़े की सुपरदगी के लिये बहुत कुछ पेरवी की गई, लेकिन अजंट साहब कह चुके के 'गवरमेंट सुपरद करना नहीं चाहती" साफ बात यही है। जीं पर कहीं "इसमें आपको मदद देना चाहिये।" जीस पर फरमाया के "सिपुरदगी की रपोट तो मैं नहीं कर सकता। महाराणा साहब चाहें तो मैं ९२०००) रु. बाकी है उसकी माफी के लिये और साल दर साल खसारा रहता है उसको आयंदा वसूल नहीं करने बाबत रीपोट कर सकता हूँ।" इस बात को जबानी श्रीजी ने मंजुर फरमा लिया। रीपोट साहब ने की लेकिन महाराणाजी श्री शंभुसिहजी के वक्त में इसका कोई जवाब नहीं आया क्युंके संवत् १९३० में ही इसकी कारवाई हुई थी।

तीन बरस में करीबन ८ लाख बचत का रंग भवन में मेल्या गया। तीन बरस के इन्तजाम में औसत हिसाब से दो अढाई लाख की आमदनी में तरक्की हुई।

संवत् १३९० के अषाड़ से कुछ कुछ लीवर की बीमारी श्रीजी में हुई। सावण-भादवा में बीमारी जादा बढी। उस वक्त मेरे इन्तजाम खेर-ख्वाही से नौकरी करने के सबब से लोगों का मुंडा बंद करने से दुश्मन बन गये थे। उनकी और शिकायतों में तो श्रीजी में कुछ असर नहीं हुवा, जद एक फरजी चीठी प्रोत अखेनाथजी जिनसे मेरा लड़कपन से राह-वैवार था, जाली बनाई गई। उसमें श्रीजी के निसबत बदख्वाही की बात लिखी गई। धाऊजी का असर बहूजी[1] बीकानेरी पास बहुत था। बरमचारी मथरादासजी जो जोतस जानते,अनुष्ठान भी राज की तरफ से किया करते और जिन्होंने लक्ष-चंडी भी कराई थी उसमें लाखों रुप्ये खरच कराये और ऐसा ही खरच कराया करते थे। इन्हीं लोगों ने जादू, आनण-टूटन करणे की बात पेश कर दी। जनाना की तरफ से भी ऐसी बातों से बहुत कुछ असर हुवा और भादवा विद १४ संवत् १९३१ मुझको रसोड़े[2] में केद कर दिया। घर पर भी बंदोवस्त होकर पेरा रख दिया। किसी से बोलने तक नहीं देते थे। सख्त बंदोवस्त था। भाई तखतसिहजी, प्रोत पदमानाथजी, अखेनाथजी के घर पर

---

१. बहुजी—महाराणा शंभुसिहजी की माता।

२. रसोड़े—रसोड़े का महल—इसी का दूसरा नाम कर्णविलास है। इस महल की बुनियाद शाहजादा खुरंम ने वि.संवत् १६७१ में डाली थी और जिसे महाराणा कर्णसिह ने पूरा करवाया था, अतः बाद में उन्हीं के नाम से इसे कर्णविलास कहा जाने लगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पेहरा मेल बंदोवस्त कर दिया। नथमलजी, तुलछीनाथजी गुरु, कामदार को भी हवालात में कर दिये।

इस वाके के दो-तीन दिन पहले महता गोपालदासजी ने जोसी रतनलालजी जो उनका दोस्त था, उनके और तुलछीनाथजी के साथ मुझे कहलाया के 'आप पर बड़ी भारी विपत आने वाली है, केद किये जावोगे। इस वास्ते चेतो, अगर हो सके तो आप मुसद्दी हो वखत टालणा चाहिये, यहां से कहीं चले जाओ। मेरे पर भी मां-सत्यांजी बाबत इलजाम आया जब यहां से रूहपोश हो कर कोठारंचे चला गया तो इज्जत बच गई, आज पीछा मौजूद हूं।' मेने कहलाया 'आपने महरबानी करके सलाह दी है लेकिन मेने खेरख्वाही से काम किया, कोई कसूर नहीं किया, ऐसा कर नहीं सकता।'

मुझको गाम मिले थे वो, आवरण-पावणा, तखतसिंहजी का एक गाम जपत कर लिये गये। अब अजंट राइट साहब उन दिनों बराड़फोड साहब की जगह आये थे, उनको वो जाली चिठी बताई गई और ऐसा संगीन जुर्म लगाया गया और उस चिठी की सबूत में मेरे हाथ के लिखे हुये बहुत से कागज पेश किये गये। श्री हुजूर से बेदले रावजी[1] के सामने सब बात को समझा। मुझको तो कुछ पूछा नहीं गया था मगर उस जाली चिठी के हरुफ मेरे हरुफों से मिलाया गया। बड़े चश्मे से बहुत कुछ रजीडंट साहब ने गोर किया। बाद जांच अच्छी तरह करणे के कहा के "यह चिठी जाली मालुम होती है।" आप भी देखिये--कागजों के जो पनालालजी के लिखे दूसरे कागज हैं। उनमें वो लिखता है तो उसकी कलम रुकती नहीं, साफ लिखता हुआ चला जाता है। इसमें एक-एक हरुफ बणाकर रुकते हुए लिखा है। इस चिठी से तो कोई बात या जुरम साबित नहीं हो सकता।

मेरी दुश्मन पारटी ने मेरा जुरम तो सहर में मशहूर कर दिया लेकिन साबित न होने की हालत में दूसरा जुरम का सबूत पेदा करने का फिकर पड़ा। चंद रोज के बाद महता गोपालदासजी, पंडित प्राणनाथजी मेरे पास आये और बहुत कुछ दबाव और श्री हुजूर की नाराजगी की बातें कह कर रीसवत ली हो वो कहणे और फेरिस्त मेरे से लिखाने की कोशीश की। मैं इनकारी जवाब ही देता रहा। दो-तीन दफे आये। उसमें तो मेरा जवाब यही मिलता रहा। एक दिन उन्होंने कहा तुमने अजंट साहब की चिट्ठियां अपनी नेकनामी की अखबारों में छपवाई है, उससे

१. बेदले रावजी—राव बख्तसिंह जी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीजी नाराज है। अब वो चिट्ठियें देने वाले एजंट भी नहीं है। अजंट-साहब के रो-बरु बदख्वाही[१] का जुरम आप पर साबित हो चुका है, उसकी सजा सख्त है। अगर रिसवत की फरद कर दो तो हम लोग अरज-मारूज करके पांच रुप्या का 'कपूर' पर केद से छुड़ा सकेंगे वरना केद ही में सड़ा करोगे। मैं बोहत घबराया और बदख्वाही की बात से होंश हवाश जाता रहा। उस वक्त तो कह दिया मुझको याद नहीं है, याद करके कल लिख दूंगा। वो फिर आये जब मेने कहा किसने-किसने रिसवत लेने का अरज किया है? उन्होंने पांच-चार सिरदारों के नाम बताये उनके ओर पांच-चार झूठ सच मेने लिख कर दस-बारा हजार की फेरिस्त लिख दी। उन्होंने केद से रिहाई दिलाने की पूरी तस्सली की, किन्तु वो तो फिर आये ही नहीं।

श्रीजी के तकलीफ बढती ही गई। डाक्टर इलाज करते ही रहे। आखिर आसोज विद १२ संवत् १९३१ ने देवलोक पधार गये। महाराणा शंभुसिहजी नाम के माफिक ही भोले शंभु थे। दिल के बहुत ही फईयाज[२] थे। जिस पर महरबान होते उसको निहाल कर देते थे। मुंह से जो मांगता वो ही देते थे। गाम जागीर देने में भी तेहमुल नहीं करते थे। बहुत से सिरदार पासवानों कुं गाम बगसे। लोगों को उनके देवलोक होने का बहुत ही रंज रहा। जिस वक्त सवारी निकली आदमी औरतों की आंखों से आसू बह रहे थे।

मैंने भी मोसल के साथ दाग में जाने की इजाजत चाही। हुकम हुवा 'दो अरदली के पहरों के साथ जावें।' मैं भी साथ-साथ हिफाजत के साथ माहसत्यांजी में पहुँचकर एक दरखत नीचे बैठा ओर चारों तरफ अरदली के जवान खड़े थे। उनमें से एक सिपाही ने आकर पीछे से तीन तरवार के वार मुझ पर किये। दो जखम सिर पर ओर एक खांदे पर जादा आया। सर में जखम तो हुये लेकिन पाग बांधणे को थी उससे कुछ बचाव हुवा। मुझको एक छत्री में लिटाया गया। म्याना मंगाया, उसमें बिठाकर जाबते के साथ डाक्टर साहब के बंगले भेजा गया। डाक्टर साहब ने जखमों के टांके लगाकर पट्टे बांध दिये। फेर मुझको घर पर हवालात में रखने का हुकम हुवा। डाक्टर साहब का इलाज होता रहा। जखम अछे हो

---

१. बदख्वाही = दुष्चिन्तक।

२. फईयाज = फैयाज़—बहुत देने वाला।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गये उसी रोज महाराणाजी सज्जनसिंहजी[1] गादी बिराजे।

मेरे को केद करने के बाद महकमेखास का काम फिर गोकलचंद जी वा सहीवाला उरजणसिंहजी के सुपरद हुवा। ना-बालगी के सबब काम अजंटी में होने लगा। कोन्सील मुकरर हुई। दो अफसर महकमेखास के ओर बेदले रावजी, देलवाड़े राज,[2] बाबाजी गजसिंहजी, उदेसिंहजी, राणावत, भाणेजजी[3] मोतीसिंहजी ये पांच सिरदार सिवाय मुकरर हुये। जाहजपुर का काम मेरे पिता से माफ किया गया। वो भी चंद रोज बाद यहां आ गये। मेरे छोटे भाई लछमीलालजी जहाजपुर ही रहा करते थे वो भी साथ आ गये। एक महीना बाद मेरे मकान से पहरे उठाये गये। अजंट साहब ने कोठी पर बुलाया, मैं गया, उन्होंने फरमाया "आप पर जो जुरम लगाया गया उससे आप बरी हैं, लेकिन रिसवत के जुरम से आप बच नहीं सकते।" मैंने रिसवत लेने से इनकार कर उपर लिखा हुवा हाल सब अरज कर दिया। सुण कर फरमाया, आपकेसाथ रियासत में दुशमनी बहुत बढी हुई है। जनाना हद-दरजे नाराज हैं बलके फिर जान का खतरा है, इसलिये मेरी सलाह है के आप मेवाड़ बाहर चले जावें तो बहतर होवेगा। मैंने कहा "बदख्वाही" के जुरम की सफाई होना चाहिये वरना मैं फिर मेवाड़ बाहर जाकर किसको मुंह दिखाऊंगा। साहब कही-आपको इस जुरम की बरियत की

---

१. बागोर के महाराज शक्तिसिंह के पुत्र सज्जनसिंह का जन्म वि. सं. १९१६ आषाढ सुदि ९ (ई० ८ जुलाई, १८५९) को हुआ था। महाराणा शंभुसिंह की मृत्यु के बाद वि. सं. १९३१ आश्विन वदि १३ (ई० ८ अक्टुबर, १८७४) को इन्हें गद्दी पर बिठाया गया और गद्दी नशीनी का उत्सव मार्गशीर्ष वदि २ (ता०२५, नवम्बर) को हुआ।

२. रीजेन्सी काउन्सिल में देलवाडा राज फतहसिंह व पारसोली राव लक्ष्मणसिंह बाद में नियुक्त हुए थे। 'जीवन चरित्र सहीवाला अर्जुनसिंह' ही 2 : पृ. ३०

३. भाणेज जी मोतीसिंहजी—महाराणा भीमसिंह की एक पासवान की लड़की का विवाह किशनगढ के महाराज कल्याणसिंह के पासवनिये पुत्र के साथ हुआ, जिसका पुत्र मोतीसिंह था। यह उदयपुर में रहा करता और चतुर था। राज्य के कई विभागों में इसने काम किया था। उदयपुर में यह "भाणेज" कहलाता था। दे० उदयपुर राज्य का इतिहास, गौ.ही. ओझा पृ ११८।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चिठी दे देवेंगे। ओर चीठी भी दी जिसकी नकल यह है–[1]

दूसरे ही दिन राज से बाहर जाने की ताकीद शुरु हुई। बंदोवस्त कर आठ दिन में चले जाने की मोहलत अजंट साहब से हासिल की। मैं सच लिखता हूँ के उस वक्त मेरा कपड़ा भी दुशमन था। पेच ऐसा पड़ गया के कुछ भी बहतरी की उम्मीद न रही। मेरे पहरने का जेवर, लंगर वगेरा ओर मेहला जनाना जेवर बेचकर खजाने अजंटी में २५ हजार रुप्या जमा करा कर १२५ महावार खरच के लिये अजमेर में मिलने का बंदोवस्त किया। मेरा खयाल था के कितने बरसों तक यह विपत रहेगी। अजमेर जाने में रास्ते में मेरी जान का खतरा था। उस वक्त पांच सवार आसींद का, पांच सवार शाहपुरा का हिफाजत से पहुंचाने के लिये मिले। म्याना की सवारी से रवनह हुवा। उस वक्त भाईजी साहब ने फरमाया के मुझे सपने में नवनीतप्रियाजी के पालणे में दरशण हुये हैं सो जनम अष्टमी के विपत्ति ही रहेगा, जन्माष्टमी बाद कुछ भी सलूक होवेगा। मैं दरवजे बाहर गया उस वक्त मेड़ी के जैन मंदिर में जती उमीदसागरजी रहते थे, दवा दारू भी करते थे। जोतस भी जानते थे। उन्होंने एक छोटा सा लफाफा में कागद भेजा, उस पर लिखा था–"इसको आसोज सुद १५ बाद पढना", मैंने साथ ले लिया। गढबोर होकर, देसूरी की नाल होकर अजमेर पहुचा।[2]

जिस रोज मुझको केद हुई उसी रोज रात को मेरे सवारी का घोड़ा ऐकाएक फोत हो गया ओर एक बड़े तल बराबर सुरख रंग की फूनसी मेरी आंख नीचे हुई। उसमें दरद तो कुछ नहीं था पर वो लंबाई चोड़ाई में बढती जाती थी। अजमेर पहुचने तक वो चणे की दाल बराबर हो गई। मुंह पर भी सुरखी फेलने लगी, उसका इलाज होता रहा लेकिन बढती गई। केई महीने बाद एक हकीम की राय से त्रफलों (त्रि-फला) का प्रयोग किया

---

१. श्री देवीलालजी की इस पांडुलिपि के लिखने के कुछ वर्ष बाद ही सन् १९३७ में अकाल मृत्यु हो जाने से यह स्थान रिक्त ही पड़ा रह गया। ऐसा लगता है कि मेहताजी के पुत्र श्री फतहलालजी को इस जीवनी का ध्यान नहीं था अन्यथा इस रिक्त स्थान की पूर्ति उनके द्वारा अवश्य कर दी गई होती।

२. विक्रम संवत् १९३१ की पौषी पूर्णिमा के दिन महताजी पन्नालालजी को उदयपुर से अजमेर जाने की इजाजत मिली। 'जीवन चरित्र सहीवाला अर्जुनसिंह' । ही । २ पृष्ठ २८।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गया। चालीस दिन त्रफला की मात्रा बढाई गई ओर चालीस दिन तक पाछी गटाई गई, उससे बदन तो कुछ नईंगारा हुवा परंतु मुंह की सुरखो कुछ कम नहीं हुई। फिर डाक्टर की राय से जलोकें देवाई गई, जिससे कुछ कमी पड़ने लगी। वहाँ खाली बैठा रहणा पड़ता था। सेठजी समीरमलजी की सोहबत से हुका पीना शुरु कर दिया। सवारी का मेरे पास एक घोड़ा था, सेठजी की बग्गी भी आ-जाया करती थी, सो हवा खाने को जाना होता था।

सिवाय मेरी खेरख्वाही ओर सचाई के कोई सहारा नहीं था। उदेपुर की समाचार भी नाड पेदी के ही आया करते थे, यहां पर भाई लछमीलालजी कोंनसिल के सरदारों वगेरों से पेरवी करते रहे ओर वहां का हाल भी लिखते रहते थे। आठ महीने बाद समाचार आया के अब आपको अजंट साहब बुलाने की चिठी लिखेंगे। बेदले रावजी भाई लछमीलालजी पर महरबानी रखते रहे। नेक सलाह ओर मदद भी देते थे। उन्हीं दिनों में सेठजी समीरमलजी के बाई ओर खास मारे भाणेज की शादी अजमेर हुई। कोटे से बारात आई। मायरा वगेरा का दस्तूर किया गया। दिल चाहा के जतीजी की चीठी खोली जावे, आखर खोली गई। उसमें लखा था के "मैं जोतस आपना सु वा इष्ट आपना सु लिखू हूं के आसोज सुद १५ पहले ही जसी जसी बात उदयपुर में वेगा।" अजमेर में भी दो तीन जोतसी मिल्या, अनुष्ठान वगेरा वास्ते बहुत कुछ कही लेकिन मैं एक भी ई विषय की बात कबूल नहीं करी।

चंद रोज बाद सावण सुद १५ संवत् १९३२ अजंट साहब[1] की चिठ्ठी मेरे पास पहुंची जिसमें लिखा था—आपके काम की मेरे पहले के अंजट तारीफ करते हैं। मैं जानता हू आपके यहां आने की रोक नहीं है. लेकिन यह भी मैं कह देता हू के अभी जनाने की दुशमनी कम नहीं हुई है। चिठी री नकल ई माफक है: –

Udaipur
10 Aug. 1875.

Dear Sir,

I have received your two notes of the 24th June and 2nd Aug.

१. ८ मार्च, १८७५ ई० को कर्नल राइट का मेवाड़ एजेंटी से स्थानान्तरण हो गया। उनके स्थान पर बगदाद से स्थानांतरित होकर चार्ल्स हर्बर्ट उदयपुर आये। इन्होने २६ मार्च, १८७५ ई०को अपना कार्य-भार संभाला।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

and have hesitated to answer the first doubting whether it would be safe for you to return to Udaipur. I am not aware that you were banished hence, but as I understand you were advised by Col. Wright to retire for some time for your own safety. Neither do I know of any order prohibiting your return. Whenever you think it expedient to do so but you must act upon your own responsibility I can of course give you no assurnace. whatever except that as I am aware you were highly thought of by my three predecessors in this office, I shall be happy to make your acquaintance. I should tell you that I have reason to believe that enimity of Bikaneriji towards you is in no way lessened.

Yours truly,
Sd. C, Herbert
Political Agent

To,
Mehta Pannalal
Ajmer

चिठी मेने सेठजी को बताई, तरजुमा कराया, सेठजी के दिल में ऐसी चिठी से उदयपुर जाना नहीं तुला। आखर उनके दोस्त आसीसटन् कमीश्नर राबट साहब कु मेने और सेठजी ने जाकर चिठी बताई, उन्होंने कहा ऐसी चिठी से जाना गोया हेजे में जाना है फिर दूसरे दोस्त जज अमींचंदजी से सलाह ली, वैसा ही उन्होंने कहा। आखर रवनह न होकर चिठो का तरजुमा उदयपुर भेज ये हाल लिखा और लिखा के आना ही तुले तो नीमच से तार भेज दो। भादवा विद ७ ने तार आयो के विद ८ ने रवनह हो-र अठे आवो। सेठजी ने पहलें ही नये शहर तक बग्गियों कीं डाक लगा दी थी। सवारी, आदमी नये शहर भेज दिये थे। मैं जन्म अष्टमी के दिन रवनह होकर आऊवे मुकाम किया। हुका वांही आऊवे के तालाव में फेंक दिया, तमाखु पीना छोड़ दिया। गढबोर होकर देलवाड़े पहुंचा। राज[1] से मिला, उन्होंने कहा हम लोगों ने अजंट साहब को काम के लिये आपको बुलाएे की साफ राय दे दी है। अजंट साहब भी चाहते हैं पर दरबार मंजूर नहीं करते। जनाने की बहुत खेंच है। वहां से बेदले आया, रावजी[2] से

१–२. देलवाड़ा राव फतहसिंह एवं बेदला राव बख्तसिंह ये दोनों ही सरदार रीजेन्सी काउन्सिल के सदस्य थे अतः सर्व प्रथम इन्हीं से मुलाकात की गई।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिला, वो महरबानी रखते थे, सब हाल अजंट साहब ने चिठी जाली बताने वगेरा का कहा और ये भी कहा के एक महीने के अन्दर दरबार ने मुझको फरमाया था के काम का मुझको बहुत आराम था, अब ये लोग ऐसी बीमारी में छोटी छोटी बातें पूछ कर दिक करते हैं वगेरा और बात देलवाड़े राज के माफिक ही कही। और कहा के कोठी के करीब कांही ठेहरकर अजंट साहब को इत्तला करवा देना। मैं भादवा सुद २ जो मेरा जन्मदिन था, सेठजी की वाड़ी[1] ठहर अजंट हरबरट साहब को आने की इत्तला करवाई। साहब मोसूफ ने उसी वगत जानी बीहारीलालजी[2] वकील भरतपुर जो श्रीजी के गारडीयन मुकरर हुये थे, बुलाये और दरबार को जो कुछ कहलाना था, उनके साथ कहलाया: जानीजी ने पीछे कोठी पर आते हुये मुझे कहलाया—"तईयार रहना, मैं कोठी होकर आता हूं। साथ महलों चलणा होगा।" जानीजी ने इत्ताला भेजी, मैं तईयार ही था, साथ हो लिया। श्रीजी शंभुनिवास बराजते थे, उन्होंने भीतर जाकर इत्ताला की। मुझको बुलाया गया, मेने जाकर नजर किया, खड़ा रहा। रुगलालजी धाबाई ने कहा के तुम अज्मेर में रहकर तईयार[3] हो गये हो। इस पर श्रीजी ने फरमाया "यहां काम की महनत बहुत करते थे, वहाँ खाली बैठे थे इसलिये डील[4] बढ़ गया है।" और उनको इशारे से बोलने से रोका। फिर घर पर आया।

---

१. सेठ जोरावरमल्लजी की बाड़ी जो रेजीडेन्सी के ठीक दक्षिण में थी।

२. जानी बिहारीलालजी=विक्रमी माघ शुक्ला ११ सवत् १९३१ (१६, फरवरी १८७५ई०) को एजेण्ट गवर्नर जनरल राजपूताना लॉयल साहब की तजवीज से भरतपुर का वकील जानी बिहारीलाल महाराणा साहब का गार्जियन और अध्यापक नियत होकर उदयपुर आया: यह शख्स व्यवहार में रहकर ऋषियों की तरह बर्ताव करने वाला और संस्कृत, हिन्दी फारसी और अंग्रेजी का विद्वान् था। महाराणा साहब ने उसको परमपूज्य गुरु का खिताब देकर अंग्रेजी पढना आरम्भ किया। उसके मालिक भरतपुर के महाराजा जसवन्तसिंह ने लॉयल साहब से बहुत तकाजा करके १ साल के बाद उसे पीछे बुलवा लिया। रुखसत के समय तनख्वाह व इनाम लेना हर्गिज मंजूर नहीं किया। उसने केवल एक पगडी लेना स्वीकार कर बाकी (सिरोपाव, सरपेच, मोतियों की माला और ४०० अशर्फियां) नम्रतापूर्वक लौटा दी। दे० वीरविनोद: कविराजाश्यामलदास; पृ २१४३—२१४८।

३. तईयार होना=हृष्ट-पुष्ट होना।

४. डील=शरीर।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरे रोज महलों गया, तीसरे रोज गया जब जानीजी ने कहा—"रुप्ये नजर के वास्ते तुम्हारे पास है ?" मैंने कहा—मैं तो नहीं लाया", फेर हुकम कर खरच की ओवरी[1] से रुप्ये मंगवाये गये। जानीजी ने साथ लेजा कर नजर करवा दिया। गोपालजी पाणेरी को हुकम हुवा—"महक्मे खास में इनको मेल आवो" मैं वहां से एक दो कदम चला ही था के जानीजी को फरमाया—"अब कोई जाकर देखे, इनके जाते ही कछेड़ी का रूप और का और हो जायगा।" बात यह है के जब ये हुजूर सोन्याणे से आये और महलों में आना-जाना शुरू हुआ मैं पांडेजी की ओवरी[2] के सामने काम किया करता था। हमेश: देखते थे और मेरे पास गड़ी दो गड़ी आकर भी बैठते थे जिससे हुजूर कों मेरे काम का हाल मालुम था। महक्माखास में बाड़ी महलों में महता गोकलचंदजी बैठे हुये थे। ५०-६० आदमी उनके पास भीड़ लगाये हुये फालतू बैठे हुये थे। कागद कुछ नहीं सुना जाता था। मैं जाकर बैठा और एक जाजम मंगवा कर दूसरी तरफ छेटी बिछवा दी और सब लोगों कुं वहाँ बैठने की हिदायत की और अरजियें पीछे लेने का हुकम दिया। सिरस्तेदार के पास ५-४ जरूरी कागज थे। उसका हुकम देकर कुछ पीछली कारवाई से वाकफ होकर अरजीयें वालों को एक-एक को बुलाकर सुना। यथा योग हुकम देकर कछेड़ी बरखास्त की।

दूसरे रोज अजंट-साहब के पास सलाम-नजर वास्ते गया। साहब महरबानी से पेश आये। 'मैंने बजाय उरजणसिंहजी के आपको ब-मशाहरे २५०) महावार के महक्मेखास में तकरूरी का खत लिखने का हुकम दे दिया है।" अरज किया— मैं तो यहां पुस्तेनी जमीदार हूं, मेरे गाम बहाल होने चाहिये।' साहब का मिजाज तेज था, फरमाया—'आपको मंजूर नहीं है तो पीछे चले जाओ' मेने अरज किया 'अब कैसे जा सकता हूं ? जैसा आपकी मरजी होगा होवेगा।' दूसरे रोज फिर दरबार में गया। जानीजी ने पूछा—

---

१. खरच की ओवरी=महाराणा साहव की जेब खर्च का स्थान विशेष।

२. पांडेजी की ओवरी : इस कारखाने में पहले तो बहुत सी पर्चूनी चोजें रहती थी, लेकिन उसके हिसाब-किताब और जमा खर्च में गड़-बड़ देखकर महाराणा शंभुसिंह जी ने समस्त सामग्री को देखकर, सूचियां बनवाकर समस्त सामग्री को सम्बन्धित कारखानों में जमा कराने का हुकम दिया। अब जो कोई चीज नज़र वगेरह हो तो इस कारखाने में लिखी जाकर जिस कारखाने के योग्य होती हैं वहीं भेज दी जाती है। फ़कत महाराणा साहिब के पहिनने का जेवर और तस्वीरें इस कारखानाह में रहती हैं। दे० "वीर विनोद" : पृष्ठ २१३।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"आपका सब काम हो गया ?" मेने कहा —कुछ भी नहीं हुवा क्युं के जागीर तनखा का हुकम नहीं हुवा। इतनी बातें कहणे पर उन्होंने ना-मालुम श्रीहुजूर में क्या अरज किया। मेने पीछे सुणा—यह ही अरज किया—काम सोंपा गया हे तो अजंट साहब सब कर देवेंगे, अगर आप ही कर देवें तो आपका ही अहसान रहेगा। इस पर श्री हुजूर ने उसी वक्त मेरी जागीर, तनखाह, आवण-पावणा जो पहले मिलती थी उसकी फहरिस्त मंगाई और चार वज्यां कोठी पधारकर साहब से फरमाया के- मैं पहले जो इनके था उसी माफिक साबित कर देना चाहता हूँ। साहब ने कहा—जिसने आपको यह नेक सलाह दी है, बहुत अच्छा है, सब बहाल कर देवें। महलों पधार सब बहाली का हुकम बगसा। सब पहले मुजब बहाल हो गया। गामों की उठंत्री पर साहब अजंट ने दस्तखत कर दिये। देखणा चाहिये भाग्य किस तरह पलटा खाता है, नमक-हलाली का कैसा नतीजा होता है। खेरख्वाही से नौकरी करने का इसके सिवाय क्या सबूत दे सकता हूं।

यहां चंद बड़े-बड़े काम दरपेश थे उनके बन्दोवस्त की ताकीद में उरजणसिंहजी से साहब ने कुछ हलके लफ्ज कह दिये थे जिससे मेरे आने से पहले ही उन्होंने अस्तीफा दे दिया था और वो मंजूर भी हो चुका था। भरतपुर महाराज ने जानी बीहारीलालजी को वापिस बुला लिया। उनके बजाय फारसी फरामजी श्रीजी के गारडीयन मुकरर हुये। उनके रहणे के लिये गणेशघाटी पर कंवरपदों के महलों में तजवीज हुआ। उसमें ब्रह्मचारी मथरादासजी रहते थे उनको एक गाम सुलतानपुरा श्रीजी बड़े हुजूर शंभुसिंहजी ने बखशा था सो इन्होंने वहां रहना इक्तयार किया, वैसा मान भी इनका न रहा। जानी मुकनलालजी बिहारीलालजी के साथ यहां थे उनको यहां नोकर करा गये।

अवल सोहनसिंहजी ने महाराणा सज्जनसिंहजी के गद्दीनशीन होने पर राज का दावा किया लेकिन इसमें तो हो ही क्या सकता था, यहां से बिदून रुखसत के बागोर चले गये। वहां पर पानसो-चारसो आदम्यों की जमीत भी कर ली। तलब करवाने पर अठे नहीं आया जिस पर फोज भेज गिरफ्तार करने का हुकम हुवा, इसकी कारवाई करना था। दोयम शहजादे[१]

---

१. ८ नवम्बर, १८७५ को शाहजादा एडवर्ड एलबर्ट प्रिन्स ऑफ वेल्स बम्बई के पालवा बन्दर पर जहाज से उतरे उस समय महाराणा सज्जनसिंह भी पेशवाई में मौजूद थे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का बम्बई आना सो श्रीजी का भी बम्बई पधारना अक्टोबर में ही निश्चय हुवा और सरू नवम्बर में वायसराय का यहां तशरीफ लाकर देशूरी के रास्ते मारवाड़ में जाना और अजंटी के खत-किताबत के जवाब, केई बाकी थे, उनका इन्तजाम करना था।

बागोर फोज भेजने की बहुत ताकीद थी, कागज मेरे सामने पेश हुऐ। मेने बंदोवस्त का हाल दरयाफ्त किया तो मालुम हुआ के एक निशान खाली किया है, तोपखाना भी भेजणा है सो गाम-गाम से बेल घेर कर भेजा जावेगा। सरदारों की जमीअत तलब की गई है। मेने समझा ये तो कुछ बन्दोवस्त नहीं है। उसी वक्त बेल सादड़ी की तरफ से खरीदाने का, बाहर से खालीकर फोज मंगाने का बन्दोवस्त किया। दो कम्पनी भीलकोर मय एक साहब अफसर के फोज में भेजने की तजवीज हुई। इनके जाने का बन्दोवस्त कर रवानगी भादवा सुद में ही कर दी। फोज बनेड़चे के मकाम पर पहुंची। बारिस अणाहद शुरु हुई, फोज को चंद रोज वांही पड़ा रहणा पड़ा। बारिस इतनी हुई के सड़के सब टूट गई, सूरजपोल का दरवाजा भी गिर गया और भी बहुत नुकसाण हुआ। फसल भी मारी गई, खैर आसोज सुद में फोज बागोर पूग गई। सोहनसिंहजी को फोरन ही बंदोवस्त में कर यहां हाजर किया गया और इस अदूलहुकमी में काशीजी भेज दिया गया और बागोर खालसे[1] हो गया हवेली महाराज सख्तसिंहजी को मिल गई।

यहां राज में एक ओहदा श्रीबाईजीराज का है, वो महाराणा स्वरूपसिंहजी के देवलोक होने पर उनके पाटवी राणीसाहब राठोड़जी को मिला था, इसके साथ पट्टा भी पचास हजार का मिला। उसी ओहदे के लिये महाराणा सरूपसिंहजी के दूसरे राणीजी मेड़तणीजी भी अजंटी में दावीदार हो रहे थे, और जवाब-तलब कागजात आते थे। इस ओहदे को दर-परदे बहुजी-बीकानेरीजी वा चवाणजी साहब भी चाहते थे। इसके जरिये से श्री हुजूर ने श्री बहूजी सु मेरे वास्ते अरज कराई के आप इनको ड्योढ़ी बुलाकर नजर नहीं लेते यह ठीक नहीं है, नजर लेकर इनकी तसल्ली कर दें तो बाईजीराज के मामले में ये कोशीश करेंगे। श्रीजी की खावंदी से जनानी-ड्योढ़ी भी नजर होकर

---

१. खालसे हो गया—जब्त कर राज्य में मिला लिया गया। अब यह स्वतन्त्र ठिकाना न रहा। इस प्रकार से बागोर का मेवाड़ की गद्दी पर गोद आने का हक सदा के लिये समाप्त हो गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सब सफाई वा तसल्ली का हुकम फरमाया। मैंने अजंट साहब से अरज-मारूज वा दलील करके मेडतणीजी की दरखास्त पर दाखिल दफ्तर का हुकम दिला दिया।

बाद में श्रीजी के बम्बई[1] पधारवा को बंदोवस्त कीदो गयो। रेल उनों दिनां रतलाम तक थी। ईडर, अहमदाबाद तक भाई तखतसिंहजी इन्तजाम वास्ते भेज्या गया। सब इन्तजाम ठीक हो गया। अजंट साहब बम्बई लार गया, अठे खेरवाड़ा का गर्नींगसाहब मुकरर हुवा। लाठसाहब[2] के पधारने का बंदोवस्त शुरु किया। सड़कों की वा मोके मोके कमठाणों की मरम्मत सफाई वगेरा बंदोवस्त किया। रसालों में से वा सरदारों के ठिकाणों में से सो गोड़े गोड़ी मंगवाकर बगीयों में चलती कराई गई। इसमें बहुत कुछ महनत करणा पड़ा। बहुत कुछ सामान रेल में आकर रतलाम से यहां मंगाया गया, कुछ नीमच की छावणी से मंगाया। तालाब की रोस्नी का बन्दोवस्त किया गया। बंदोवस्त की सलाम वास्ते साहब अजंट गवरनर जनरल यहां तशरीफ लाये। दस-मुकाम यहां किये। साहब आया जद धूलकोट[3] तक सलुंबर रावजी, गोकलचन्दजी वा मैं पेसवाई में गये। साहब डेरों में दाखिल हुये। उसी मोके पर लोगों ने ऐसा वाका पेदा कराया के मेवाड़ के जाटों को सो-दोसे गाड़ा भरकर मेवाड़ बाहर चले गये और यहां नहीं आये। सरफ ठेकाबन्दी, फसल मारे जाने से तोड़ने वगेरे शिकायती अरज्यें आई। इससे पहले ही यहां से मोतमीद उनका उजर सुण पीछा लाने के लिये भेज दिया था, लेकिन नहीं आये। साहब अजंट गवरनर जनरल

---

१. शाहजादा एडवर्ड एलबर्ट, प्रिन्स ऑफ वेल्स के बंबई आगमन पर स्वागत करने महाराणा बंबई के पालवा बंदर पर पहुंचे और ८ नवम्बर, १८७५ को राजकुमार का स्वागत किया। वहां से वे ११ नवम्बर, १८७५ को चलकर १६ नवम्बर को वापस उदयपुर लौट आये।

२. लाठसाहब=भारत के वायसराय लार्ड नार्थब्रुक २३ नवम्बर को उदयपुर पहुंचे व २६ नवम्बर, १८७५ की शाम को राजनगर होते हुए चले गये।

३. धूलकोट=उदयपुर के बाहर आयड़ गांव के समीप इसी धूलकोट की पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग राजस्थान द्वारा खुदाई का कार्य करवाया गया जिससे सिन्धुघाटी की समकालीन सभ्यता के प्रचुर अवशेष प्राप्त हुये हैं। वर्तमान समय में वहां एक म्यूजियम भी खोल दिया गया है जिसमें प्राचीन अवशेष रखे हुये हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नें पहले तो गोकलचंदजी को बुलाकर बातचीत की और लोगों के बलवे का हाल दरयाफ्त किया, मालुम नहीं क्या बातचीत हुई, मुझको कुछ नहीं कहा न उनको कुछ वाकफी थी, उनका तो सिरफ छाप वा दुसवास करने का काम था। फेर मुझको बुलाया गया, मैं हाजिर हुवा। साहब खुद डेरे बाहर निकल सब चपडासी वगेरे लोगों को दूर हटा दिया, पीछी तशरीफ लाकर मुझको फरमाया—"मेवाड़ के जाट लोग क्यों चले गये, तुम्हारे ही सबब से जाना सुनता हूं।" मैंने अरज किया—मेने इसमें कुछ भी कारवाई न की, मुझे यहां आये सिरफ डेढ माह हुवा है। अवल बागोर फोज भेजने का बन्दोवस्त किया, फिर श्रीजी के बम्बई पधारने का बन्दोवस्त किया, अब लाठसाहब के तशरीफ आवरी का वन्दोवस्त कर रहा हूं, और बहुत से जवाब अजंटी के चढे हुये थे वो भुगताये गये सो अजंटी के दफ्तर से दरयाफ्त फरमा लेवें। पहले ठेकाबंदी का बंदोवस्त हुआ जब से चंद अहलकारों का फायदा जाता रहा वो ही कच्ची तहसील चाहते हैं या मेरे अदावट वालों ने हुजूर के तशरीफ लाने पर बलवा दिखाने के लिये लोगो को बहकाकर ऐसा हल्ला किया है। अगर ठेकाबंदी तोड़ना था तो दस बीस मोतबर यहां हाजर होकर अरज-मारूज करते। अब भी मोतमीद भेजा हैं उसकी रपोट आई है के ये लोग कच्ची तहसील का हुक्म माँगते हैं सो जैसी राय कोंसिल वा अजंट साहब की होगी किया जावेगा। बेशक फसल मारी गई है मगर ऊनाली की फसल अच्छी होगा वगेरे मुफसल अरज करने पर फिर थोड़ी बात लाठसाहब के आने की करके रुखसत दी। फिर तो साहब यहां रहे जितने मेरा मिलना होता ही था। लाठसाहब के तशरीफ आवरी का सब बन्दोवस्त, तजवीज, सामान सब मुलाहजे कराया। साहब को जो हिदायत फरमाना था बहुत समझायस के साथ मुझको फरमा दिया और साहब को बंदोवस्त का इतमीनान हो गया। देसूरी तक पक्की सड़क तो थी ही नहीं कच्ची सड़क बहुत खराब हो चुकी थी ताहम हो सका जैसे दुरस्ती का बंदोबस्त किया गया। लाठ साहब रतलाम से तो सिरकारी फोज के तोपखाने के घोड़ों की बग्गी की डाक में आये और नीमांडा (निम्बाहेड़ा) सु यहां तक राज की बग्गी की डाक में और देसूरी के घाटे तक बग्गी भागे[१], नाल के वास्ते घोड़ा-हाथी रखे गये। लाठ साहब के आने के दो तीन दिन पेसतर श्रीजी वापिस यहां पधारे। बंबई की सफर के इंतजाम से भाई तखतसिंहजी से श्रीजी ऐसे खुश रहे के उनके गाम की उठंत्री जो मेरे गामों के साथ नहीं हुई थी उसकी उठंत्री का हुकम यहां पर पधारते

१. भागे=टूटे, टूट जाने के भय से।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही बखस दिया। दूसरे दिन लाठ साहब तशरीफ लाये। वक्त स्याम का था, पेशवाई हाथ्यों पर हुई। सहर में वा ओर मोकों पर रोस्नी का बन्दोबस्त किया गया। सब काम दुरस्ती से हो गया। मुकाम शुंभुनिवास में था, श्रीजी हुजुर लाठसाहब ने शंभुनिवास पहुंचाय महलां में पधारया। सब सिरदार, पासवान मौजुद थे, मेरी तरफ मुतवजे हो कर फरमाया—"थां का आवा को माने रंज हो परंतु थांणी सब कारवाई देखकर मारो रंज दूर वे गयो।" मैं अरज की दी-"श्री हुजूर को कदरदाणी को फरमाणो है, चाकर रो तो चाकरी करवा रो धरम है।" दूसरे रोज लाठ साहब नाव सवार वेऽर रोस्नी मुलाहजा करी। उस रोज मैं जा नहीं सका, बुखार जादा हो गया था। लाठसाहब रोस्नी देख बहुत खुश हुये, दरयाफ्त फरमाया बंदोवस्त किसने किया? बेदले रावजी मारो नाम लिया और बीमारी के सबब हाजर नहीं होवा की इत्तला करी जीं पर लाठ साहब अफसोस जाहर फरमायो। दूसरे रोज बुखार कम हो गया, मुलाकात के दरबार में जाना हुआ था। लाठसाहब बहुत खुशी के साथ पीछे रवनह हुये। आखिर पड़ावली ओर घाटे के दरमीयान बग्गी के घोड़े न चल सके, लाठसाहब पेदल ही रवनह हुये। सवार अरदली का दोड़ कर, गाटे पर घोड़े सवारी के मोजूद थे, ले आया। उन पर सवार हो कर देसूरी पहुंचे, लेकिन कुछ भी नाराजगी नहीं फरमाई। इस इन्तजाम की खिदमत के लिये अजंट साहब ने इस माफिक खत लिखा :—

Khairwara, 14 Jan. 1876

My dear Sir,

I am much obliged to you for your note of the 8th and for the kind wishes conveyed in it, I am very sorry you have been so unwell and trust that it will not be long before you are yourself again. Your exertions in preparing for H. E. the Viceroy's visit to Oodeypore deserved every praise and I am glad they were fully appreciated by Lord Northbrook. Mr. Lyale and Col. Herbert. I have also to thank you for the assistance you rendered me while Col. Herbert was absent in Bombay.

Hoping that you will soon enjoy good health again and with kind wishes for your prosperity. Believe me.

Yours faithfully

G. G. Gunning

To, Mehta Panna Lal

P. Minister of Oodeypore.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुझे फिर बुखार होने लगा, केही दिन बीमार रहा। श्री हुजूर खावंदी फरमा कर घर पर आराम पूछने की तशरीफ फरमाई। नजर, नछरावल की गई। पांच-सात मिनट बिराज पाछा पधारया। मेने तकलीफ फरमाऐ की जरुरत न होने वगेरे धन्यवाद अरज किया।

मेवाड़ में तो मोग्यों, बावरी नहीं रखने का इन्तजाम पहले ही से था लेकिन गवालेर नीमाड़ के इलाके में बहुत रहते थे, उनके वारदातों करने की बहुत शिकायतें थी। ओर वारदातें भी होती थी, इस बारे में नायब फोजदारों को मेने मोके वारदात पर गिरफ्तार करने व मुकाबला करे तो सजा देने का ताकीदी हुकम जारी किया। एक हलके में नायब फोजदार महता जसराजजी पोखरणा मुकरर थे। रेल मगरे के परगऐ में बावरियों ने धाड़ा[1] डाला, इनकुं खबर मिलने पर ताकुब मय जमीयत के राजनगर के पेली तरफ पहुंच गये। मुकाबला हुवा इसमें सात बावरी मारे गये। गवालेर की तरफ से अजंटी में दावा हुवा के मारवाड़ में सगे-सोई[2] जाते थे, रस्ते चलते मार डाले गये। मुकदमा सुपरद पंचायत हुवा, बड़ी तवालत पड़ी। आखर बहुत कोशिश ओर जवाबदेही के साथ मुकदमा खारिज कराया गया। जब से वारदातों की कुछ रोक हुई।

हालांके मैं बहुत आहस्तगी वा नरमी से काम करता था। पहले जैसा जोश न था ताहम एक कशोरजी घुव्या महाजन ने श्रीजी में अरज पेश करी के "मेने खजाने के नामे में ड़ेढ लाख रुप्या अलवल झूठा, बेपते नामे मांड रखे हैं, हम खजाने के नामे से साबत कर देगें वगेरे वगेरे।" मुझे ज्यानी बीहारीलालजी के सामने अरंजी बगसी। मेने अरंज किया—लिखने वाले को बुलाकर अभी बहीड़ मंगा लिया जावे। अरज पेश करने वाला भी बाहर हाजर था, बुलाया गया, पूछा—"तुम नामे की रूह से साबित कर दोगे ?" उसने अरज किया—"बराबर नामे की रूह से साबत कर दूंगा।" उसी के साथ गोटावाला[3] भेज, उसने बताया उस साल का रोजनामां मंगाया गया।

---

१. धाड़ा = डाका।

२. सगे-सोई = रिश्तेदारों से।

३. गोटावाला = सुरजा सैनिक। शस्त्र के स्थान पर इसके पास गोटा रहा करता था। लकडी के एक सिरे पर गोल-गोल कपडा लिपटा रहता था जिसे गोटा कहते थे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कहा—बतावो ! उसने दो रकमें बताई—एक लाख कलदार मेंयो कालेज के चंदे में दिये गये थे और तीस हजार बोरडिंग हाऊस में बगसे थे। उस जगह हिन्दी हरफों में लाठ साहब वगेरे के नाम इबारत लिखी गई थी कुछ हिन्दी में अंगरेजी लबज लिखने में गड़बड़ी भी हो गई थी। मेने सब हाल अरज कर दिया। जानीजी तो खूब वाकिफकार थे, उन्होंने भी अरज किया ये तो सच्ची कलमें हैं। रुप्ये दिये गये हैं और सब रियासतों ने दिये हैं। उन दिनों यहां के लोग ऐसी बातों से वाकिफ न थे, इबारत पूरी पढ़ भी नहीं सकते थे, उसको हिदायत फरमाकर रुखसत दी। बाद में हंसी फरमाते रहे।

भोमट[1] में जूड़ा-पानरवा की तरफ कुछ पाळें[2] बागी हो गई थी, वारदातें भी करती थी, उनको सजा देने के लिये फोज लछमणसिंहजी सहीवाला के साथ भेजी गई। भीलों को सजा देकर मवेशी जबत कर लाये।

गवरमेंट से चंद हालात जुगराफिया व तवारीखी वगेरा तलब थे, उसके जवाबों की ताकीद थी, तवारीखी काम महाराणा शंभुसिंहजी के वक्त से दधवाड्या साँवलदासजी करते थे, पीछे से ये खानगी सलाहकार भी हो गये थे। मैंने इनको तवारीखी जवाब भेजने की ताकीद सख्त लिखी, इससे सांवलदासजी मुझसे बहुत नाराज हुये। उनकी शुरू नाराजगी का यही सबब है।

नाथद्वारे गुसाईंजी की हरेक कुं मार-पीट कराणे वगेरे की शिकायतें कौंसिल[3] में पेश होने लगी। वो कोई बात की तामील करते न थे। अजंट साहब ने उनको समझायस की और राज का हुकम मानने के लिये चार-कलमे[4] उन्हों से लिखा मंगाई लेकिन उसका भी अमल न किया। तब कोंसल से यह तजवीज हुई के इनको गादी से हटा कर मिरराज भेज दिये जावें। इसकी तामील में फ़ोज भेजने का हुकम हुवा और कोंसल का मय अजंट साहब के नाथद्वारे जाणा तजवीज पाया। फोज मय तोफखाना रवाने की गई और कुछ फोज सीदी भोमट से तारीख मुकररा पर नाथद्वारे बुलाई गई। पहले नाथद्वारे गोकलचंदजी भेजे गये के वो वांह का बंदोबस्त मंदिर में खूं-रेजी से अप्रतिष्ठा नहीवे, ऐसा बंदोबस्त निगाह में राख इत्तला

---

१. भोमट=मेवाड़ का दक्षिण पश्चिमी पहाड़ी भाग। सिरोही, पालनपुर एवं ईडर तक का इलाका भोमट का जिला कहलाता था।
२. पाळें=भीलों की छोटी छोटी बस्तियां। छोटे गांव या ढाणी के रूप में भीलों की वस्ती को पाळ कहा जाता है।
३. कौंसिल में=रीजेन्सी कौंसिल में।
४. चार कलमें=चार शर्तें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यहां भेजे। गोकलचंदजी ने वहां पहुंच कर बहुत ठीक कारवाई की के गुसाईंजी को समझायस कर लालबाग पधराय दिया, मय उनके लालजी के। इनके साथ फोज भी नहीं थी। यहां से फोज मय कोंनसिल अजंट साहब के सुबे ही नाथद्वारे पहुंचे। कोंसल लालबाग के दरवजे के ऊपर के मकान में ठहरी। तजवीज हुई बाग को घेर लिया जावे, ठीक मोके पर तोपें में लगा दी जावे; मेने नीचे उतर कर फोज के अफसरों को समझा दिया, उसी मफिक बंदोवस्त हो गया। फेर दो मेंबरों को भाणेज मोतीसिंहजी वा राणावत उदेसिंहजी को श्री गुसाईंजी के पास जो लालबाग में एक मकान में ठहरे हुये थे वहां हुकम की तामील के लिये समझाने के लिए भेजे गये। बहुत कुछ बातचीत भी हुई, दो-तीन पलटे भी हुये लेकिन अजंट साहब एक भी बात न मानी और गुसाईंजी भी उनके समझाने से उदयपुर रवानह होने को नहीं उठे। फोज के साथ एक भीलकोर की कम्पनी भी थी, उसके अफसर को ऊपर बुला साहब ने हुकम दिया—'महाराज को गिरफ्तार कर म्याने में बेठा दो'। म्यानों भी हाजर हो जिसमें महाराज सवार हो कर आये थे। वहीं फोरन भीलकोर कम्पनी बंदुकों पर संगीने लगा कर उस मकान पर गई जहां महाराज बिराजे थे। महाराज देहसत खा कर म्याने में बेठ गये और अपने लालजी को भी साथ बेठा लिया। यह खबर कोंसल को मिलने पर मुझे फरमाया-"जैसे हो लालजी को म्याने से निकाल लो", मेने नीचे आकर दो-चार बरजवासियों को समझा कर कहा, उन्होंने जा कर म्याने में से लालबाबा को खेंच लिया। महाराज खेंचते रहे लेकिन आखीर निकाल ही लिया। फिर पचास सवारों को बुला कर म्याना उनके साथ उदेपुर रवानह कर दिया गया। इसके बाद महाराज के मुंह लगे हुये दो-चार विदेशी आदमी वहां मोजूद थे। जिनसे बरजवासियों को अदावट भी थी, इनके दरमीयान आपस में मार-पीट होने लगी, हला मच गया, उसे रफा किया इसमें बारा बज गया, मोसम जेठ महीने का था, गरमी बहुत थी। फोज को विश्राम करने का हुकम हुवा। हमें लोगों ने भी विश्राम किया। साहब उसी मकान पर ठहरे रहे। स्याम को फिर कोंसल का इजलास हुवा। लालजी मंदर पहले ही भेज दिये गये थे, वे ना-बालिग थे। फेर वहां पर नाथद्वारे के बंदोवस्त की तजवीज हुई और यह विचार हुवा के 250 आदमी राज की फोज में से वहां बंदोवस्त वास्ते मुकरर किये जावें। वहां जो फोज के बारासो-तेरासो आदमी थे उनको बे तरफी की तनखा दी जा कर रुखसत कीये गये। लालजी की निगरानी वा क्रस्नभंडार की संभाल व अख्तियार खेमजी भाई अधकारी को दे कर राज की तरफ से अफसर महता गोपालदासजी को मुकरर कर कोंसल मय साहब के दस बजे रात को रवानह हो कर सुभे यहां पहुंच गई। महाराज पहले ही श्रीजी के हवेली पहुंच गये थे। एक-दो दिन बाद गिरराज रवानह कर दिये गये। दीवाणी-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फोजदारी नाथद्वारा पर ब-सबब ना-बालगी अठा सूं अहलकार अफसर मुकरर कर दिया गया। मंदिर के काम में मदाखलत नहीं रखी गई। जो दो लाख रुपे गामों की जबती के इनामत (अमानती) थे इसके बाबत बहुत वहस हुई। ब-मुजब मुरजी श्रीजी हुजूर के नाथद्वारे के नेक काम में लगानें की तजवीज हुई लेकिन खारिज गुसाईंजी के गिरराज पहुँचते ही बम्बई के विष्णु (वैष्णव) लोग वा हिन्दुस्थान के वैष्णव उनकी तरफ हो गये। केई तरह के हुलड़ मचाये, सेवा आना बंद हो गया, खरच चलाने में दिकत होनें लगी सो किसी कदर रुप्या फोज खरच के लिये इन इनामत रुप्यों में से देना पड़ा और बाकी इनामत रुपे उदेपुर से नाथद्वारे तक सड़क बनी उसमें खरच हुये। यह सड़क रजीडंड सटरेटन साहब की तजवीज से बणी, ये साहब एनजीनीयरी वा डाक्टरी दोनों जाणते थे, उन्होंने खुद इस सड़क की पेमायस की।

नाथद्वारे की खिदमत बाबत अजंट साहब की चिठी ईं माफक आई जिसका तरजुमा हस्बजेल है :—

अज्मीर (अजमेर) ता० ७ अप्रेल, सन् १८७७

मेरे दोस्त,

करनेल गारड़न[1] साहब मुझे लिखते हैं के आपने महरबानी करके मेरी कुछ चीजों के खेरवाड़े से यहां तक आने वास्ते गाड़ी दी थी में शुकर करता हूँ के आपने मेरे लिये इस बात में इतनी तकलीफ उठाई और मैं इस मौके पर हाथ से लिखता हूँ जैसा कि मेने कई दफे खुद आपसे बोला था के जिन दिनों में मैं ओफीसिएटींग पोलिटिकल अजेंट ओर मेवाड़ कानसिल का प्रसीडेंट था और गो के थोड़े ही दिनों वास्ते था लेकिन उस मुद्दत में बहुत माजरे थे। उन दिनों में के जो आपने उदयपुर मुल्क के वास्ते जो काम किया उनकी वाकैही में मैं बहुत कदर करता हूँ।

नाथद्वारे के झगड़े के बाबत मैं आपके संभालने और आपकी दूरंदेशी के लिये बहुत मम्नून हूँ और आयंदा में आपके देहबूदी के लिये मैं हमेंशः सरगरमी के साथ चाहूंगा।

यकीन करो के मैं आपकुं इज्जत के साथ आदाब करता हूं।

ह. सी. जी. गनींग
मेजर

---

१. गारड़न—पोलिटिकल एजेण्ट का प्रथम सहायक
(First Assistant to Political Agent.)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसके बाद ही जोधपुर महाराज के बाई का सगपण की बात पेश हुई। जोधपुर की कई वरसों से लीखावट खलीता की बंद ही, कुछ गोड़वाड़ की रंजिश ही सो खलीते पहले उनके हैं उस माफिक लिखणे के लिये कहा गया। उन्होने अजंट गवरनर जनरल[1] से सगपण बाबत पेरवी करी। ईं पर साहब लखी के मोतमद राज मेवाड़ वा मारवाड़ आबू पर आवें, यहां आपस में गुफ्तगू हो कर संगपण का मामला आपस में तै कर लेवें। यहां से मैं, प्रोत पदमनाथजी, सहीवाला वगतावरसिंहजी भेजे गये। जोधपुर से कविराज मुरारदानजी, जोसी आसकरनजी आये। साहब मोसूफ़ ने हमारे ठहरने के लिये पहले से ही काकाजी फूलचंदजी जो आबू वकालत पर थे, उनके अरज करने पर पंचायत का बंगला मह्रबानी कर खाली करवा दिया, वहां ठहरने से बहुत आराम मिला। मेने यांह पर ही श्रीजी में मालुम कर खास दस्तखतों से सरतें सगपण की लिखवा ली और इजाजत हांसिल कर ली के इस माफिक हो तो सगपण मंजूर करना। मैंने साहब से अकेले मिल कर वो कागज खानगी तोर पर मुलाहजे करा दिया। साहब ने फरमाया उनसे मिलकर बातचीत करो, कोई सूरत से तै हो जावे, कोशीश करो। खेर, उनसे बातचीत होती रही। बड़ी शरत खलीते[2] के लिखावट की थी वो किसी सूरत से उन्होंने मंजूर नहीं किया और साहब से जा कर उन्होंने अरज कर दिया "तै पा गया है" और जोधपुर चलते हुये। साहब मने बुलायो मैं कही-उन शरतों पर मंजूर किया है मगर उन्होंने सरत मंजूर करने का दस्तावेज नहीं लिखा। साहब ने जादा कुछ नहीं फरमाया। हमने डेरे आकर सोचा के ऐसी कारवाई उनको करणा लाजिम न था, साहब तो सगपण होना चाहते हैं। ये लोग वहां जाकर महाराज जोधपुर से भी ये ही बात कहेंगे इसमें मुश्किल पड़ेगी। जब उसी वक्त जो शरतें थी और तै पाई थी वो

---

१. एजंट गवरनर जनरल=AGG. स्क्वेयर लॉयल=जोधपुर के महाराजा जसवंतसिंह ने अपनी बहिन का सम्बन्ध महाराणा साहब के साथ करने की कोशिश AGG. के मार्फत की किन्तु आबू में दोनों राज्यों के मोतबीर कोई हल नहीं निकाल सके। बाद में जोधपुर महाराज ने कविराजा मुरारिदान को उदयपुर भेजा। कविराजा का पूर्ण सम्मान किया गया। ये उदयपुर में ५ अगस्त से ३ अक्टो. १८७६ तक ठहरे किन्तु सगाई का कार्य सम्भव नहीं हो सका।

२. काफी समय से मेवाड़ एवं मारवाड़ के बीच पत्र-व्यवहार बंद था। एक तरह से राजनैतिक सम्बन्ध टूटे हुए थे। पूर्व के खलीतों (पत्र व्यवहार) में महाराणा को जिस ढंग से संबोधित किया जाता था तथा मारवाड़ वाले महाराणा की उत्कृष्टता स्वीकार करते थे—उसी परंपरा को निरंतर रखने की शर्त को मुख्य मुद्दा बनाया गया। अन्य शर्तें आदि परिशिष्ट में दी जावेगी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिख कर जोधपुर वकील साहब को दिया के इन सरतों माफिक हमनें सगपण मंजूर किया है, आप फोरन यह कागज मोतमदों पास भेजा देंवे। वकील साहब ने वो कागज उनके जोधपुर पहुँचने के पहले ही उनके पास पहुंचा दिया। हम भी साहब से सलाम कर रवानह हो गये। ऐरनपुरे हमारा मुकाम हुवा वहां वे दोनु मोतमीद पींछे आये और हमसे मिले। बोहत कुछ गुफ्तगू हुवा हमने कहा आपको ऐसा नहीं करना था, और सरतों में तो कोई बहस है नहीं, तै भी पा चुकी है लेकिन जब तक खलीते की बात आप मंजूर नहीं करें सगपण मंजूर नहीं है, साहब से भी हमने यही बात कह दी है। हम रवानह हो कर पाली के मुकाम आये वो फिर आबू चले गये। हम पाली पहुंचे ही थे के एक चिठी यहां की मिली के केलवे तक बगी की डाक का बंदोवस्त किया है, देखते चिठी के यहां बहुत जल्द रवानह हो कर आवो। मैं पाली से रोठी खा-कर रवानह हुवा। करीब तीन बजे के रवानह हो कर तीस गंटा में गोड़े-बग्गी की सवारी से यहां पहुंचा। २४ कोस घोड़े पर आना पड़ा, यहां रात के १२ बजे पहुँचा। सुभे श्री हुजूर में हाजर हो कर सब हाल मालुम किया। अजंट साहब से मिलणे की फरमाई, मैं साहब से मिला। अजंट साहब की चिठी पहुंच चुकी थी, चिठी बहुत लंबी थी न मालम क्या लिखा था। साहब ने फरमाया तह कर के आते तो अच्छा होता। साहब से मेने सब हाल मालम कर दिया और अरज की के हम मजबूर थे। साहब ने कहा बड़े साहब फरमाते हैं यह मामला खानगी है, इसमें हम कुछ नहीं कह सकते, महाराना साहब चाहें तो सगपण करें।

संवत् १९३३ शुरु हुवा। संवत् ३२ के साल में बारिस जादा होने से फसल मारी गई। कच्ची तहसील[१] का हुकम हो गया आमद में कमी रही ईं वास्ते चंद हाकमों को तबदील और चंद हाकमान को मुकरर कर जमां का बंदोवस्त किया गया। जहाजपुर की हाकमी पीछी भाईजीं साहब[२] को मिल गई। इसी साल में श्री भाईजी साहब जाहजपुर से गयाश्राध वास्ते वा जगदीश जात्रा वास्ते पधारे।

वनेड़े राजा गोविन्दसिंहजी ने एक मेमोरियल मय नकलां, फरमांन बादशाही के मेवाड़ राज का तालुक नहीं रहणे बाबत लाठ साहब की खिदमत में भेजा। इसका जवाब तलब हुवा। मैंने जवाब का मसोदा बना कर श्रीजी में पेश किया, उसको श्रीजी ने पसंद फरमाया, आखर उनका मेमोरियल खारज हुवा।

---

१. कच्ची तहसील=भूमि का लगान दस वर्षों के औसत के अनुसार नकद रुपयों में जमा करने के स्थान पर प्राचीन रीति के अनुसार लाटा या कूंता के रूप में जिन्स में जमा कराने की व्यवस्था पुनः चालू की गई।

२. भाईजी साहब=पिताजी—महता मुरलीधरजी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसी साल काती महीने में श्रीजी को इख्तयार[1] दे दीया गया। मगसर विद में ही कस्नगढ की शादी[2] करार पाई ओर फिर दिली लारड़ लीटन के दरबार[3] में पधारणा करार पाया। इस सफर का बंदोवस्त किया गया। लार में लसकर करीब ८ हजार आदमियों के पूरे लवाजमे के साथ था। बाद शादी अज्मेर पधारना हुवा। राणीजी साहब को उदेपुर पधराये क्युंके दिल्ली पधारवा में एक महीना को अरसो हो। लस्कर सब छांट दिया गया, दिली सिरफ हजार आदमी ले जाने की इजाजत हुई, उसी के करीब रखे गये।

अज्मेर के मकाम अजंट हरबरट साहब की पलटी वे'र अजंट अनमी साहब आया। अजंट हरबरट साहब मेरी खिदमत से खुश हो कर इस माफिक चिठी लिखी :—

Camp, Kishangarh
24 Nov., 1876

Dear Mehta Pannalal,

I am unwilling to quit the office of Pol. Agent in Mewar without writing a few lines to acknowledge the valuable services you have rendered the State which I have been at the head of the administration during the minority of H. H. The Maharana. You are well qualified for the high position you hold and if you continue to act as you have done with me you cannot fail to give satisfaction.

Wishing you long tenure of office and all prosperity.

I am.
Yours Sincerely,
C. Herbert.

---

१. कार्तिक शुक्ला १३ (३० अक्टोबर, १८७६ ई.) को महाराणा सज्जनसिंह को राज्याधिकार प्राप्त होने का लार्ड साहब का पत्र आया।

२. महाराणा सज्जनसिंह का प्रथम विवाह ईडर के महाराज केसरीसिंहजी की बहिन के साथ वि. सं. १९३२ आषाढ शुक्ला ९ (१२ जुलाई १८७५) को हुआ था। दूसरा विवाह कृष्णगढ के महाराजा पृथ्वीसिंह की पुत्री जवाहर कंवर के साथ वि. सं. १९३३ मार्गशीर्ष शुक्ला १ (१५ नवम्बर, १८७६) को हुआ।

३. महारानी विक्टोरिया के "कसरे हिन्द" Empress of India" की उपाधि धारण करने के उपलक्ष्य में हिन्दुस्तान के गवर्नर जनरल लॉर्ड लिटन ने १ जनवरी, १८७७ ई० को दिल्ली में एक विशाल दरबार का आयोजन किया था जिसमें सभी राजा-महाराजा, नवाब व लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तियों ने भाग लिया था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अज्मेर सेठजी[1] की आना सागर उपर की कोठी में बराज्या, सेठजी की हवेली भी पधारया, पधरावणी हुई। श्रीजी के सुजाक की बीमारी को प्रारंभ मुकाम शाहपुरे से हुवा था। अज्मेर से दिली पधारणा हुवा मैं भी यहां से ही साथ था। दिली दरबार में पधारणो हुवो मैं भी साथ में नो सिरदारों के साथ गया। मुझको वहां "राय" का खिताब मिला। सनद की नकल यूं है :—

To,

Mehta Panna Lal,

Junior Minister of Mewar State,

In recognition of your loyal conduct and services I hereby sonfer upon you the title of 'Rai' as a personal distinction.

Sd-Lytton
Viceroy and G. G. of India.

Delhi,
Ist January 1877:

उठा सुं अज्मेर नसीराबाद तक रेल में पधारया बाद में बग्गी-घोड़ा की डाक में नाहर मगरे पधारवो हुवो। मैं भी साथ आया, अक्सर घोड़े पर ही आना पड़ता था, किसी चोकी पर बग्गी मिलती थी, अकसर सफर के इन्तजाम की तारीफ फरमाया करते थे। गोकलचंदजी पीछे यहाँ ही रहे, पीछे काम करते थे, पेशी का कुल काम सफर में मेरे पास ही आता था। गोकलचंदजी से पीछे काम नहीं चल सका सो महक्मेखास के काम में भाई तखतसिंहजी शामिल कीये गये।

ठाकुर श्री द्वारकानाथजी कांकरोली सुं सदीव सुं नाथद्वारे पधारे, लेकिन नाथद्वारे गुसाईंजी की तकरार से पधारणा बंद हो गया। नाथद्वारे का बंदोवस्त हो चुका था, ताहम खतरा था। मुझको इसी साल संवत् ३३ में इसके बंदोवस्त वास्ते भेजा गया। नाथद्वारे में सब तकरारें जो नये सब

---

१. सेठजी—अजमेर के सेठ समीरमलजी। मेहता पन्नालाल भी अपने अजमेर प्रवास के समय इन्हीं के पास ठहरे थे। दिल्ली दरबार में सेठ समीरमल को भी, जो अजमेर के आनरेरी मजिस्ट्रेट भी थे, को मेहता पन्नालाल के साथ ही "राय" का खिताब दिया गया था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उठी थी रफे करके कांकड़ोली[1] जा कर ठाकुरजी को पधराया गया सो अब तक बराबर सालों साल पधारते हैं ।

दिली से यहाँ पधार कर श्रीजी ने इजलासखास[2] मुकरर किया, जिसमें दीवाणी फोजदारी की मिसलें फेंसल होती, अलग महक्मा कायम हुवा और कोंसल का मेंबर सिवाय कविराज स्यामलदासजी, प्रोत पदमनाथजी, धाऊजी, भाई तखतसिंहजी सिवाय मेंबर मुकरर हुवा, किस्नगढ से राणीजी साहब के साथ महेता महेशदासजी आये वो भी शामिल किये, गये, मगर उनके दस्तखत रोबकारों पर नहीं होतें थे । मुकदमे की तजवीज लिखी जाती फेर श्रीजी के मंजूरी का हुक्म हो कर वो रोबकार महक्मेखास में आ जाती । उसकी तामील सब महक्मेखास से होती थी । कभी कभी श्रीजी इजलास में खुद ही बिराजते थे । भाई तखतसिंहजी के सुपरद गिरवे का परगणा हुवा । सांवलदासजी को कविराज का खिताब व सोना इनायत हुवा ।

एक रोज महेशदासजी किशनगढ़ वाले मेरे पास आए और कहा के श्रीजी फरमाते हैं के अब काम का इंतजाम करणा है सो एक अरज श्रीजी में लिख दी जावे के मारा आगला कसूर तो माफ फरमावे आयंदा खेरख्वाही सु

---

१. कांकड़ोली—नाथद्वारे से १० मील उत्तर में राजसमुद्र के बाँध के पास ही कांकरोली गांव बसा है । यहां वल्लभ सम्प्रदाय का द्वारिकाधीश का मंदिर बना है । यहां की मूर्ति सात स्वरूपों में से एक होने के कारण यह भी वैष्णवों का एक तीर्थ हैं । औरंगजेब के भय से यह मूर्ति श्रीनाथजी से कुछ पहले मेवाड़ में लाई जा कर स्थापित की गई थी ।
दे. उदयपुर राज्य का इतिहास: गौ.ही. ओझा पृ. ३४० ।

२. इजलास-खास—दीवानी, फौजदारी और अपील की अदालत के ऊपर एक कौंन्सिल कायम करने की सलाह हुई, इस सलाह में दीवान जानी बिहारीलाल और मैं (कविराजा श्यामलदास) दोनों अर्ज करने वाले, महाराणा साहिब बहस और कद्रदानी के साथ कुबूल फर्माने वाले, और कर्नल इम्पी साहिब पोलिटिकल एजेण्ट मेवाड़ हर एक सलाह को मजबूत करने वाले रहे । पेश्तर इन्साफी कारवाई का अखीर महक्मेखास के हुक्म से होता था, और दीवानी, फौजदारी व स्टाम्प, रजिस्ट्री वगैरह के इन्तिजाम का शुरूअ महता राय पन्नालाल के हाथ से हुआ था इसलिए तामील और समाअत का काम उसी के हाथ में रखना वाजिब जान कर महक्मह्-खास में रखा गया ।
इस कौन्सिल का जन्म दिन विक्रमी १९३३ चैत्र कृष्णा ११ (१०, मार्च १८७७ ई. को माना गया । दे० वीरविनोद—पृ. २१९०-९१ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हुक्म मुजब चाकरी करूंगा वगेरा। मैं कही-मालक सुं वार-वार कसूरवार हां पर मोगम लफ्ज कई लिख नहीं सकुं, कसूर होवे जीं की ग्राप खुलासा कहवें, वीं की माफी वास्ते लिख सकुं हूं। ई में बहुत बहस बहुत दबाव के साथ करता रहचा। पांच-छह दफा मारे पास ग्राया ने बहोत कुछ कहता रहचा लेकिन मैंने तो इसके सिवाय कुछ भी जवाब नहीं दिया। ग्राखरकार दस-पनरा दिन बाद माणक चोक[1] में टहलते हुये श्री हुजूर ने मेरे हाथ पर हाथ रख कर खड़े खड़ एकंत हो कर बहुत तसल्ली फरमाई ग्रौर फरमाया कुछ बात नहीं है—"मने तो इंतजाम करणो है, ईं काम ने ग्राछी तरह सुं कीदो जावे"। मैंने ग्ररज किया—"चाकर चाकरी सुं ही ग्राछा लागे है श्रीजी तवजे राखेगा तो सब इंतजाम मुरजी माफक वे जावेगा"। ग्रखसर श्रीजी माणक चौक में बाईसकलें फिराया करते थे कुल हाजरवास लोगों को कवायद भी नोनारगिन साहब कराया करते थे, मैं भी उसमें शामिल था।

पहले फोज का काम शरू हुवा, फिर खुद मुलाहजे फरमा कर जंगी फोज परेड वास्ते ग्रलग की गई। इन्तजामी फोज ग्रलग कर दी गई। जंगी फोज का महकमा ग्रलग कायम किया गया। फोज की कारवाई ग्रखीर साल-चोंतीस तक होती रही। फोज की कवायद परेड मुलाहजा फरमाने खुद पधारा करते थे। दो दफे फरजी कवायद बरगीडी[2] पर भी हुई, खाली कारतूस भी चलाये गये। लेकिन इस सिलसिले में सब हाल लिख देता हूं। एक रिसालो १०० सवारां को ग्रौर एक पलटण २५० जवानां की जाजपुर दूसरी फोज ने छांट-छूंट कायम करी। एक २५० जवानों की पलटन चित्तोड कायम कर किला पर भरती की गई। १०० की कम्पनी मांडलगढ किले पर भरती की गई। ग्रफसर मुकरर किये गये। कवायद परेड सिखाने का बंदोबस्त हुवा। एक पलटण यहां के लिये जहाजपुर से मीनों की भरती करा कर बुलाई गई। लछमीलालजी हाकम जाहजपुर पलटण ठीक भरती कर ले र

---

१. मांणक चोक=बड़ाचौक =त्रिपोलिया के भीतर प्रवेश होते ही बड़ा चोक (मांणक चौक) ग्राता है, जो ३०१ वर्ष पहले महाराणा-कर्णसिंह का बनाया हुग्रा है। यह चौक पोला ग्रर्थात् उसके नीचे तहखाने बने हुये हैं जिस पर डाट लगाकर इस समतल भूमि भाग को स्थिर किया गया है। इस चौक के लिये कर्नल टॉड साहब लिखते हैं कि महाराणा का तोपखाना, रिसाला, पल्टन ग्रादि सब उस पर ग्राते हैं। इसके ग्रलावा पहले हाथियों की फाग होती थी उसमें ६०-७० हाथी शरीक होकर दौड़तें थे लेकिन ग्रभी तक इसकी दृढता में कुछ भी फरक नहीं पड़ा है। दे० उदयपुर सचित्र—देवनाथ पुरोहित : पृ. १६।

१. बरगीड़ी = छोटी पहाड़ी=टेकरी ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाजर हुवा। खुश वेर मोत्यां की कंठी बगसी ओर जाजपुर के जंगी फोज की अफसरी का हाकमी की तनखा सिवाय ६०) महावार कर बगस्या। तोपखानो जंगी फोज तालुक करचो गयो। फोज की वरदी, डेरा, सामान जरूरत माफिक मंगाया गया ताके हुकम होता ही कूच वे सके। जंगी फोज कुल लेरा हाजर रहरो का हुकम हुवा। खाली वहुत कम चार पेरों की नोकरी हमेशः की थी। फोज के लिये किसनपोल दरवाजा बाहर नई लेरा बणाई गई। परेट का चोक कायम किया गया। इसकी देखभाल निगरानी का हुकम भी मुझे ही था। बाद में मने ओर कविराजजी ने फोजी वरदी जिसमें सरूपसाही पाग रक्खी गई पायजामा, आंगा मामूली, लोंग बूट वा एक-एक किरच मय परतले के बगसे गये।

मगरे की फोज में वीलायती[1] सराड़ा जिला में २०० थे ओर सब मगरे के ठिकाणों में वलायती नोकर रखते थे बलके डूंगरपुर, बांसवाडे, प्रतापगढ भी वलायती ही नोकर रखते थे। उस वक्त बदोबस्त भीलान् व तहसील जमा भीलान् बिदून वलायती मकराणियों के गेर-मुमकिन सा मालुम होता था। वलायती भीलों के साथ जादती जरूर करते थे आखिर गवरमेंट सु यांने कम करवा का वा राख्या जावे तो वांका नकशा भेजवा बाबत हुकम अहकाम जारी हुवा ओर इनकु दूर करने की ताकीद हुई, जीं पर सराड़ा जिला का करीब दो-सो वलायती मकराणी जो राज री फोज में हा अठे बुलाया गया ओर लाली की सराय[2] में टहराये गये। फेर जंगी फोज भेज उनको गिरफ्तार कर लिया गया और पेशावर चालान कर दिया गया।

मगरे हाकिम[3] की भी शिकायत हुई सो मगरे का जिला कविराज स्यामलदासजी वा जानी-मुकनलालजी की निगरानी में किया गया ओर नाम शैलकान्तार सभा रखा गया ओर खास खजाना भी मुकरर होकर जानी मुकनलालजी के सुपरद हुवा। हाकिम सराड़ा इनकी तजवीज से इनकी मातेहती में महता अखैसिंहजी मुकरर हुये, आमदनी भी इसकी खास खजाने तालुक की गई।

---

१. वीलायती = मुसलमान पठानों के लिये इस शब्द का प्रयोग किया गया है। संभवत: अधिकतर लोग मकराणा के रहने वाले हों इसी से आगे वीलायती मकराणियों लिखा गया है।

१. लाली की सराय = शहर के पूर्व में आयड़ ग्राम के पास राज-श्मशान के पूर्व की ओर महाराणा राजसिंह प्रथम के समय लाली ब्राह्मणी द्वारा निर्माण करवाई गई थी।

२. मगरे हाकिम = पहाड़ी इलाके का हाकिम पण्डित रघुनाथ राव।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पूलीस का बंदोवस्त भी शहर वा गिरवा में किया गया और पूलीस सुपरटेनडेंट मुनसी अब्दुलरहमानखां मुकरर किये गये । तालुक कविराजजी से रखा गया। शहर में मीर मोहला मुकरर किये गये। रात को रियाया के लिये टीकट मुकरर किये गये। टट्टीयां-पिशाब करने की जगहों का भी बंदोवस्त हुवा। शहर में सांड, मवेशी, कुत्ते बहुत थे सो पकड़वा कर बाहर भेजे गये जिससे हटनाल [हड़ताल] हो गई। कुछ भी चीज मिल नहीं सकती, बलवा हो गया! लोगों को बहुत समझायस की पर तसल्ली नहीं हुई आखर नगरसेठ चंपालालजी[1] वा पंच चोवट्यो को जेर हिरासत किया गया लेकिन हटनाल नहीं खुली। फिर स्याम कुं अजंट साहब आये और श्रीजी ने बिराज कर सब कलमें उनके दुख की सुणी। उनकी सब तकलीफातें मिटाने की तसल्ली कर उनको रिहा किया, हटनाल खुल गई और उनकी कलमें जिनमें वाके ही उनको तकलीफ थी कमोवेश मंजूर की गई।

पूलीस का काम चलता ही था। मुझे हुकम मिला के पूलीस की रिपोट पर कुछ हुकम नहीं दिया जावे। कुल पूलीस की रीपोटे श्रीजी में मालुम होकर हुकम होगा। मेने हुकम की तामील की आखर मोलवीजी[2] जवाब नहीं मिलने की शिकायत पेश की। मेने अरज किया-रिपोर्टें सब पेशी के बस्ते में हाजर रहती है और भी इजलाये-गेर वगेरे बहुत काम है, हुकम देणा श्रीजी के इक्तयार में है, इसका तालुक कविराजजी से कर दिया जावे। जी पर फरमाई-ऐसा तो नहीं हो सकता। जब मैं अरज कीदी में भी इंतजाम चाहता हूं और काम चलाणा चाहता हूं-हुकम हो जावे के मोलवीजी की और मारी राय इत्तफाक होवे वीं कागज मैं निकाल दिया करूं और जिसमें राय इत्तफाक नहीं होवे या कोई बड़ी बात होवे, श्रीजी में पेश किया जावे। फोरन मंजूर फरमा ली। फिर काम ठीक चलणे लगा। मैं और मोलवीजी अकसर शहर में कई दफे फिर कर लोगों की तकलीफ रफे करणे, चंद मोका सफाई के लिये दुरस्त करणे, पाखानों की जगह मुकरर करने जाया करते थे। मोलवीजी मेरी तवजे की और ठीक काम चलने की हर वक्त तारीफ करते रहे। काम अच्छी तरह से चल कर पूलीस का बंदोवस्त सब तरह ठीक हो गया। श्रीजी भी खुश रहे।

संवत् १६३४ में कुछ कहतसाली हो गई। चार मोजीज अफसर मेवाड़ का चार हिस्सा कर, वास्ते निगरानी बंदोवस्त केहत भेज्या गया।

---

१. नगर सेठ चंपालालजी जो इस हड़ताल के मुखिया थे के साथ बोरधा तिलोकचंद व चौधरी भीमराज, सिंगवी गुलाचंद और शूरपरचा साहिब लाल को उनके घरों से ता० ११ फरवरी, १८७८ को गिरफ्तार किया गया। दुसरे दिन कर्नल इम्पी की बातचीत धमकाने से हड़ताल तोड़ दी गई। दे० वीर विनोद: पृ. २१९६।

२. मोलवी—अब्दुर्रहमान खाँ पुलिस सुपरिन्टेण्डेण्ट।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

घास की कमी से इनको सवारी हाथी की दी गई। इन लोगों की निगरानी से बंदोवस्त ठीक रहा। इन चार हिस्सों में से एक हिस्सा भाई तखतसिंहजी के कविराजजी की राय सु सुपरद हुवा। एक सभा "देश हित कारणी सभा" का नाम सु कायम हुई। इसमें शहर के वैपारी, मोतबर लोग भी जमा होते थे। दो--चा दफे श्रीजी भी पधारचा फिर चंद रोज में डिसमीस हो गई। संगीतसभा, साहित्यसभा भी महलों में होती थी। श्रीजी भी बिराजते थे लेकिन ये भी थोड़े अरसे में डिसमीस हुई। इन बातों में कविराजजी की तवजे तो बहुत थी लेकिन कुछ तरक्की न हुई।

इसी साल में माफी की जमीन[1] उदक भोम कोई बेचने नहीं पावे इसकी रोक के लिये ब--जरिये इश्तहार हुकम जारी हुवा। बेचाव यां जमीना का खारिज समझवा को हुकम हुवो।

कुम्भलगढ के जिले में उन दिनों गोड़वाड़ का मीणां की लूट-कोस की बहुत शिकायत ही, मारवाड़ सु फोज वास्ते इंतजाम आई ओर अठे भी तहरीर मेवाड़ में मीणां नहीं आवा देवा को बंदोवस्त राखवा वास्ते तहरीर अजंटी सु आई। भाई तखतसिंहजी के सुपरद यो काम हुवो। सरदारां की जमींतां मुकरर की गई। मेवाड़ की तरफ भी ठीक बंदोवस्त राख्यों गयो। एक वाका इन दिनों में ऐसा हुवा के गाम कोसीवाडे में धाड़ा आया। गाम वालों ने मुकाबला किया, एक चोर मारचो गयो जीं पर हाकम केलवाड़े रीपोट करी, मैंने एक चोर कु लंगड़ा कर मारचा माथो काट अठे भेज्यो। कविराजजी हाकम का पक्षपाती हा हाकम ने कंठी देवावो तजवीज कीदो। परंतु कोसीवाड़ा वालां की अरजी आई के ऐसी वारदात होने पर हाकिम वा कोई सिपाही भी आयो नहीं मां हीज गाम लुटवा सु बचायो, बंदोवस्त वेणो चावे। तखतसिंहजी ने तहकीकात को हुकम हुवो। नतीजा यह हुवा के-गाम वालों ने ही सब कुछ किया था, हाकम तो केलवाड़े बाहर भी नहीं निकला, फिर कंठी बगसना मुलतवी रहा और हाकिम चंद महीनों बाद मोकूफ किया गया।

मारवाड़ में नमक पेदा होता है वो गवरमेंट हरजाना दे कर लेती थी। मेवाड़ में भी नमक मारवाड़ से आता ओर बहुत सस्ता मिलता था।

---

१. माफी की जमीन=इस भूमि पर कोई लगान किसी को भी नहीं देना पड़ता था। ब्राह्मणों को विशेष रूप से इस प्रकार की माफी की जमीनें-गाँव के गांव दिये जाते थे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

खारी[1] भी मेवाड़ में चंद मुकामों पर होती थी। अवल खारी बंद करने के लिये ओर उसकी आमदनी राज व ठिकाणे जात में क्या होती है, फहरिस्त रजीडंसी से तलब हुई। बहुत कुछ ताकीद होने पर काफी जवाब हांसल नहीं हुवा। मोतमीद तहकीकात वास्ते भेजा गया तो हांसल जागीरदारों ने बहुत कम लिखाया, जाण बूझ कर, क्योंकि वो जानते थे के जादा लिखावेंगे तो खारी बनाना बंद हो जावेगा। आखिर अजंट गवरनर जेनरल न्युअल साहब ओर कमीस्नर नमक के राजनगर पहुंचणे पर श्रीजी भी राजनगर पधारे। तहरीर आई, अजंट साहब ने पधारणा मंजूर करा लिया, गया [गये]। श्रीजी नाहरमगरे बिराजते थे वहां से राजनगर पधारे। मुझको भी इस बाबत के कागजात लेकर तलब फरमाया, मैं भी हाजर हुवा, साहब मोसूफ भी आ गये। वहां ऐकाएक कविराजजी को ओर मुझको राज की तरफ से जी अखत्यार मोतमीद मुकरर करने की चिठी श्रीजी ने लिखा दी। आखर तीन दिन तक इजलास हवा, बहुत बहस होती रही। यह करार पाया[2] के-सवालाख मण नमक रयाया मेवाड़ को दीया जावे । गवरमेंट महसूल २ii) मण मुकरर किया सो आवे महसूल पर दिया जावे। एक हजार मण नमक राज का कोठार के लिये मुफ्त दिया जावे । ३५ हजार मण नमक का महसूल सायर का राज-मेवाड़ को दे कर नमक का महसूल माफ कर दिया जावे। १०००) हजार रुप्या बंदोवस्त के खरच का राज मेवाड़ को दिया जावे के नमक बिदून लाइसेन्स परवाना कमीस्नर नमक के मेवाड़ में आने नहीं पावे। दो हजार रुप्या खारी के महसूल की आमदनी का दिया जावे ओर मेवाड़ में खारी बनाना बंद किया जावे। भोमट का हरजाना रुप्या अलग करीबन हजार रुप्यों के राज की मारफत दिया जावे। श्रीजी राजनगर ही बिराजता हा, मंजूर फरमाई, हमने भी मंजूर किया। अहदनामे के कागजात तईयार हो कर आ गये, दस्तखत हम लोगों ने कर दिये।

१. खारी = क्षार, नमक जैसा रसायन।

२. करार पाया = तय हुआ = अंग्रेजी सरकार ने अपने राज्य की आय बढ़ाने के लिये नमक का प्रबन्ध अपने हाथ में लेकर देशी राज्यों में नमक का बनना बंद करने और वहां अपना ही नमक बिकवाने का प्रबन्ध करना चाहा। वि. सं. १९३४ माघ सुदी १२ (१४ फरवरी, १८७८ ई.) को सरकार की तरफ से वाइसराय की कौंसिल का मेंबर मि. होम, राजपूताने का एंजेण्ट गवर्नर जनरल तथा मेवाड़ का पोलिटिकल एजेण्ट, ये तीन अफसर राजनगर मुकाम पर महाराणा से मिले और उनसे नमक के सम्बन्ध में बात चीत की। अंत में सरकार और महाराणा के बीच समझोता हुआ।
इस समझोते से मेवाड़ में नमक तिगुना मँहगा हो जाने से प्रजा के हित के लिए सायर के महकमे का नया प्रबन्ध कर ६२ चीजों पर चुंगी छोड़ दी गई।
दे. उदयपुर राज्य का इतिहास : गौ. ही ओझा : पृ. १२२६-२७।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फिर जै समद[१] मरम्मत का काम, भराव पाल में भराणें का जारी था उसके मुलाहजा वास्ते और ईडर फिर दूसरी शादी [२] करार पाई सो वहां से ईडर पधारना हुआ। लार भाई तखतसिंहजी गये।

---

१. जै समद=जयसमुद्र=इसको ढेवर भी कहते हैं। यह झील उदयपुर से ३२ मील दक्षिण पूर्व में है और वहां तक पक्की सड़क बनी हुई है। वि. सं. १७४४-१७४८ (ई० १६८७-९१) के बीच चार वर्षों में महाराणा जयसिंह ने लाखों रुपये खर्च कर यह झील बनवाई थी। इसके भर जाने पर इसकी अधिकतम लम्बाई ९ मील से कुछ ऊपर और चौड़ाई ६ मील से कुछ अधिक हो जाती है। इसका बांध दो पहाड़ों के बीच संगमरमर का बना है, जो १००० फुट लंबा और ९५ फुट ऊंचा है। उसकी नीचे की चौड़ाई ५० फुट और ऊपर की सीढियां छूटने के कारण, १५ फुट रह गई है। उसके पीछे एक दूसरा बांध भी उतना ही ऊंचा बांधा गया था जो १३०० फुट लंबा है। इन दोनों बांधों के बीच का हिस्सा १८४ वर्ष तक बिना भरे ही पड़ा रहा, परंतु जल की तरफ का बांध कभी नहीं टूटा। सन् १८७५ की अतिवृष्टि को देखकर महाराणा सज्जनसिंह ने दोनों बांधों के बीच विस्तृत खड्डे का ¾ हिस्सा दो लाख रुपये व्यय कर भरवा दिया।

अब दोनों बांधों के बीच विस्तृत सम भूमि बन गई है जहां वृक्ष लगाये गये हैं। जल की तरफ के बांध पर ६ सुन्दर छत्रियां बनी हैं और प्रत्येक छत्री के सामने नीचे की ओर वेदियों पर मध्यम कद के एक-एक पत्थर के बने हुए ६ हाथी खड़े हैं। बांध के उत्तरी छोर पर बर्तमान महाराणा साहब ने महल बनवाये हैं और दक्षिणी छोर के महल "महाराजकुमार के महल" कहलाते हैं। दक्षिणी छोर की पहाड़ी पर महाराणा जयसिंह के बनवाये हुए महल हैं, जिनका जीर्णोद्धार महाराणा सज्जनसिंह ने करवाया था। उक्त बांध पर महाराणा जयसिंह का बनवाया हुआ संगमरमर का नर्मदेश्वर नामक शिवालय भी है।

यह प्रदेश दर्शकों को बड़ा ही रमणीय प्रतीत होता है। मनुष्य की बनाई हुई संसार भर की झीलों में यह सबसे बड़ी झील मानी जाती है परन्तु मालवे के परमार राजा भोज की बनाई हुई भोजपुर (भोपालताल) की झील अवश्य इससे बहुत बड़ी थी, जिसे मालवे के सुलतान होशगशाहने तुड़वा दिया था।

दे. उदयपुर राज्य का इतिहास. गौ. ही. ओझा पृ० ३०९-३१०

२. महाराणा साहिब का तीसरा विवाह ईडर के महाराजा जवानसिंह की छोटी कन्या केसर कुंवर बाई के साथ विक्रमी मार्गशीर्ष शुक्ला ३ संवत् १९३३ (७ दिसम्बर, १८७७ ई०) को हुई। इन्हीं की बड़ी बहिन से महाराणा का प्रथम विवाह हुआ था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अख़सर बाहर पधारना होता जब तखतसिंहजी ही साथ जाते और कागज पेशी के जाते वो पेश कर हुकम-अहकाम यहां भेज देते थे। मेरी अरज मालुम होती तो अकसर उसका जवाब खास दस्तखती इनायत होता, केई रुक्के मोजूद हैं।[1] इसी शादी में कविराज स्यामलदासजी को सोना बखसा गया। पीछे पधारणे पर मैंने वैपारियों से कोशीश करके चंद बड़े वैपारियों को कुछ छूट का लालच दे कर अफीम की पेटियों पर १७) रुपे फी पेटी महसूल था सो फी पेटी ५०) मुकरर कराया। अमल[2] का वैपार भी बढ़ गया था। श्रीजी ने खुश हो कर एक सरपेच और जरी की पोशाक, धारण करवा की बेश कीमती बगसी। इससे आमदनी में वहुत तरकी हुई। कविराजजी ने इस काम की बहुत ही तारीफ की।

सरहदात के झगड़े अंदरुनी बहुत थे। हदवस्त का महकमा कायम हुवा। गवरमेंट से अफसर यूरोपीयन मांगा गया। डीकानजू साहब मुकरर हुये। मोतमद के काम पर काकाजी फूलचंदजी मुकरर हुये।

पाणेरा[3] खासा रसोड़ा धवा बदनजी के तालुक था। इसमें बहुत बद-इन्तजामी थी इसलिये ये काम धवाजी से माफ हो कर उनकी कुल जागीर जबती का हुक्म हुवा।

कविराजजी की या कारवाइ काबिल तारीफ ही के आपस में रीयास्तां जैपुर, जोधपुर वगेरें का मेल-मिलाप वधावा में कोशीश करता ही रहता, अर कामयाब भी हुवा। रीयास्तां को मेल-मिलाप वधणो बाहर हिन्दुस्थान में ईं बात को प्रचार वेणो श्री हुजूर की बड़ी नेकनामी को वायस हुवो।

---

१. खास दस्तखती रुक्कों में से कुछ परिशिष्ट में पाठकों को उपलब्ध हो सकेंगे।
२. अमल=अफीम
३. पाणेरा=इस कारखाने में महाराणा के पीने का जल, खुश्क और तर मेवाजात, नाथद्वारा व एकलिंगजी आदि देवस्थानों का महाप्रसाद और नशीली चीजें तथा औषधियां आदि सम्मिलित थीं। इस कारखाने का हाकिम पानेरी कहलाता था। स्वतंत्रता से पूर्व तक इन पानेरियों के पास कई गांव थे जो इन्हें जागीर में मिले थे। प्राय: पानेरी के ओहदे पर मेनारिया अथवा गुर्जर गौड़ ब्राह्मण लगाये जाते थे। एक बार पानेरा मिलने के बाद उस परिवार के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी अपने नाम के आगे पानेरी लिखने में गौरव का अनुभव करते थे। पानेरी का अधिकारी अत्यन्त विश्वस्त व्यक्ति हुआ करता था क्योंकि महाराणा के खाने-पीने व दवा-दारू की शुद्धता का उत्तरदायित्व इसी व्यक्ति पर था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वारदातां रोकवा की बहुत कुछ कोशीश वेती रही लेकिन अकसर होई जाती थी, इसमें मेवाड़ की तरफ से गेर इलाका मिला हुवा में बावरी लोगां की आबादी जादा होवा को और वांके ही वारदातां करवा की शिकायत हमेशः बणी रहती, ईं पर अजंट इनपी साहब बहुत कुछ तवजे कर ईं काम का बंदोवस्त वास्ते मुकमीला रीपोट कर गवरमेंट सु मंजुरी हांसल कर एक साहब सुपरडेन्ट बावरी मोग्यान् मुकरर किया गया। तनखा हिस्से रसद रयासतों पर रक्खी गई और इन लोगों की अपने-अपने इलाके में आबाद करवा वास्ते गुजर ओकात के लिये कभी हांसल पर जमीन देवाई गई और रोजमरां हाजरी लिखी जाने की कारवाई मुकरर वी। हर रयासत का मोतमीद भी ईं का बंदोवस्त वास्ते साहब सुपरडंट पास मुकरर किया गया। इस तजवीज से खातिरख्वाह वारदातों का इंतजाम हो गया।

इसी साल में कुल रियासत को खरच, तहसील खरच, कारखाना जात को खरच तफसीलवार साबत फरमायो और जीं जीं कारखाना में जरूरत ही मुख्तसर कायदा भी मुकरर फरमाय दिया। कोठार में बहुत कुछ जनस को खरच हो, बहुत कम कर के रोकड़ मुकरर फरमाया। ईं काम में बहुत कुछ महनत खुद बिराज कर रात को भी काम फरमाया जाता, मैं मामूली काम कर ये पेशी का काम करता। मैं दिक हो जाता लेकिन श्री हुजूर इस काम को करते ही रहे। इसमें हरेक महक्मा का अमला, दारोगा-हाकमा की तनख्वाह में बहुत ही तरकी फरमाई। संवत् ३५ का साल को बज़ट भी मंजूर फरमायो। सब काम कागजों पर जमवाया जाता रहता और उन पर दस्तखत फरमाते। और मुलक में प्रगणा का अलग-अलग हाकम हा अर नायब फोजदार हा वांने माफ कर परगणा की जिलावांदी कर ८ जिला कायम कर लायक जिला का हाकम और परगणां में नायब हाकिम मातहत हाकमां के मुकरर फरमाया। हाकमां की तनखाह कलील ही, हाकमों की तनखा अवल नंबर चार ही। किलों की २००) महावार, दूसरे जिलों की १५०) महावार मुकरर हुई। दोरा वास्ते पहाड़ी डेरा, छोलदारी, भारबरदारी, खरच के रुप्ये १२५) सवा सौ सालयाना हर हाकम के मुकरर फरमाया। और एक-एक गिरदावर भी हाकमों के मातहत मुकरर किया गया। मगरा सराड़ जिला का बंदोवस्त पहले से ही अलग हो चुका था उसमें कुछ तबदीली न हुई। । ये काम एक दिन के तो थे ही नहीं महीनों तक होता रहा। जिस वक्त काम शुरु होता अकसर कविराजजी हरेक बात में अपनी सलाह व मदाखलत करते तो उनको साफ फरमा दिया के "तुम देखा करो, बोलो मत, दखल मत दो, इनको काम करने दो, तुमको जो कुछ कहना हो तो खानगी तोर कह दिया करो।" एक दफे नहीं पांच सात दफे ऐसा फरमाया गया होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संवत् ३५ का शुरु साल में कुछ नया बंदो-वस्त जारी फरमाया। जाजपुर का कार्य भाई लछमीलालजी के सुपरद हुवा ओर जीले के हाकम भी मुकरर किये गये। इसी साल के काती में बाबाजी गोकलचंदजी का इन्तकाल हुवा उनकी जगह महक्मेखास में दूसरा कोई मुकरर नहीं हुवा। वो काम में दखल कम रखत थे, पेशी में भी कम आते थे।

बाग सज्जननिवास की भी तरक्की शुरु हुई। पहले नोलखा व गुलाब बाग नाम से मशहूर था। इसके तीन तरफ सरदार, माफीदारान् वगेरों की बहुत बाड़ियें थी वे सब इस बाग के शामिल कर दी गई। यह बाग करीब ४०० बीगों के कायम हुवा, जिन-जिन की बाड़ियां जमीन बाग में शामिल हुई भी नक़शा मुर्तिब हो कर जांच परताल के साथ उसी माफिक जमीन काफी तोर से ऐवजाना में बगसी गई जिससे लोग बहोत शुकरगुजार हुये। बाग में बड़ीपाल महलों के आस-पास बहुत रोनक खूबसूरती सड़कों वगेरे का काम होता रहा। मेहलों में लालटेनों की रोशनी वा शहर में रोस्नी का बंदोवस्त हुवा। साल-दरसाल तरक्की होती गई। बाग के उत्तर तरफ करीब ६ बीगा जमीन मने और कविराजजी ने बगीचा बणावा वास्ते बगसी गई मय कुवा बावड़ी के। कविराजजी ने सरदारों से चंदा करके चारण पाठशाला बणाई लेकिन एक दिन भी वहां पढ़ाई नहीं हुई। मकानात बाड़ी किराये दिये गए। मैंने भी बाग लगवाया ओर किसी कदर मकानात भी बणवाये।

नवलखा बाग दादीजी साहब चवाणजी के था वो बाग में सामिल किया गया, एवज में गाम शोभागपुरा बगसा गया।

छापाखाना भी जारी हुवा। अखबार भी छपने लगा। चार आदमी बाहर से बुलाये गये, पंड्या मोहनलालजी, वृजनाथजी, भवानी नारायणजी, और बाबू मंगलसिंहजी। वृजनाथजी के सुपरद सायर का काम; भवानी नारायणजी के सुपरद रावली-दुकान, मंगलसिंहजी भीलाड़े हाकम मुकरर हुवा। मोहनलालजी नाथद्वारा का काम पर मुकरर हुवा। परदेस की जायदाद पर खारज महाराज ने कबजा कर लिया, लोगों से सेवा आना बंद हो गया। राज से तहरीरात अजंटी में गई तो यो ही जवाब आयो के ये मामला अदालती है सरकारी अदालतों में होना चाहिये, यहां से कुछ नहीं हो सकता। मोहनलालजी वास्ते पेरवी बंबई भेजे गये, बहुत कुछ कोसीस कर कुछ मामला ठीक किया। इस मामले में मेरे नाम पर भी बहुत सख्त सवालात कायम हो कर अजंट साहब के पास आये उसका ऐका ऐक जवाब, अजंट सावह जाबताई इजलास कर के मुझ से लिये, जो कुछ हो सका जवाब दिया गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संवत् १६३५ के लिये बजट की नई साबत की रूह सु ंव जमा बंदी आगला सालां का जाँच परताल सु ं मुफसिल तोर पर बाकायदा तईयार करा कर के मंजूर फरमाया। जमा खरच कायम हुवा, निज खरच साबित करके इसका महक्मा अलग कायम हुआ और निज खरच की बचत खास खजाना में जमा होने का हुकम हुवा।

मदरसा असपताल का काम रजीडेंसी से होता था और बहुत बड़ी रकम अजंटी के खजाने में ।।) [आठ आना] सैंकड़े सूद पर रक्खी गई और उसी से इसका काम चलता था। खजाना सेठ चानणमलजी, जवारमलजी के था। उनका काम कच्चा रह गया। कुछ रुप्या सरकारी दुकान वगेरा का भी था, नाथद्वारा का इनामत [अमानती] जमा का भी था। उस वगत अजंटो का खजाना समेत करीब ३।।) [सादे तीन] लाख के बाकी था। इसकी वसूली का बंदोवस्त कराणे का हुकम मुझ को हुवा, मेने सब उनका काम देख कर ३।।) ही लाख रुप्या अदा होवे जहां तक ।।) [आठ आना] का ब्याज जोड़कर वसूल हो जाने की तजवीज पेश की। श्रीजी पसंद फरमाई और सेठजी की पहले से यहां राज में बहुत नोकरीयां थी उसका लिहाज फरमा कर ५० हजार फेर नये सर करज तीन परसेंट का ब्याज पर बगस्या और जमा होने की किश्ताँ करा ली गई जिससे उनका काम पीछा चलता हो गया और ही जेसी बात उनकी इजत के माफक बणी रही। सिरदारों के खत में दूसरे साहूकारों की पाँतीयें थी उनको कमो वेश रुप्या नकद राज से दिला कर वो पांतिया भी ले ली गई जिसमें सूद वगेरा का राज में फायदा रहा और वो लोग भी खुश हुए। रुप्या भी मय सूद के अदा हो गये । इसी सिलसिले में मदरसा-असपताल की कारवाई राज के तालुक हो गई अजंटी का तालुक निकल गया। श्रीजी ने अपने नाम से कुंवरपदा का महलां के सामने सज्जन असपताल मुकरर फरमाया जिससे शहर में बहुत फायदा पहुंचा। असपताल मदरसा की किसी कदर तरक्की हुई।

जंगलात का बंदोवस्त भी हुवा। इसका बंदोवस्त के लिये गवरमेंट से एक अफसर मांगा गया। सरदार विसनसिंह मुकरर हो कर आये। जंगलात का बंदोवस्त जारी हुवा लेकिन जादा तरक्की न हो सकी।

संवत् ३४ में तजवीज हुई थी के कोई बहुत तजरुबाकार साहब चन्द रोज वास्ते बुलाया जावे और वो मेवाड़ में दोरा कर के सब हालात की रपोट करे के परगणों का पक्का बंदोवस्त हो सकता है या नहीं। आगरा का स्मिथ साहब मुकरर वै'र आया। मेवाड़ को कुल दोरो कर लंबी-चोड़ी रीपोट की जिसमे मुलक का बहुत सा हालात था और लिखा के बंदोवस्त हो सकता है,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ग्रौर बंदोवस्त होने से फायदा भी होगा। साहब के साथ मोतमीद भाई तखतसिंहजी वा जानी मुकनलालजी भेजे गये थे। रीपोट मुलाहजा फरमाने बाद वास्ते बंदोवस्त के यूरोपीयन ग्रफसर गवरमेंट से मांगा गया।

जाड़े के दिनों में श्री हुजूर ने मुल्क का दोरा[1] तजवीज किया। चित्तोड़, मांडलगढ, जाहजपुर तक जिलों में कोई कोई जगाह सिरदारों के ठिकाणों में वा कविराजजी के गांव ढोकले पधारण हुग्रा। मुझे भी हुकम हुवा जहाजपुर पधारणे की तारीख पर जहाजपुर हाजर होना। मैं दो रात वीच में रहकर ऊंट, घोड़ों की सवारी से पधारणे के एक दिन पहले जहाजपुर पहुंचा। हाकम जहाजपुर लछमीलालजी ने सब बंदोवस्त पधारणे के लिये दुरस्त कर रखा था। मकानात बाग वगैरा जैसे जहाजपुर में हैं वैसा मेवाड़ में कहां ही नहीं है। दूसरे दिन पधारना हुग्रा, मामूली इस्तकवाल हुग्रा। मकानात बाग देख बहुत ही पसंद फरमाया, बल्के नो-चोकियों पर फिर मकानात बणाने का हुकम हुवा। हाकिम ने गांमों के लोगों को समझा कर नजराणे के वास्ते कोई तीस हजार के करीब लोगों से रुक्के लिखा रखे थे, क्यु के महाराणा ग्ररिसिंहजी के बाद इन्हीं श्रीजी का पधारणा हुग्रा था. लोगों ने ब-खुशी रुक्के किये थे लेकिन इससे एक दो बोरे लोग ना खुश थे, उन्होंने सिकायत्त कविराजजी के पास की उन्होंने ग्ररज किया—इसमें श्रीजी की बहुत बदनामी होगी क्यु के श्री हुजूर ने तो दोरा रियाया की खातर के लिये किया है न के लूटने के लिये। इस पर मुझको भी फरमाया गया के "ऐसा नहीं होना चाहिये" मैंने ग्ररज किया हुकम की तामील होगी लेकिन एक दम रुक्का वापिल देने से हाकिम की हकूमत में जोफ ग्राने से जो यहां के लिये तरक्की की तजवीज की गई है वो ना-कामयाब होगी, फेर में ग्रपनी राय कल ग्ररज करूंगा। फेर इसका बहुत कुछ सोच-विचार कर ग्ररज किया के इनके रुक्के हरेक गाम का लोग नजर पांच पांच रुपयों के साथ करेगें वो मंजूर फरमा लिया जावे, जब सब गामों का नजराणा हो चुके

---

१. विक्रमी संवत् १९३५ के मार्गशीर्ष शुक्ला ४ [२८ नवम्बर, १८७८] को नाहर मगरे से रवाना होकर बाठरड़े पहुंचे। इस दोरे में महाराणा के साथ ५००० ग्रादमियों की भीड़-भाड़ थी। २९ नवम्बर कानोड़; ३० नवम्बर बोयड़े; १ दिसम्बर बड़ी सादड़ी; ३० दिसम्बर छोटी सादड़ी; ५ दिसम्बर नीमच की छावणी; ग्रठाणा. कनेरे, बेगम होते हुये १२ दिसम्बर माँडलगढ; १७ दिसम्बर ग्रमरगढ; १८ दिसम्बर को जहाजपुर; २५ दिसम्बर कविराजजी के गांव ढोकलिये; २८ दिसम्बर को चितौड़; ३ जनवरी काकरवे उदयसिंह राणावत के व ताणे; ५ जनवरी को नाहरे मगरे व वहां रह कर २३ जनवरी, १८७९ को उदयपुर में प्रवेश किया।

दे. वीर विनोद : पृ. २१९९-२२०१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसके बाद सब लोगों को यह हुकम बगसा जावे के मामुली नजराणा रख लिया गया और ये रुक्के तुमको वापस दिये जाते हैं, तुमको चाहिये के ये रुप्या कुल दाखल कर दो और बहबूदी रयाया के नाम से यह खजाना रखा जावे और इन रुप्यों से कुवे, छोटे तालाब वगैरा बणावो और किश्तबंदी और ।।) आठ आना के सूद से पीछा दाखल करते जावो जिससे खजाना भी बढ़ेगा और तुम लोग जो पानी का बंदोवस्त के लिये अरजाउ रहते हो सो इससे बहुत मदद मिलेगा। जब जादा रुप्या जमा हो जावेगा तो बड़े तालाब भी बण सकेगा, इससे जिला की तरक्की होगा—श्रीजी ने बहुत ही पसंद फरमाई और इसी माफक हुकम अहकामात जारी फरमाया। फिर नजरानों के लिये अरज की गई—दो दिन इसके लिये मुकरर फरमाया जावे, एक दिन बड़ा दरबार किया जावे, नो-चोक्यों मे, उसमें जिले के सरदार, ताजीमदार, बैठक वालों को बैठाया जावे, खड़ा रहने वाला कतार बांध खड़ा रहे। एक तरफ ज्यों नजर लायक अहलकार हैं वो भी कतार में खड़े रहे और लायक पंडत मां दो चार है वो भी एकत्र खड़े रहें और जहाजपुर के वोपारी, महाजन, पंच, मोतबर भी एकत्र खड़ा रहवे और नो-चोक्या के मुंह आगे बड़ा चोक है जिसमें फोज जिला की वा जिला का तोपखाना जमूरा वगेरा परेट जमा कर खड़ा रहवे। इस कदर सब जम जावे बाद मे पधारणा होवे। मोका ऐसा था के नो-चोक्यों के पीछे बाग पर एक महल था जिसका रस्ता नो-चोक्यों में आता था, उसी में बिराजना था. फेर नो-चोक्यां दरबार में पधारणा होवे साथ के सिरदार, अहलकार, पासवान भी पहले जम जावे। खास-खास लार हाजर होवे। इस तजवीज कुं पसंद फरमाया और पधारना हुआ जब फोज की सलामी, बाजा वगेरे बजा, कुरसी पर बिराजे। ब-कायदे सब का नजराणा हुआ। पंडत लोगा ने आशीर्वादात्मक श्लोक मालम किये। बाद में दरबार बरखास्त हुआ। फरमाया—यह तजवीज बहुत अच्छी हुई, हालांके चित्तोड़ राजधानी का मुकाम था वांह भी इसी तरह होता तो अच्छा होता वगेरे खुशी जाहर फरमाई।

दूसरे दिन बाग में बड़ा चबूतरा था उस पर बिराजना हुआ। कुल गामों के लोग हाजर हुये, ऊपर की तजवीज माफक नजर और रुक्के चबूतरे के किनारे पर रखते गये, फेर जो तजवीज था सब मजमून मेने हुकम के जरिये से लोगों को सुनाया। जमीदार लोग बहुत खुश हुये और अरज की के काछोला साहपुरा के साथ जो जहाजपुर जिला में सरहद का फेसला किया वो वाजब तोर से हुए, हम उसमें नुकसाण के शाकी नहीं हैं। लेकिन हमने सुना है बलके देखा है मांडलगढ परगणा में खालसे की जमीन का बहुत नुकसाण हुवा है। स्याम के वक्त थोड़े अरसे मे कुछ सवार एक कम्पनीं कवाद परेट वरदी से तईयार हो गई थी उसको कवायद मुलाहजा फरमाई,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पसंद फरमाई। किला मुलाहजा फरमाया, हाकिम की तरफ से गोठ नजर हुई।

जाजपुर में सुना के राजमहलों, जैपुर इलाके में पधारना होगा और कविराजजी ने जाहरा भी अरज की के जैपुर महाराज भी मुलाकात वास्ते पधारने की बात पक्की हो गई है। जाहजपुर से राजमहलों की तरफ कूंच हुवा, मुझे भी साथ लिया गया। बीच में मुकाम हो कर राजमहल ९ बज्यां के करीब पधारबो हुवो। बनास के कनारे छोटी सी नो-चोक्या बणी हुई है। राजमहल जैपुर इलाके दूणी जागीरदार का पट्टा में है। जैपुर महाराज तो पधारचा नहीं प्रोत शवनारायणजी खलीतो जाबताई लेर एक दिन पहली उठे आय गया हा। दूणी जागीरदार व शोनारायणजी नजर की दी, महाराज तबीयत अलील होवा सु नहीं पधारचा, खलीलो नजर की दो। महल बिलकुल मैला, बदबू आवती। श्रीजी थोड़ी दूर बराज बाग में दरख्तां हेटे पधार दूणी की तरफ की गोठ हीं सो अरोग शिकार पधार गया। रात का रेवास में पधार सुभे देवली छावणी में सरकारी फोज की कवायद मुलाहजे कर जाहजपुर पधारचा। उठा सु पारोली जाहजपुर तालुक मुंकाम हुवो। लछमीलालजी ने उठा की तरक्की हुई जी ने पसंद कर मोत्यां की कंठी, सरपाव, बैठक बगसी। जाहजपुर की सीख हुई। उठासु कविराजजी के गाम ढोकल्ये पधारचा। वांके एक छोटो सो पको मकान हो जी में बराजवो हुवो। गोठ जीमण हुवो। स्याम की बड़ी गोठ हुई। कविराजजी ने गेणों, सोनो पगा में वगेरा बगस्यो और मने हुकम हुवो के कविराजजी ने गाम बगसावा को नजाराणों कराये दो। मैं कविराजजी ने कह्यो गाम बगस्यो है, नजराणो करज्ये। नजराणो की दो, गाम तो मिल्यो नहीं जीं रो सबब मालुम नहीं के क्यु नहीं मिल्यो। तनखा रा रुप्या ३७५) महावार मुकरर हुवा सो मिलता रह्या। ढोकल्ये पधारवो हुवो जीं दिन जो नगारखानो सफर में श्रीजी लार रहवे वो नगारची गुम हो गयें यांने ढोकल्या में नहीं आया। चुंके उठे नगारखानो बजावा की जरूरत ही, बहुत तलाश हुई, नहीं मिले। रात का रेवास में पधारवो हुवो जद हाजर हुवा, बहुत लानत मलामत चश्मनुमाई नगारचां ने हुई। यां लोगां को पहले से उजर हो के "चारना के नहीं जावां" ईं तावे आगे केद भी भुगती, बागोर की हवेली शरणे भी रह्या पर नहीं गया जीं सु ढोकल्ये भी नहीं आया।

संवत् ३५ में बम्बई का लाठ अठे आया, वांकी महमानदारी को बंदोवस्त कियो गयो। साहब खुश रह्या वगेरे।

हकरसी दीवाणी मुकदमा की नहीं होवा की बहुत शिकायत ही ईं के वास्ते कानून बणावा को हुकम हुवो। कमेटी मुकरर, वी ४ मेंबर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तजवीज हुवा, चारों में मुझे भी सामिल किया गया। कानून बना, मंजूर हो कर जारी किया गया।

ठीकाणा जात जागीरदारान वगेरे के नाबालगी में सरकारी बंदोवस्त का सिलसिला जारी होकर ग्रामेट, कारोही नाबालगी का बंदोवस्त किया गया। कांकरोली मंदर का काम को तो उठा का मुनीम के ही ग्रक्त्यार में रखा गया। दीवाणी-फोजदारी व निगरानी वास्ते सरकारी बंदोवस्त किया गया। मंदर का काम में सरकारी बंदोवस्त होकर चलणा ना-मुमकिन समझा गया।

ग्रब ये बात बड़ी भारी पेश ग्राई के नमक का ग्रहदनामा तो हो गया, एक लाख पचीस हजार मन नमक सायर से मंगवाना ग्रोर मेवाड़ में तकसीम करना किस तरह हो सकेगा? रेल भी उन दिनो नहीं थी। नमक कमिस्नर ने कहा—"नमक उठावो"— मुसकल पेश ग्राई। मुझको फरमाया —'इसका बंदोवस्त करो', ग्राखर सोच विचार किया। मैंने यह तजवीज लिख पेश की के चंद मुतफरकात सहरी लागतें ग्रोर सिवाय भारी चीजों के छोटी-छोटी कुल चीजों का सायर का मेसूल माफ कर दिया जावे, जिसकी तफसील रुप्या एक लाख साठ हजार की फहरीस्त पेश की, ग्ररज करी के महसूल माफ होने से रयाया को ग्राम फायदा पहुंच जायगा ग्रर नमक के ग्राधे महसूल के एक लाख छपन हजार दो सो पचास सरकार से नकद ले लीयें जावें; इस तजवीज की कविराजजी ने भी बहुत तारीफ की; ग्राखर फरमाया ग्रजंट साहब कु समझा कर इसकी कारवाई करो। मैं ग्ररज करी इसके ग्रहदनामे में कविराजजी भी शामिल रहे मैं दोनु जावां तो ठीक होगा, फरमाया—"जावो"। ग्रजंट साहब से बहुत कुछ ग्ररज मारूज की गई, बहश भी हुवा, ग्राखर रीपोट करना साहब ने मंजूर किया। मंजूरी ग्रा गई, जिसमें ये काम ग्रासान हो कर दो लाख चार हजार कल्दार नमक के हरजाने के सालयाना मिलना करार पाया, ग्रोर मिलता है। इस महसूल छूट में चोईस हजार दाण के महसूल के भी फरद में शामिल करा दिया जिससे यह भी फायदा हुवा।

ग्रब जिस जनस जिसकी किसम दस के करीब थी उस पर व्रजनाथजी ने मेवाड़ के निकास-पेसार पर महसूल तजवीज कर दिया। पहले कोसोबंदी के हिसाब से महसूल लिया जाता था वो सब दीकते रफे हो गई। वृजनाथजी की यह कारवाई बहुत ग्रच्छी हुई, बहुत ही सोच समझ महसूल मुकरर किया जिससे वोपारी भी रजामंद रहे ग्रोर ग्रामदनी में भी तरक्की हुई।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शाहपुरा की तरफ सुं कविराजजी अख्तीयारात बाबत कलमबंदी को मसोदो पेश कियो, वो मसोदो अस्यो हो के वीं में रियासत का हक-हकूक की तरफ बिलकुल खयाल नहीं कीदो गयो हो। श्रीजी मने बगस्यो के ईं में थाणी कई राय है ? वीं में जतरा नुकस ओर राज का हक-हकूक की बातां ही वे दूसरे दिन अरज करी गई, जीं पर फरमाई-दूसरों मसोदो आपणी तरफ को वेणो चावे, सो मसोदो तईयार कर नजर करचो गयो। क्युं के सिरदारां की दीवाणी-फोजदारी का काम में हदमहदूद वेणी जरूरी ही, आखर वी में बहुत बहश होती रही। कुछ शाहपुरा का हक में तरमीम तरदीद वैर कलमबंदी वे गई। कलमबंदी करावा में तथा सिरदारां ने समझावा में कविराजजी की कोशिश बहुत ही रही के सात आठ सिरदार सलुंबर, कोठारचो, देवगढ, भेंसरोड़, भींडर, बानसी, गोगुंदो, मेजा की कलमबंदी नहीं हुई। जादा अख्तयारात का ख्वाहिशगार रह्या। नाथद्वारे कांकरोली की कलमबंदी की गई, ईं सबब सुं दीवाणी फोजदारी को काम भी जादा बढ गयो।

फिर श्रीजी का जैसमद पधारना हुवा, मने भी लार हाजर होवा को हुकम हुवो। मोसम बरसात का था, रात को पहोंचना हुवा। वहां सरबरा का इंतजाम ठीक न था। दूसरे साथ के लोग बरसात से रात को पहुंचे। पाल पर सरबरा का सामान कीसको भी नहीं मिला। मैंने पाल की मरम्मत में अंबावजी इनजीनीयर का डेरा पहले से वहां था उनके डेरे से सामान मंगा कर रोठचे बणवाई। बहुत लोग इस तकलीफ से भूखे ही रहें। कविराजजी ने कह दिया—सरबरा का सामान सब नीचे है, कीमत दे कर जा कर ले आवो। उस वक्त अंधेरी रात में सामान ऊंचा कर लाना मुशकल था। सुबह में शिकायत श्रीजी में भी पेश हुई, मेने भी अरज किया—कीमत से मिलना तो ठीक है, लेकिन श्री हुजूर का पदारना हुवा सामान मिलने का बंदोवस्त तो अच्छा होना चाहीये। कविराजजी कुं ताकीद फरमाई जब पाल पर बंदोवस्त हुवा। चार-पाँच दिन में वहां के काम में तरक्की तजवीज फरमा कर वापस पधारना हो गया। फिर चित्तोड़ पधारना हुवा, मुझे भी लार हाजर होने का हुकम हुवा, उन दिनों साहब लोगों की आमदरफत के लिये बगी की डाक नीमाहेडे रहती थी, श्रीजी भी डाक में नींबाहेडे पधार कर चित्तोड़ पधारचा। ये श्रीजी को पसंद न हुवा अपने ही इलाके में पकी सड़क बणाने की तजवीज हुई। मंगरवाड़ तक तो सड़क पकी पहले से थी, मंगरवाड़ से चित्तोड़ तक पको सड़क बनाने का हुकम हो कर सड़क बणवाई गई। बागोर खालसे था, महाराज सख्तसिहजी उनकी मोजूदगी तक बागोर उनको बगसा गया, लेकन उनके पीछे खालसे करणे का इकरार लिखा लिया गया। एक वारदात अफीम की १८ पेट्यां लूटणें की बहुत संगीन हुई. उसमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वोपारी गेर-इलाके के थे, बहुत ही हला मचा। आखरकार मुजरमों की गिरफ्तारी की सख्त ताकीद अजंटी से हुई। सरकारी गिराई अफसर भी बुलाये गये। कुछ मुजरम गिरफ्तार भी हुये, फिर यहां भी गिराई का महक्मा कायम हुवा।

श्रीजी हुजूर का बड़ा दोरा[1] हो कर जैपुर, जोदपुर पधारना हुवा। कस्नगढ महाराज प्रथीसिंहजी के चलने[2] की खबर नसीराबाद के मुकाम पर आई। रेल में उनके दाग में पधारना हुवा। जैपुर-जोधपुर में इस्तकबाल महमानदारी बहुत बढ़कर हुई, जिसकी तारीफ वहुत लोगों ने की, श्रीजी ने भी तारीफ फरमाई थी। मेवाड़ के कई एक ठिकाणों में भी पधारना हुवा। अखसर सिरदारों की ऊंची बैठक, बीड़ा. खिताव वगेरे बगस कर इज्जत वढ़ाई गई।

महाराज सोहनसिंहजी का बनारस रखना गवरमींट को मंजूर न था इसलीये बड़े साहब ने बहुत कहा तब उनसे राज का वा बागोर का ला-दावा लिखा कर कमीस्नर बनारस सु तसदीक करा के यहाँ बुलाये गये। रहने को तेल्यों की सराय एक गाम मनवा का खेड़ा ८०००) सालयाना रोकड़ मुकरर हुवा।

बंदोवस्त[3] के लिये सिवीलियन मिस्टर वींगेट साहब मुकरर हो कर आ गये। उन्होंने बहुत बड़ा अमला वास्ते पेमायश मुकरर किया, बाद संवत् १९३७ का सावण में पेमायश शुरु हुवा। जाटों ने पेमायश का कराना रोक दिया और दो-हजार जाट यहां अरजाऊ आये, उधर वींगेट साहब की सख्त रीपोटें पेश हुई। जाटों की कुछ शिकायत सायर के हाकम की वगेरे

---

१. बड़ा दोरा = मार्ग शीर्ष कृष्णा १२ [१० दिसम्बर, १८७९ ई.] को उन्होंने उदयपुर से कूंच किया और बेमाली, आसींद, वदनोर, संग्रामगढ होते हुये २३ दिसम्बर को नसीराबाद पहुंचे; २७ को अजमेर व ३० की स्याम को जयपुर पहुंचे; ८ जनवरी १८८० को कृष्णगढ़, १० जनवरी अजमेर, १२ जनवरी रायपुर, यहां से सोजत, पाली और बूशी में जोधपुर महाराजा से मुलाकात कर १७ जनवरी को बाणेराव, १८ जनवरी कुंभलगढ, २४ जनवरी गढबोर, वहां से केलवा, राजनगर, नाथद्वारा होकर १ फरवरी १८८० को नाहर मगरे दाखिल हुये और वहां से ८ मार्च, १८८० को उदयपुर पहुंचे।

दे. वीर विनोद : पृ. २२०५ से २२१९

२. चलने = मृत्यु होने की।

३. बंदोवस्त = जमीन की पैमाइश कर लगान तय करने का कार्य।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

थी, वे तो रफ कर दी गई ताहम पेमायश कराने में उजरदारी करते रहे, आखर हुकम हुवा—वींगेट साहब को और मुझको, मेवाड़ में दोरा कर पेमायश जारी कराऐ का हुआ। हम लोग गये, जाटों को भी हमारे साथ आने का और इसका फेसला कराने का हुकम हो गया। हम लोगों ने जाकर सख्ती नरमी से समझायस करी लेकिन नहीं माने, जब मैंने पांच सात मुखी आदम्यों को बेड्यें डालने और ५० सवारों के साथ उदयपुर भेजने का हुकम दिया। श्रीजी के इकबाल से पेमायस जारी हो गई। चित्तौड़ तक जाना हुवा, वांह से वापिस आये। इस खिदमत के बाबत रजीडंट साहब ने इस माफक चिठी लिखी :

Oodeypore 29th July, 1880

My dear Sir,

I hear daily from Mr. Ningate of all you have been doing and now write to say, that I congratulate you most heartily on the success you have met with, a success, owing almost entirely to the energy and talent you are displaying. You hove had and have a difficult taste to perform, but you must remember that the more difficult the work, the more credit will rest on your success. you may rely upon my full support in all you and Mr. wingate may do or recommend and I am aware thet H. H the Maharana is much pleased with the manner in which you are so zealously working.

Wishing you continued success,

Believe me

yours faithtully,

C. K. M. Walter
Resident in Mewar.

Rai Pannalalji
Camp.

फिर श्रीजी का जैसमद पधारना हुवा, उठे अजंट गवरनर जनरल ब्राडफोर्ड साहब भी आया। जैसमद की रूण[1] ललुंबर वगैरे सिरदारों के कब्जे में था, जिसकी नपती हो कर नक्शे बणाये थे और श्रीजी की मरजी के जैसमद की मरम्मत का खरच का रुप्या जिनके रूण है उनसे हिस्सा रसद

---

१. रूण—तालाब या झील के किनारे का रिक्त स्थान, जहां वर्षा-काल में पानी भरा रहता है और शेष समय रिक्त पड़ा रहता है, इसमें मवेशी चरते रहते है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वसूल किया जावे । नक्शे बड़ा साहब कुं बतलाये गये और जो तजवीज थी जाहर की गई । मैं भी मोजूद था, साहब ने फरमाया—मैं ऐसा मुनासिब नहीं समझता, ऐसा करने से तालाब पर जो आपका हक है वो जाता रहेगा, आखर मुलतबी हुवा । इसी साल में संवत् १८८१ से मरदुमशुमारी[1] का हुकम आया और उसमें केई तरह की दरयाफ्त, नक्शे, मरदुमशुमारी करने के कायदे भी थे । पहले सन् १८७१ में तो खाली एक इन्द्राज लिख दिया था, लोग इस बात से यहां के वाकफ न थे, इसका बंदोबस्त में भी मुशकिल हुई, आखर कायदों के माफक करणा ही पड़ा सो कुल मेवाड़ का २७ हिस्सा जागीरदार, सिरदार, सासणीक समेत कर के २७ मुनसरम मुकरर कर नक्शे हदबंदी के दीये गये । मरदुमशुमारी हुई लेकिन इसमें कई गांव शुमारी से रह गये । केई गावों की दुवारा हो गई, ऐसे गामों की तादाद कम ही थी कुल मरदुमशुमारी मेवाड़ की १४, ४३, १४४ आई । इस मरदुमशुमारी में सराड़ा जिला के भीलों या भोमट वगेरा की करने में मुश्किल बहुत पेश आई, आखर उनका तो अंदाजा ही लिखना पड़ा । और भीलों में यह बात जाहर हो गई के गिणती कर, पकड़ कर कहीं फोज वगेरह में भेजे जायेंगे । आखर जिस तरह हो सका नक्शों की खानेपूरी कर किताबें अजंटी में भेजी गई । खरचा करीब २६ हजार के खजाने से हुवा ।

पंड्या मोहनलालजी कविराजजी की सलाह से एक कानून बणायो और श्री हुजूर में पेश कीदो, वीं कानून को मतलब हो के एक बड़ी सभा होवे और कुल अख्तियारात उसमें रहवे, महक्माखास बराए नाम या तामीली कारवाई करे । वो मसोदो कानून को जो बहुत लम्बो चौड़ो हो, मने बगस्यो । बाद एक दो दिन के अरज कीदी के ईं माफक कानून होवा सुं काम ठीक नहीं चालेगा, अलबता पंडित मोहनलालजी आलिम समझवार आदमी है उनको सामिल रख कर इसके हरज-मरज श्री हुजूर सब सुण लेवे और हरेक दफा साबित फरमावता जावे, ईंने पसंद फरमाई और चंद रोज इसका काम मेरी और मोहनलालजी की पेशी में होता रहा । मेंने अरज किया अब जूडीशल काम बहुत बढ़ गया है, यह काम महक्मेखास से अलग कर दिया जावे इसका कुछ भी तालुक महक्मेखास से न रहे और इन्तजामी इजलासे गेर, माल, जमा-खरच का काम महक्मेखास के तालुक रहे, इस उसूल से कानून होगा तो ठीक काम चलेगा । पंडितजी भी फोरन इत्तफाक कर लियो । फेर कानून तै हो गया । हरेक दफा गोर के साथ दुरस्ती सुं साबत फरमा दी गई । कविराजजी अकसर दफा मे दखल देते

---

१. मरदुमशुमारी—जनगणना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लेकिन उनको पहले के माफिक रोक दिया गया। इजलास-खास टूट कर महदराजसभा कायम हुई। महक्मेखास को दफ्तर खुशमहलां में सुं नवां महलां में गयो। खुशमहलां में महदराजसभा रही। इस कानून की रूह से अपील को महक्मो टूट गयो। जला की अपील सदर दीवाणी, फोजदारी अदालत के तालुक हो कर फोजदारी अदालत, दीवाणी अदालत की अपीलां महदराजसभा में राखी गई। महदराजसभा में १६[1] मेंबर सरदार अहलकार वगेरे मुकरर फरमाय खास रुक्का इनायत हुवा। मुझको भी इस सभा का मेंबर किया गया। मेरे नाम इस माफिक रुक्का इनायत हुवा :--

नं. ५

श्री ऐकलिंगजी | श्रीरामजी | श्रीनाथजी

सावित

हुकम

राय पन्नालालजी महता

अप्रंच ।।. बजाय इजलासखास के महदराजसभा मय कुल कायदा के सावण शुक्ला १५ संवत् ३७ सुं मुकरर होवेगी सो थांने भी ईं सभा का मेंबर अब मुकरर किया गया है सो जो कायदा[2] व अख्तियारात तजवीज हुवा वां पर पूरो अमल राख साथ महनत व कोशीश के बगेर रूहरियायत मुन्सफाना तोर सुं काम अंजाम देता रहे और हमेशः अपक्षपात असी नेक राय हो वो करे कि जीं में दिन ब दिन इनसाफ और अमन जो कि ईं सभा का कायम करवा सुं खास मुराद है हांसिल होकर थांरी भी हर तरह इनसाफ पसंदी नेकनामी जहूर में आवती रहे।

सं. १६३७ रा सावण शुक्ला ११ सोमे

बेशक इस कानून से काम ठीक तरह चलने की सूरत और जूडीशल काम की तरक्की हुई। महदराजसभा का मेंबर सेकेटरी पं० मोहनलालजी मुकरर हुवा। कानून की किताबां इजरा हुई, हाकमान् जिला का दो दरजा

१. "वीर विनोद" में महद्राज सभा के सदस्यों की संख्या १८ दी गई है।

२. "कवाइद इन्तिजाम मुल्क मेवाड़ नम्बर १ संवत् १६३७"।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सु नायब हाकमों को अदालत सहर दीवाणी फोजदारी का अक्त्यारात कायम कर दिये गये, वो सब कानून में दरज है।

वृजनाथजी के सुपरद दाण का काम तो था ही लेकिन कुछ वैपार का काम भी इनके सुपरदगी में जारी हुवा। रुप्या कुछ तो खास खजाना सु मिल्या, सायर की आमदनी की रकम भी इनके हाथ ही थी, इन्होंने वोपार भी जारी किया। रूई का पेच[1] भी भीलाड़े लगाया मगर उनसे अछी तरह चल नहीं सका, रकम की ब्याज का नुकसाण उठाते रहे और हजारों रुपे की रकम कई ऐक साहूकारां की, काम कचो रहवा सु बाकी रह गई, बजाए मुनाफा के नुकसाण होने लगा।

संवत् १९३७ का साल में जयपुर महाराज रामसिंहजी देवलोक[2] हुवा सो मातमपुरसी वास्ते जैपुर पधारणो हुवो[3], मने भी साथ हाजर वेवा को हुकम हुवो। कुछ सरदार वगेरे, हम लोगों के नोकर सामान, श्रीजी के हमराही लवाजमा वगेरे सब नये नगर (ब्यावर) पहले से भेज दिये गये। पधारना बगी की डाक में हुवा और सवारी के घोड़े भी चोकी पर थे। यहां से सरदारगढ वहां से आसाद, आसींद से नयेशहर, वहां से रेल में जैपुर पधारे। बगी डाक की दो थी एक सवारी की एक बारगीर इसलिये मुझको जादातर घोड़े पर ही जाना पड़ा, कभी बगी भी एक चोकी तक मिल जाती थी। सरदारगढ से तो मेरी जागीर का गांव गोवल्याखेड़ा नजीक था सो वहां से एक नाई एक बामण जो सेणा[4] था, सरदारगढ आ गये। रात रह कर आसींद पहोंचे वहां परोत दयानन्दजी ने बंदोवस्त किया, उस दिन मैं घोड़े पर ही गया था। शरीर का काम से निवरत होकर रात को ९ बजे श्रीजी ढोल्या[5] पर पोढया[6] ही हा, कविराजजी थोड़ी छेटी[7] एक थंभा के

---

१. पेच=कपास से रूई और बिनोले अलग करने की मशीनें भीलवाड़े में लगाई गई।
२. १७ सितम्बर, १८८० को जयपुर महाराज सवाई रामसिंहजी का स्वर्गवास हुआ।
३. २२ अक्टोबर, १८८० को उदयपुर से प्रस्थान कर २५ अक्टोबर को प्रातः ७ बजे जयपुर पहुंचे। २९ अक्टोबर को जयपुर से रवानह होकर २ नवम्बर को उदयपुर पहुंचे।
४. सेणा=मालगुजारी महकमें में एक चतुर्थ श्रेणी का पद।
५. ढोल्या=पलंग।
६. पोढ्या ही हा =लेटे ही थे।
७. छेटी=दूर, दूरी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आलके[1] से लेटे हुये थे, मैं जाकर बैठ गया, मुझे देख कविराजजी ने कहा—यहां तो तुम्हारी खूब खातिर महमानदारी हुई, चा [चाय] वगेरे भी मिल गई; जो ऐसी बातें करने लगे जिससे आसींद रावतजी और मेरी दोस्ती श्री हुजूर तक जाहर हो जावे। रावतजी से मैं मिला तक न था, दयानंदजी ने घर-वैवार से बंदोवस्त किया। सब लफज उनके श्रीजी ने सुन लिये, फरमाया—कविराजजी क्युं बकवाद करते हो देखो तुम बगी में टरे आये हो अब अब पड़े हुये हो और ये तरवार लेकर पहरा पर आ बैठे हैं, ऐसी बातें नहीं करणी चाहिये—जब चुप हुये। दूसरे दिन आसींद से सुबे रवानगी हुई। रात की बातों के ही सबब से मुझको बगी में बैठने का हुकम हुवा लेकिन बारगीरी बगी रेता के सबब से चल नहीं सकी, रुक गई, श्रीजी बहुत आगे पधार गये। नयेशहर रेल की टेम पर पहुंचना ही था, मैंने खयाल किया—बगी पूगेगा नहीं। सरदार छोटे ठिकाणों के अपनी हद पर पेसवाई वास्ते आये थे सो एक सरदार की घोड़ी ले कर उस पर सवार हो एक आनस रामपुरे सामिल हो गया। वहां से श्री हुजूर भी नोपती[2] सवार हुये सो हम लोग भी घोड़े पर सवार हो साथ रहे। गाटे [घाटे] में बगी जा नहीं सकती थी, नयेशहर पहुंच कर मय कुल लोगों के रेल सवार हो गये। उस बगी में प्रोत पदमनाथजी, ज्यानीजो, उदेसिंहजी राणावत थे वे दूसरे रोज जैपुर आये, साथ नहीं पहुंचे। चोथे रोज जैपुर से रवानगी हो कर पधारना हुवा, उसी तरह डाक में उदयपुर पहोंचे।

जोधपुर से टीका को दस्तूर आयो, पहले पुस्तों में जोधपुर से टीका नहीं आया था अब एकता होकर टीका शुरु हुवा लेकिन खलीता नहीं आया। इसी साल में कोटे महारावजी श्रीजी द्वार[3] पधारचा, मेवाड़ में सरबरा को बंदोवस्त राज सुं हुवो, अठे पदारणो नहीं हुवो।

इसी साल में चि. फतहलालजी को विवाह हुवो; जान[4] शाहपुरे साह गोरधनमलजी चोरडचा के जाणी थी। श्री हुजूर की श्री राणीजी साहबां सुदां व्याव में पदरावणी की गई।[5] कुल फोज, छोटे नोकर

१. आलके=ओट में आड़ में।

२. नोपती=घोड़े पर। ३. श्रीजी द्वार=नाथद्वारा। ४. जान=बारात।

५. माघ कृष्णा ११, तारीख २६ जनवरी १८८१ के दिन महाराणा मय रानी सा० के महता पन्नालालजी के पुत्र फतहलाल के विवाह-उत्सव में भाग लेने उनके निवास स्थान पर गये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कारखाना वगेरे बड़ा लड्डू खाजा दिया गया, करीब ८००० के तकसीम हुये, श्रौर जनानी बायां ड़ोड़ी तालुक व छोटे नोकरों कु करीब ३००० तीन हजार के खल्ला[1] दिया गया। गोठ हुई, श्री हुजूर खावंदी फरमाय फतहलालजी को सोंना का लंगर, सरपाव बगस्या श्रौग महलों से बंदोरी[2] निकलवाई गई। जान में बहुत कुछ लवाजमा बगसा। जहाजपुर से एक कम्पनी मय पड़गम मशक का बाजा के, नगारो निसाण, श्रौर यहां से हाथी मय बनाती भूल, काच का होदा व जेवर हालरा दूमची सुदाँ सवारी वास्ते एक हाथी, श्रागे चलने वास्ते सोना रो गोटो, बाली [बहली] मय सोना का गोटा के मयानो, रथ, सेजगाड़ी, सवारी का घोड़ा, ऊंट, चारकस के ऊंट जितनें दरकार थे बगसे गये। २०००) रुपे मामूली बगस्या। मेरा जाना जान में नहीं हुवा। लछमीलालजी गये। गोरधनमलजी के सगपण संवत् ३४ में हुवो वे मलणी श्रठे करवा श्राया। मलणी बाबाजीसा गोकलचंदजी की-दी। हालांके महक्मेखास को काम करता हा। श्री भाईजी साहब के भी उसी मोके पर बुखार गुजराती की तकलीफ हो गई सो पधारना बरात में न हुवा। विवाह श्रछी तरह से हो गया। कविराजजी श्रीजी हुंजूर में वा श्रजंट साहब से विवाह में फिजूल खरच करवा की श्ररज क़ीदी। मुझको फरमाया गया—मैंने जैसा था वैसा श्ररज किया। फतहलालजी को सोना जाटों के बलवे को रफे कर पेमायस जारी करने की खिदमात में बगसा गया था। जीमण शहर बावनी को हुवो। १२५ न्यातां जिमाई, कुल उमराव, बाबाजी गर्जसिहजी वगेरे कुल सरदार पासवानों ने जीमाया गया।

इसी साल स्वामीजी कैलासानंदजी जो नामी विद्वान थे ने मेरे यहां पधरावणी करी, भेट में चांदी के २ बरतन किये गये श्रौर खत्रगछ (खरतर-गच्छ) जो हमारा गछ है[3], इस गच्छ के श्रीपूजजी यहां पधारे सा उनकी

---

१. खल्ला=मिठाई के पेकिट।

२. बंदोरी=बारात रवाना होने की पूर्व संध्या को दुल्हे को सजाकर शहर के प्रमुख मार्गों पर जुलूस के रूप में नाचते गाते व श्रातिशबाजो के साथ निकालने की परंपरा है इसे बंदोरी निकालना कहते हैं।

३. पन्नालालजी मेहता मूलत: श्रोसवालों की बच्छावत शाखा के थे व उनका जैन धर्म श्वेताम्बर शाखा के खरतरगच्छ के साधुश्रों को मानने वाला था, किन्तु महाराणाश्रों की सेवा में रहते हुये ये भी परम वैष्णव हो गये तथा श्रीनाथजी ही इनके परिवार के इष्ट रहे। वैष्णवों के समान ही तीर्थ यात्रा व्रत त्योहार एवं उद्यापन कार्य किये जाते थे जैसा कि प्रस्तुत जीवनी को श्रागे पढने से स्पष्ट होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पधरावणी घर पर की गई। सावण विद १ की गोठ बागवाड़ी में और सीलसातम की पधरावणी हवेली पर साल्याना हुआ करती थी, मैंने जो पुरानी हवेली के बाहर मकान बणाया उसमें बिराजना होता था। कुछ मकान तंग था उसके लिये श्रीजी ने हक बढाने का तरीका बताया जिससे मकान बहुत उमदा हो गया और इसमें फवारे भी रक्खे गये, उसकी तयारी के लिये शंभुनिवास वगेरे के लिये श्रीजी ने बेशकीमती दलीचा मारफत भवानीनारायणजी मंगाये थे, मुझको भी मकान में बेठते हुये दलीचे मंगाने का हुकम हुवा। ८००) के दलीचे मंगाये गये और परदे वगेरा बनाये, अच्छी सजावट हो गई जिसमें १५००) के करीब खरच हुआ होगा।

श्रीजी हुजूर अक्सर सजन निवास बाग बण्या बाद बग़ी सवार हो कर हाथ से बगी हांकते थे लेकिन कोई बगी उस वक्त ऐसी न थी, मैंने एक बग्गी करनल इम्पी साहब से ली थी, "बेगोनेट" थी, बाग की सवारी वास्ते नजर कर दी गई। श्री हुजूर खुश हो कर मंजूर फरमाई। श्री हुजूर खुश हो कर मंजूर फरमाई। श्री हुजूर ने भी बलाणे-घोड़े अच्छे-अच्छे बगसे। एक "मझनायक" वा "शंकरबक्ष", शंकरवक्ष बेंडा घोड़ा था, डुडचा बहुत देता था लेकिन घोड़ा बहुत अच्छा था, मैंने अरज करा के लिया और नाथूजी नंदलालजी चाबुक सवार यहां नामी थे, उन्होंने एक ही महीने में घोड़े को ऐसा कर दिया के फरत में तारीफ लायक हो गया। उस पर मंगा कर यहां व नाहर मगरे सवार होते थे, तारीफ फरमाया करते। एक घोड़ा मैंने गुलदार लोला ६००) में खरीदा था वो भी घोड़ा बहुत अच्छा बण गया, उस पर भी सवार हुये। एक दिन का जिकर लिखने काबिल है के यह दस्तूर था के दिवाली के दूसरे दिन घोड़ों की जोड़ दोड़चें करती थी, उसमें सवारी के सब घोड़े, सरदारों के अच्छे घोड़े सब चोगान में जमा होते थे, मेरे घोड़े भी जाते थे। श्री हुजूर दरिखाना चोगान में बिराज मुलाहजे फरमाते। जोडचां घोड़ों की चाबुक सवार दोड़ाते, फिर हुकम हुवा नाथूजी को के—"हम भी जोड़ी दोड़ावेंगे, एक घोड़ा इस काम लायक हो तईयार रक्खो।" उन्होंने सवारी लायक तईयार करवाया। फेर सब जोडचां दोड़ चुकी उसके बाद नीचे पधारचा, मैं भी अपने नीले घोड़े पर चढ़ गया। श्री हुजूर को नाथूजी ने घोड़ा तईयार रक्खा वो पसंद न हुआ, मुझे बुला कर मेरे घोड़े पर सवार होने को फरमाई, मैं उतर गया, फोरन सवारी का सामान उस पर किया गया। सवार हो कर जोड़ी दोड़ाई, बहुत ही अच्छा दोड़ा, फेर महलों तक उस पर ही सवार हुये पधारे। मुझको सवारी के लिये घोड़ा नाथूजी ने तईयार कराया था उस पर चढ़ने का हुकम हुवा। केई वरसों से जोडचें दोड़ाना बंद हो गया है। मैंने घोड़ा नजर करने की अरज

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की फरमाया—खुशी वे जद मंगाय ने चढ़ां ही हां, थांणे ही रहवे तो कई हरज है।

मंगरे[1] का काम बदस्तूर चलता था। इस बात का किसी को खयाल न था न कोई ऐसी बात ही मालुम हुई के वहां पर बलवा होने वाला है, ऐकाऐक[2] खबर आई के मगरा सराड़ा जिला का भील बदल गया और थांणे सब काट दिये सवार सीपाही मारे गये। खास कर सड़क पर जादा भीलों का जोर था, फोरन ही कविराजजी खुद, मामा अमानसिंहजी[3] वा नोनारगिन साहब मए आछा तोपखाना वा सवार पलटन समेत रवानह हुये। ये बारापाल आगे और टीड़ी के दरमयान घिर गये। दोनों तरफ सड़कों के मुंह भीलों ने बंद कर दिये और इन पर भी भीलों का बहुत जोर पड़ा और कुल भीलों में बलवा फेल गया। डाक खेरवाड़ा आना बंद हो गया, खबर भी मुश्किल से पहुंची। यहां से देलवाड़े राज, ठाकर मनोहरसिंह जी व तांणेराज को मय जमीयत मदद के लिये भेजे गये लेकिन भीलों का इतना जोर था कें ये बारापाल तक ही पहुंचे, आगे कविराजजी तक पहुंच न सके बलके बारापाल भी ठहर नहीं सके, पीछा लोट कर काया डेरा डाल दिया। पुलीस का बंदोवस्त था सो पुलीस तो भाग आई और तहसीलदार धूलजी नागोरी को भी भीलों ने मार डाला। अड़सीगढ़ की तरफ से भेंसरोड़ रावतजी कुं मए जमीयत्त भेजे गये। अड़सीगढ़ पहुंच गये। बलवा इधर भी था, बाठरड़े कंवरजी, कोशीथल ठाकर, कुराबड़ रावत रतनसिंहजी भाई तखतसिंहजी केवड़ा की नाल वड़ी की तरफ भेजे गये। ये लोग जैसमद

---

१. मंगरे=पहाड़ी इलाके का।

२. दिनांक २६ मार्च १८८१ को इस विद्रोह की प्रथम सूचना उदयपुर पहुंची थी। यह विद्रोह भीलों से लिये जाने वाले "बराठ" सरकारी खिराज तथा अंग्रेजों की उपस्थिति के विरुद्ध स्वतन्त्रता के लिये विद्रोह था जिसे अन्त में दबा दिया गया व संधि की गई व २५ अप्रेल, १८८१ को कविराज श्यामलदास मय फोज के उदयपुर लौट आये।

३. मामा अमानसिंह=अमानसिंह महाराजा किशनगढ के नजदीकी रिश्तेदार और अजमेर जिले के गगवाना, ऊंटड़ा तथा मगरा गांव के स्वामियों में से है। "राजा" इनका खिताब है। महाराणा सज्जनसिंहजी के मामा होने के कारण मेवाड़ में ये "मामाजी" कहलाते हैं। बहुत वर्षों तक ये मेवाड़ की कवायदी सेना के कमांडिंग अफसर तथा महद्राजसभा के मेंबर रहे। ये अंग्रेजी, फारसी, हिन्दी आदि भाषाओं के ज्ञाता, बुद्धिमान, विचारशील और पुराने ढंग के धर्मनिष्ठ सरदार थे। मामा बख्तावरसिंह इन्हीं के वड़े भाई थे।

दे. उदयपुर राज्य का इतिहासः

गो. ही. ओझा पृ. ११३३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तक पूग गये। इनको लिखा गया के कविराजजी की खबर नहीं मिली सो फोरन वां के सामिल वे'र हाल लिखो। अठी की डाक तो बराबर आवती ही और कविराजजी के पास पहुंचने का इरादा किया इतने में धूलेव[1] के भंडारी[2] भीलों को धरम-करम दे कर इस फोज को बहुत कोशीश के साथ धूलेव ले गये। कविराजजी ने कुराबड़ रावजी व भाई तखतसिंह के आने की सुणी तो धुलेव से इनके नाम खत भेजा के आप यहां न आवें बलके दरबार की आए लिख दी, जब ये लोग पीछे लोट गये और प्रसाद [परसाद] में बहुत यात्री सराय में बंद थे किसी तरफ भी जा नहीं सकते थे लूट-कसोट भीलों की जारी थी ताहम प्रसाद से सब जात्रियों को निकाल कर उदेपुर रवने कर दिया। कई दिनों तक बलवा रहा। अजंट गवरनर जनरल यहां आये, बलवा रफे कर सड़क साफ करने की ताकीद हुई। कविराजजी ने यहां लिखी के तखतसिंहजी का आवा सुं "भील नहीं समझ सक्या" या बात अजंट गवरनर जनरल ने भी मालुम हुई सो ईं की तहकीकात वास्ते वींगेट साहब वा खेरवाड़ा का साहब मुकरर हुवा। इनकुं भी धुलेव सुं भग कर खेरवाड़ा जाना पड़ा। इन्होंने सब हालात देखकर दरयाफ्त कर लिखा के ये कुछ बात नहीं है, अगर कुराबड़ रावतजी वा तखतसिंहजी धूलेव पहुंच जाते तो काम ठीक तरह हो जाता। अब बंदोवस्त के वास्ते और क्या हो सकता था कविराजजी कुं ही लिखा जाता आखरं रखवदेवजी का भंडारचां की मारफत ये करार पाया के मुख [मुख्य] गमेती लोग पगल्याजी में आवे और कविराजजी मामाजी जरीदा वहां आवें और भीलों का उजर सुण उनका दुख दूर करे, ऐसा ही हुवा। कविराजजी, मामाजी के साथ फोज तो नहीं गई लेकिन धूलेव के तमाशागीर साथ हो गये। इनके बातचीत होती थी के तमाशगीरों ने कुछ शोरगुल किया, भीलों ने कलकी[3] कर दी फिर ऐसी देहसत इन पर पड़ी के धुलेव पहुचना मुशकल हो गया, जैसे-तैसे इनको धुलेव भंडारी लोग ले आये। पांच-सात दिन फेर गुजरे, कोशीश करते रहे, आखर भीलों ने जो चाहा सब बात मंजूर करके रखबदेवजी उन रयायती कलमा की सरे[4] गड़ाय दी गई और बलवा रफे कर फोज पीछी यहां आई। भील

---

१. धूलेव = ऋषभदेव।

२. ऋषभदेव के पुंजारी खेमराज भंडारी।

३. कलकी कर दी = भीलों द्वारा फाइरे फाइरे शब्दों के साथ जोर की किलकारी की गई जो युद्ध करने को एकत्र हो जाने का सकेत होता है; लड़ाई का आह्वान कर दिया।

४. सरे = शिलालेख; भीलों के साथ जो शर्तें तय हुई उन्हें शिला पर खुदवा कर ऋषभदेवजी में स्थापित किया गया।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोग जादा सरकस हो गये, साहब लोगों ने यह बंदोवस्त पसंद नहीं किया बलके बहुत शिकायत की। जैसमद भीलों का हमला करने की दहसत से वहां जो केदी थे उनको हाकिम अखेसिंहजी की राय सुं सलुंबर तखतसिंहजी वा मदनसिंहजी बाठरड़ा वाला जाय मेल आया। तखतसिंहजी को लिखा गया के—दूसरा हाकिम मुकरर न हो जत्रे मगरा में ठहर इन्तजाम राखे। शैलकान्तार सभा तोड़ दूसरा लायक हाकिम मुकरर करने की तजवीज हुई। कविराजजी ने जहाजपुर हाकिम लिछमीलालजी कुं मगरा में भेजना तजवीज किया; मैने अरज किया—लछमीलाल मेरा भाई है इसरी जुमेवारी मेरे ही ऊपर पड़ेगा, अब इसकी कारवाई भी महक्मेखास में रहेगी इसलिये मेरी राय से हाकिम होना चाहिये। इसमें बहुत पशोपेश रहा लेकिन मुझको फरमाया—बिचारो और यह काम अपने जुमे समझो। मैंने महता गोवंदसिंहजी को तजवीज किया, मंजूर फरमाया।

एक कविराजजी के भरोसा का दयालाल गिरदावर था उसको रखने में कविराजजी ने बहुत ही जोर दिया, यहां तक कह दिया के भीलों का जो बलवा मैंने रफे किया है उसका वाकिफकार ये ही सख्त है, यह नही रहेगा तो शायद फिर बलवा हो जावेगा। मैंने सोचा इसकी जुमेवरी कोन कर सकता है, उसको रहने दिया गया। हाकिम गोविंदसिंहजी सराड़े पहुंचे ही थे, महीनाक के बाद १४ वलायती डूंगरपुर के नोकर भोराई की नाल में हो कर घर जाते थे उन १४ ही वलायत्यां को भोराई के भीलों ने लूट लिया ओर १४ ही वलायत्यां का सिर काट लिया। डूंगपुर की तरफ से बहुत ही बावेला मचा। हाकिम ने गिरदावर दयालाल को वास्ते गिरफ्तारी मुजरमों के भेजा क्युंके वो ही भीलों की पालों का जुमेवार था। भोराई से मुजरम लेने वा तेकीकात तो दरकिनार लेकिन उस पर ऐकाऐक ऐसा हमला किया के दो तीन सवार सीपाही मारे गये, घोड़े भी मारे गये, जख्मी भी कुछ हुये। गरदावर ने जवान लेकर बूरी तरह से भाग कर आपणी जान बचाई। यहां हाकम ने खबर भेजी। मैंने अरज किया—तहकिकात होने से सही हाल अरज किया जा सकता है लेकिन मेरा खयाल है व में यही समझता हूं के अगर यही गिरदावर रहेगा तो फेर ऐसी वारदातें होती रहेगी। नठारा की पाल के भीलों ने भी बहुत सर उठा रखा है उसका बंदोवस्त भी उससे कुछ नहीं हो सका, फोरन माफ[1] किया जावे। हाकम को काम करने दीजिये ताके कुछ भीलों से वाकफियत पैदा करे, जिससे आहस्ते आहस्ते बंदोवस्त की सूरत हो जावे। उधर साहब लोगों की तरफ से और डूंगरपुर की तरफ से बहुत कुछ शिकायतें हुई बलके

---

१. माफ किया जावे=हटाया जाय।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गवरमेंट तक रीपोटें पहुंची, गवरमेंट से हुकम आया—राज से बंदोवस्त नहीं होता इसलिये कमीसन मुकरर कर मगरा जला के भीलों का बंदोवस्त की तजवीज सोची जावे। श्री हुजूर में अजंट साहब मालुम करी, मने फरमाई—कैसे किया जावे? मैंने अरज किया—ऐक दफे इसका बंदीवस्त के लिये मोहलत मांगी जावे, अब मोसम बारीस है फसल पकने पर बंदोवस्त ठीक हो सकता है। फरमाया—अजंट साहब को वाकफ करो। मैंने सब हाल वाकफ किया अोर अरज करी—मगरे की आमदनी बहुत कम है, हम लोग तो थोड़े खरच से काम चला सकते हैं लेकिन सरकारी तोर बंदोवस्त होगा तो खरच वहुत बढ जावेगा। इसी दलील पर अजंट साहब ने एक मोहलत मिलवा की रीपोट कर मंजूरी मंगाई इस शर्त पर के ऐक दफे भीलों को ऐसी सख्त सजा दी जावे के उनको इबरत हो। अजंट साहब ने अपनी तरफ से हुकम आने पर फरमाया - फोजकशी कर के १००-५० भीलों का माथा काटा जावे जब ठीक होगा। बरसात में तो कुछ होई नहीं सकता था फेर लाठ रीपन के चित्तौड़ में नवंवर मे आना करार पाया, पहले इसका बंदोवस्त पेश आया। सजादेई के लिये फोज जाणे तक हाकम ने रफ्ते-रफ्ते अपना काम ठीक चला लिया। कोई बड़ी वारदात नहीं हुई अलबत्ता नठारा, भोराई के भीलों की सरकसी बढ़ती गई।

रात को दस बजे एक दिन कोठारी मोतीसिंहजी की तरफ से इत्तला आई के खजाने की रोकड़ में पोते निकले जिससे जमा कम मालूम होता है। उसी वक्त पोतदार हमीरमल को केद कराया गया अोर सुबे जब हिसाब की कारवाई की गई तो करीव ४० हजार के कमी मालुम हुई। इस कारवाई बाद श्रीजी में अरज की—फरमाई—"रुप्या वसूल वेणा चावे" व कोशीश चूकता रुप्या वसूल कर जमा कराया गया अोर पोतदार को केद की सजा दी गई। खजाना राज में होने के बाद यह पहला ही वाका था, पोतदार भी इस अोहदे पर बहुत पुराना नोकर था।

वाल्टर साहब यहां के रजीडंट बहुत नेकमिजाज, आला, अदने की भलाई चाहने वाले, रियासतों की बहबूदी बढ़ाने वाले मुनसिफ-मिजाज थे। श्रीजी से बहुत ही दोस्ताना बरताव था इसलिये उनके नाम पर वाल्टर जनाना होंसपीटल अोरतों के इलाज वास्ते बनवाया गया।

श्री हुजूर में G. C. S. I. का खिताब मिला था उसके लिये तजवीज थी के श्रीजी तुगमा लेने कलकत्ते पधारें। इसको हुकम पसंद नहीं फरमाते थे। पहली महाराणा शंभुसिंहजी को यही तगमा उदेपुर में ही बड़े साहब ने दिया वैसा हो होना चाहिये। अगर लाठ साहब यहां आ कर देवे तो जादा खुशी की बात है, इसकी बहुत कुछ कोशीश होती रही। आखर लाठ साहब

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का जवाब आया—"जहां रेल तार नहीं वहां लाठ साहब नहीं जा सकते" जीं पर चित्तौड़ में जलसा करार पाया। रेल चित्तौड़ उस वगत तक खुली नहीं लेकिन सामान की गाड़ियें आने लग गई थीं। इस मोके पर रेल भी चित्तौड़ खुलाई गई। स्टेशन बना नहीं था इसलिये एक चबूतरा खास तोर पर बनाया गया और चित्तौड़ बहुत बड़ा जलसा होना तजवीज हुवा। श्री हुजूर का पधारना भी डोढ़ महीने पहले[1] से ही चित्तौड़ हुवा। भाई तखतसिंहजी भी लार गया और लाठ साहब की तशरीफआवरी को बंदोबस्त भाई तखतसिंहजी के सुपरद हुवो। एक कमेटी मुकरर हुई—अजंट साहब, वींगेट साहब, एनजीनियर मरे साहब वा भाई तखतसिंहजी। दरबार वास्ते एक मंडप बणावा वास्ते ही मरी साहब बुलाया गया। डेरों का बंदोवस्त बहुत कुछ करना पड़ा। लाठ साहब का खास डेरा भी आरपतन मंगाया गया, बहुत बड़ा कैंप लगा। श्रीजी के बराजवा का रेवास भी बहुत बड़ा लगाया गया। मैं भी लाठ साहब के आने के ऐक दिन पहले चित्तौड़ घोड़ा की डाक में दिनोंदिन पहुँचा। उस वगत रेल सवार वे'र लाठ साहब की पेशवाही वास्ते अज्मेर पधारवा की तईयारी थी, लेकिन श्रीजी की तबियत अलील थी इसलिये माफी चाही गई, उसी वगत तार माफी का आ गया, पधारना मुलतवी रहा। मेवाड़ के अवल नम्बर के सिरदार भी बहुत जलूस के साथ आया। पेसवाई वगेरे इस्टेशन पर हस्ब मामूल हुई। हाथी की सवारी से डेरे दाखिल हुये। बड़ा दरबार हुवा, कविराजजी ने और मने अवल सरदारों की ओल में लूणदा हेटे बेठाया गया और रात को खाणा नाच उसी मंडप में हुवा। आतशबाजी बहुत उम्दा छूटी, किला पर रोसनी हुई, हांसिल कलाम के बड़ा भारी जलसा हुवा। लोग सब कहते थे के दिली में लाठ साहब का दरबार हुआ उसका नमूना है। रुपया भी करीब चार लाख के खरच हुवा, जादा हिस्सा सामान मंगाने में खरच हुवा।

लाठ साहब मगरा का भीलां ने सजादेही की ताकीद फरमाई, जीं पर मने फरमाई, मैं अरज करी ये काम सिरदारों का है कोई बड़े सिरदारों में से मुकरर फरमावें। कविराजजी भींडर कुंवर मदनसिंहजी के लिये अरज की, आखर वांने बुलाय हुकम फरमायो। वां एक फहरिश्त नजर

---

१. ९ अक्टोबर, १८८१ को महाराणा ने उदयपुर से चित्तौड़गढ के लिये प्रस्थान किया। GCSI के खिताब देने का जलसा गवर्नर जनरल मारक्विस ऑफ रिपन की उपस्थिति में २३ नवम्बर, १८८१ को हुआ। इस जलसे में करीब ९०,००० के लोग एकत्र हो गये थे। किले की मरम्मत आदि कार्यों को करवा कर महाराणा २० दिसम्बर, १८८१ को उदयपुर के लिये रवाना हो गये और २४ जनवरी, १८८२ को उदयपुर पहुंचे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर अरज करी ईं माफक बंदोवस्त वे तो मूं जाऊं, १६०० पेदल, ४०० सवार १२ महीना के लिये जिसमें ४०० पेदल २०० सवार मेरी भरती के हों और जो कोई ठीक नोकरी करे उसको दस-दस बीगा पीवल तक जमीरण देणो यो इक्तियार मने मिलणो चावे; और किसी की बड़ी चाकरी पर गाम बगसने की अरज करूं तो बगसा जावे, यह बात पसंद नहीं फरमाई गई। आखर मने हुकम हुवो—बंदोवस्त करना ही होगा, मैं अरज करी सियालुं के फसल का मोका तो लाठ साहब की तशरीफ आवरी से निकल गया अब तो उनालू पकने पर चेत महीने में सजा देने की मोसम ठीक है दोयम यह लाठ साहब को यह कहलाया जावे, चेत में कामिलतोर से सजा दी जावेगी। सिपाई रजपूत तो बहुत हैं लेकिन हथियार पुराना और कम है इसकी मदत बंदुकों और तोपखाना मिलने की होना चाहिये। आखर छः तोप का एक तोपखाना और १५०० बंदुकें और मेगजीन बहुत सा मिल गया। चेत महीने के पहले ही लाठ साहब ने अठा तक उस वगत ही मंजूर फरमा लिया।

फिर लाठ साहब किलो देखवा तशरीफ ले गया, साथ जाने के लिये कविराजजी बहुत ख्वाहिशगार हुवा, अरज कीदी—"मैं तवारीख वगेरे बहुत हालात वाकिफ कर सकता हूं।" थें अंगरेजी जाणो ही नहीं ये काम तो सब अजंट साहब करेंगे, उन्होंने पहले ही तवारीख अंग्रेजी में बणाली है सो थें जाणो ही हो, थां सुं घोड़ा पर बगी के साथ जाणी नहीं आवेगा।" फिर भी अरज की—नामंजूर हुई। मने लार जावा को हुकम हुवो, घोड़ा की सवारी से लाठ साहब की बगी के साथ गयो। जठे वे उतरता मैं भी घोड़े से उतर जाता था, बातचीत तो सब अंग्रेजी में अजंट साहब हीं करते थे। डेरा तक साथ गया, बगी से उतर डेरे में जाते ही थे, मैं घोड़ा पर से उतर पहुंच गया, लाठ साहब ने हाथ मिलाया, फरमाया—मैं बहुत खुश हूं और डेरे जो लाठं साहब के खास बहुत उमदा आये थे, वो राज में ही दे दिये गये। श्री हुजूर का डेढ महिना फेर चित्तोड़ किले पर बिराजणा हुवा। तखतसिंहजी को उदयपुर भेजे, मैं खेद के सबब काम बहुत चढ़ जाने से पेशी के वास्ते वां ही रहा। फिर श्री हुजूर बागोर की तरफ पधारे, मैं उदयपुर पहुंचा, भीलों का बंदोवस्त वास्ते फोजकसी वगेरे बंदोवस्त करने का हुकम बगस कर मैं उदयपुर भेजा गया। फिर घोड़े की डाक से दिनो दिन यहां आया। लाठ साहब की तशरीफ आवरी का बंदोवस्त ठीक हुवा जिससे श्रीजी ने खुश हो कर भाई तखतसिंहजी की तनखा में ५०) महावार की तरकी फरमाई, बजाए १५०) २००) हुये।

इतने अरसे में और भीलों कुं तो हाकम ने ठीक ठीक रस्ते पर कर दिये सिरफ सजा देना भोराई और उसके करीब की पालों कुं और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नठारा को जरुर था। मैंने यहां आ कर ये हीं सोचा के जब तक सड़क के भीलों की तरफ से पूरा इतमीनान न हो जावे फेर [वापस] फौज भेजने में दिकत ही पेश आवेगो। मैंने रसालदार गुलशेरखांजी को जो बहुत लायक अफसर थे और उनका अड़सीगढ थाणा था बुलाया और उनकी मारफत इसकी कारवाई शुरू कीं। वो ऊंदरी पाल के लख्या गमेती कुं मेरे पास लाये, मेने उसे कहा—तुम सड़क की पालों के भीलों की सफाई करा दो वरना अब सजा का सख्त हुकम है। वह पैगाम लाया के—भील लोग भी चाहते है के हमारी तसल्ली हो जावे। मैंने कहा—अगर वे जितना हथियार सरकारी सवार पेदलों के छीने हैं वो सर पर लें कर जुरमाने के रुप्ये ११) से ५१) तक थाल में रख कर मेरे सामने ले आवे तो मैं उनकी तसल्ली कर पगड़ीयें बंधवा दूंगा लेकिन उनको यह करार करना पड़ेगा के फोज भोराई, नठारा को को सजा देणे जावेगी तो फोज की खिदमत सरबरा वगेरे करेंगे। उन्होंने पांच सात दिन कोशीश करके धूलेव तक के रास्तों की पालों के दो-दो. तीन-तीन गमेती मय हथियार व जुरमाने के रुप्यों के हाजर आये, उस वकत करीब १०० बंदूक तलवारें वगेरा मेरे सामसे सिरों पर लाये थे। जुरमाना की तादाद तो पहले ही कम रक्खी गई थी, उसी माफक ले आये। कुल गमेती करीब ५० के होंगे मैने सब कुं पगड़ीयें बंधा दी और फोज की खिदमत करने का इकरार लिखवा लिया और चोरी वारदातें नहीं करने का भी इकरार लिखाया। इस तजवीज से बहुत ही भारी काम हलका हो गया। श्रीजी में रपोट करी कारवाई की शाबासी मिली। फिर फोज इकट्ठी की, बाद में श्री हुजूर भी यहां पधार गये। देवगढ की तरफ से ४०० आदमी, सवार, पेदल, जंबूरा का ऊंट, अमरगढ रावतजी १५० आदमी लेकर हाजर हुये और भी जहाजपुर, मांडलगढ से भोम्या की जमीयत बुलाई गई, हजार आठसे आदमी हाजर हुवा उनको पेटीये मिले। शाहपुरा से सिरफ १३ आदमी, घोड़े भी उनके टट्टू थे और सिरदारों की जमीअत की तारीफ लिखने काबिल नहीं। मगरा जिला का सरदार मगरा में ही फोज शामिल हुये। जंगी फोज हाजर ही ही खुद श्री हुजूर रंग निवास में बिराज कर जमीयत फोज मुलाहजे फरमाया करते थे। फोजमुसाहब मामा अमानसिंहजी, हाकिम मगरा महता गोविंदसिंहजी मुकरर फरमाया गया। फोज बखेरियत मुकामात मुकररा पर पहुंच गई। भोराई की पाल पर हमला हुवा, भोराई खाली मिली, एक भी भील नहीं मिला सब रुहपोश हो गये। आखर कुछ फोज ने भोराई में ही कयाम किया और पाल जला दी गई फेर नठारा पर हमला हुवा, वहां भी यही हाल हुवा लेकिन छे ही पालों के मुख गमेती थे वो गिरफ्तार हो गये, कुछ मवेशी हाथ आई। फिर गिस्तगोराक की कारवाई सुं फिर चंद भीलों के माथे काटे गये और फोज वापस बुलाली गई। एक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पलटन १०० संवार भोराई में साल भर तक रखे गये। वहां गढ बनाना तजवीज हुवा, गढ बणाया गया। दूसरे भील लाचार हो पगों पड़ गये। पाल पाछी आबाद की। बारा महीना का अरसा में सब बंदोवस्त ठीक तरह हो गया। भोराई के दो गमेती फूला, लाला बड़े मशहूर सरकस थे। एक गमेती बहुत कोशीश से पकड़ा गया। चंद गमेत्यों भीलों को केद की सजा हुई। बाद में एक रिसाला एक पलटण २५० आदमियों की जंगी फौज कीं तजवीज वे'र लेण हाजर सराड़े रहने का तजवीज हुवा। थाणा सब पके और मजबूत बणा दिये गये और सवार पेदल काफी मुकरर कर दीये गये। सब तरह इंतजाम काबिल तारीफ हो गया। आमदनी भी बढाई गई। लसाड्या में मीणा लोगों की आबादी होने से वे लोग भी वारदातें करते थे इनको मगरा जिला सराड़ा से लसाड्या तफा गिरवा सामिल किया गया। मेरी खिदमत के बाबत १७५) महावार तनखा में तरक्की और दो-सरचा सोना का लंगर और इजत में दरीखाना रो बीड़ो बगसाया गया। इसके बाबत अजंट साहब की चिठियों की नकलें नीचे दरज है।

From,

Lieut Col. C. B. Evan Smith C. S. I.
Resident Mewar

To,

Rai Pannalal Oodeypore

Dated Udaipur, 19 June, 1882.

Sir,

It is with sincere pleasure that I have to inform you that I have received the orders of the Agent to the Governor-General in Rajputana to convey to you an expression of the satisfaction and commendation with which His Excellency the Viceroy and Governor-General in India has observed your conduct in connection with the measures put in force by the Govt. of H. H. the Maharana of Udaipur for the repression of the recent outbreak among the Bhils and for the repacification of the country. In conveying to you this gratifyng annoucement, Col Walter has further desired that I would add his own congratulations on the approbafion with which your efforts have thus been rewarded, and I am to inform you that it has given him especial pleasure to be able to report to the Govt. of India how well you have performed the work entrusted to you by H. H. the Maharana.

To this I would add my own congratulations. The delivery of three messages of recognition and approval has been very welcome to me.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

I am confidant that by contiuned efforts in the same direction you will never cease to merit the favour and approbation of H. H. the Maharana and the Govt of India.

I have the honour to be Sir,
Your most obedient servant
C. B. Evan Smith, Lieut Colonel.
Resident Mewar.

पहले यहां अंगरेजी पढ़ाने का रिवाज बहुत ही कम था बलके यहां के अहलकारों में से तो कोई भी नहीं जानता था। मैंने फतहलाल को अंगरेजी पढाना शुरु कराया, ८०) महावार का मास्टर रखा गया फिर अज्मेर पढ़ने कु भेजे गये जब से लोगों को अंगरेजी पढ़ाने का शोक हुवा।

मेवाड़ के सिरदार उमराव लो॰ व बत्तीसा वगेरे महाराणाजी श्री स्वरूपसिंहजी के वक्त से हक-हक़ूक के झगड़ों में बतोर बागी के हो गये। कोई तामील हुकम राज की नहीं करते थे, यहां हाजर नहीं होते थे। यहां बहुत कम सिरदार हाजर होते; बड़े सिरदारों में तो सिरफ बेदला, आसींद कु ही हमेश: हाजरवासी में देखा गया। महाराना शंभुसिंहजी के वक्त में पंच सिरदारों ने तो दिल चाया वो ही सिरदारों के फायदे का काम किया। बाद अक्त्यार महाराणा शंभुसिंहजी से जो फईयाज दिल के थे बरताव भी अच्छा करते थे इससे कोई विशेष बात पेश नहीं हुई। पासवानों के जरिये से काम भी सिरदारों को निकल जाता था। महकमाखास कायम होने के बाद संवत् २८ से कुछ चाकरी, नोकरी वगेरे बातों पर तवजे हुई उसमें भी तकरार की सूरत ही मालूम पड़ी, ईं वास्ते जादा कारवाई कुछ नहीं वे सकी। महाराणा सज्जनसिंहजी के वक्त से कलमबंदी वगेरे होकर कुछ सिलसिला जारी हुवा। दसगवा[1] पर यहां चाकरी में हाजर नहीं होते तो जुरबानें का सिलसिला भी हुवा, परन्तु जिन बड़े सिरदारों की कलमबंदी नहीं हुई वे हर बात में उजरदार ही रहे। आखरस उन्हीं सिरदारों ने सब की तरफ से दुख-दरद की कलमां श्रीजी में पेश करी अजंटी में शाकी हुवा। उन कलमों का फेसला श्रीजी ने फरमा कर चंद कलमों का तो हुकम रफे तकरार का हो गया लेकिन चंद कलमां चाकरी, जुरमाना नही देने, अक्त्यार वगेरे जो राज के हक की थी उसमें यह तजवीज फरमाया के लायक सिरदार और राज के लायक अहलकारों की कमेटी होकर वह कलमां तै करे बलके इसका उमरावों के नाम खास रुका भी जारी हो गये, लेकिन कमेटी हो न सकी, गड़बड़ ही रही, ताहम इनसाफ मिलने का बंदोबस्त तो हुवा। संगीन

१. दसरावा = दशहरा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मामलों की जिनकी कलमबंदी नहीं हुई उनकी रपोटें मिसलें भी आनें लगी। अमीन, मोतमीद जा कर तहकीकात भी करने लगे। गोद की, तरवारबंदी, ड़ोड़ी लिया जाना बिलकुल जारी हो गया।

श्रीजी की मनशा थी के चाकरी के सवार पेदलों की तादाद ठीक तह हो जावे तो इस फोज का भी ठीक ठीक कायदा व अच्छे घोड़े रजपूत रखने का बंदोबस्त किया जावे मगर इसकी सूरत न हो सकी। इसी अरसे में चंगेड़ी जागीरदार मारे गये और उनकुं मारने का इलजाम चंगेड़ी के हकदार हड़मतसिंहजी पर आमद हुवा। चंगेड़ी के जागीरदार के ओलाद न थी, चगेड़ी पर खालसा भेजा गया, तहकीकात हुई जुरम साबित होने पर हकदार हड़मतसिंहजी को फांसी की सजा हुई। बाकी रह गया ठिकाणे पर किसको मुकरर करना, आसींद नजदीक हकदार थे लेकिन उनके यहां भी गोद रखने को कोई न था, उन्होंने चंगेड़ी, आसींद सामिल करने की कोशीश की इस पर चाकरी के सवार, पेदलों की बात छेड़ी गई। आखिर १॥ सवार, ३ पेदल हजार की रेख पर क़रार पाया। आसींद चंगेड़ी की आमदनी पर १॥ सवार, ३ पेदल की जमीयत करार देकर चंगेड़ी आसींद शामिल कर दी और तीन महीना खुद रावजी की हाजरवासी करार पाई उसका बरताव अब तक है। इसमें यह भी शरत थी के आप कोशीश कर दूसरे सिरदारों के भी इसी माफक करा देंगे तो आप के लिये फिर भी ठीक होगा वगेरे वगेरे। लेकिन इसके सिवाय दूसरे ठिकाणों की चाकरी के सवार, पेदल कायम न हो सके फिर श्री हुजूर में तकलीफ के सबब जादा कोशीश भी इसमें न हो सकी।

आसींद रावतजी के भाणेज राठोड़ इन्द्रसिंहजी यहां श्री हुजूर में हाजर हुवा करते थे और उनको जागीर में गाम भी मिल गया था। उनके भाणेज रुगनाथसिंहजी प्रतापगढ के भाई अरणोद के जागीरदार भी यहां हाजर रहा करते थे। इन्द्रसिंहजी के बेटे रायसिंहजी पर महाराना शंभुसिंहजी बहुत खुश थे जागीर भी एक गाम सिवाय बगसा गया। महाराना सज्जनसिंहजी भी बहुत खुश थे उन्होंने पहले की जागीर खालसे कर दो गाम जादा आमदनी का बगसाया जो करीब ४ हजार की आमदनी के थे। फिर रायसिंहजी का बेटा जो फतहगढ तालुक किशनगढ के हकदार थे वहां के रईस का इंतकाल होने पर फतहगढ भी रायसिंहजी के बेटे कुं मिल गया। रायसिंहजी के ओलाद न रही इस वजे से यह गाम भी फतहगढ सामिल करने के अरजाऊ हुये जिस पर चंद शरतां तै हुई के फतहगढ महाराजा साल में एक दफे उदयपुर हाजर होवे, चाकरी का सवार पेदल आसींद मुजब चाकरी देवे और इत्तफाकन् बड़ा काम पड़े तो फतहगढ सूंदा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की जमीयत लेकर हाजर होवे, यह मंजूर फरमाया गया। फतहगढ महाराज की पेशवाई, बरताव भी शाहपुरा, बनेड़ा सरस्ते करार पाया। इसका बरताव जारी हो गया। इसमें भी मतलब सिरदारों की चाकरी का सवार पेदल करार पाए ही से था।

प्रतापगढ के महारावलजी का इंतकाल हुवा, उनके ओलाद नहीं, हकदार अरणोद वाले रघुनाथसिंहजी थे, उनकी गवरमेंट से मंजूरी के लिये यहां से भी शिफारस हुई और मैंने भी इसको अजंट वाल्टर साहब से कोशीश करने के लिये रुगनाथसिंहजी की तरफ से सब बात वाल्टर साहब को दरसाई। रीपोट हो कर उनकी मंजूर आ गई इस पर महारावलजी रुगनाथसिंहजी ने एक पन्ना का कंठा कीमती तीन हजार या जादा ओर सिरोपाव प्रतापगढ से मेरे लिये भिजवाया।

श्रीजी की मरजी रेल चित्तौड़ सुं अठा तक जारी करवा की ही ईं वास्ते दरखास्त कर अनजीनीयर टामसन साहब बुलाया गया। रेल की लेणां की पेमायस वे'र रीपोट हुई आगे गवरमींट में मंजुरी वास्ते गई, गवरमेंट मंजूर कीदी मगर रेलवाई पुलीस गवरमेंट के राखवा की सरत लिख भेजी, श्रीजी पसंद नहीं कीदी ईं वास्ते रेल बणावो ही नामंजुर कीदो गयो।

संवत १९३५ में श्रीजी ने इकत्यार दीयो जींरो खलीतो आयो जीं में या शरत ही के जो इस वक्त महक्मेखास का काम करते हैं वो बिदून सलाह गवरमेंट माफ नहीं किया जावे. इस शरत को मनसूख करने के लिये . रजीडंट स्मिथ साहब के नाम खलीता लिखा गया उन्होंने पोलीटीकल तोर से इस शर्त को मनसूख कर खलीता लिख भेजा।

श्रीजी में खेद की ज्यादती हो गई इस सबब से काम का बोझा भी मुझ पर ही बढ़ता गया। संवत १९३९ में छोटा राणीजी साहब[1] के पंचमासी आगरणी[2] का नुगता हुवा, उत्सव बहुत धूम-धाम के साथ होता रहा। सादां[3] भेजी गई, मारी तरफ सुं साद भेजी गई। आगरणी का नुगता पर सरपाव वगेरे नजर किये गये जिसमें १०००) के करीब खरच हुये ओर भी उछव में करीब १४००) के खरच हुवा। कुंवरजी बापजी को जन्म

---

१. ईडर वाली छोटी महारानी जो महाराणा की तीसरी पत्नी थीं।
२. गर्भ-धारण के पांचवें मास में भावी प्रसव की खुशी में उत्सव मनाया जाता है। इस प्रकार के उत्सव शास्त्रोक्त हैं और उन पर काफी धन व्यय किया जाता था।
३. सादां=दोहदपूर्ति हेतु खाने पीने की उत्तम सामग्री की भेंट।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हुवो[1] बहुत उत्सव हुवो, हजारों रुप्या लुटाया गया, कैदी छोड़े गये लेकिन परमेश्वर की मरजी रात को उसी दिन देवलोक होगये। बहुत रंज हुवा पर परमेश्वर की इच्छा पर सबर करणो पड़्यो।

संवत् ३५ के बंदोवस्त को ५ वर्ष हो चुके थे, फरमाया करता— "पाछो सब बंदोवस्त देख बिचार्यो जावे, फरमावता—'आमदनी ४० लाख तक कर दूंगा' पर खेद के सबब काम मुलाहजे नहीं कर सकता हा। मने भी उमीद ही के अबका बंदोवस्त में आमदनी बढ़ जावेगा।

ईं साल में मारो गढबोर, नाथद्वारे यात्रा वास्ते जावो हुवो। मांयनेसुं[2] कस्नगढ़, अजमेर भाणेज सरेमलजी का ब्याव में गया, मारो जावो नहीं वे सक्यो। ईं साल में तुलछांजी को विवाह वा वरता का उजमणा[3] कीदा गया।

संवत् १९४० में मने चित्तोड़, भीलाड़ा को दोरो करवा को हुकम हुवो। उस तरफ गया, दोनों जिलों का काम देख मांडल आया, वहां का बाग देखा और चित्तोड़ में चंदा कर असपताल खोल्यो २००) चंदे में मैंने भी दिये। जीलों का हाल मालुम कर रीपोट पेश की, जीं पर मामुली कारवाई होती रही। अठासुं मारो जावो बाहर होतो जद महक्मेखास को काम भाई तखतसिंहजी ही किया करता हा।

संवत् १९३९ में जोधपुर महाराज के बहन सुं श्रीजी को सगपण करार पायो, खलीता की लिखावट की बात छोड़ दी गई सिरफ महक्मेखास से तहरीर लिखी गई के बड़ा राणीजी साहब माफिक बरताव रहेगा, वठा का बाईजी ने नीचा नहीं बैठाया जायगा। परंतु शादीं नहीं हुई श्रीजी देवलोक हो गये और उन बाईजी की शादी फिर बंदी हुई। नारेल लेर अठे कविराजजी मुरारदानजी वा एक सिरदार आया हा। नालेर नगीना वाड़ी में दरीखानो वे'र झेल्यो गयो।

---

१. संवत् १९३९ के माघ शुक्ला २ (९ फरवरी, १८८३ ई.) को चार घड़ी दिन चढे राजकुमार का जन्म हुआ, किन्तु उसी रोज रात को १२ बजे करीब देहान्त हो गया।

२. मांयनेसुं = पत्नी।

३. उजमणा = उद्यापन = व्रत पूर्ण होने का समापन उत्सव।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कोठारचे रावजी अकसर अदुलहुकमीं मूछमरदी किया करता हा और खालसो, घूंस ताड़वा[1] को भी मगरुरी राखता हा सो दो गाम राज्यावास वगेरे जबत कर एक कंपनी जंगी फोज को महाराज प्रतापसिंहजी के मातेहती में भेजी गई, फिर तो कुछ कर नहीं सक्या, अठे हाजर वे अरज मारूज लाचारी की कराई। कसूर की माफी मांगी और तासक[2] में जुरमाना का रुप्या भर नजर कराया जद गामा की उठंत्री को हुकम हुवो।

जोधपुर महाराज श्री यशवंतसिंहजी को अठे पधारवो हुवो[3]। मने हुकम फरमायो महमानदारी को बंदोवस्त आछो वेणो चावे। हुकम मुजब बंदोवस्त कियो गयो। महाराज के पधारवा के एक दिन पहली कविराजजी मालुम कीदी—'कोठार मे भोई-भोयण्या बहीत्ता नोकर राखवा वगेरे अनाप-शनाप खर्च कर रह्या है'। मने बुलाय हुकम फरमायो—"के या कई वात है ? ई तरह खर्च नहीं वेणो चावे" जद अरज करी—बिदून खरच के हुकम है जीं माफक बंदोवस्त नहीं हो सके, फेर किशनगढ़ महाराज के भी पधारवा की खबर है, मुकाम भी १५-२० दिनां की सुणी जावे है या तो मुरजी वे जीं के सुपरद होवे या काम ठीक हो जावा बाद हिसाब कोठार को कविराजजी 'पास' करे। हुकम हुवो—"महमानदारी में खामी न रेवे"। मेहमानदारी को बंदोवस्त आछो रह्यो। हिसाब कविराजजी पास कीदो। वां भी बंदोवस्त ठीक होवा की तारीफ कीदी। जोधपुर महाराज के अर श्रीजी के मारे घरे पधरावणी को हुकम वे गयो हो पण बाई चन्दरजी[4] ऐकाएक हरिसरण वे गया सो पधारबो मुलतवी रह्यो। वीं मोके भाई ......

---

१. राज्य की ओर से यदि किसी जागीर को खालसे किया जाता था तो सिपाही भेज कर वहां का प्रवन्ध अपने हाथ में लिया जाता था। इसी प्रकार किसी कार्य को करने व नहीं करने वाले के विरुद्ध भी राज्य की ओर से सिपाही भेजे जाते थे इसे घूंस अथवा घोंस कहा जाता था—इस प्रकार भेजे गये राज्य के सरकारी सिपाहियों को "ताड़वा"=भगाने का घमण्ड रखते थे।

२. तासक=थाल

३. दि. २४ मार्च, १८८४ को महाराजा जसवंतसिंहजी अपने छोटे भाई कर्नल प्रतापसिंह के साथ जोधपुर से रवाना होकर पाली, अजमेर, चित्तोड़ होकर निंबाहेड़ा पहुंचे जहां से वे २८ मार्च को उदयपुर पहुंचे। साथ में लगभग २०० व्यक्ति थे। १७ अप्रेल की शाम को इन्हें वापस जोधपुर जाने के लिये उदयपुर से विदाई दी गई।

४. बाई चन्दरजी=पन्नालालजी की छोटी बहिन।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

[तखतसिंहजी] के बाई को ब्याव हो, वन्याक वगेरा बैठ्या; १२ दिन होवा बाद ब्याव को काम भी चालू कीवो। जोधपुर महाराज तो पहली पधार गया, कस्नगढ़ महाराज को फेर विराजवो रह्यो। ब्याव के सबब श्रीजी सूधी किशनगढ़ महाराज की पधरावणी भाई तखतसिंहजी के अठे हुई,[1] गोठ जीमण हुवो। जमाईजी ने श्रीजी सरपाव व सिरपेच बगस्यो।

जोधपुर महाराज के अठे पधारवा पछे बोयड़े रावत अदीतसिंहजी हरिसरण हुवा। ...... ही राज सुं भींडर महाराज के छोटा बेटा [रत्नसिंह] कायम वे'र फेसलो वे जुको हो परन्तु अदीतसिंहजो मंजूर नहीं कर, वां सगतावत केसरीसिंहजी[2] ने गोद राख लीदा जीं पर बोयड़ा पर कब्जो करवा वास्ते एक निशान साथ दे'र महता गोपालदासजी भेज्या गया परन्तु केसरीसिंहजी गाम में नहीं बड़वा दिया, वां तीरे भी ५००-६०० आदम्यां की जमियत मोजूद ही, गाम बाहर रह्या। वां की रपोट आवा पर श्री हुजूर में एक दम गुस्सा पेदा होकर जंगी फोज मय तोपखाना के भेजवा को हुकम हुवो। फोज बोयड़े पहुंची इसी अरसे में महाराज जोधपुर का यहां पधारना हुवा। हुकम सिरफ बोयड़ा पर गोलंदाजी करने का था, बोयड़े के धूलकोट बना हुवा था, कुछ दूर पक्की सफीलें थी, पनराबीस दिन गोलंदाजी हुई पर उन पर कुछ असर नहीं हुवा और उन्होंने लाठ साहब कुं तार देना शुरू किया के—हमारे पर तोपें चल रही है खूं-रेजी होती है, हमने किसी किसम का मुकाबला नहीं किया। इस पर गवरमेंट से तार सीधा अजंट साहब के नाम आया के फोरन भेजी जावे, गोलंदाजी बंद की जावे और इसका फैसला किया जावे। उसी वगत अजंट साहब ने मुझे बुलाया और तार का हुकम पढ़ कर सुनाया; मैंने कहा—सिरदारों पर श्री दरबार की हकूमत .... [पूरी] नहीं है वो आप भी जानते हैं, करीब करीब.... [सभी मनमानी] अपने पटे में करते हैं, ऐसा होने से हकूमत कुल नास्तनाबूद हो जायगी। जहां तक हो सके सिरदारां सुं संपत के साथ अरज मारूज किया। जीं पर फरमाई—कि तुमको मालुम है के यह काम कब तक खतम होगा? अरज करी—गोलंदाजी से तो अरसा कायम नहीं हो सकता, हमला का हुकम हो जावे तो जल्दी खतम हो, कामयाबी देवाधीन है और खूं-रेजी भी जरूर होगा। जीं पर फरमाई—करना हो वो कर क्यूं नहो लेते। मैंने अरज किया—यह सब आपके और दरबार के हुकम

---

१. विक्रमी वैशाख शुक्ला ३ (ता. २८ अप्रेल, १८८४ ई.) के दिन मेहता तखतसिंहजी की हवेली पर दावत हुई।

२. सकतपुरा से अदीतसिंहजी ने अपने भतीजे केसरीसिंह को मरने से पूर्व गोद ले लिया था इस गोद को महाराना ने स्वीकार नहीं किया था।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पर है, फरमाई जाकर दरबार से सब हाल मालुम कर जवाब दो। मैं जाकर सब हाल मालुम कीदो, हुकम हुवो—डाक में बकारी दे दो, सवार तइयार रहवे और पाछा सु कागद दियो जावे वो एक अरदास पहुंचावे, हमला रो हुकम देणो ही पड़ेगा। मैं भी अरज कीदी—अजंट साहब सु मिलवो हुजूर को वे अर हुकम वे तो ठीक है। फरमाई—साहब सु इत्तला करो ४ बज्यां अठे आय जावें। इत्तला कराई, अजंट साहब आया, बात चीत हुई, साहब के गया बाद हमला करवा को हुकम जारी फरमायो। मने साहब फरमाई के दो दिन की मयाद में करना हो सो कर लेना, दो दिन तक मैं तार का जवाब रोक सकता हूं. इसके सिवाय कुछ नहीं कर सकता। हुकम पहोंचता ही हमला को बंदोवस्त कर सुबेह ही हमलो करा दियो अर पहाड़ां की तरफ एक रसालो मय रसालदार गुलशेरखाँजी के मुकरर कियो के वे इस तरफ भागे तो गिरफतार करना, मुकाबला करे तो वेसा ही जवाब देना। दूसरे दिन हमला किया पहले तो खबर आई के—एक आदमी उनका उनके मुकाबला करने से मारा गया, दो सिपाही मारे गये कुछ जखमी हुये। फेर उसी दिन रात के ८ बजे खबर आई के फिर दुबारा हमला किया गया, और गाम में आग भी लगा दी जिससे केसरीसिंहजी हमराहियों के साथ निकल भागे फिर रसालदार गुलशेरखांजी ने अच्छा झगड़ा चोड़े में किया, रसालदार मारे गये और भी मदत फोज से पहुंच गई। आखर ४०-५० सवार सिपाही उनके साथ के राजपूत सिपाही मारे गये, १०-२० जखमी हुये। केसरीसिंहजी को गिरफ्तार कर लिया गया, यह खबर मैं मालूम करने[1] महलों गया उस वक्त महाराज जोधपुर व श्रीजी खुशी में विराजे हुये थे। मालूम करने पर दरबार बहुत खुश हुये। महाराज जोधपुर ने फरमाया—अगर मैं महाराणाजी होता तो रिसालदार के लड़के को उसकी जगह रिसालदार कर देता। अजंट साहब को मैंने जा कर इत्तला की, उसी वगत गवरमेंट में तार किया—के मैंने आपका तार उसी वगत राज में तामील वास्ते भेजा. आज यह जवाब मिला के बोहड़े पर दरबार का कबजा हो गया, केसरीसिंह गिरफ्तार हुवा, काम खतम हो चुका। उस वगत यहां परदेशी लोगों कु बलके दूसरे लोगों कु यह खयाल था के खूं-रेजी बहुत हुई है, जरूर इसकी सख्त रंजपुरसी होगी बलके पण्डित ब्रजनाथजी, मोलवीजी वगेरे ने मुझको दोस्ताना तोर पर कहलाया के इसमें खतरा है बहुत खबरदारी से रहें। मैं कहीं—नोकरी में नुकसाण हो जावे इसका फिकर नहीं है। जब चोड़े में लड़ाई शुरू हुई तो बोयड़े में कुछ बंदोवस्त नहीं हो सका इसमें फोज वालों ने, रावतजी का तोसाखाना में सामान रह गया था, जादातर हथियार कीमती थे वो सब लूट के तोर पर ले लिया। फोज तो केसरीसिंहजी को

---

१. मालूम करने=बताने के लिये।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लेकर इधर रवाने हुई और बोयड़ा महता गोपालदासजी पहले से मुकरर थे, उनके सिपुरद कर दिया। भींडर कुंवर मदनसिंहजी यां ही थे उन्होंने सामान लूटने की श्रीजी में बहुत शिकायत की। उसी अरसे में मेरे घर पर मेरे छोटे बहन चंदरजी का ऐकाएक इन्तकाल हो गया। मैं महलों जा नहीं सका। कविराजजी ने अरज कर मामा अमानसिंहजी कुं चंद सवारों समेत देबारी भेजे के वहां जा कर सब फोज और अफसरों के बिस्तर समाल तलाशी ले लेवे, बोहड़े का सामान हो वो एकठा कर ले आवे। ऐसा ही हुवा, जादातर हथिया ही बरामद हुये। फोज उदयपुर पहूँची। नगीनाबाड़ी[1] में पधार फोज की परेड बड़ाचौक में हुई उसमें केसरीसिंह जी तो तोप की पिछली गाड़ी पर बैठे हुए थे, मुलाहजा फरमाई। सामान मामाजी लाये वो राज के तोपखाने में रखा गया। अब बोयड़ा[2] मिलने की

---

१. नगीना बाड़ी = स्वरूप विलास के नीचे खुला दरीखाना है, पेश्तर एक बगीची थी जिसका नाम "नगीना बाड़ी" था। उसकी निगरानी जालिमचंद के पूर्वजों को दी गई थी जिससे यह दारोगह नगीनावाड़ी के नाम से मशहूर हो गया। होली, दिवाली तथा नवरात्रियों में अष्टमी का दरबार यहां होता है और यहीं पर महाराणा साहब हाथियों का पूजन करते हैं। महाराणा भीमसिंहजी ने इस बगीचे को उठवा कर दरीखाना बनवा दिया था।

दे. वीरविनोद पृ. : २१६ एवं उदयपुर सचित्र, देवनाथ पुरोहित : पृ. २२

२. बोयड़ा = बोहड़े का ठिकाना उदयपुर के महाराणा भीमसिंह ने भींडर [के] महाराज मुहकमसिंह के छोटे बेटे फतहसिंह को जागीर में दिया था, जब फतहसिंह बिना संतान के मर गया, और भींडर के महाराज जोरावरसिंह के कोई पुत्र न रहा, तब ग्राम सकतपुरा का शक्तावत बख्तावरसिंह फतहसिंह के गोद रखा गया, और भींडर महाराज जोरावरसिंह का देहांत हो जाने पर महाराज हमीरसिंह भी पान्सल से दत्तक लाया गया। इस ठिकाने वाले भींडर से बहुत दूर मिलते थे, तब बख्तावरसिंह ने फतहसिंह के दत्तक होने के कारण भींडर महाराज जोरावरसिंह की गोद बैठने का दावा किया, और बहुत सी लड़ाईयां लड़ा, लेकिन भींडर पर हमीरसिंह ही साबित रहा। ई. १८६० में बख्तावरसिंह भी बिना संतान के मर गया, परन्तु मरते वक्त सकतपुरा से अपने भतीजे अदोतसिंह को गोद रख गया। अदोतसिंह अपनी मृत्यु के समय सन् १८८४ में सकतपुरा से अपने भतीजे केसरीसिंह को गोद रख गया, इसे महाराणा सज्जनसिंह ने स्वीकार नहीं कर खालसा भेजा और विरोध करने पर हमला कर बोहड़े को अपने कब्जे में किया एवं भींडर के रावत रत्नसिंह को बोयड़े का मालिक बनाया।

दे. वीरविनोद : पृ, २२४५-२२५१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भींडर[1] की तरफ से कोशीश होने लगी। इसी अरसे में वालटर साहब A. G. G. हो कर यहां आये। अजंट स्मिथ साहब आये उनसे भी भींडर की तरफ से पेरवी शुरू हुई। राज की तरफ से फौज खर्च, नजराणा वगेरे के वास्ते कहा गया। भींडर का उजर था राज का फेसला की तामील हो, ड्योढ़ी, तरवार बंधाई सिवाय हमारे पर कोई ......नहीं है। आखर बहुत बहस के साथ ८०००) रुप्ये की पेदायस का गांम मंगरवाड़ राज में खालसे कर लिया गया। डोढ़ी, तरवार बंधाई का रुक्का कराया, इसमें मुझे बहुत ही कोशीश करना पड़ा। इस खिदमत के बाबत अजंट साहब ने मुझे पत्र लिखा—

The Residency, Oodeypore
1 Aug., 1883

My dear Rai Pannalal,

Last time I left Udaipur I had the pleasure of writing to you to thank you for all the ready and intelligent assistance you had given me. Now leaving this place I wish to tender you my thanks. During this time several most important cases have been settled and which owing to the unfortunate illness of His Highness the Maharana the whole burden of work has fallen on your shoulders, specially was this the case with regard to the settlement of the Boera Estate, the satisfactory and speedy conclusion of which I attribute mainly to your tact and energy. I have not failed to acquaint the Agent to the Governor General, Rajputana witn my sense of very valuable nature of your services.

I trust you may long have continued ....life & health to preserve in those duties which will be beneficial to the best interest of H. H. the Maharana & the kingdom of Mewar.

With every kind and good wish for your welfare.

I am,
My dear Pannalal
Your very sincere friend
C. B. Evan Smith

---

१. भींडर के स्वामी महाराणा प्रतापसिंह के छोटे भाई शक्तिसिंह के मुख्य वंशज हैं तथा 'महाराज' उनकी उपाधि है। महाराणा प्रतापसिंह ने भाणसिंह को इसका पट्टा दिया था, यह ठिकाना अदल-बदल कम हुआ। विस्तृत परिचय के लिये देखें—

दे. उदयपुर राज्य का इतिहास : गौ. ही. ओझा पृ. १२२०-१२२२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीजी नें इस खिदमत से खुश होकर २५) महावार की तरक्की नोनारगिन साहब अफसर तोपखाना कीं फरमाई। फोजभाई, लछमीलालजी[1] की मातहती में बोयड़े गईं थी इनकी खिदमत से खुश होकर ६०) महावार की तनखा लछमीलालजी को इस खिदमत बावत ताजिन्दगी मिलने का हुकम अलावे जहाजपुर हाकिम की तनखा के बगसा वो ताजिन्दगी मिलती रही, सोना का लंगर वा एक किरच भी बगसी गई। रसालदार गुलशेरखांजी का लड़का १० वर्ष का था उसको.......................... उनके भाई सवारों में थे, उनको किला..................फरमाया गया और सब अफसरों की यथानुसार.................[तनखा] में तरक्की, खाणा, इनाम बगसा गया। ....भींडर के छोटे कुंवर रतनसिंहजी ने··· ···............खुश हो कर एक गाम ४००) की पेदायस का लछमीलालजी को दिया, मेने इसकी श्रीजी में..................................के अरज कर दी जिसके जवाब में बहुत.................. के लफ्जों से पेन्सली हरफों से जवाब बगसा, गाम अब तक भाई लछमीलालजी के कब्जा में हैं।

पहले जेल समशेरगढ[2] था, जगह तंग थी; किशनपोल पुरेलां में बकायदे जेल बणाया गया।

गोगुंदे कुंवर अजयसिंहजी अकसर कोई महात्मा की भविष्यवाणी अरज किया करता हा, उनसे एकान्त में बातचीत हो रही थी, ईं मुजब मने फरमाई—के शरीर का कुछ भरोसा नहीं है कोई फिकर की बात नहीं लेकिन ऐसा ही हो तो मेने वसीअत लिख कर बड़ा राणी जी को दे दी है वो मंगा कर उस माफिक कारवाई करना वगेरे।

---

१. लछमीलालजी—ये पन्नालालजी के छोटे भाई थे तथा मेवाड़ के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण जिले जहाजपुर के हाकिम थे। ये महता फूलचंदजी के गोद चले गये थे। ये एक योग्य अधिकारी एवं फौजी अफसर थे, प्राय: फौजी लिबास ही धारण किए रहते थे। मेवाड़ में अनेक स्थानों पर इनके अधीन फौजी कार्यवाही की गई।

२. उदयपुर से पहले जेल, हाथीपोल के बाहर शमशेरगढ में था, परंतु महाराणा सज्जनसिंह ने वहां से उठा कर महाराणा कर्णसिंह के बनवाए हुए कृष्णविलास नामी इमारत में बहुत वृद्धि करा कर सेण्ट्रल जेल स्थापित किया। छोटा जेल, जेर तजवीज कैदियों के रहने के लिये दिल्ली दरवाजे के बाहर शारणेश्वर गढ में था। दे. उदयपुर सचित्र : पृ. ९४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री हुजूर में संवत् ४१ में नासूर की बीमारी ही, कलोराफारम के साथ कई दफे चीरा लगाया जिससे दिमाग कमजोर हो गया और तकलीफ बढ़ती गई, ऐसी हालत में ऐकाऐक दिल में आई के—"जोधपुर जावां"। काती महीने में वहां पधारने की तईयारी हुई[1] मुझे भी जिलवाड़े तक साथ आने का हुकम हुवा, कविराजजी साथ जाने से टाळा दे गये। सड़क की दुरस्ती का हुकम हुवा. पड़ावली के किनारे तक तो जैसे हो सका सड़क ठीक कर दी लेकिन आगे पहाड़ी रस्ता बहुत ही खराब था। हालांके सड़क ठीक की गई एक जगा बग्गी में ठबका लग गया उस पर मुझसे नाराज हुए के "हमारे शरीर की भी परवा नहीं की, सड़क बराबर दुरस्त नहीं कराई, इस ठबके से बहुत तकलीफ हुई" मैंने अरज की—गलती रह गई। अगाड़ी ईठाल्या का तालाब पर बिराजना हुवा, वहां बहोत महरबानी की निगाह से हमारे और पदमनाथजी प्रोत के लिये अलग चंदोवा दिला कर लखजी बड़वा से दाल-बाटी बनवाई और हम जीमाऐ गये। ....

.... [कॉपी फट गई है]

.... तईयार था, वहां पधारे। रात को मुझे बुला कर फरमाया —आज आधी के बाद ही यहां से कूच कर के जोधपुर जावेंगे तुम पीछे उदयपुर जावो और सब काम की समाल रखना वगेरे बहुत मेहरबानी के साथ हुकम फरमाया। में गढबोर, नाथद्वारे दर्शन करता हुवा उदयपुर आया। यहां के काम-काज बावत मेरी अरजियें गई थी उनके जवाब में खास रुक्के खास दस्तखती बगसे[2] उसमें लिखा -जोधपुर महाराज बहुत चाहते हैं दोई जगाह[3] से यहां आवे, उदयपुर जोधपुर एक ही है सो थें मुनासिब समझो तो बंदोवस्त कर रवाने करो और जोधपुर महाराज ने वहां के अजंट के मारफत यहां के अजंट, पोछे वाल्टर साहब आ गये थे, उनको लिखाया के महाराणा के खेद असाध्य है, उदयपुर पधरावणा चावे। अजंट साहब ने मुझे बुलाकर फरमाया—दरबार का जोधपुर रहना ठीक नहीं यहां पधरावणा चाहीजे,

---

१. २० अक्टोबर, १८८४ को महाराणा जोधपुर के लिये रवाना हुए। जोधपुर से महाराणा को वापस लाने के लिये कविराजजी श्यामलदास को रेजिडेण्ट वाल्टर द्वारा भेजा गया। कविराजजी १६ नवम्बर को उदयपुर से चले। महाराणा के साथ २६ नवम्बर की शाम को जोधपुर से अजमेर केलिये रवाना होगए। ७ दिसम्बर की शाम को वे महाराणा के साथ उदयपुर पहुंचे। महाराणा की तबियत बहुत खराब थी और अन्ततः २३ दिसम्बर, १८८४ की रात को उनका देहान्त हो गया।

२. ये खास दस्तखती रुक्के परिशिष्ट में दिये जा रहे है।

३. दोई जगाह=ईडर की बड़ी रानी व किशनगढ की छोटी रानी से तात्पर्य है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चाहे आप जावें चाहे कविराजजी जावें। जब मेने जनाना पधराने बाबत हुकम आया जिसका जिकर किया तो फरमाया के—मिजाज ठीक नहीं है, लिखा होगा, भेजने की जरूरत नहीं है। मैंने कहा—जिसको हुकम हो वो ही जोधपुर जावे। साहब ने कहा के कविराजजी को भेजना ठीक है क्युं के जोधपुर की बातचीत उन्हीं की मारफत है। मैंने कहा उनको ताकीद फरमा कर फरमा देवें, यहां पर पधराना बहुत जरूरी अमद है, आखर कविराजजी गये, उन्होंने अरज-मारुज कर यहां पधराये। बीमारी बहुत बढ़ गई थी, कई महीनों से ढ़ोलीये[1] पर पोढ़ने[2] से तकलीफ होती थी, जमीन पर ही बहुत हलके गादरे ....[बिछा कर पोढते थे] पोस सुद ६ रात को चंद हाजरवास .... [लोगों के साथ] मैं, कविराजजी जयसिंहजी, जगन्नाथजी धाबाई, उदेरामजी पाणेरी चारों पास थे, ऐकाऐक तासीर[3] बहुत जोर की आई, डाक्टर अकबरअली नीचे थे बुलाये। अजट साहब वा डाक्टर साहब, पादरी साब के लिये बगीयें भेजी गई, लोग भी जल्दी आ गये। जल छड़का गया, कुछ असर न हुवा, ढोल्ये पर ले कर बाहर हवा में पधराए जब डाक्टरों ने कहा के नाड़ीयें छोड़ दी। मुझे कहा, करना हो सो करलो, मेंने दस हजार रुपये खजाने से मंगा कर हाथ लग वाया और बाहर मामूली जगह, पांडेजी की ओबरी सामने पदराया। पलीवाल लोग हाजर हो गये थे, फिर तो सब लोग आये, रात भर बैठा बैठा निकाली, जो बंदोवस्त करना था करते रहे। अजंट साहब कुं सती होने का बहुत भय था, इसका बंदोवस्त के लिये पहले से ताकीद करते थे, मेने उनकी बहुत कुछ सती न होने की तसल्ली की। सुबे दाग हुवा। महलों के बंदोवस्त वास्ते नोनारगिन साहब को और तोपखाने के जवानों को मुकरर किया। अजंट साहब रात भर शंभूनिवास रहे। सब लोग महासत्यांजी गये, उस वक्त के हा-हा कार का हाल कहां तक लिखा जावे, बड़ा ही रंज था परन्तु ईश्वरेच्छा पर सबर करना पड़ता है। चार बजे महासत्यांजी से घर पर आया, रोटी सुबह के बाद खाई न थी न नींद ली थी, आगे मेरे मकान पर चवाण अमरसिंहजी, ढीकड्या गुणेशलालजी बैठे हुये थे, मैंने पूछा इस वगत क्यूं आये हो? महाराज फतहसिंजी को गदीनशीन करने की बहुत कुछ मुझको कहा, मेने कहा—ये बात किसमत अधीन है, उनको समझाकर रुखसत किया। नींद गालिब थी, आंख-मिल ही गई, अतरा में अजंट साहब ने जमादार कानसिंह को भेज जल्दी शंभुनिवास बुलाया, फोरन जाना ही पड़ा। रास्ता में महाराज सख्तसिंहजी की तरफ से ऊंचे भाटी जोधसिंहजी

---

१. ढ़ोलिये=पलंग पर। २. पोढ़ने=सोने। ३. तासीर=मूर्च्छा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मिले, उन्होंने महाराज मोसूफ को गदीनशीन करने की कही, पांच हजार जागीर देने वास्ते कहा, मेने कहा मेरे अक्त्यार से बाहर है यह किसमताधीन है। खैर, साहब पास पहुंचा। साहब ने फरमाया, अब क्या होगा? मेने कहा—इस वक्त सब रयासती लोग खुद ब खुद दरीखाने जमा हो जवेगा, गादी खाली नहीं रह सकती, पुस्तों से यही रसम है के उसी वगत सब लोगों की राय से गदीनशीनी होती है। आप भी वहां पधारें और सब लोगों की राय लेकर, जनाने की राय लेकर मुकरर फरमावें। साहब फरमाई—बिदून मंजूरी गवरमेंट के ऐसा हो नहीं सकता। मेने कहा-एक रिपोट तो आपने भेजी ही होगा, अब तं तो करना ही पड़ेगा के कोन मुकरर हो, जब तक सब लोग जमा हो जावें तब तक आप पधार कर, रंज महाराज सख्तसिहजी को वहुत है उनकी तसल्ली फरमा देवें। मैंने सोच लिया था के साहब से ही साफ जवाब दिला कर ना-उमेद करना बेहतर है, आखर मैं और साहब पेदल-पेदल खुशमहलों[1] पहुंचे, महाराज की आंखों से आंसू गिर रहे थे, साहब ने बहुत तसल्ली करी जब वे कुछ शांत हुये, तब साहब ने पूछा—आपकी राय किस कूं गदीनशीन करने की है? जवाब दिया के "हक मेरा ही है" इसस अजंट साहब ने बहुत ना खुश होकर फरमाया "बाप का बेटा नहीं हो सकता" और उसी वक्त पीछे शंभुनिवास चले गये। मैंने जो श्री हुजूर न जो वसिअत बाबत फरमाया था उसका जिकर किया, मैंने कहा—पहले इसकी दरयाफ्त जनाना से हो जाना चाहिये, इतने में सब के जमा हो जान की खबर आई. मैंने कहा-आप दरीखाने पधारें। सिरदारों स राय लेने साहब आर मैं दरीखाने आये, सरदारों वगेरे ने जनाना से राय लेने की राय लेने की राय दी। कविराजजी से साहब ने पूछा, वो इतना रंज जाहर करते थे के जिसकी हद नहीं बलके जोगी होने तक कहा और अजंट साहब से कहा—आप मुनासब जाणें सो करें। खर, चार बड़े सरदारों को लेकर साहब जनानी ड़ोढी गये, भीतर से भरोसे वाली बाएं बुलाई गईं। ढीकव्या गुणेशलालजी री मां आया एक दूसरी साथ थी। वसीअत की दरयाफत साहब कराई, जवाब इनकारी का आया-'मेरे पास कोई वसिअत नहीं है", फेर साहब दरयाफत कराई दबा कर और कहलाया—"पीछे उसका कुछ असर नहीं होगा" लेकिन वो ही जवाब आया। फेर

---

१. खुश महलों=कर्णविलास के चौक के उत्तर की ओर नये दरवाजे के पार्श्व ही में महाराणा स्वरूपसिंह के ६७ वर्ष पहले के बनाये हुए खुश महल का द्वार है। यह महल दिल्ला आगरे की तर्ज का बना हुआ है, इसमें आम व खास दालान वगेरह उसी तर्ज के हैं। दे. उदयपुर सचित्र: पृ. ३१

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साहब ने कहा—कभी आपके सामने पीछले बंदोवस्त के लिये कुछ फरमाया था ? जवाब आया के--"हकदार लोग राज चाहते हैं लेकिन मैं किसी राणावत के लड़के कूं कर दूंगा", फेर पूछाया –आप की क्या राय है ? पहले तो रंज का और इस वगत राय देवा का इनकार आया. आखर दो चार दफे कहलाने पर महाराज फतहसिंहजी ने मुकरर करवा की कहवाई और कहवाई के महाराज सर्व्तसिंहजी के ओलाद हो जावे तो आयंदा गोद में उनका हक रहणा चाहीजे। साहब ने फरमाया—किसी कागद वा सलेट पर नाम लिखवा लाओ, आखर नाम भी फतहसिंहजी का लिखा हुवा आया। फेर दरीखाने आये और जनाना की राय जाहर की गई, सब ने इस बात से इत्तफाक कर लिया। साहब ने फरमाया—मैं रीपोट कर मंजूरी मंगाऊ जब तक कोई गद्दीनशीन न होवे और शंभूनिवास[1] चले गये। सब सिरदारों ने मुझे कहा के साहब को समझा कर कहो और गद्दीनशीन करने की इजाजत लाओ, मैं शंभुनिवास गया, बहुत कुछ कहा लेकिन वैसा ही जवाब मिला। फिर जो कुछ अरज कर सका किया, आखर मुझे इशारा किया के—सब लोग वक्त पर इतनी मुस्तेदी रख सकें के--जो कुछ किया अजंट साहब के मना करने पर हम लोगों ने किया है तो तुम लोग विचार लो। लेकिन चंद सिरदार सलुम्बर, देवगढ वगेरा यहां न थे ऐसा नहीं के कुछ वखेड़ा पेदा हो जावे। मेने आकर चंद बड़े सरदारों को ऐकन्त लेकर यह बात कही, हांसल कलाम यह के उन्होंने भी कबूल की। मेने जा कर साहब से कही--सब मुस्तेद हैं, जो सरदार यहां नहीं उनकी तरफ की तसल्ली कैसे होवे ? जब मेने अरज किया यहां बहुत सरदार हैं यानि एक-एक साख के दो दो, तीन तीन, चार-चार सिरदार हैं उनमें जो सिरदार नहीं है उनकी जुमेवारी हो सकती है, फिर आप सिरदारों को भी बुला कर पूछ लेवें। आखर साहब बड़ा सिरदारां ने बुलाया ओर बहुत सख्त ताकीद गवरमेंट का हुकम तक मुलतवी रखावा की फरमाई, सिरदारों ने मुस्तेदी से जवाब दिया—जो कुछ होगा हमारे जुम्मे है, आपके हुकम के खिलाफ हम करते हैं तो हमारी जुमेवरी है और दूसरे सिरदार यहां नहीं जिसकी आप-आपकी साख के सिरदार जुमेवारी करते हैं। साहब तो सुन कर कोठी चले गये। फेर सब लोग दरीखाने आये, सिरदारों

---

१. शंभूनिवास—महाराणा जगतसिंह प्रथम के बनवाये हुए कुंअरपदों के महल थे उनको गिराकर महाराणा शंभूसिंहजी ने अंग्रेजी तर्ज का शंभूनिवास नामक महल बनवाया। इस महल में बिल्लोर का फरनीचर महाराणा सज्जनसिंह ने खास तौर पर बनवा कर मंगवाया। इसमें महाराणाओं के आदमकद के तैल चित्र लगे हैं व शाही मेहमानों को ठहराने के लिये इसे काम में लिया जाता था। दे. उदयपुर सचित्र: पृ. ३६

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ने मुझे कहा—जाकर महाराज फतहसिंहजी[1] से अरज कर के ऊपर ले जा कर दरबारी पोशाक करावो, मैंने वैसा ही किया, रात की १० बजे गदीनशीन कर दिये गये ओर सब रसमात अदा हुई, दूसरे दिन मुझको खाणा नसीब हुवा। रात को १२ बजे सो सके, सुभे मैं जगा भी नहीं था के कविराजजी घर पर आये, मैं उनसे बहुत अदब से मिला, उन्होंने कहा—अब आपस का रंज मेट देणा चावे, मेने कहा मेरी तरफ से पहले ही रंज न था, अब भी नहीं, आप मेरी तरफ से तसल्ली रखें। फिर मेने पहले यही सोचा के बहुत बड़ी जुमेवारो का काम है सब सिरदारों को वा रियासत में छोटे बड़े को इस राय में शामिल कर दस्तखत करा लेना बहतर होगा। उसी वक्त मसूदा कर के मजमून लिख दस्तखत कराणा शुरू किया ओर उस कागद को लेकर प्रोत उदेलालजी जो शिवरती-करजाली के प्रोहित थे ओर उन पर भरोसा किया जाता था, लेकर करजाली महाराज सुरतसिंहजो के पास भेजा गया। उन्होंने बहुत कुछ कहा लेकिन दस्तखत करने से इन्कार किया, यह एक बड़े खतरे की बात थी इसीलिये तो ये दस्तखत ही कराये जाते थे। मैं खुद उनके पास गया ओर बहुत उनसे कहा गया, आखर उन्होंने कहा—के फतहसिंहजी भी मेरे भाई हैं मैं दस्तखत कर देता हूं, दस्तखत कर दिये। महाराना फतहसिंहजी के ऐक साल उमर का कुंवर भूपालसिंहजी वा आईजीराज जिनका सगपण बिजोल्या कुंवरजी से हुवा थका हा मये राणी साहब के महलों में पधराये गये। अजंट साहब की रीपोट गवरमेंट में पहुंचने पर ऐतराज हुवा के बागोर बाद करजाली का हक है, इस पर तो महाराज सूरतसिंह के दस्तखत हो चुके थे, जवाबी तार अजंट साहब ने दे दिया। फिर तार ऐतराज आया के बागोर की खानदान में नेतावल पीलाघ रहै,

---

१. फतहसिंहजी=महाराणा फतहसिंह का जन्म वि सं. १६०६ पौष सुदि २ (१६ दिसम्बर, १८४९ ई.) को हुआ था। वह महाराणा संग्रामसिंह (दूसरे) के चौथे पुत्र अर्जुनसिंह के वंशज शिवरती के महाराज दलसिंह का तीसरा पुत्र था। वास्तविक हकदार संग्रामसिंह द्वितीय के तीसरे पुत्र बाघसिंह (करजाली) का वंशधर महाराज सूरतसिंह था, परन्तु वह एक निस्पृह तथा उदासीन वृत्ति का सरदार था, इसलिये जनाने ने व अधिकांश सरदारों ने तथा प्रधान अधिकारियों ने उस (सूरतसिंह) के भाई फतहसिंह को, जिसे शिवरती के महाराज गजसिंह ने अपना उत्तराधिकारी नियत किया था, गद्दी पर बिठाना स्थिर किया। तदनुसार वि. सं. १९४१ पौष सुदि ६ (ता. २३ दिसम्बर, १८८४ ई.) को उसकी गद्दीनशीनी और २३ जनवरी को राज्याभिषेकोत्सव हुआ।

दे. उदयपुर राज्य का इतिहास: गौ. ही. ओझा पृ. ११४८-११४९।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उनका हक है, इसका जवाब कविराजजी की मदत से तवारीखी हाल से दिया गया। आखर वाल्टर साहब रजीडंट की मदत से एक महीना में मंजूरी आई इसमें भी बहुत कोशीश करणी पड़ी, और यह भी हुकम आया के छह महीने तक रीयासत का काम रजीडंट साहब की निगरानी में रहवे। हुकम आने पर रजीडंट साहब ने महलों में आ कर मातमपुसी किया। श्रीजी हुजूर ने एक सोना की घड़ी मुझे और एक फतहलालजी को बगसी।

महाराणाजी श्री सज्जनसिंहजी बहुत बड़े मुंतजिम[1] रईस थे। उन्होंने सिरदारों की इज्जत बढाई बलके सिरदारगढ ठाकुर मनोहरसिंहजी को उमरावां बराबर इज्जत बगसी। अहलकार पासवानों के साथ बहुत महरबानी ओर घण्याप का बरताव करते थे। छोटा-बड़ा अहलकारां की तनखा मे बहुत कुछ तरक्की की और उनके इन्तजाम से अदालती तरीका भी अच्छा हो गया। सिरदारां का पट्टा में जुलम-जासती सरदार लोग करते थे उसकी सुणवाई का सिलसिला भी अच्छी तरह से हो गया। इंतजाम में भी वहुत तरक्की हुई। शहर की भी रोनक हुई। अब जमा-खरच का हाल लिखता हूं जिससे उनके बंदोवस्त, इंतजाम फरमाने से तरक्की हुई सो मालुम होगी। महाराना शंभुसिहजी का तेरा साला ओसत २५८६३२५) था, खरच की ओसत ३०००९१६) बसबब महाराना शंभुसिहजी के देवलोक होने से जादा कोई दस लाख के करीब पुन्य वगेरे खरच हुए, इससे ओसत खरच जादा है। संवत् ३५ का साल में बजट मुकरर फरमाया, जमा २७५०३३९), अत्तो मामूली, खरच २५७९०५४) संवत् ३५ सु ४० तक बरस ६ की जमा ३२२४९५५ अत्तो कुल २८४०६१५) मदे मामूली खंरच की ओसत २४१५२६३) सिवाय खर्च ४२५३५२) है। इससे साबित है के करीब ६ लाख की तरक्की है क्यों के इन बरसों में सिवाय मामुली जमा के किसी किसम का डंड-डोर का जमा सामिल नहीं है जैसा के महाराना शंभुसिहजी की वगत में है वरना मामूली जमा में ८ लाख की तरक्की है और आठ लाख की तरक्की ऐसी है के इसमें कमी होने की सूरत ही नहीं और आयंदा तरक्की बहुत होने की उमीद ही ताहम किसी कदर तरक्की हुई।

श्रीजी हुजूर को गद्दीनशीन करने की खिदमात में ईं माफिक अंग्रेज अफसरों की चिठीयें आई:

---

१. मुंतजिम=प्रबन्धक, व्यवस्थापक।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

The Residency, Oodeypore
10th Feb. 1885

My dear Sir.

It is with pleasure that I enclose for your information extracts from your letter (this day received by me) from the Secretary to the Government of India in the Foreign Department and from the first Assistant Agent to the Governor General conveying the acknowledgements of the Government of India and of the Agent to the Governor General of the services rerdered by you on the occasions of the death of the late Maharana. and in doing so beg on my own behalf to thank you for the cordial assistance and support you rendered me on that melancholy occasion.

Believe me,
Yours V. truly

C. K. M. Walter
Resident in Mewar

To,
Rai Mehta Pannalalji
Ocdeypore

Extract from a letter from the First Asst. Agent to the Governor General in Rajputana to Col. C. K. M. Walter Resident in Mewar No. 24 P dated 9th Feb. 1885. Para 3, In communicating to Mehta Pannalal on behalf of His excellency the Governor General in council an acknowledgement of the excellent services rendered by that officer on this occasion. You will be good enough to add an expression of Col. Bradford's personal recognition of Chief Minister's support and assistance.

Extract from a letter from the officiating Secretary to the Govt. of India Foreign Department to the Agent to the Governor General in Rajputana No. 204 I dated 27th Jan. 1885.

Para 2 His Excellency is also sensible of the services rendered by Mehta Pannalal, the Chief Minister of the State in assisting and supporting the Resident and I am to request that you will acknowledge those services in suitable language on behalf of the Governor General in Council.

"True Extracts"
C. K. M, Walter. Colonel
Resident in Mewar.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आवरण : जैन प्रिन्टर्स, जोधपुर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi